सूर्योदय : 5:26
सूर्यास्त : 6:40
अधिकतम तापमान : 42.0
न्यूनतम : 28.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-336 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 18 मई 2024
09 ज़िक़ादा, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
अवधनामा
www.avadhnama.com



# अमेठी से मेरा 42 सालों का रिश्ता : राहुल गांधी

**आरोप**

- अमेठी में राहुल गांधी ने बीजेपी को घेरा
- जनता की प्रगति की नींव है संविधान
- अमेठी का हूं और अमेठी का ही रहूंगा
- केएल शर्मा ने आपके लिए त्याग किया

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** अमेठी सीट से 2019 का चुनाव हारने के बाद बाद पहली बार राहुल गांधी ने अमेठी के लोगों से अपने रिश्तों पर बात की। अमेठी में जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि मैं 12 साल का था तब से यहां आ रहा हूं। मैंने अमेठी का वह समय देखा जब यहां बंजर खेत होते थे। टूटी हुई सड़कें होती थीं।

मैंने अपनी आंखों से अमेठी को बदलते हुए देखा है। मैं अपने पिता के साथ यहां आता था। मुझे यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि राजनीति में मैंने जो कुछ भी सीखा वह अमेठी से ही सीखा है। भावुक लहजे में राहुल गांधी ने कहा कि ऐसा नहीं है कि मैंने अमेठी को छोड़ दिया है। मैं अमेठी का था, अमेठी का हूं और अमेठी का रहूंगा। यह रिश्ता एक दो सालों का नहीं है। हमेशा का है। कल को मैं रायबरेली का सांसद हो जाऊंगा। लेकिन एक बात याद रखिएगा कि मैं जितना रायबरेली का हूंगा उतना ही अमेठी का हूंगा। रायबरेली में जो भी विकास योजनाएं आएंगी वह सारी की सारी अमेठी में आएंगी।

रायबरेली में यदि दस रुपए आते हैं तो यकीन मानिए कि अमेठी में भी दस रुपए आएंगे। यह पहला मौका था जब राहुल गांधी ने 2019 का चुनाव हारने के बाद अमेठी से अपने रिश्ते की बात कही।

कुछ महीने पहले जब राहुल भारत जोड़ो न्याय यात्रा में अमेठी से गुजरे थे तब उन्होंने अपने और अमेठी के रिश्ते पर एक शब्द बात नहीं की थी।

### केएल शर्मा आपके प्रत्याशी हैं : राहुल

राहुल गांधी ने कहा कि केएल शर्मा आपके प्रत्याशी हैं। इनको आप संसद में भेजिए। ये आपके मुद्दे उठाएंगे। केएल शर्मा में जरा भी अहंकार नहीं है। उन्होंने कि राजीव गांधी जब यहां सक्रिय हुई तो उन्होंने नेताओं की एक टीम बनाई। उस टीम की बहुत सारे लोग सरकार और संगठन के बड़े-बड़े पदों पर चले गए लेकिन शर्मा आपके बीच रह गए। उन्होंने चालीस साल तक आपके साथ संबंध बनाए रखा।

### अपना राहुल आपको सौंप रही हूं : सोनिया गांधी



**रायबरेली।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने इंडिया गठबंधन की संयुक्त रैली को संबोधित करते हुए रायबरेली की जनता को संदेश दिया। उन्होंने कहा कि मेरा आंचल आपके प्रेम और आर्शीवाद से जीवनभर भरा रहा। आपके प्रेम ने मुझे कभी भी अकेले नहीं पड़ने दिया। मेरा सब कुछ आपका दिया हुआ है। मैं आपको अपना बेटा सौंप रही हूं। जैसे आपने मुझे अपना माना वैसे ही आपको राहुल को अपना मान कर रखना है, राहुल आपको निराश नहीं करेगा। अमेठी-रायबरेली से हमारा रिश्ता 103 साल पहले किसान आंदोलन के समय से शुरू होता है और अब मैं अपना राहुल आपको सौंप रही हूं।

### राहुल गांधी रिकॉर्ड मतों से जीतेंगे : अखिलेश यादव

अखिलेश यादव ने कहा जनसमर में बड़ी संख्या में सभी पदाधिकारी दिखाई दे रहे हैं। जहां से मैं चला हूं। लगातार सड़कों पर सैलाब दिखाई दे रहा हैं। पंडाल के बीच लोग दिखाई दे रहे हैं। यह जनसैलाब फैसला कर रहा है कि राहुल गांधी न केवल जीतेंगे बल्कि रिकार्ड जीत होगी। रायबरेली की यही राय है कि भाजपा यहां से जाए। देश के एक नेता हैं जो हर जगह अपना झूठा रिश्ता निकाल लेते हैं। वह भी देख लें और सुन लें कि राहुल का सच्चा रिश्ता रायबरेली से है। एक और एक ग्यारह होता है और भाजपा नौ दो ग्यारह हो गई है। चार चरणों में भाजपा चारों खाने चित हो गई है।

### सत्ता से तानाशाही सरकार को हटाया जाए : प्रियंका

प्रियंका गांधी ने कहा कि पूरा देश देख रहा है। यह समाजवादी और कांग्रेस के कार्यकर्ता एक सैलाब बन गए हैं। पूरे देश को दिखाया है कि पूरे दिल से आप लगे हैं। परिश्रम किया है, यह रायबरेली क्षेत्र है। मेरे परिवार का रायबरेली से गहरा रिश्ता रहा है। इस रिश्ते को अटूट बनाने के लिए राहुल गांधी मैदान में हैं। दस साल से गरीब, किसान, मजदूर, महिलाएं परेशान हैं। जन जन की पुकार थी कि आपकी सुनवाई हो लेकिन नरेंद्र मोदी की सरकार में कोई सुनवाई नहीं हुई। आज इस देश में आंधी उठी है कि सत्ता से तानाशाही सरकार को हटाया जाए।

## हेमंत सोरेन को झटका नहीं मिली जमानत

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को चुनाव प्रचार के लिए झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अंतरिम जमानत पर सुनवाई 21 मई तक के लिए स्थगित कर दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की पीठ ने मामले को 21 मई को आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। सुनवाई शुरू हुई तो प्रवर्तन निदेशालय ने याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा। अदालत ने ईडी को सुनवाई की अगली तारीख तक जवाब दाखिल करने को कहा। ईडी के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि सोरेन को चुनाव से काफी पहले गिरफ्तार किया गया था। सोरेन के लिए वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने अंतरिम जमानत पर जोर दिया और अदालत को अवगत कराया कि लोकसभा चुनाव का एक चरण समाप्त हो चुका है, पांचवां चरण 20 मई को है और तीसरा चरण 25 मई को निर्धारित है। उन्होंने यह भी कहा कि इसके लिए कोई सामग्री नहीं है।

एफआईआर में स्वाति मालीवाल ने लगाए गंभीर आरोप

# मुझे सात-आठ थप्पड़ मारे, शरीर के निचले हिस्से पर लात मारी

**बदसलूकी**

- पुलिस ने मजिस्ट्रेट के समाने कलमबंद बयान दर्ज कराए
- पुलिस ने स्टाफ से पूछताछ की



आप की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल से बदसलूकी और मारपीट केस में दिल्ली पुलिस ने सीएम आवास में सीन रीक्रिएट किया गया। पुलिस स्वाति को लेकर शुक्रवार शाम को 6.30 बजे सीएम आवास पहुंची थी। इस दौरान पुलिस ने सीएम आवास के स्टाफ से पूछताछ की।

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की सांसद स्वाति मालीवाल ने कुछ दिनों पहले आरोप लगाए थे कि उनके साथ दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सरकारी आवास पर सीएम के सहयोगी बिभव कुमार ने मारपीट और बदसलूकी की थी। इस मामले पर आज शुक्रवार को पुलिस ने स्वाति मालीवाल के मजिस्ट्रेट के समाने कलमबंद बयान दर्ज कराए। स्वाति मालीवाल ने एफआईआर में बिभव कुमार पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। स्वाति मालीवाल की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर में कहा गया है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार ने स्वाति मालीवाल को कई बार लात और करीब सात-आठ थप्पड़ मारे। स्वाति जब मदद के लिए चिल्लाने लगीं तब भी बिभव नहीं रुके। स्वाति ने बताया कि वह लगातार मदद के लिए चिल्ला रही थीं लेकिन बिभव नहीं रुका। आरोप लगाया कि बिभव ने उनकी छाती, पेट और शरीर के निचले हिस्सों पर लात से हमला किया। स्वाति की शिकायत पर दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को एफआईआर दर्ज की थी, जिसमें उन्होंने बिभव कुमार को आरोपी बनाया था।

मुंबई में एक मंच पर पीएम मोदी और राज ठाकरे दिखे

# आज रामलला भव्य मंदिर में विराजमान : मोदी

**निशाना**

- पीएम मोदी ने अंबेडकर व सावरकर को पुष्पांजलि अर्पित की
- कोई ताकत दोबारा 370 नहीं ला सकती



**मुंबई।** लोकसभा चुनाव के प्रचार के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार शाम देश की आर्थिक राजधानी मुंबई पहुंचे। यहां उन्होंने एक विशान जनसभा को संबोधित किया।

रैली की खास बात यह भी रही कि मंच पर पीएम मोदी के साथ मनसे प्रमुख राज ठाकरे भी नजर आए। इससे पहले पीएम मोदी ने बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने वीर सावरकर स्मारक पर वीर सावरकर को श्रद्धांजलि दी। पीएम मोदी ने कहा कि राम मंदिर भी उनको असंभव लगता था, लेकिन दुनिया को कभी न कभी इस बात को स्वीकार करना पड़ेगा कि भारत भूमि में रहने वाले लोग अपने विचारों और इरादों के इतने पक्के थे कि एक सपना लेकर के 500 साल तक लड़ते रहे। अनेक पीढ़ियों का संघर्ष, लाखों लोगों का बलिदान और 500 साल तक संजोया सपना आज रामलला भव्य मंदिर में विराजमान हैं। पीएम मोदी ने कहा कि जबसे आपने इस सेवक को काम दिया, तो 10 साल में आज देश 11वें नंबर से दुनिया की 5वें नंबर की आर्थिक ताकत बनकर खड़ा है। आज भारत में, मुंबई में रिकॉर्ड इनवेस्टमेंट आ रहा है और मेरी गारंटी है कि कुछ ही सालों में हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बन जाएंगे। मैं गारंटी देता हूं कि मैं आपको विकसित भारत देकर जाने वाला हूं... इसलिए मोदी 2047 के लिए 24 घंटे और सातों दिन के मंत्र के साथ हर पल आपके नाम, हर पल देश के नाम जी जान से जुटा है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद गांधी जी की सलाह पर अगर कांग्रेस को भंग कर दिया होता, तो आज भारत कम से कम पांच दशक आगे होता। आजादी के बाद भारत की सभी व्यवस्थाओं का जो कांग्रेसीकरण हुआ, उसने देश के पांच दशक बर्बाद किए हैं। उन्होंने कहा कि ये निराशा के गर्त में डूबे हुए वो लोग हैं, जिनको अनुच्छेद 370 को हटना भी असंभव लगता था।

आज हमारी आंखों के सामने अनुच्छेद 370 की जो दीवार थी, उसे हमने कब्रिस्तान में गाड़ दिया है और जो ये सपने संजो रहे हैं कि 370 पुनर्जागरण करेंगे, फिर से लाएंगे तो वो कान खोलकर सुन लें दुनिया की कोई ताकत दोबारा 370 नहीं ला सकती है। उन्होंने कहा कि आप मोदी को मजबूत कीजिए क्योंकि आपका एक वोट राष्ट्रहित में बड़े फैसलों का आधार बना है, इसलिए एक-एक वोट जरूरी है।

# ईडी ने केजरीवाल और आप को भी बनाया आरोपी

**मनी लॉन्ड्रिंग**

- कोर्ट ने केजरीवाल की गिरफ्तारी मामले में फैसला सुरक्षित रखा



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई पूरी हो गई। केजरीवाल ने शीर्ष कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय की गिरफ्तारी को चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसला सुरक्षित रख लिया। साथ ही कहा कि केजरीवाल जमानत के लिए ट्रायल कोर्ट जा सकते हैं। सुनवाई के दौरान ईडी ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि शराब नीति केस में अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी को आरोपी बनाया है। इसके कुछ देर बात ही ईडी की एक टीम दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट पहुंची और शराब नीति केस में 8वीं सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर की। इसमें केजरीवाल और आप का नाम शामिल था। जांच एजेंसी ने 21 मार्च को केजरीवाल को अरेस्ट किया था। सुप्रीम कोर्ट ने 10 मई को केजरीवाल को 21 दिन यानी एक जून तक अंतरिम जमानत दी है। 2 जून को उन्हें सरेंडर करना होगा। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई की। ईडी की तरफ से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू और केजरीवाल की तरफ से अभिषेक मनु सिंघवी दलीलें रखीं।

# पीओके को भारत से कोई नहीं छीन पाएगा: शाह

**सियासत**

- गृहमंत्री अमित शाह की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हुए मनोज पांडेय



**रायबरेली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के लोग कह रहे हैं कि हम सत्ता में आएंगे तो राम मंदिर की पुनः प्राण प्रतिष्ठा करेंगे। यह लोग पुनः प्राण प्रतिष्ठा के नाम पर राम मंदिर में ताला लगवा देंगे। इंडिया गठबंधन कांग्रेस पार्टी का पारिवारिक गठबंधन है। इसमें शामिल लालू अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं। ममता बनर्जी अपने भतीजे को मुख्यमंत्री बनना चाहती है। सोनिया गांधी अपने बेटे को प्रधानमंत्री बनना चाहती है। गृहमंत्री अमित शाह जगतपुर ब्लॉक के दौलतपुर में भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी और दिनेश प्रताप सिंह के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस रैली में ही सपा से विधायक रहे मनोज पांडेय भाजपा में शामिल हो गए। इस मौके पर उनके साथ कई ब्लॉक प्रमुख भी भाजपाई हो गए। अमित शाह ने कहा कि शाह ने कहा कि यह लोग कहते हैं कि रायबरेली सीट उनकी पारिवारिक सीट है। कोई पारिवारिक सीट नहीं है। यह सीट रायबरेली और अमेठी के लोगों की है। वह जिसे चाहेंगे, उसको चुनेंगे, उसे संसद में भेजेंगे। इस बार अमेठी से स्मृति जुबिन ईरानी और रायबरेली से दिनेश प्रताप सिंह दोनों चुनाव जीतकर संसद पहुंचेंगे, यह मेरा दावा है। कांग्रेस वाले व कांग्रेस के नेता मणि शंकर अय्यर, फारूक अब्दुल्ला, पाक अधिकृत कश्मीर को पाकिस्तान का बताते हैं। मैं उनको बताना चाहता हूं कि पाक अधिकृत कश्मीर भारत का था भारत का रहेगा उसे भारत से कोई नहीं छीन पाएगा।

## आसमान से बरस रही है आग, दिल्ली में टूटा गर्मी का 14 साल पुराना रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** राजधानी में आसमान से आग बरस रही है। शुक्रवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री अधिक रहा। मौसम विभाग के मुताबिक, 14 साल में पहली बार है, जब 17 मई के दिन पारा 43 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचा है। 2011 के बाद से कभी भी इस दिन तापमान इतना ज्यादा रिकॉर्ड नहीं किया गया है। यही नहीं, गुरुवार इस महीने का भी सबसे गरम दिन रहा। उधर, देश भर में मौसम विभाग के शहरी केंद्रों में उत्तर पश्चिम दिल्ली का नजफगढ़ इलाका सबसे गर्म रहा।

TENDER PALM
SUPER SPECIALITY HOSPITAL
WE LOVE TO CARE

न्यूरो रोग से, होंगे निरोग

लकवा, सिरदर्द, सर्वाइकल, मिर्गी, ब्रेन या स्पाइन टीबी, मनोरोग (डिप्रेशन, फोबिया, एंजायटी, पैनिक अटैक, आदि)

न्यूरो साइंसेज़ मेगा कैंप

दिनाँक - 19-05-2024

समय - सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक

ये सुविधाएँ फ्री

• डॉक्टर कंसल्टेशन • फिजियोथेरैपी • न्यूरोपैथी स्क्रीनिंग • ब्लड + शुगर टेस्ट

जाँचों पर छूट

(*नियम एवं शर्तें लागू)

दवाइयों पर 10% off
पैथोलॉजी इन्वेस्टीगेशन 30% off
रेडियोलॉजी 50% off

UP TO 50% OFF • एन सी वी • ई ई जी • सी टी स्कैन • बी एम डी • एक्स-रे • B12 पैकेज

विश्वस्तरीय न्यूरो साइंसेज़ की टीम देगी सम्पूर्ण समाधान

न्यूरो सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ. रेहान राशिद - एमबीबीएस, एमएस, एम सी एच (न्यूरो सर्जरी)
डॉ. वी के अग्रहरि - एमबीबीएस, डीएनबी, एम सी एच (न्यूरो सर्जरी)
डॉ. सुरजीत सिंह - एमबीबीएस, एमएस (जनरल सर्जरी), एम सी एच (न्यूरो सर्जरी)

न्यूरोलॉजी विशेषज्ञ
डॉ. धवल नारंग - एमबीबीएस, एमडी (मेडिसिन), डीएम (न्यूरोलॉजी)

मनोरोग विशेषज्ञ
डॉ. अंकित सिन्हा - एमबीबीएस, एमडी (साइकिएट्री), न्यूरोसाइकिएट्रिस्ट
प्रज्ञा पुष्कर्णा - साइकोलॉजिस्ट

योगी की हुंकार

बलरामपुरवासियों का रामलला पर पहला अधिकार

# रामद्रोहियों, राष्ट्रविरोधियों की जमानत जब्त करा दो

**पलटवार**

- आपके वोट से बना भव्य राम मंदिर
- गोंडा में सपा के समय में खाद्यान्न घोटाला हुआ था
- आज डीबीटी के माध्यम से पैसा भेजा जा रहा है



**बलरामपुर।** अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर के निर्माण की रणनीति वर्ष 1949 में बलरामपुर में बनी थी इसलिए रामलला पर पहला अधिकार आप सबका है।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में 500 वर्षों के बाद भव्य रामलला का मंदिर बनाकर बलरामपुरवासियों का इंतजार खत्म किया है। आप सभी अच्छी तरह जानते हैं कि यह काम कांग्रेस और सपा के लोग कभी नहीं कर पाते क्योंकि यह लोग तो हमेशा प्रभु श्रीराम के अस्तित्व पर सवाल खड़ा करते आये हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि गोंडा में समाजवादी पार्टी के समय में खाद्यान्न घोटाला हुआ था, जिसे भुलाया नहीं जा सकता है। आज यह आटा और डाटा फ्री में देने की बात कहते हैं जबकि गरीब के राशन में डकैती डालते थे। इनकी इन बातों पर कतई विश्वास नहीं करना है। आज गरीब के हक पर कोई डाका नहीं डाल सकता है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने हर गरीब का जनधन अकाउंट खोलकर कमीशनखोरी को समाप्त किया है। आज डीबीटी के माध्यम से अकाउंट में पैसा भेजा जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के लिए जनता ही उनका परिवार है। ऐसे में उन्होंने देश के हर 70 वर्ष के बुजुर्ग को हर साल 5 लाख फ्री इलाज की सुविधा देने की घोषणा की है, जो मोदी की गारंटी को दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने राम भक्तों पर गोलियां चलाई थी, जिसे यह देश कभी भूल नहीं सकता है। ऐसे में अपने वोट की चोट से रामद्रोहियों की जमानत जब्त करानी है। कहा कि इंडी गठबंधन वाले अनुसूचित जाति और पिछड़ी जाति के आरक्षण पर सेंध लगाने वाले हैं। यह बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का अपमान करने वाले लोग हैं। यह देश को तुष्टिकरण की नीति के जरिये अस्थिरता और अराजकता की ओर धकेलना चाहते हैं, लेकिन हम ऐसा होने नहीं देंगे।

### कांग्रेस व सपा का इतिहास रामद्रोही है : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस चुनाव में एक तरफ रामद्रोही हैं, वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रामभक्त हैं। जिनके लिये देश ही सर्वोपरि है। यह सब लोकतंत्र में आपके वोट की ताकत से हुआ है। यही वजह है कि पूरे देश में जनता जनार्दन एक स्वर में अबकी बार मोदी सरकार और 400 पार की बात कह रही है। वह कह रहे हैं जो राम को लाएं हैं, हम उनको लाएंगे। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का इतिहास रामद्रोही है। ऐसे में यह चुनाव राम भक्तों और रामद्रोहियों के बीच का हो गया है। यह रामद्रोही के साथ राष्ट्र विरोधी भी हैं। यह लोग आतंकवाद को प्रेरित और प्रोत्साहित करने वाले हैं। यह लोग समाज को आपस में जाति के नाम पर लड़ाने वाले है। इस दौरान उन्होंने गोंडा के लोकसभा प्रत्याशी कुंवर कीर्तिवर्धन सिंह के पक्ष में वोट की अपील की।

# काफी तेजी से लगाये जा रहे है जीत-हार के आकड़े

*अवधनामा संवाददाता*

**मोहम्मदी-खीरी।** जैसे-जैसे मतगणना की तिथि नजदीक आ रही है वैसे-वैसे तीनो प्रमुख दलो के समर्थको सहित आमजन मानस द्वारा कौन जीतेगा का गुणा भाग लगाना शुरू कर दिया है। धौरहारा लोकसभा क्षेत्र में कुल 11 लाख छः हजार मतदाताओ ने अपने मत का प्रयोग कर सभी प्रत्याशियो के भविष्य ईवीएम में कैद कर दिया है। अब भाजपा प्रत्याशी हैट्रिक मारेगी या इण्डिया गठबंधन से सपा प्रत्याशी आनन्द भदौरिया पहली बार इस सीट पर सपा का परचम लहरायेगे यह तो आने वाला समय ही बतायेगा। तीनो प्रमुख दलो के प्रत्याशियो दिन रात एक कर अपने ओर मतदाताओ को रिझाने का काफी प्रयास किये। जहां सपा प्रत्याशी तो मुस्लिम मतदाताओ को अपने पाले में खीचने में सफल होते भी दिखाई दे रहे है परन्तु मतदान के उपरान्त भी मतदाताओ की चुप्पी सवाल खड़े कर रही है कि कौन मतदाता किस ओर गया है। वही सपा और बसपा समर्थको द्वारा अनुमान लगाया जा रहा है कि मुस्लिम मतदाता 90 प्रतिशत सपा के साथ गया या फिर 30 प्रतिशत बसपा के साथ गया है। वही नगर के हर पान की दुकान एवं चाय की दुकानो पर आमजनमानस द्वारा जीत हार के आकड़े लगाते लोग दिखाई दे रहे है। सपा प्रत्याशी को अपने मूल मतदाताओ सहित हर वर्ग जाति को वोट मिलने की बात भी लोगो द्वारा कही जा रही है वही भाजपा प्रत्याशी सहित प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री राम मन्दिर पर वोट मांगते दिखाई दिए। बसपा अपने कोर वोटो के साथ मुस्लिम मतदाताओ पर आस लगाए बैठे है के साथ साथ बृाहम्ण वोटो का भी भरपूर साथ मिलता दिखाई दिया है। इस चैथे चरण के चुनाव में महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य और किसानो के नाम पर वोट मांगे है जिसका लाभ सपा प्रत्याशी को मिलता भी दिखाई दे रहा है। वही भाजपा द्वारा अपने पूरे चुनाव में स्टार प्रचारको की फौज धौरहारा क्षेत्र में उतार दी परन्तु भाजपा प्रत्याशी अपने नाराज मतदाताओ को मनाने में विफल होती दिखाई दी। आम जन में यह भी चर्चा है कि भाजपा इस बार भी ईवीएम मशीनो को हैंक कर अपने को जीता घोषित करा लेगी या फिर कम अन्तर से हारने वाली सीटो पर जबरन अपने प्रत्याशी को जिता लेगी। अब यह चुनावी ऊंठ किसी करवट बैठेगे यह तो आने वाली चार जून को ही पता चलेगा। फिलहाल जनता में जीत-हार के आकड़े काफी तेजी से लगाये जा रहे है।

## रमियाबेहड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बिजली आपूर्ति पैनल के पास शॉर्ट-सर्किट से लगी आग

**लखीमपुर खीरी।** रमियाबेहड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को दोपहर करीब एक बजे बिजली आपूर्ति पैनल के पास शॉर्ट-सर्किट से आग लग गई। आग लगने सीएचसी में अफरातफरी मच गई। स्वास्थ्यकर्मियों ने फायर सिलिंडर की मदद से आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। दोपहर के समय सीएचसी में मरीज और तीमारदारों की भीड़ थी। आशा कार्यकर्ताओं और पियर एजुकेटर की बैठक चल रही थी। इसी समय अस्पताल के इलेक्ट्रिक रूम में बिजली आपूर्ति पैनल के पास शार्ट-सर्किट की वजह से आग लग गई। आग देख अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई। मरीज व कर्मचारी अपने-अपने केबिन से निकलकर बाहर की ओर दौड़े। आग देख सीएचसी अधीक्षक ने सूझबूझ से काम लिया। बचाव को रखे फायर उपकरणों का प्रयोग किया गया। वार्ड ब्वाय ने फायर सिलींडर की मदद से आग पर काबू पाया। समय रहते आग पर काबू पा लेने से बड़ा हादसा टल गया। रमियाबेहड़ सीएचसी में प्रतिदिन 500 से अधिक मरीज-तीमारदारों का आना-जाना होता है। बताया जा रहा है कि सीएचसी का बिजली मीटर खराब है। सुधार को दिए गए पत्र पर विभाग ध्यान नहीं दे रहा। आग से मुख्य केबिल भी जल गई है।

## विवाहिता ने फंदा लगाकर किया आत्महत्या

**लखीमपुर खीरी।** भीरा थाना क्षेत्र के गांव जगनपुरवा में देर शाम एक विवाहिता ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी शादी 11 महीने पहले हुई थी। बताया गया है कि जेवर गिरवी रखने को लेकर उसका पति से विवाद हुआ था। इसके बाद विवाहिता ने आत्मघाती कदम उठा लिया। जगनपुरवा निवासी विकास की शादी 11 महीने पहले भीरा थाना क्षेत्र के ग्राम बस्तौली निवासी संगीता 22 पुत्री राकेश के साथ हुई थी। दोनों का जीवन अच्छा चल रहा था। परिजनों का कहना है कि विवाहिता बुधवार को अपनी बीमार मां को देखने बस्तौली गई थी। उसी दिन विकास के साथ वापस आ गई। बताते हैं कि संगीता के जेवर मायके में रखे थे। पति कर्ज चुकाने को लेकर जेवर गिरवी रखने की बात कह रहा था। इसी को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। इसके बाद संगीता ने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय घर पर कोई मौजूद नहीं था।

# व्यवसाई का नगदी भरा थैला उठाकर फरार हुए बाइक सवार उचक्के

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** सड़क किनारे पल्ला डालकर गल्ला खरीद कर रहे व्यवसाई का नगदी भरा थैला बाइक सवार उचक्के उठाकर फरार हो गए। थैले में करीब डेढ़ लाख की नगदी थी। व्यवसाई व पललेदारों के शोर मचाने पर मौके पर काफी भीड़ जमा हो गई। कुछ लोगों ने उचक्कों का पीछा किया, लेकिन उचक्कों का कोई सुराग नहीं लग सका। कस्ता पंजाब नेशनल बैंक से कुछ दूरी पर लखीमपुर मैगलगंज मार्ग से आबादी को जाने वाले रास्ते के किनारे सालों से गल्ला व्यवसाई रामपाल गुप्ता अपने बेटों सहित पल्ला डालकर गल्ला खरीद करते हैं। थाना नीमगांव के गांव बरुई निवासी व्यवसाई अपने दो बेटे प्यारे लाल व दो पल्लेदारों सहित दोपहर करीब 3 बजे अनाज खरीद रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार दो युवक आकर रुके। बताते हैं कि चालक बाइक पर बैठा रहा जबकि पीछे वाला युवक पल्ले पर रखा नगदी भरा थैला उठा लाया। मौके पर मौजूद लोग कुछ समझ पाते इससे पहले ही दोनों युवक नगदी से भरा थैला लेकर रफूचक्कर हो गए। पल्लैदार व प्यारेलाल आदि उचक्कों को पकड़ने दौड़े लेकिन कामयाब नही हो सके। शोर-शराबा सुन बाजार आने जाने वालों की काफी भीड़ एकत्र हो गई। लोग करीब 100 मीटर दूर चौराहे बाइक सवारों का पीछा भी किया। उचक्के सीतापुर मार्ग पर भाग पर गए। लेकिन उचक्कों का कोई सुराग नहीं लग सका। दिनदहाड़े भरी बाजार हुई घटना से इलाके में दहशत का माहौल है।

## घर में सो रहे दो सगे भाईयों पर जानलेवा हमला, हॉयर सैंटर रैफर

**सहारनपुर।** मण्डी कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत खाताखेड़ी सिराज कॉलोनी में अपने घर में सो रहे दो सगे भाईयों पर अज्ञात हमलावरों जानलेवा हमला कर दिया। हमले में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गये, जिनकी गभीर हालत को देखते हुए हॉयर सैंटर रैफर किया गया।

जानकारी के अनुसार मण्डी कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत खाता खेड़ी सिराज कॉलोनी में बीती रात्रि जुनैद अपने भाई के साथ घर में सो रहा था, कि तभी दो युवकों ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया, जिसमें जुनैद व उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस ने दोनों भाईयों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां से उनकी गंभीर हालत के मद्देनजर उन्हें हॉयर सैंटर रैफर कर दिया। सूचना मिलने पर एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक ने घटना स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया। एसपी सिटी श्री मांगलिक ने बताया कि हमलावरों में समीर और उसका साथी राजा शामिल है। उन्होंने बताया कि घायलों में एक जुनैद हमलावरों में से किसी की बहन के साथ मोबाइल पर बात करता था, जो ही विवाद का कारण रहा है। पीड़ितों की ओर से थाने पर तहरीर दे दी गयी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मंदिर के वार्षिकोत्सव पर दस सौभाग्य शाली कन्याओं का विवाह कराया

**सहारनपुर।** ओम शिव बालाजी सेवा समिति के वार्षिकोत्सव में दस सौभाग्यशाली कन्याओं का विवाह बड़ी धूमधाम के साथ संपन्न कराया गया।

स्थानीय शिव धाम में आयोजित ओम शिव बालाजी सेवा समिति के वार्षिकोत्सव में सभी दूल्हो की बारात भूतेश्वर मंदिर से चलकर शिवधाम पहुंची, जहां सौभाग्यवती कन्याओं द्वारा दूल्हे के गलों में वरमाला पहनायी गयी। गुरू जी धीरजपुरी गोस्वामी, आचार्य प्रगीत कौशिक व एनआरआई अजय गुप्ता की मां श्रीमती अंगूरी गुप्ता, समाज सेवी महेन्द्र तनेजा, राजेश्वर वर्मा व नवीन जिंदल ने सभी दम्पत्तियों को आशीर्वाद प्रदान किया। इस दौरान राजेश्वर वर्मा, लखन वर्मा, अनिरुद्ध वर्मा, जगवार, लखन वर्मा, अश्वनी अग्रवाल सुशील गुप्ता, आशीष गोयल, संजय मेहता, अरुण रस्तोगी, तरुण गुप्ता, वैभव गुप्ता, विशाल गुप्ता, नैतिक अग्रवाल, बंटी रस्तोगी, प्रिंस शर्मा, अंकित वर्मा, दिनेश, निशु, वीरेंद्र मोहन, शिव बंसल, अतुल महेश्वरी, अजय जैन, मुकेश मित्तल, रविंद्र मित्तल, हरपाल, अनुज गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## जंगल में पेड़ से लटका मिला व्यक्ति का शव, फैली सनसनी

सहारनपुर। थाना मिर्जापुर क्षेत्र में शाकंभरी देवी के जंगल में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पेड़ से लटका मिला। शव मिलने की सूचना पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही मिर्जापुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया।

जानकारी के अनुसार थाना मिर्जापुर क्षेत्र के शाकंभरी सिद्धपीठ परिक्षेत्र जंगल में एक 40 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव पेड़ पर लटका मिला। शुक्रवार की सुबह कुछ व्यक्ति जब जंगल में लकड़ी बीनने गए, तो शव पेड़ पर लटका देखकर इसकी सूचना तत्काल शाकंभरी पुलिस चौकी इंचार्ज गजेंद्र सिंह को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पेड़ से नीचे उतार कर उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास किया। काफी देर तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई, तो इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सहारनपुर भेज दिया। थाना प्रभारी मनोज चौधरी ने बताया कि मामला आत्महत्या का लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## टैक्स एडवोकेट्स एसोसिएशन के राजेश कपूर बने अध्यक्ष

**सहारनपुर।** टैक्स एडवोकेट्स एसोसिएशन के सर्वसम्मति से संपन्न हुए वार्षिक चुनाव में राजेश कपूर को अध्यक्ष, दीपक जैन को महासचिव व अंचित तायल कोषाध्यक्ष चुना गया। कोर्ट रोड स्थित आयकर भवन सभागार में चुनाव अधिकारी चंद्र मोहन शर्मा,अनिल गुप्ता एवं अंकित गर्ग की देखरेख में सर्वसम्मति से संपन्न हुए चुनाव में राजेश कपूर को अध्यक्ष, दीपक जैन को महासचिव, अचिंत तायल को कोषाध्यक्ष, नितिन गोयल एवं रवि प्रकाश शर्मा को उपाध्यक्ष, जावेद राशिद सिद्दीकी एवं वैभव दुनेजा को सचिव चुना गया। एसोसिशन के संरक्षक एके चंदनानी, राकेश जैन, ज्ञानपाल गुप्ता ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी का माल्यार्पण कर स्वागत किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेश कपूर ने कहा कि बार और बैंच में समन्वय स्थापित कर अधिवक्ता हितों के लिए कार्य किए जाएंगे। महासचिव दीपक जैन ने कहा कि समय-समय पर विधिक गोष्ठी का आयोजन एवं जीएसटी की समस्याओं का जीएसटी काउंसिल से समाधान कराना ही प्राथमिकता होगी। कोषाध्यक्ष अचिंत तायल ने कहा कि सदस्यों को बार काउंसिल द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जायेगा। उपाध्यक्ष नितिन गोयल व रवि प्रकाश शर्मा ने कहा कि व्यापारियों एवं टैक्स अधिवक्ताओं को जीएसटी में आ रही समस्याओं का शीघ्र समाधान कराया जाएगा।

## जिला कारागार में महिला बन्दियों के विधिक अधिकार विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन संपन्न



*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश, रायबरेली श्री तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में जिला कारागार में निरुद्ध महिला बन्दियों के विधिक अधिकार विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। महिलाओं के विधिक अधिकार विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर में डा0 सुरुचि चौधरी के द्वारा महिलाओं को पी0सी0पी0एन0डी0 एक्ट, महिलाओं के संरक्षण एवं कल्याण सम्बन्धी जानकारी व सर्वाइकल कैंसर विषय पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी, इसके अतिरिक्त डा0 सुनील कुमार अग्रवाल के द्वारा भी महिलाओं को स्वास्थ्य के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की गयी। उक्त विधिक जागरुकता शिविर में डिप्टी लीगल एड डिफेन्स काउन्सिंल जय सिंह यादव, उपकारापाल सुमैया परवीन व पराविधिक स्वयं सेवक पवन कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# संयुक्त विशाल जनसभा का आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** आज रायबरेली के आईटीआई के राजीव गांधी मैदान में हिंदी गठबंधन के दो प्रमुख दलों कांग्रेस में समाजवादी पार्टी की एक संयुक्त विशाल जनसभा आयोजित हुई। इस जनसभा में रायबरेली से कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, कांग्रेस पार्टी की महासचिव प्रियंका गांधी, सांसद सोनिया गांधी सहित अनेक कांग्रेस व समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। जनसभा की शुरुआत में प्रियंका गांधी ने कहा कि पूरा देश देख रहा है कि आज राहुल जी व अखिलेश जी एक साथ हैं और कांग्रेस व समाजवादी पार्टी का कार्यकर्ता एकजुट है चुनाव में कार्यकर्ताओं ने देश को दिखा दिया कि आप दिल से काम कर रहे हैं कल चुनाव प्रचार का आखिरी दिन है। आपके साथ मेरे परिवार का गहरा इस तरह है मेरे भाई यहां से प्रत्याशी बने हैं। मैं इतना कहूंगी कि 10 सालों में देश का गरीब, किसान, नौजवान, प्रताड़ित हुआ है। महिलाओं के साथ



अत्याचार बढ़ा है। नरेंद्र मोदी की सरकार में कोई सुनवाई नहीं है। आज देश में एक आंधी उठी है। देश की आवाज है कि इस तानाशाही भाजपा सरकार का सत्ता से हटाया जाए और एक नई राजनीति की शुरुआत की जाए। इस बार मोदी जी के सरकार को उखाड़ सकेंगे हमारा नारा है 5 लाख, पार है। इसके बाद समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि रायबरेली की ही राय है कि भाजपा या यहां से जाए देश के एक नेता हैं जो देश में हर जगह अपना झूठा रिश्ता निकाल देते हैं वह भी देख ले और सुन ले कि राहुल गांधी का सच्चा रिश्ता रायबरेली से है। रा से रायबरेली और रा से राहुल बनता है। अब एक औए एक ग्यारह हो गए हैं भाजपा अब नो दो ग्यारह हो जाएगी। चार चरणों में बीजेपी चारों खाने चित हो गई है। भाजपा का रथ धँस गया है। जनता ने इन्हें यूपी में फंसा दिया है। अखिलेश यादव ने कहा कि बीजेपी वाले वही लोग है जो किसानों के ऊपर चार काले कानून लागू कर रहे थे। किसान शहीद हुए तब तक लड़े जब तक कानून वापस नहीं लिए गए। इन्होंने जानबूझकर पेपर लीक कराए ताकि नोकरी न देनी पड़े। मैं अमेठी गया था वहां सिलेंडर वाली सांसद के क्षेत्र में जो जनसैलाब देखा वहाँ के सांसद सरेंडर हो गए हैं। बीजेपी के लोग घबराए हुए हैं। दिल्ली वालों ने जबसे सुना है कि इंडी गठबंधन गरीबो के लिये फैसले ले रहे है तब से आपके नेता की खटाखट खटाखट की नकल करने लगे हैं। हमारा दूसरा धोकेबाज अभी अभी गया है उसकी खासियत है जो वो जहाँ जाता है वहीं गड्ढा खोदता है। इन धोकेबाजो से भी हिसाब किताब होगा। अपने घर दो नम्बर वाले नेता को बुलाया था। राहुल गांधी ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने कोरोना टाइम में कहा ताली बजाओ, गंगा में लाशों के ढेर लग जाते हैं ।प्रधानमंत्री कहते हैं मोबाइल की टॉर्च बनाओ और थाली बजाओ। राहुल गांधी ने कहा मैं जो भी चाहता हूं वह है मैं प्रधानमंत्री के मुंह से बुला सकता हूं। नरेंद्र मोदी जी आप अडानी अंबानी का नाम कभी नहीं लेते हो दो दिन बाद नरेंद्र मोदी जी अडानी अंबानी कहते हैं।

# नजूल सम्पत्तियों के अधिग्रहण संबंधी अध्यादेश अविलम्ब वापिस लेने की मांग

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नजूल सम्पत्तियों के अधिग्रहण सम्बन्धी अध्यादेश को जनहित में अविलम्ब वापिस लिए जाने की मांग को लेकर सहारनपुर उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी से उनके कार्यालय में मिला और मुख्यमंत्री को सम्बोधित एक ज्ञापन उनको सौंपा।

व्यापार मण्डल के महानगर अध्यक्ष विवेक मनोचा व महामंत्री स.सुरेन्द्र मोहन सिंह चावला के नेतृत्व में प्रतिनिधि मण्डल जिलाधिकारी से मिला और सौंपे ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया कि पूरे उत्तर प्रदेश में नजूल सम्पत्तियों के अधिग्रहण करने सम्बन्धी गत 7 मार्च 2024 को अध्यादेश जारी किया गया है। नजूल की भूमि पर कई लोग पुराने काबिज है सरकार को कोई भी निर्णय इतनी शीघ्रता से नही लेना चाहिए यही नहीं नजूल भूमि को लेकर किये जा रहे निर्णय कितने घातक है इस बात पर



शासन को विचार करना होगा। इस अध्यादेश को लेकर पूरे प्रदेश के व्यापारी, उद्यमी व समाज के सभी वर्गो के लोगों में बेहद चिंता व रोष व्याप्त है, क्योंकि पिछले लम्बे समय से पूरे प्रदेश में नजूल की सम्पत्तियों का उपयोग समाज के विभिन्न वर्गो द्वारा व्यापारिक, औद्योगिक व रिहायशी के उद्देश्य से किया जा रहा है। व्यापार मण्डल इस अध्यादेश का पूरे जोर विरोध करता है क्योंकि यह लोकहित में नहीं है। नजूल सम्पत्तियों के अधिग्रहण करने से जहां व्यापार और उद्योगों बेहद विपरीत असर होगा वहीं पीढियों से रह रहे रिहायशी इलाकों के लोग सड़कों पर आ जायेंगे। ज्ञापन में मांग की गयी कि इस अध्यादेश को अविलम्ब वापस किया जाए और पूर्व की भांति नजूल सम्पत्तियों को फ्रीहोल्ड करने की योजना दोबारा शुरू की जाये। जब तक यह योजना लागू की जाये तब तक प्रदेश में नजूल सम्पत्तियों का प्रयोग करने वाले सभी लोगों के लिए एक न्यूनतम शुल्क निर्धारित कर उनकी लीज का नवीनीकरण किया जाये। जिलाधिकारी डा.दिनेश चन्द्र ने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि उनके ज्ञापन को मुख्यमंत्री पटल पर भेज दिया जायेगा। व्यापारियों को पूर्ण सहयोग किया जायेगा।

प्रतिनिधिमंडल में विवेक मनोचा, स.सुरेन्द्र मोहन सिंह चावला, राजीव मदान, मुकेश दत्त, सुधीर मैकेनिक, पुनीत चौहान, वेद प्रकाश, अनमोल फुटेला,किशन लाल ठक्कर, मनोज जैन, मुकेश मोहिनी, भारत मलिक, खुशनूर सिंह, नरेश सचदेवा, तुषार, कुबेर नरूला, राजपाल सिंह, तेजवीर सिंह, अश्वनी, पंकज अरोडा, रॉबिन टकराल, अमित कुमार, हरीश कालरा, आलोक गुप्ता, पारस खुराना, राजकुमार खन्ना, जितेन्द्र मल्होत्रा, अजय चौहान, वेदप्रकाश, सतविंदर सिंह, श्रवण मक्कड,डी.के.गुप्ता, सुरेश सलूजा आदि शामिल रहे।

# अपर जिला जज ने किया जिला कारागार निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष व जनपद न्यायाधीश श्रीमती बबीता रानी के निर्देशन में आज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व अपर जिला जज प्रबोध कुमार वर्मा ने जिला कारागार का आकस्मिक निरीक्षण किया और बंदियों को सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं से अवगत कराया। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ से प्राप्त एक्शन प्लान के अन्तर्गत जिला कारागार में न्यायिक अधिकारियों ने निरीक्षण किया। इस दौरान सचिव व अपर जिला जज प्रबोध कुमार वर्मा के साथ डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल अजेश कुमार शर्मा ने जेल विजिट किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने बैरक न.10, अल्प व्यस्क बैरक, अस्पताल एवं पाकशाला का निरीक्षण किया। अल्प व्यस्क में बैरक में 23 अल्प व्यस्क पायें गयें। जिला कारागार सहारनपुर में साफ-सफाई की व्यवस्था उचित पाई गई। सचिव द्वारा बन्दियों को अवगत कराया कि यदि किसी बन्दी न्यायालय से जमानत हो चुकी है और वह जमानती के अभाव में अभी तक छूट नही पाया है तो वह जिला कारागार प्रशासन की सहायता से अपना प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय भिजवा दें। इसके अतिरिक्त यदि किसी बंदी को सरकार की ओर से निशुल्क अधिवक्ता की सुविधा चाहिये, तो अविलम्ब वरिष्ठ अधीक्षक जिला कारागार के माध्यम से आवेदन पत्र प्रस्तुत करें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव द्वारा बन्दियों को सरकार द्वारा बन्दियों के हितों के लिये चलाई जा रही है योजनाओ से अवगत कराया गया। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ जेल अधीक्षक श्रीमती अमिता दुबे, जेलर प्रशांत उपाध्याय एवं डिप्टी जेलर सुधांशु सिंह, अभय शुक्ला एवं दीपक सिंह उपस्थित रहे।

# रोटरी क्लब के मंडलीय गर्वनर ने घाड़ क्षेत्र में स्कूलों में चल रहे निर्माण कार्यो का किया निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** रोटरी क्लब के मण्डलीय गर्वनर अरूण मोंगिया ने




घाड़ क्षेत्र के नरोत्तमगढ़ व खुशहालीपुर में गोद लिये गये स्कूलों में चल रहे निर्माण कार्यो का निरीक्षण कर आर्थिक मदद की।

रोटरी के मंडलीय गवर्नर अरुण मोंगिया ने आज अपनी अधिकारिक यात्रा के दौरान घाड क्षेत्र के दो गांव नरोत्तमगढ़ और खुशहालीपुर में पहुंचकर गोद लिये गये स्कूलों में कराये जा रहे निर्माण कार्यो का निरीक्षण कर आर्थिक मदद की। तत्पश्चात स्थानीय अंबाला रोड स्थित एक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष विकास निझावन, सचिव गुरमीत अरोड़ा, सुनील भगत, विजय भसीन ने अतिथियों का स्वागत किया। राजेश कपूर ने क्लब के कार्यो पर प्रकाश डाला। हिमांशी बत्रा, हरनीत कौर व मेघा चढ़ा ने अतिथियों का परिचय प्रस्तुत किया। पूजा कपूर व सुमिता भगत ने अंतर्राष्ट्रीय रोटरी में महिलाओं की भूमिका की जानकारी दी। क्लब के सदस्य सुरेंद्र धवन, पंकज गुप्ता, अमित चौहान, पुष्कर कपूर, रमणीक सिंह व पवन बाटला ने अतिथियों को समृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किय। इस अवसर पर क्लब के डॉक्टर सत्य प्रकाश सैनी, संजय मिड्डा, विनय दहुजा, विशाल लूथरा, विजय खुराना, संजय खुराना, गिरीश डंग, परमिल चौधरी, वर्षा चोपड़ा, कंचन धवन, विजय बत्रा, राजीव लड्डू आदि सदस्य उपस्थित रहे। संचालन पूर्व अध्यक्ष राजेश कपूर ने किया।

# आईसीसीसी के कैमरों की मदद से खोजा गया घर से लापता किशोर

# अपने दम पर कुछ बड़ा बनने के ख्वाब लेकर निकला था घर से



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** तीन दिनों से लापता देवांश को नगर निगम में बने कमांड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) के कैमरों की मदद से पुलिस ने इस किशोर को देहरादून से खोजकर उसके परिवार वालों को सौंप दिया।

घटनाक्रम के मुताबिक पंत विहार निवासी अजय चौधरी का 16 वर्षीय बड़ा लड़का देवांश चौधरी 14/15 की रात में बिना किसी को कुछ बताये घर से निकल पड़ा। सुबह परिवारजनों ने देवांश को लापता पाया तो उसकी खोजबीन शुरु हुई। देवांश के दोस्तों ने बताया कि हाई स्कूल का रिजल्ट आने के बाद कुछ दोस्तों ने तय किया था कि अपने दम पर कुछ बड़ा बनने की कोशिश करेंगे। इस जानकारी के बाद देवांश के पिता नगर निगम पहुंचे और अपर नगरायुक्त राजेश यादव व स्मार्ट सिटी के अधिशासी अभियंता अमरेंद्र गौतम से मिलकर आईसीसीसी के माध्यम से प्रमुख चौराहों तथा बस स्टैंड पर लगे कैमरे दिखाने की प्रार्थना की। आवश्यक कार्रवाई पूरी कर जब आईटी अधिकारी मोहित तलवार व एनआईसी टीम द्वारा बस स्टैंड के पास लगे कैमरे देखे गए तो पाया गया कि देवांश रात में साइकिल पर बस स्टैंड पहुंचकर लोगों और कंडक्टर से पूछताछ कर रहा है। इससे ज्ञात हुआ कि देवांश करीब 12 बजे देहरादून जाने वाली बस में सवार हुआ है। उधर थाना सदर बाजार में भी देवांश के लापता होने की तहरीर दी गयी थी। थाना सदर पुलिस द्वारा भी आईसीसीसी पहुंच कर देवांश के देहरादून जाने वाली बस में बैठने की फुटेज देखी गयी। इसके बाद सहारनपुर पुलिस ने देहरादून पुलिस से संपर्क कर देवांश के फुटेज साझा किये और उसका पता लगाने को कहा। इस सूचना पर देहरादून पुलिस ने दून बस स्टैंड व आस पास लगे कैमरों के फुटेज खंगाले तो पाया गया कि करीब सवा दो बजे देवांश आईएसबीटी देहरादून में बस से उतरा है। देवांश की सरगरमी से तलाश की गयी और कड़ी मशक्कत के बाद 15 मई की शाम करीब छह बजे देवांश को आईएसबीटी परिसर से ही खोज लिया गया और उसे सहारनपुर पुलिस के जरिये उसके मां-बाप के सुपुर्द कर दिया गया। और इस तरह आईसीसीसी के कैमरों की मदद से एक किशोर इधर उधर भटकने से बच गया।

**पिता ने जताया आईसीसीसी का आभार**

देवांश चौधरी के पिता अजय चौधरी ने देवांश की वापसी में आईसीसीसी का महत्वपूर्ण सहयोग मानते हुए स्मार्ट सिटी और आईसीसीसी का आभार जताया है। उनका कहना है आईसीसीसी के ये कैमरे बहुत उपयोगी है, उनकी मदद से ही देवांश का पता लग सका है। यदि यह कैमरे न होते तो देवांश को खोजने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता।

## भक्तों के कष्टों को हरती है मां बग्लामुखी: आचार्य पं.रोहित

सहारनपुर। हरिओम श्रीबालाजी सेवा समिति द्वारा शिव बग्लामुखी मंदिर में मां बग्लामुखी जयंती पूरे विधि विधान के साथ हर्षोल्लास के साथ मनाई। मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में आचार्य पंडित रोहित वशिष्ठ ने मां बग्लामुखी के प्राकट्य की कथा बताते हुए कहा कि बग्लामुखी माता दुर्गा के दस महाविस्द्या स्वरूप में अष्टम रुप है, जो भक्तों के कष्टें का निवारण करती है। शत्रुओं का शमन करती है। जीव का कल्याण कर उसे भुक्ति और मुक्ति प्रदान करती है। आचार्य पंडित जगअवतार शर्मा, आचार्य मोहित दीक्षित, लोकेश दीक्षित, पं.योगेश कपिल, पं.बालकृष्ण शर्मा, शुभम कौशिक, रामवीर शर्मा, शुभम शर्मा आदि विद्वान ब्राह्मणों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मां बग्लामुखी का पूजन संपन्न कराया। इस दौरान नगर निगम के महापौर डॉक्टर अजय कुमार सिंह, पूर्व सांसद राघव लखनपाल और एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक ने मां बग्लामुखी का पूजन कर सामूहिक रूप से राष्ट्र की उन्नति और समृद्धि की प्रार्थना की।

# मोमिनीन की याद में द एमएसजी फाउंडेशन ने लगाया मुफ्त मेडिकल कैंप





**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** पुराने लखनऊ स्थित दरगाह हज़रत अब्बास में द मदद सहयोग गाइडेंस (एमएसजी) फाउंडेशन की तरफ से मेडिकल कैंप लगाया गया इस मेडिकल कैंप में मरीजों को मुफ्त दवा के साथ-साथ उनका चेकअप भी किया गया।

आज के इस मेडिकल कैंप में बतौर मुख्य अतिथि मौलाना अहमद रजा खान, (इमामे जुमा चेन्नई) अतिथि मीसम रिजवी (प्रशासनिक दरगाह हज़रत अब्बास अ.स.) अब्दुल वहीद (वरिष्ठ पत्रकार) डॉ. जफर नवाब (एमबीबीएस एमएस ईएनटी)और आरिफ़ मुक़ीन (वरिष्ठ पत्रकार) मौजूद रहे। इन सभी लोगों ने द एमएसजी फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। आज के इस मेडिकल कैंप में डॉक्टर टीम में मुख्य रूप से डॉक्टर महक बाक़री, डॉक्टर पर्थ गौर, डॉक्टर शादमा मजीद, डॉक्टर अशरफ, डॉ. अब्दुल कासिम, डॉक्टर सैयद आबिद जैदी, डॉ. मोहम्मद उस्मान मौजूद रहे। एमएसजी फाउंडेशन की टीम में मुख्य रूप से आरुषि गंगवार, किसा रिजवी, ज़ैन अब्बास खान, इमरान अली अंज़ल रिजवी, कमल महिंद्रा, जव्वाद मिर्जा और फाउंडेशन के संस्थापक मोहम्मद सादिक मौजूद रहे।

## सीओ गोरखनाथ ने जाँच की शुरू

**गोरखपुर।** गुलरिहा थाना क्षेत्र के जंगल डुमरी नंबर दो के रहने वाले पत्रकार आरिफ आलम के साथ हुए दुर्व्यवहार के मामले को डीआईजी रेंज गोरखपुर आनंद कुलकर्णी ने संज्ञान में लिया है मामले की निष्पक्ष जांच के लिए डीआईजी ने क्षेत्राधिकारी गोरखनाथ योगेंद्र सिंह को जांच सौपी थी। क्षेत्राधिकारी गोरखनाथ ने पीड़िता पत्रकार आरिफ आलम का शुक्रवार को बयान ले लिया है। अब आरोपियों के बयान लिया जाएगा। इसके बाद आगे की कार्रवाई होगी। मिली जानकारी के अनुसार जंगल डुमरी नंबर दो टोला तिवारीपुर के रहने वाले आरिफ आलम का जमीनी विवाद उनके पाटीदार से चल रहा था इसी मामले में 12 मई को उन्हें थाने पर बुलाकर थानेदार द्वारा प्रॉपर्टी डीलर के सामने आरिफ आलम के साथ बदसलूकी की गई। इतना ही नहीं खपड़वा पिकेट के हल्का नंबर 3 के सिपाही प्रदीप कुमार यादव ने तो सारी हदें पार करते हुए पत्रकार आरिफ आलम का कलर पड़कर भद्दी भद्दी गालियां दी थी। जिसकी शिकायत गोरखपुर जर्नलिस्ट प्रेस क्लब के पदाधिकारियो ने एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर भी की थी।

# अपनी आने वाली पीढ़ियों का भविष्य गढ़ने का यही मौका है : अनुप्रिया पटेल

- देश के मतदाताओं के पास एक अहम मौका है
- भारत की कीर्ति पूरी दुनिया में है

**अवधनामा संवाददाता**



**बस्ती।** लोकसभा चुनाव की नजदीकियों से बड़े नेताओ की जनसभा तेज़ हो गई है इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी ने अभी तक जिले में सबसे अधिक जनसभाएं करायी है। अमृत कुमार वर्मा ने बताया की 23 मई तक लगातार बड़ी बड़ी सभाये होनी है, जिसमे प्रधानमन्त्री रक्षामंत्री मुख्यमंत्री सहित अन्य नेताओ की विशाल जनसभाओ की तैयारिया सुरु हो गई है।

शुक्रवार को कप्तानगंज विधानसभा के बेलवरिया जंगल हलुआ में केंद्र सरकार की वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री व अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल की विशाल जनसभा हुई। अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश के मतदाताओं के पास एक अहम मौका है। अपनी आने वाली पीढ़ियों का भविष्य गढ़ने का। अपनी किस्मत अपने हाथ रचने का। मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाकर देश को मजबूत करें। अनुप्रिया पटेल शुक्रवार को कप्तानगंज विधानसभा क्षेत्र के कस्बा हलुआ स्थित रानीपुर बाबू के मैदान में भाजपा प्रत्याशी हरीश द्विवेदी के समर्थन में आयोजित जनसभा में बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि बीते 10 सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तरक्की की नई राह पर है। भारत की कीर्ति पूरी दुनिया में है। अन्य देश भारत के नक्शे कदम पर चलना चाहते हैं। देश में ऐसी सरकार है जो किसी देश की युद्ध भूमि से भारत के नागरिक को सुरक्षित ले आती है। इसलिए वोट डालने जाएंगे तो अपने दिल पर हाथ रखकर बीते 10 साल व 70 साल की तुलना कर लेना। अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने कहा कि देश में जब से एनडीए की सरकार आई है तब से कोई भी गांव व घर ऐसा नहीं जहां केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थी न हों। हमारी सरकार ने गरीबों को पक्का घर, इज्जत घर, निःशुल्क खाद्यान्न, रसोई गैस सिलेंडर, किसानों को सम्मान निधि सहित तमाम योजनाओं से लाभान्वित कर 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की पांच सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन चुका है। अगले पांच सालों में हमारा देश विश्व के तीन विकसित राष्ट्रों में शामिल होगा। इस दौरान उन्होंने भाजपा पार्टी प्रत्याशी हरीश द्विवेदी के समर्थन में पार्टी के निशान कमल को कप प्लेट मान कर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। सांसद हरीश द्विवेदी ने कहाँ की कहा कि प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता के कारण ही आज पूरे विश्वक में भारत को सम्मा न मिला है। उनके दृष्टिकोण से देश को आज ये मुकाम हासिल हुआ है।

## किन्नरों ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** आधा दर्जन से अधिक किन्नरों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एसपी डॉ ईरजराजा को शिकायती पत्र सौंपते हुये बताया कि रेलवे स्टेशन की जीआरपी व आरपीएफ पुलिस आये दिन उनको परेशान करती है और दूसरे समुदाये के किन्नर रेलवे स्टेशन पर जमकर उगाही कर रहे ,उनसे पुलिस कुछ नहीं कहती है। उन्होंने मामले की जांच पड़ताल कर कार्रवाई की मांग की है। इस पर पुलिस अधीक्षक ने उनको आश्वासन देकर जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिये। जानकारी के अनुसार किन्नर दिव्या बाई स्टेशन रोड किन्नर गद्दी की मालिक है और झांसी, उरई, कानपुर की ट्रेन दूसरी किन्नर बिरादरी के लोग जमकर यात्रियों से जबरन रुपयों की उगाही कर रहे हैं।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम राकेश कुमार यादव है मेरी तैनाती विकास खण्ड चित्तौरा के ग्रामपंचायत जानीजोत के प्राथमिक विद्यालय धोबिया में शिक्षक के पद पर है। बीआरसी डीहा पर प्रमाण पत्रों की स्कैनिंग के समय मेरा टेट प्रमाण पत्र जिसका रोल नंबर 4210100786 और क्रमांक नंबर 134969 है जो कही खो गया है। जिसको भी मिले इस मोबाइल नंबर 8887910475 पर सूचना देने का कष्ट करें।

**राजेश कुमार यादव**
**शिक्षक प्राथमिक विद्यालय धोबिया जानीजोत**
**वि.ख. चित्तौरा बहराइच।**
**निवासी-ग्राम सभा- देवरिया: जनपद वाराणसी**

## स्नान करते समय पुत्रवधू को झांक रहा था ससुर विरोध करने पर पीटा

**गोरखपुर।** सहजनवा थाना क्षेत्र के माडर में स्नान कर रही पुत्रवधू को ससुर झांक रहा था। विरोध करने पर उसे गाली गलौज करते हुए पीट दिया। पीड़िता ने आरोपी ससुर के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी से सहजनवा थाना क्षेत्र के माडर में वृहस्पतिवार को सुबह 8 बजे पुत्रवधू घर में स्नान कर रही थी। उसी दौरान ससुर स्नान गृह में झांक रहा था। जिस पर महिला की नजर पड़ गई। तो उसने विरोध किया तो वह गाली गलौज करते हुए मारने पीटने लगा। और घर से निकलने की धमकी देने लगा। पीड़िता ने आरोपी ससुर के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी पंकज सिंह ने कहा की प्रकरण की जानकारी है। पुलिस गई थी।

# पिपरसंड ग्राम पंचायत में शुरू होने के लिये तैयार डिजिटल डॉक्टर क्लीनिक

### ग्रामीणों को बेहतर चिकित्सा परामर्श के साथ 5 मिनट में उपलब्ध होगी ब्लड टेस्ट रिपोर्ट

**अवधनामा संवाददाता**




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के साथ निवेश को लेकर हुये एमओयू के बाद राज्य के ग्रामीणों को बेहतर चिकित्सा परामर्श और जरूरी टेस्ट की सुविधा उपलब्ध कराने के लिये डिजिटल डॉक्टर क्लीनिक परियोजना धरातल पर उतरने के लिये तैयार है। इसकी शुरूआत इस माह से प्रदेश की राजधानी लखनऊ के पिपरसण्ड ग्राम पंचायत से होने जा रही है। इस परियोजना को लाने वाली ओब्डु ग्रुप प्रदेश की टीम ने सरकार की पहल पर प्रदेश की पहली डिजिटल डॉक्टर क्लीनिक की तैयारियों का निरीक्षण किया। इस क्लीनिक के शुरू होने से पिपरसण्ड ग्राम पंचायत क्षेत्र के ग्रामीणों को चिकित्सकों के द्वारा ऑनलाईन परामर्श के साथ सभी प्रकार के फीवर प्रोफाइल जैसे डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, लिवर फंक्शन, शुगर पीलिया आदि जरूरी टेस्ट के साथ अल्ट्रासाउंड की सुविधा उपलब्ध होगी। मौके पर ही तीन से पांच मिनट में टेस्ट रिपोर्ट उपलब्ध होने के आधार पर दवाईयां भी उपलब्ध करायी जायेगी। डिजिटल डॉक्टर क्लीनिक में इन चिकित्सीय सुविधाओं के मिलने के साथ ही ग्रामीण मरीजों को झोलाछाप डॉक्टर्स से भी छुटकारा मिल जायेगा। इस परियोजना की पहली डिजिटल डॉक्टर क्लीनिक का निरीक्षण करने गयी टीम में शामिल ओब्डू ग्रुप के सीईओ संजय कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश की प्रत्येक ग्रामीणों तक बेहतर चिकित्सा व जरूरी टेस्ट की सुविधा उपलब्ध कराने के लिये राज्य के अधिकतर ग्राम पंचायतों में डिजिटल डॉक्टर क्लीनिक स्थापित की जा रही है। इस परियोजना को सफल बनाने के लिए न केवल कंपनी ही प्रयास कर रही है बल्कि प्रदेश सरकार भी अपनी जिम्मेदारियां को बखूबी निभा रही जिस के लिए बुलंदशहर जनपद इस्टर पर उद्यमी मित्र श्री राजकुमार तथा प्रदेश इस्टर पर इन्वेस्ट यूपी के अन्य उच्च अधिकारी परियोजना को कामयाब करने में जुटे है।

## पंखे की कुंडी से लटक कर नवविवाहिता ने दी जान, ससुराली घर छोड़ फरार

**अवधनामा संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नवविवाहिता ने छत में लगे पंखे से फंदा बनाकर आत्महत्या कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महिला के मौत के कारण का पता लगाने में जुट गई। मृतका के परिजनों ने ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर थाने में दिया है।

शुक्रवार की सुबह दुर्गा कुशवाहा पत्नी बबलू कुशवाहा निवासी रजवाबर कोइरी टोला, थाना कसया जनपद कुशीनगर की संदिग्ध परिस्थितियों में घर की छत में लगे पंखे की कुंडी से लटकता हुआ शव मिला। सूचना पर पहुंचे मृतका के परिजनों ने उसके ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग किया। घटना की सूचना पर मौके पर तत्काल मय फोर्स पहुंचे सीओ कसया कुंदन कुमार सिंह, नायब तहसीलदार शैलेष कुमार सिंह व थानाध्यक्ष कसया गिरजेश उपाध्याय ने शव को कब्जे में लेते हुए कार्यवाही में जूट गए। इस संबंध में मृतका के भाई जितेंद्र कुशवाहा पुत्र नथुनी कुशवाहा निवासी ग्राम पकहा, थाना बघौचघाट जनपद देवरिया ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि अपनी छोटी बहन दुर्गा कुशवाहा की शादी फरवरी 2023 में हिन्दू रिति रिवाज के अनुसार बबलू कुशवाहा पुत्र सत्यनारायण कुशवाहा के साथ किया था। शादी में अपने सामर्थ के अनुसार उपहार स्वरूप नगद, बर्तन, आभूषण, घरेलू सामान व कपड़ा आदि दिया था। भाई ने बताया कि शादी के बाद मेरी बहन अपने ससुराल आई, लेकिन ससुराल आने के कुछ ही दिनों बाद ही उसके पति बबलू कुशवाहा, ससुर सत्यनारायण कुशवाहा, जेठ प्रभु कुशवाहा, अरुण कुशवाहा पुत्रगण सत्यनारायण कुशवाहा व जेठानी प्रभु कुशवाहा की पत्नी व अरुण कुशवाहा की पत्नी दहेज की मांग को लेकर उसको तरह तरह से प्रताड़ित करने लगे। प्रताड़ना की सूचना पर हमलोग यहां आकर बात चीत किए लेकिन उनके व्यवहार में कोई परिवर्तन नहीं आया।

# विशेष प्रेक्षकगणों की अध्यक्षता में मंडल के तीनों जनपदों के प्रेक्षकगण सहित अधिकारियों के साथ हुई बैठक

### महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर अपने अनुभवों को साझा करते हुए विशेष सतर्कता बरतने का दिया सुझाव

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं भयमुक्त वातावरण में शांतिपूर्ण ढ़ग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नामित विशेष प्रेक्षक (सामान्य) अजय वी नायक), विशेष प्रेक्षक (व्यय) राजेश टुटेजा एवं विशेष प्रेक्षक (पुलिस) मनमोहन सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में तीनों जनपदों के प्रेक्षकगण जिसमे 60-डुमरियागंज संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु नामित प्रेक्षक (सामान्य) श्रीमती नीमा अरोड़ा, प्रेक्षक (पुलिस) श्रीमती एस मल्लिखा एवं प्रेक्षक (व्यय) वाई आनन्द जी, 61-बस्ती संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु नामित प्रेक्षक (सामान्य) श्रीमती बबिता, प्रेक्षक पुलिस रमेश चन्द्र छाटजा (बस्ती एवं संत कबीर नगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र) एवं प्रेक्षक (व्यय) आरएल अरूण प्रसाद एवं 62-संत कबीर नगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु नामित प्रेक्षक (सामान्य) जनक प्रसाद पाठक, एवं प्रेक्षक (व्यय) ब्रज किशोर सिंह तथा रिटर्निंग ऑफिसर/जिला मजिस्ट्रेट 60-डुमरियागंज संसदीय निर्वाचन क्षेत्र पवन अग्रवाल, रिटर्निंग ऑफिसर/जिला मजिस्ट्रेट 61-बस्ती संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अंद्रा वामसी, रिटर्निंग ऑफिसर/जिला मजिस्ट्रेट 62-संत कबीर नगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र महेन्द्र सिंह तवंर व पुलिस अधिक्षक बस्ती गोपाल कृष्ण चौधरी, पुलिस अधीक्षक संत कबीर नगर सत्यजीत गुप्ता व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर सुश्री प्राची सिंह के साथ कलक्ट्रेट सभागार, संत कबीर नगर में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की तैयारियों, निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अनुपालन, आदर्श आचार संहिता का अनुपालन, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था का अनुपालन सहित मतदान दिवस के पूर्व एवं मतदान दिवस के दिन से सम्बन्धित विभिन्न व्यवस्थाओं/सुविधाओं सहित भयमुक्त वातावरण में सम्पुर्ण निर्वाचन प्रक्रिया को सम्पन्न कराये जाने से सम्बन्धित सभी बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा/समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

बैठक में केन्द्रीय/विशेष प्रेक्षक (सामान्य) अजय वी नायक ने बस्ती, संत कबीर नगर व डुमरियागंज ससदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु नामित सभी प्रेक्षकगणों एवं रिटर्निंग आफिसर्स से लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु की गई तैयारियों की जानकारी प्राप्त करते हुए महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर अपने अनुभवों को साझा करते हुए विशेष सतर्कता बरतने का सुझाव दिया। उन्होंने ई0वी0एम0/वी0वी पैट का सुचारू प्रबंधन, स्ट्रागं रूम की सुरक्षा व्यवस्था सहित मतदान दिवस के दिन बूथों एवं आस-पास की व्यवस्था, मतदान कक्ष एवं बूथ के 100 मीटर के दायरे में आयोग के दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने, पुलिस बल डिप्लायमेंट, मतदाता पर्ची का वितरण, फोटोग्राफी एवं विडियोग्राफी, हेल्पडेस्क सहित क्रिटिकल एवं वल्नरेबल बूथों पर वेबकास्टिगं सहित समस्त बिन्दुओं पर जनपदवार जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मतदान दिवस के दिन बूथों के आस-पास अनावश्यक रूप से लोग एकत्रित न हो, मतदान कक्ष में मतदाता के सिवाय किसी को भी जाने की अनुमति नही है चाहे वह कोई वीआईपी ही क्यों न हो, मतदान कक्ष में मोबाइल फोन ले जाना पूर्णतः प्रतिबन्धित है, बूथ पर अनाधिकृत फोटोग्राफी/विडियोग्राफी नही की जा सकती तथा बूथों पर हेल्पडेस्क का स्थान सुव्यवस्थित होना चाहिए। केन्द्रीय/विशेष प्रेक्षक (पुलिस) मनमोहन सिंह द्वारा तीनों लोकसभा क्षेत्रों के मा0 प्रेक्षकगण सहित तीनो जनपदों के पुलिस अधीक्षक से लोकसभा निर्वाचन-2024 को निर्विध्न एवं भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु पुलिस बल की आवश्यकता के सापेक्ष उपलब्धता एवं पुलिस बल के डिप्लायमेंट सिस्टम की आकड़ेवार जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि स्थितियों की समीक्षा करते हुए पहले से ही एक दूसरे के साथ बेहतर समन्वय बना लिया जाये ताकि मतदान दिवस के दिन अथवा किसी भी सम्भावित स्थिति से निपटने में कोई असुविधा न हो। विशेष प्रेक्षक (पुलिस) ने कहा कि आयोग की मंशा के अनुरूप निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराना हम सबकी जिम्मेदारी है। मतदान दिवस के दिन मतदाता को कोई असुविधा न हो और पूरे उत्साह एवं आत्मविश्वास के साथ निर्भय होकर लोग मतदान करें, इसके लिए आवश्यकतानुसार पुलिस बल द्वारा पैदल गस्त/फ्लैंग मार्च किया जाता रहे। उन्होंने एफएसटी/एसएसटी द्वारा अवैध वस्तुओं, लिकर, शराब व अन्य मादक पदार्थ, हथियार आदि के अवैध आवागमन को रोकने के दृष्टिगत की जा रही वाहनों की चेकिंग आदि का जायजा लेते हुए कहा की सम्पूर्ण व्यवस्था पर पैनी नजर बनाये रखने की आवश्यकता है।

उन्होंने लोकसभा क्षेत्रों में मोबाइल कनेक्टिविटी/नेट कनेक्टिविटी आदि की समस्या से सम्बन्धित क्षेत्रों के विषय में भी जानकारी लेते हुए निराकरण के संबंध में अपने सुझाव दिये। उन्होंने कहा कि मतदान दिवस के दिन यातायात मार्गों सहित बूथों के आस-पास के मार्गों पर आवागमन सामान्य रहना चाहिए, किसी भी प्रकार से जनसामान्य को कोई असुविधा न हो इसका ध्यान दिया जायें। मा0 निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशो के अनुसार कार्य करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। शत-प्रतिशत मतदाताओं को मतदाता पर्ची का वितरण सुनिश्चित कराते हुए जो मतदाता पर्ची उपयोग में न लायी गयी हो उसे ए0आर0ओ0 को वापस कर दिया जाये तथा मतदाता पहचान पत्र/ईपिक के अतिरिक्त पहचान पत्र के रूप में निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये सभी वैकल्पिक पहचान पत्रों के बारे में सभी को अवगत रखा जाये जिससे प्रत्येक मतदाता एक पहचान पत्र साथ में अवश्य लेकर आए। केन्द्रीय/विशेष प्रेक्षक (व्यय) श्री राजेश टुटेजा ने तीनो लोकसभा क्षेत्रों के व्यय प्रेक्षकगणों से प्रत्याशियों के व्यय पर निगरानी एवं समीक्षा की जानकारी लेते हुए प्रत्याशियों के व्यय लेखा रजिस्टर का कोषागार/लेखा-टीम के साथ मिलान कराने एवं सीजर आदि के बारे में समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

रिटर्निंग आफिसर/जिला मजिस्ट्रेट महेन्द्र सिंह तवंर ने जनपद में विशेष प्रेक्षकगण सहित सभी प्रेक्षकगण के पधारने का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए उनके द्वारा सुझाये गये दिशा-निर्देशो एवं मार्ग-दर्शन में निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु आश्वस्त किया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी, संत कबीर नगर जयप्रकाश, अपर पुलिस अधीक्षक शशिशेखर सिंह, डिप्टी कलेक्टर, कलेक्ट्रेट डॉ0 सुनील कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी मेहदावल राघवेंद्र सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी धनघटा, पुलिस क्षेत्राधिकारी यातायात केशवनाथ, लाइज़न ऑफिसर सामान्य प्रेक्षक संत कबीर नगर राजेश कुमार गुप्ता, लाइज़न आफिसर व्यय प्रेक्षक संत कबीर नगर जेपी तिवारी सहित समस्त प्रेक्षकगण के लाइज़न ऑफिसर, सहायक निर्वाचन अधिकारी ओम प्रकाश, सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज सहित संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# फाइलेरिया मरीजों को व्यायाम से मिलता है आराम

**अवधनामा संवाददाता**



**देवरिया।** गौरी बाजार ब्लॉक के पंचायत भवन लबकनी में फाइलेरिया मरीजों व नेटवर्क सदस्यों को रुग्णता प्रबन्धन व दिव्यांगता नियन्त्रण (एमएमडीपी) के बारे में शुक्रवार को प्रशिक्षित किया गया। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग की तरफ से फाइलेरिया के 21 मरीजों को एमएमडीपी किट भी प्रदान की गयी। फाइलेरिया से ग्रसित मरीजों को उपचार और देखभाल के बारे में भी बताया गया। इसके अलावा फाइलेरिया ग्रसित अंगों की साफ-सफाई कैसे की जाए इस बारे में प्रदर्शन कर समझाया गया।

प्रशिक्षण के दौरान मलेरिया निरीक्षक संजय यादव कहा कि जिले में फाइलेरिया उन्मूलन के साथ साथ हाथीपांव प्रबन्धन का भी कार्यक्रम चल रहा है। इस बीमारी से बचने के लिए साल में एक बार लगातार पांच साल तक मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) अभियान के दौरान फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन ही श्रेष्ठ उपाय है। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया रोगी सहायता समूह नेटवर्क के सदस्य अपने-अपने क्षेत्रों में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के प्रति लोगों को जागरूक करें। प्रशिक्षण देते हुए पाथ संस्था के प्रोग्राम ऑफिसर डॉ नीरज पाण्डेय ने कहा कि फाइलेरिया क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होता है। यह मच्छर दूषित पानी में पनपते हैं। जब यह मच्छर किसी फाइलेरिया ग्रसित व्यक्ति को काटने के बाद स्वस्थ व्यक्ति को काटता है तो फाइलेरिया के परजीवी खून के जरिए उसके शरीर में प्रवेश कर उसे भी फाइलेरिया से ग्रसित कर देते हैं। उन्होंने कहा कि शरीर के जिस भी अंग में फाइलेरिया है, उसकी नियमित साफ-सफाई बेहद जरूरी है। इससे त्वचा के ऊपरी हिस्सों में संक्रमण का खतरा कम हो जाता है। फाइलेरिया से प्रभावित अंगों में चोट लगने का खतरा भी ज्यादा होता है और ऐसी स्थिति में मरीज की तकलीफ भी बढ़ जाती है। इस अवसर पर फाइलेरिया रोगी सहायता समूह नेटवर्क के सदस्य पूनम सिंह ने हाथीपांव के साफ-सफाई कैसे की जाती है प्रदर्शन कर समझाया। दीवार का सहारा लेकर दिन में दो से तीन बार खड़े होकर पंजे के पिछले भाग को ऊपर-नीचे करें। बिस्तर पर बैठकर दोनों पैरों को चक्रनुसार दोनों तरफ घुमाए। साथ ही सोते समय दाहिने पैर के नीचे तकिया लगा कर सोएं। जिससे खून का संचार पंजे पर न रुककर बीच में रहे। इस दौरान एचआई दुर्गेश, आशा कार्यकर्ता गौरी पाण्डेय, राधिका, सोनमती, गंगी देवी, फाइलेरिया मरीज शुभावती, दीपकाली, सरोज देवी, चंदा, फूलमती सहित सीफार और पाथ संस्था के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### फाइलेरिया ग्रसित अंगों की करें साफ-सफाई

लबकनी निवासी फाइलेरिया मरीज इंदू (45) ने बताया कि प्रशिक्षण में हाथीपांव की सूजन को कम करने के लिए व्यायाम और हाथीपांव की साफ सफाई के बारे में जानकारी दी गई है। इस दौरान हाथीपांव की सफाई के लिए एमएमडीपी किट भी दी गई है। किट में बाल्टी, बाथ टब, मग, साबुन,, तौलिया और क्रीम है। उन्होंने बताया में सबसे पहले अपने हाथी पांव वाले दाएं पैर को पानी से गीला करती हूं। उसके बाद साबुन का झाग अपने हाथों में बनाकर प्रभावित दाहिने पैर की अंगुलियों सहित सभी हिस्से में धीरे-धीरे अच्छे से लगाती हूं। मग से धीरे धीरे-पानी डालकर साबुन के झाग को साफ करती हूं। उसके बाद सूती कपड़े से अंगुलियों सहित पैर को बिना जोर दिए सुखाती हूं।

# संविधान को गुंडा माफिया से तुलना करने का भाजपा नेता का वीडियो वायरल

### एक सप्ताह पूर्व भाजपा में शामिल हुए सदाशिव मणि त्रिपाठी का बिगड़े बोल

**अवधनामा ब्यूरो**



**कुशीनगर।** एक सप्ताह पूर्व भाजपा में शामिल हुए सदाशिव मणि त्रिपाठी का सत्ता की गोद में बैठते ही बिगड़े बोल का वीडियो वायरल होने लगा। वह किसी जाति-धर्म व नेताओं पर नही बल्कि सभी धर्मो के ग्रंथों से उपर भारत के संविधान को गुण्डा-माफिया बोलकर 140 करोड़ हिन्दुस्तानियों के आंखों के किरकिरी बन गए है। सदाशिव का यह वीडियो सोशल मीडिया पर सुर्खियों में है।

हालाकि सदाशिव का कहना है उन्होंने ऐसा कुछ नही कहा है जिससे किसी के दिल को आहत पहुंचा हो। गौरतलब है कि बीते दिनो नेबुआ नौरंगिया थाना अंतर्गत बघपरना गांव में चुनावी वोटिंग को लेकर अलग-अलग दलों के लोगों के बीच हुई बहसबाजी के दौरान एक दल के समर्थक शम्भू चौधरी द्वारा दुसरे दल के समर्थक राधेश्याम पाठक को पीट-पीट कर जान से मार दिया गया था। हालांकि मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल एक्शन मूड में हत्यारे व तहरीर मे नामजद सभी आरोपियों कै गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इसी कडी मे सदाशिव मणि त्रिपाठी मृतक परिवार को ढांढस बढाने गए थे। पीड़ित परिवार से मिलने के उपरांत सदाशिव से जब मीडिया ने पूछा कि पीड़ित परिवार को अभी भी धमकी मिल रही है इस पर आपका क्या कहना है। चौबीस सेकेंड वीडियो में भाजपा नेता सदाशिव बोल रहे कि देखिए इस देश में भारत का जो संविधान है उससे बड़ा न कोई गुण्डा है और न उससे बडा न कोई माफिया है। मुकदमा दर्ज हो गया है तो न्याय, न्यायालय में होता, जब इस संबंध में भाजपा नेता सदाशिव मणि त्रिपाठी से बात किया गया तो उन्होंने कहा कि ऐसी कोई बात नही कही है जिससे किसी के दिल को आहत पहुंची हो। हमने कहा है कि कोई भी गुण्डा-माफिया संविधान से बड़ा नही है। मुकदमा दर्ज हो गया है, न्यायालय पर पुरा भरोसा है। इधर भाजपा नेता का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है इसको लेकर लोगो में आक्रोश व्याप्त है।

## जेएनएमसी में मिनिमली इनवेसिव बाईपास सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के कार्डियोथोरेसिक सर्जन्स की टीम ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पहली बार मिनिमली इनवेसिव तकनीक का उपयोग करके बाईपास सर्जरी अंजाम को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। कार्डियोथोरेसिक सर्जरी विभाग के अध्यक्ष, डॉ. मोहम्मद आजम हसीन ने बताया कि अलीगढ़ निवासी मरीज, सादिक (50) ने सीने में दर्द की शिकायत लेकर कार्डियोलॉजी ओपीडी में प्रोफेसर मलिक मोहम्मद अजहरुद्दीन से परामर्श किया और उनकी सलाह पर एंजियोग्राफी कराई, जिसमें उनके हृदय की वाहिकाओं में रुकावट का पता चला, जिसके लिए उन्हें बाईपास सर्जरी की सलाह दी गई। इसके बाद उन्हें कार्डियोथोरेसिक सर्जनों के पास भेजा गया, जिन्होंने उनकी सर्जरी की योजना बनाई और उसे सफलतापूर्वक अंजाम दिया। प्रोफेसर हसीन ने बताया कि परंपरागत रूप से, हृदय की सर्जरी सीने की हड्डी को काटकर की जाती है।

# समाजवादी शहजादे का दिल ही टूट गया, बस आंसू नहीं निकले लेकिन दिल के सारे अरमा बह गए: मोदी

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक साथ दो लोकसभा सीटों के





उम्मीदवारों की विजय का आशीर्वाद मांगा। अपनी चिरपरिचित शैली में उन्होंने सपा व कांग्रेस के साथ ही बंगाल सीएम पर जमकर निशाना साधा कहा कि जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ रहा है ये इंडी गठबंधन ताश के पत्तों की तरह बिखरना शुरू हो गया है। पीएम ने तंज कसा कि कांग्रेस के एक नेता ने कह दिया रायबरेली के लोग प्रधानमंत्री चुनेंगे। यह सुनते ही समाजवादी शहजादे का दिल ही टूट गया, बस आंसू नहीं निकले लेकिन दिल के सारे अरमा बह गए। पीएम मोदी शुक्रवार को लखनऊ अयोध्या हाईवे पर जैदपुर मार्ग के निकट जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। पीएम मोदी ने कहा, यहां जो बबुआ जी हैं। बबुआ जी मतलब हमारे समाजवादी शहजादे उन्होंने अब एक नई बुआ की शरण ली है। ये बुआ है बंगाल में, बंगाल वाली बुआ ने इंडी गठबंधन को कह दिया है कि मैं आपको बाहर से समर्थन करूंगी। प्रधानमंत्री पद को लेकर भी सब के सब मुंगेरीलाल को पीछे छोड़ रहे हैं। ममता और केजरीवाल को भी निशाने पर लेते हुए मोदी ने कहा कि कांग्रेस के शहजादे कहते है कि आपकी कमाई का एक्स रे करेंगे। इसका मतलब ये पता करेंगे कि आपके लॉकर में क्या है मंगलसूत्र कहां है। ये आधा हिस्सा वोट जिहाद करने वालों को देना चाहते हैं। पीएम मोदी ने खुद ये बात कही है। ये देश के टुकड़े पहले ही कर चुके हैं। इनके लिए परिवार और पावर ही खेल है। सपा कांग्रेस वाले सरकार में आए तो रामलला को फिर से टेंट में भेजेंगे और राम मंदिर पर बुलडोजर चला देंगे। इन्हें योगी जी से ट्यूशन लेनी चाहिए, कि बुलडोजर असल में कहां चलाना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया जानती है कि उनकी सरकार हैट्रिक बनाने जा रही है और नई सरकार में उन्हें गरीबों, युवाओं, महिलाओं और किसानों के लिए, बहुत सारे बड़े फैसले लेने है। उन्होंने कहा कि चार जून बहुत दूर नहीं है। आज पूरा देश और पूरी दुनिया जानती है कि मोदी सरकार की हैट्रिक बनने जा रही है। नई सरकार में मुझे गरीबों, युवाओं, महिलाओं, किसानों के लिए बहुत सारे बड़े फैसले लेने हैं। इसलिए मैं बाराबंकी और मोहनलालगंज के लोगों से आशीर्वाद मांगने आया हूं। लोकसभा चुनाव के लिए सात चरण में मतदान के बाद चार जून को एक साथ मतगणना होगी। उन्होंने कहा कि आज एक तरफ देशहित के लिए समर्पित भाजपा नीत राजग गठबंधन है, दूसरी तरफ देश में अस्थिरता पैदा करने के लिए %इंडिया% गठबंधन है। आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन का एक और पार्टी ने अपनी सहयोगी दूसरी पार्टी से कह दिया है कि खबरदार अगर हमारे खिलाफ पंजाब में कुछ बोला।वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, ‘देश में 4 चरणों के चुनाव संपन्न हो चुके हैं, 3 चरणों के चुनाव अभी होने बाकी हैं लेकिन पहली बार ऐसा हो रहा है कि उत्तर-दक्षिण, पूर्व-पश्चिम चारों ओर पूरे देश की जनता अभी से इस बात को लेकर आश्वस्त है कि जीतेंगे तो मोदी ही।

## मतदाता पर्ची का शत प्रतिशत वितरण हो सुनिश्चित: डीएम

**बाराबंकी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत बूथों पर अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित कराने हेतु जनपद में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जिला मजिस्ट्रेट, जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येन्द्र कुमार के निर्देशन में तथा मुख्य विकास अधिकारी अ. सुदन के नेतृत्व में कुशलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में आज विकास खण्ड निन्दूरा के अन्तर्गत समस्त 88 ग्राम पंचायतों में गठित कुल 185 मतदेय स्थलों के 161662 निर्वाचकों को मतदाता पर्ची का वितरण बीएलओ के नेतृत्व में कराई गयी। इसके तहत समस्त बूथों के बीएलओ के साथ ग्राम स्तरीय कार्मिकों यथा लेखपाल, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, शिक्षा मित्र, पंचायत सहायक, ग्राम रोजगार सेवक आदि की टीम बनाकर सभी मतदाताओं को मततदाता पर्ची उपलब्ध कराई जा रही है।

# सगा नाती ही निकला दंपत्ति का हत्यारा, जेवर नगदी चोरी के दौरान खुली पोल तो मार डाला

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** स्वाट/सर्विलांस व थाना देवा पुलिस टीम ने बुजुर्ग दम्पत्ति हत्याकाण्ड का अनावरण कर लिया है। हत्यारा और कोई नही बल्कि सगा नाती ही निकला। नाना के घर मे धन जेवर चुराने के इरादे से घुसे नाती की चोरी पकड़ी गई, जिस पर उसने पहले नानी, फिर घर आये नाना को मार डाला। वादी फखरे आलम निवासी मो0 लालापुर ने थाना देवा पर सूचना दी कि माजिद हुसैन वारसी निवासी मो0 लालापुर कस्बा व थाना देवा की किसी ने हत्या कर दी है। उक्त सूचना के आधार पर थाना देवा पर अज्ञात पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। स्वाट/सर्विलांस व थाना देवा पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इंटेलीजेंस एवं डिजिटल डेटा की मदद से घटना का सफल अनावरण करते हुए प्रकाश में आये सगे नाती हत्याभियुक्त साहिल वारसी पुत्र सगीर खान निवासी थाना देहली गेट जनपद अलीगढ़ को मामा नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे निशादेही पर 30 हजार रुपये नकद, जेवरात, आलाकत्ल (ईंट) आदि बरामद हुआ। पूछताछ एवं साक्ष्य संकलन से ज्ञात हुआ कि अभियुक्त, बुजुर्ग दम्पति का सगा नाती है। मृतक दम्पत्ति फरीदाबाद, हरियाणा में निजी मकान में रहते थे तथा फरीदाबाद, हरियाणा स्थित मकान को करीब 06-07 माह पूर्व 55 लाख रूपये में बेच दिया गया था। बुजुर्ग दम्पत्ति द्वारा 05-06 वर्ष पूर्व एक मकान देवा में खरीदा गया था। बुजुर्ग दम्पत्ति देवा स्थित हाजी वारिस अली शाह के मुरीद थे, जिस कारण लगभग 05-06 माह पूर्व देवा स्थित मकान में रहने लगे थे। अभियुक्त साहिल वारसी के नाना/मृतक माजिद हुसैन के कहने पर उसके पिता द्वारा अपनी सम्पत्ति से बेदखल कर दिया गया था, जिस कारण अभियुक्त अपनी पत्नी के साथ अपनी ससुराल में ससुर के मकान में रह कर मजदूरी का काम करता था। अभियुक्त स्वयं का बिजनेस करना चाहता था जिस कारण उसे रुपयों की आवश्यकता थी। अभियुक्त को बुजुर्ग दम्पत्ति द्वारा बेचे गये मकान एवं उससे प्राप्त रुपयों के विषय में जानकारी थी कि नाना द्वारा 25 लाख रूपया किसी बैंक में फिक्स कर दिया गया है एवं शेष रुपये व ज्वेलरी घर की अलमारी में रखे होंगे। 8 मई को समय करीब प्रातः 11 बजे अभियुक्त साहिल द्वारा योजनाबद्ध तरीके से अपने मोबाइल घर पर ही छोड़कर देवा आकर दूसरे व्यक्ति के मोबाइल से अपने नाना को कॉल करके कोरियर रिसीव करने हेतु देवा में ही उनके घर से दूर स्थान पर बुलाया गया एवं स्वयं मौका पाकर घर मे घुस गया। उसे उम्मीद थी कि नानी बीमार रहती हैं और उसे रुपये और जेवरात चोरी करने में आसानी रहेगी, किन्तु नानी द्वारा उसका विरोध किया गया, जिससे अभियुक्त द्वारा ईंट से मारकर नानी की हत्या कर दी गई एवं उसके थोड़ी देर बाद ही उसके नाना भी घर आ गये। नाना के वापस घर आ जाने एवं उसे देख लेने पर अभियुक्त साहिल द्वारा नाना की भी ईंट मार कर हत्या कर दी गई एवं अलमारी का लॉक तोड़कर उसमें रखे 35 हजार रुपये नकद व जेवरात लेकर घर में बाहर से ताला लगाकर चला गया था।

# समाजवादी पार्टी और कांग्रेस का नया संस्करण खून चुसवा: सीएम योगी

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र के तहत मिल्कीपुर, अयोध्या में विशाल जनसभा को संबोधित किया और मौजूदा सांसद व भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह के लिए अधिक से अधिक संख्या में मतदान की अपील की। इस दौरान सीएम योगी ने सपा और कांग्रेस पर करारा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और सपा का वर्तमान संस्करण बहुत खतरनाक हैं। जब भी ये दोनों मिलते हैं मानकर चलिए कि कोई अपशकुन होने वाला है। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के इस नए संस्करण को %खून चुसवा% कहते हैं। औरंगजेब की आत्मा इनके अंदर घुस गई है। ये देश के लोगों से जजिया कर वसूलना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि आज जो माहौल देश के अंदर बन रहा है इसमें हम सबको सहभागी बनना है। ये अवसर कमल चुनाव पर वोट करके लोक और परलोक दोनों सुधारने का है। विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करना है तो यह केवल



भाजपा ही कर सकती है। मोदी जी भारत के विकास के रथ के सारथी हैं। महाभारत के इस युद्ध में वह श्रीकृष्ण की भूमिका में हैं और जहां मोदी जी होंगे, कमल का फूल होगा तो विजय अवश्य होनी है। वहीं, रामद्रोहियों की जमानतें जब्त होंगी। कमल के फूल पर जब वोट पड़ता है वही मोदी और योगी को ताकत देता है सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस, सपा और बसपा ये तीनों केवल आज के दिन पर वोट कटवा हैं। सपा और कांग्रेस जब आपस में मिलते हैं तो कोई न कोई गड़बड़ जरूर करते हैं। जब राज्य में समाजवादी पार्टी की सरकार थी और केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी तब अयोध्या में रामजन्म भूमि पर हमला हुआ था। इस बार इन्होंने अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ी जाति के आरक्षण पर सेंध लगाने की साजिश की है। इनका गरीबी हटाओ का मॉडल बहुत खतरनाक है। ये कहते हैं कि एक झटके में गरीबी हटा देंगे। किसी ने पूछा कैसे हटाएंगे तो कहा कि संपत्ति का सर्वे करेंगे और फिर जो आपके बाप, दादा की संपत्ति होगी उसमें से आधी संपत्ति ले लेंगे और समाजवादी पार्टी के गुंडों में बांट देंगे। उन्होंने कहा कि कमल के फूल पर जब वोट पड़ता है वही मोदी और योगी को ताकत देता है। यही ताकत है जिसने 500 वर्षों की समस्या का समाधान एक झटके में करके आपको और वर्तमान पीढ़ी को गौरव की अनुभूति कराई है। एक तरफ ये विकास है और दूसरी तरफ गरीब कल्याण भी है। कांग्रेस-सपा के समय राशन माफिया हावी थे। भाजपा के समय माफिया को जहां पहुंचाना था पहुंचा दिया। पूरे देश के अंदर अभी तीन चरण के चुनाव बाकी हैं, लेकिन यह पहला चुनाव है जब एक ही नारा गूंज रहा है और वह नारा है फिर एक बार मोदी सरकार और अबकी बार 400 पार। जब लोग बोलते हैं कि 400 पार कैसे? तो जनता कह देती है कि जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे। ये चुनाव रामद्रोहियों और रामभक्तों के बीच

उन्होंने कहा कि यह बोलने में कोई संकोच नहीं है कि वर्तमान का यह चुनाव चौथा चरण आते-आते पूरे देश के अंदर रामद्रोही और रामभक्तों के बीच बंट गया है। रामद्रोही वही जो रामभक्तों पर गोलियां चलाते हैं। रामद्रोही वही जो हमारे रामलला की जन्मभूमि पर हमला करने वालों पर मुकदमे वापस लेते हैं। रामद्रोही वही जो कहते हैं कि अयोध्या में राम मंदिर बेकार बना है। रामद्रोही वही जो राम भक्त कल्याण सिंह की मृत्यु पर संवेदना व्यक्त नहीं करते लेकिन माफिया के मरने पर मातम मनाने जरूर जाते हैं। रामद्रोही वही जो देश के अंदर आतंकवाद और नक्सलवाद की जड़ हैं। रामद्रोही वही जो भारत का विकास नहीं चाहते। रामद्रोही वही जो विकास के कार्यों में जगह-जगह बैरियर बनते हैं और रामद्रोही वही जो गरीब के हक पर डकैती डालते हैं। इसमें सबसे पहला नाम आता है समाजवादी पार्टी और कांग्रेस का। याद करिए रामभक्तों पर गोलियां समाजवादी पार्टी ने चलाई थी। ये समाजवादी पार्टी के लोग ही कहते थे कि अयोध्या में कोई परिंदा भी पर नहीं मार सकता। ये माफिया को अपने गले का हार बनाते थे।

# पारा गया 41 पार, उमस भरी गर्मी बिजली कटौती से लोग बिलबिलाए

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** मई के महीने में उमस भरी गर्मी से लोग बिलबिला उठे हैं। गर्मी से राहत के कहीं भी आसार नही दिख रहे बल्कि पारा जरूर 41 डिग्री पार चला गया है।

गर्म हवाओं के थपेड़ों के साथ धूप की तपिश ने लोगों को झुलसने का अहसास कराया। दिन का अधिकतम तापमान 41 डिग्री पार जाने से घरों से निकले लोग तपिश से बचने के लिए चेहरा व त्वचा सूती कपड़े से ढक कर निकलने को विवश रहे। आसमान से बरसती आग ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया। शुक्रवार को पूरा दिन गर्म हवाएं चलती रहीं। सबसे ज्यादा परेशानी दोपहर में हुई स्कूलों की छुट्टी के बाद बच्चों को घर वापस लाने में हुई। ऐसे में शहरी व ग्रामीण इलाकों में फाल्ट के कारण गुल हुई बिजली ने भी लोगों को खूब परेशान किया। अस्पतालों की ओपीडी में भी गर्मी के कारण गैस्ट्रो व डायरिया के साथ बुखार से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ी। चिकित्सकों ने धूप में निकलने से बचने की सलाह के साथ तरल पदार्थों का सेवन ज्यादा करने की सलाह दी है। शुक्रवार को मंगलवार को न्यूनतम तापमान 24 डिग्री दर्ज किया गया जो कि औसत तापमान से ज्यादा रहा। पिछले कुछ दिनों से तापमान 37 डिग्री के आसपास चल रहा था। मौसम विभाग का कहना है कि गर्मी से अभी फिलहाल कोई राहत मिलती नहीं दिख रही है। चेताया कि आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान में बढ़ोत्तरी से तपिश और बढ़ेगी।


## 20 मई को मतदान करने की अपील

**कोठी बाराबंकी।** खंड विकास अधिकारी सिद्धौर पूजा सिंह के निर्देशन में सिद्धौर ब्लाक क्षेत्र की समस्त ग्राम पंचायतों में मतदान करने के लिए मतदाताओं को निमंत्रण पत्र देकर आगामी 20 मई को सभी मतदाताओं से मतदान करने की अपील की गयी। इस दौरान लघु सिंचाई अवर अभियंता सोमवीर सिंह यादव ने वृद्ध मतदाता को सम्मान स्वरूप पुष्प की माला पहनाई। सभी मतदाताओं से समय निकाल कर मतदान करने के बारे में बताया। इस अभियान में मुख्य रूप से समूह की दीदीयां और बीएलओ मुख्य भूमिका रही। इस अवसर पर एडीओ कृषि राजेंद्र कुमार के साथ ग्राम पंचायत सचिव उत्तम कुमार दीपक कुमार, रवि अवस्थी, रेखा चौधरी, संजय चौधरी सचिन अवस्थी जनार्दन चौहान और बृजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# महराजगंज लोकसभा सीट पर 8 प्रत्याशियों की दावेदारी

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जनपद से लोकसभा चुनाव में कुल 8 प्रत्याशियों पर जनता ईवीएम मशीन में बटन दबाकर अपने लिए लोक सभा में प्रतिनिधि चुनेगी। इसमें तीन प्रत्याशियों को पार्टी का सिंबल मिला है जबकि पांच प्रत्याशियों को निर्दलीय के रूप में विभिन्न प्रकार के चुनाव चिन्ह आवंटित किए गए हैं। भाजपा प्रत्याशी पंकज चौधरी का निशान कमल का फूल इंडिया गठबंधन प्रत्याशी वीरेंद्र चौधरी को हाथ का पंजा, बसपा प्रत्याशी मो मौसमे आलम को हाथी चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है। जबकि निर्दल प्रत्याशी के रूप में बृजेश को आटो, विनोद कुमार पटेल को कटहल और छेदी मजदूर को जुटा और रामप्रीत को बांसुरी और सुनील को गुबारा चुनाव चिन्ह आवंटित हुआ हैं। चुनाव चिन्ह मिलने के बाद प्रत्याशियों ने राहत भरी सांस ली।



## चुनाव चिन्ह आवंटित होने के बाद सरगर्मी तेज

**महराजगंज।** चुनाव चिन्ह आवंटित होने के बाद प्रत्याशियों में एक बार पुनः सरगर्मी तेज होने लगी। प्रत्याशी ज्यों ही अपने चुनाव चिन्ह को पाए क्षेत्रों की तरफ निकल गए अपने चुनाव चिन्ह को एक एक मतदाता तक पहुंचाना प्रत्याशियों के लिए बड़ा लक्ष्य हैं। इसमें पार्टी के सिंबल पर लड़ने वाले प्रत्याशियों की अपेक्षा निर्दली प्रत्याशियों को ज्यादा भागदौड़ करनी पड़ती हैं। इसमें प्रत्याशी को अपने चुनाव चिन्ह को मतदाताओं तक पहुंचाने के लिए कई रोचक तरीकों का भी प्रयोग करते हैं।

## मां शांति सेवा फाउंडेशन कार्यालय पर गर्मी को देखते हुए निशुल्क जल प्याऊ का हुआ शुभारंभ

**अयोध्या।** मां शांति सेवा फाउंडेशन बेनीगंज कार्यालय पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गर्मी तक के लिए निशुल्क जल प्याऊ कैंप का शुभारंभ अतिथि चंद्र प्रकाश चौधरी पूर्व वरिष्ठ प्रबंधक केनरा बैंक के द्वारा हुआ। चौधरी जी का स्वागत संस्था संरक्षक बसंत राम ने माल्यार्पण एवम अध्यक्ष नेहा कुमारी कार्यकारी अध्यक्ष प्रज्ञा श्रीवास्तव व संयोजक विनय प्रकाश मौर्य ने संयुक्त रूप से पट्टिका सप्रेम भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया। अध्यक्ष नेहा कुमारी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति गर्मी को देखते हुए संस्था कार्यालय पर राहगीरों के लिए निशुल्क जल प्याऊ कैंप लगाया गया जिससे आने-जाने वाले राहगीर ठेले रिक्शे वाले पानी पीकर अपना प्यास बुझा सके। सेवा ही मानव का परिचय देता है। अतिथि चंद्र प्रकाश चौधरी ने बताया कि जल ही जीवन है किसी के लिए पानी की व्यवस्था करना नेक कार्य है।

## चार सौ पार के संकल्प को पूरा करना हम सबकी जिम्मेदारी:अमित सिंह

*अवधनामा संवाददाता*

**सोहावल- अयोध्याधाम।** भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लिए गए संकल्प अबकी बार 400 पार को पूरा करना हम सभी भारतीयों की जिम्मेदारी है। ये बाते बीकापुर विधान सभा क्षेत्र के नगर पंचायत खिरौनी सुचित्तागंज के खिरौनी गांव स्थित मां ज्वाला माई के स्थान पर सहकारी समिति खिरौनी के अध्यक्ष राहुल सिंह द्वारा आयोजित जन चौपाल में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद बीकापुर विधायक डा.अमित सिंह चौहान ने कही। श्री सिंह ने कहा मोदी और योगी सरकार द्वारा जो भी जनहित की योजना जिसमें किसी धर्म जाति को नहीं देखा गया और सभी को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जनता की मूल आवश्यकता रोटी, कपड़ा और मकान की होती है। जिसे सरकार द्वारा पूरा किया जा रहा है। आज मुफ्त अनाज मुफ्त इलाज,सबको आवास सरकार के प्रमुख एजेण्डे में है। सोहावल के विकास के बारे में श्री चौहान ने बताया कि चाहे ढेमवा पुल रहा हो या रौनाही - ड्योढ़ी सम्पर्क मार्ग का चौड़ीकरण सहित क्षेत्र के अन्य विकास कार्य सभी भाजपा सरकार की देन है। जिला उपाध्यक्ष नेता खुन्नू पाण्डेय ने कहा कि 500 वर्ष की लंबी प्रतीक्षा के बाद अयोध्या में श्रीराम विराजमान हो गए है और अयोध्या की पहचान श्री राम से हैं।

कार्यक्रम के आयोजक पूर्व प्रधान सत्यनाम सिंह ने चौपाल में आये सभी लोगो के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कमल का बटन दबाकर प्रधानमंत्री के हाथों को मजबूत करें। कार्यक्रम को वरिष्ठ नेता सूर्य प्रसाद श्रीवास्तव, करुणाकर पाण्डेय बब्बू,राहुल सिंह ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर सोनू पांडेय,कुलदीप सिंह, गुरु मौर्य,चंद्र प्रकाश पांडेय शतरोहन पांडेय,सिद्धनाथ पांडेय, आचार्य पंडित गिरजा मिश्र,सर्बादीन गौतम,अंकुर सभासद,तूफानी सिंह,संतोष सिंह,पिंटू सिंह, सभासद सिराज,धनंजय सिंह सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## रुदौली तहसील के दो अधिवक्ता बने नोटरी अधिवक्ता

**रुदौली- अयोध्या।** रुदौली तहसील के दो अधिवक्ताओं को नोटरी अधिवक्ता नियुक्त किये जाने पर तहसील रुदौली के अधिवक्ताओं ने खुशी का इज़हार किया है। रुदौली बार एसोसिएशन के सीनियर अधिवक्ता अनिल मिश्रा व बलदेव शर्मा को कानून एवं न्याय मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा नोटरी अधिवक्ता के रूप में नियुक्त किया गया है। दोनों अधिवक्ताओं को नोटरी अधिवक्ता नियुक्त किये जाने पर तहसील रुदौली के अधिवक्ताओं ने खुशी का इज़हार करते हुए बधाई दी है।

## टी आर में सम्पन्न हुआ छात्र संसद चुनाव मतदान को लेकर दिखा उत्साह

**अयोध्या।** शहर के पूरा ब्लाक में स्थित ऐमी आलापुर रसूलाबाद के टी आर पब्लिक स्कूल में आज छात्र संसद के पदाधिकारी के पदों के लिए करीब दर्जन भर प्रत्याशी छात्र छात्राओं की किस्मत मतपेटी में सील कर दिया गया।वर्तमान समय में चल रहे लोकसभा चुनाव के तरह समस्त प्रकार से टी आर में मतदान केन्द्र,बूथ संचालन, चुनाव प्रक्रिया,मतदान प्रक्रिया से चिर परिचित होने का अनूठा अनुभव प्राप्त हुआ।जिसमे प्रतिभाग लेने वाले सभी छात्र छात्राओं में जिज्ञासा के साथ उत्साह देखने को मिला।मतदान केन्द्र बूथ,व्यवस्था हेतु पुलिस, निर्वाचन पदाधिकारी,पीठासीन अधिकारी ,इत्यादि सभी प्रकार के वास्तविक रूप से मतदान की प्रक्रिया कराई गई तथा बच्चो को नामांकन से लेकर मत गणना तक की सभी प्रक्रियाओं से रूबरू कराया गया।कक्षा 5 से कक्षा 8 तक के छात्रों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।निर्वाचन अधिकारी बन विद्या भूषण पांडे बताया इस कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य बच्चो को वर्तमान समय में चल रहे लोकसभा चुनाव से भली भांति अवगत कराना था। टी आर चुनाव कार्यक्रम का उदघाटन ग्राम सभा के प्रधान श्री राम जीत तथा समाजसेवी अधिवक्ता हरिशंकर तिवारी जी के द्वारा मां शारदा को पुष्पार्चन से किया गया। इसी के साथ विद्यालय के प्रधानाचार्य डी एम त्रिपाठी ने बताया कि आज विद्यालय में समर फन फुहार दो दिवसीय कार्यक्रम का भी आगाज किया गया है। जिसमे विभिन्न प्रकार की अभिक्रियाएं बच्चो के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से आयोजित किए जाएंगे। और इसी अवसर पर आज ही विगत सत्र के मेधावी छात्र छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया।आज के विभिन्न कार्यक्रमों को संचालन में सौरभ बादल, डी पी सिंह,सोनम, आदि समस्त अध्यापकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## विपक्ष के लोग एक विशेष वर्ग की राजनीति के लिए चिल्ल पो मचा रहे हैं: डॉ संजय निषाद

*अवधनामा संवाददाता*

**जाना बाजार- अयोध्याधाम।** तारुन की बाग में शुक्रवार को हुई जनसभा में पहुंचे उत्तर प्रदेश के मत्स्य विभाग राज्य मंत्री डॉ संजय निषाद ने विपक्ष पर जमकरनिशान साधा है । उन्होंने विपक्ष पर दलित और पिछड़ों की नौकरी लूटने का आरोप लगाया है । अंबेडकर नगर के भाजपा प्रत्याशी रितेश पांडेय के समर्थन में निषाद पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के सौजन्य से विशाल जनसभा का आयोजन किया गया था जिसकी अध्यक्षता राजकुमार सिंह और संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष राम मोहन भारती ने किया । जनसभा के दौरान डॉक्टर संजय निषाद ने आगे कहा कि संविधान बदलने की विपक्ष के आरोप को निराधार बताते हुए उन्होंने कहा कि संविधान कोई नहीं बदल सकता है । संविधान में कुछ नीतियां और कुछ धारे ऐसे हैं जिन्हें देश के हित में नहीं है उन्हें बदलने का विचार होगा । विपक्ष के लोग एक विशेष वर्ग की राजनीति के लिए चिल्ल पो मचा रहे हैं। संविधान बदलने की गलत जानकारी देकर जनता को लोग गुमराह कर रहे हैं । उन्हें कहना चाहिए एक विशेष वर्ग को हम संरक्षण देते थे । वही योगी मोदी और अमित शाह की सरकार पूरे देश और प्रदेश की जनता को लाभ पहुंचाने में लगी हुई है । 2004 से 2014 तक सपा और बसपा के सहयोग से देश की सरकार बनी थी क्यों नहीं ऐसी व्यवस्था बनाए जिससे गरीबों की गरीबी मिट सके । अनाथ गोदाम में चल रहा था और गरीब भूखा मर रहा था । हमारी सरकार गरीबों की गरीबी हटाने में लगी हुई है । उन्होंने दिल्ली के सीएम केजरीवाल पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वह धोखेबाज हैं उन्होंने अन्ना हजारे की मिशन के साथ धोखा किया है । ऐसे व्यक्ति को जनता सबक सिखाएगी । वहीं सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के वक्तव्य एक पर उनकी लड़ाई है बाकी सब उनकी है के संबंध में डॉक्टर संजय निषाद ने कहा कि वह जितना कहते हैं उसका उल्टा ही होता है 2014 से अब तक का इतिहास रहा है ।

# अयोध्या व राष्ट्र के गौरव को बचाना है तो फिर से मोदी को लाना है: राजीव तिवारी

*अवधनामा संवाददाता*

**मवई -अयोध्या।** लोकसभा का ये चुनाव कोई आम चुनाव नही है।ये चुनाव देश के भविष्य की अस्मिता का चुनाव है।आज हम लोग दूसरे प्रदेशों में खुद को अयोध्या का निवासी बताते है तो लोग हम सबको बहुत सम्मान देते है।अयोध्या सहित राष्ट्र के गौरव को बचाना है तो फिर से मोदी सरकार लाना है।ये बात अयोध्या लोकसभा के रुदौली से चुनाव संयोजक/मवई ब्लॉक प्रमुख राजीव तिवारी ने रतनपुर में आयोजित हुंकार चौपाल को संबोधित करते हुए लोगों से कही।भाजपा जिला उपाध्यक्ष/ब्लॉक प्रमुख राजीव तिवारी ने नौजवानों व महिलाओं से कहा कि इस बार लोकसभा के प्रत्याशी लल्लू सिंह के जीत से ही काम नही चलेगा बल्कि पूरी क्षमता के साथ ऊर्जा को लगाने की जरुरत है हम सभी को।पूरी ऊर्जा से काम कर कम कर सांसद लल्लू सिंहः को करीब दो लाख वोटों से विजई बनाए।पूरे प्रदेश में अयोध्या लोकसभा को ऐतिहासिक विजय दिलाना है।

यही संकल्प लेकर जाएं।जिसका जनसमूह ने हाथ उठाकर समर्थन भी किया।द्वारिकपुर में ब्लॉक प्रमुख बोले कि आप लोगों के सहयोग से सरकार व सांसद लल्लू सिंह ने अपने कार्यकाल में ही सड़कों का जाल बिछा दिया और मोदी ने प्रधानमंत्री बनने पर सनातन परम्परा को आगे बढ़ाने का काम किया है।भतमऊ नरायनपुर में ब्लॉक प्रमुख ने कार्यकर्त्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार के 10 वर्षों के कार्यकाल में देश की जनता ने मोदी की गारंटी को घर-घर पहुंचते हुए देखा है। मोदी सरकार की हर नीति ने राष्ट्रहित सर्वोपरि के संकल्प को स्थापित किया है।इन्होंने विगत 10 वर्षों में सर्वांगीण विकास सुनिश्चित



किया है।मोदी सरकार में दो कार्यकाल के दौरान देश ने असीमित उपलब्धियों को साक्षात्कार किया है इसके साथ साथ प्रधानमंत्री मोदी ने लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक परंपराओं का पालन करते हुए देश की सांस्कृतिक विरासत को सम्मान दिया है।चौपाल में मंडल अध्यक्ष संतोष मिश्रा, क्षेत्र पंचायत सदस्य रामहेत यादव राम नेवल रावत फूलचंद प्रधान राधेश्याम रावत लवकुश शुक्ला दीपक दुबे प्रमोद तिवारी रमन तिवारी राजकुमार तिवारी अखिलेश तिवारी सुशील तिवारी राम पदारथ रावत सुनील मिश्रा व जिलामंत्री धर्मेंद्र सिंह मौजूद रहे।

## उदिशा सिंह ने क्षेत्र का मान बढ़ाया :डॉ आनंद गोपाल सिंह

**पूरा बाजार- अयोध्या।** विकासखंड पूरा बाजार अंतर्गत ग्राम रहेरवा निवासी उदिशा सिंह ने हाई स्कूल की सीबीएससी परीक्षा में 98.6त्न अंक प्राप्त कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है उदिशा दिल्ली पब्लिक स्कूल इंदिरापुरम गाजियाबाद की छात्रा है।शिक्षित संयुक्त परिवार में जन्मी उदिशा सिंह के पिता उदित नारायण सिंह सहायक सेल टैक्स कमिश्नर तथा मां डॉ पूनम सिंह तथा बड़े पिता कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह एडवोकेट एवं उदिशा की सगी चचेरी बहनों में ब्यूटी सिंह डिग्री कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर बबली सिंह इंटर कॉलेज में प्रवक्ता व सूजी सिंह राजकीय इंटर कॉलेज में सहायक अध्यापक तथा दिव्या सिंह माध्यमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक पद पर कार्यरत हैं। पैत्रिक आवास रहेरवा पहुंचने पर उसे बधाई देने वालों का ताता लग गया बधाई देने वाले प्रमुख लोगों में सांसद लल्लू सिंह पूर्व सांसद निर्मल खत्री विधायक वेद प्रकाश गुप्ता विधायक अभय सिंह स्टेट बैंक ऑफिसर एसोसिएशन के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भगवान बक्श सिंह पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पीसीएफ के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह ब्लॉक प्रमुख संघ के जिला अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह गन्ना समिति के अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह पूर्व ब्लाक प्रमुख धर्मराज पूर्व जिला पंचायत सदस्य शंभू नाथ सिंह दीपू भाजपा महिला मोर्चा की महानगर मंत्री स्वाति सिंह सहित अन्य गण मान्य लोग शामिल हैं उदिशा सिंह ने कहा कि वह आई ए एस बनकर देश की सेवा करना चाहती है उसने अपने बड़े पिता अनिल कुमार सिंह को अपना आदर्श बताया।

अवधनामा

लखनऊ, शनिवार, 18 मई, 2024



# सपा प्रत्याशी के समर्थक गांव-गांव कर रहे है वोटरों से जनसंपर्क

अवधनामा संवाददाता



**लोटन सिद्धार्थनगर।** लोकसभा चुनाव करीब आते ही शुरू हुआ गांव गांव जनसंपर्क लोकसभा चुनाव मे सपा उम्मीदवार के तौर पर मैदान में भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी के लिए जनसम्पर्क कर क्षेत्र की महिलाओं एवं बुजुर्गो व बहनों सहित वृद्ध मतदाताओं से आशीर्वाद लेकर सपा के पक्ष में वोट करने की अपील कर रहे है।

चुनाव के मतदान की तारीख जैसे जैसे नजदीक आता जा रहा है वैसे वैसे चुनावी माहौल भी रोमांचक होता जा रहा है ।सपा प्रत्याशी के समर्थक दीपू पाण्डेय, प्रवेश शुक्ला, अमितेश्वर शुक्ला ने कहां कि बिना किसी लाव लसकर के जनता से समर्थन मांग रहा हूं पुरे जिले की सम्मानित जनता का आशीर्वाद मिल रहा है। इस बार चुनाव मे सपा प्रत्याशी को सभी वर्गो के वोटरो का अपार सहयोग मिल रहा है मतदान के समय तक भाजपा लडाई से बाहर दिखेगी और मैं विश्वास दिलाना चाहता जिस तरह हर वर्ग का सहयोग मिला रहा है क्षेत्रवासियों के मान सम्मान के लिए सदैव सपा के प्रत्याशी तैयार रहेंगे और मौका मिला तो युवाओं को रोजगार के लिए जिले से बाहर नही जाना पड़ेगा जिले मे ही नौकरी मिलेगी। विकास की योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के क्षेत्र के समस्त जनता को दिलाने का हर संभव प्रयास रहेगा। भाजपा सरकार गरीब विरोधी पार्टी है पुजी पतियों की पार्टी है पुजी पतियों को और पुजी पती बनाया जा रहा है 5 किलो मुफ्त राशन नही बल्कि शिक्षा और स्वास्थ्य मुफ्त होना चाहिए हमारी पार्टी जो गारंटी दे रही है सरकार बनते ही सबको लाभ मिलेगा आदि बातें रखकर लोगों से वोट करने की अपील कर रहे है।

**युवाओं को मुफ्त शिक्षा और स्वास्थ्य की है जरूरत 5 किलो राशन नहीं : पाण्डेय**

# हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा में सफल हुए विद्यार्थियों को प्रबंध समिति ने किया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** बरसाती यादव इंटर कॉलेज पथरदेया द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह मे हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अपने विद्यालय के 17 विद्यार्थियों को मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

संचित, शाहिद, रोशनी शुभम, खुशी, मनीषा, प्रिया, असाद मनीषा आदि विद्यार्थियों को हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में सफल होने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि रहे पूर्व जिला पंचायत सदस्य निरंकार सिंह ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में सफल हुए विद्यार्थियों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम की सराहना करते हुए उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि अपने लक्ष्य को निर्धारित करके आगे बढ़िए सफलता आपके कदम चूमेगी। कहा कि सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को उत्साहित करने हेतु प्रबंध समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम सराहनीय है। कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन से अन्य बच्चे भी प्रेरित होंगे और भविष्य में सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों की श्रृंखला में वृद्धि होगी। कहा कि कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती है और मेहनत करने वाले विद्यार्थी सदैव आगे बढ़ते हैं। अंत में कार्यक्रम आयोजक व विद्यालय के प्रबंधक राम मूरत यादव ने आए हुए सभी आगंतुकों के प्रति आभार ज्ञापित किया। इस दौरान विद्यालय के संचालक राम सूरत यादव, राकेश सिंह, मयंक सिंह, फकरुद्दीन, गिरधारी चौधरी, जय प्रकाश विश्वकर्मा, दीपक अग्रहरि, प्रधानाचार्या रेनू यादव, उप प्रधानाचार्य हरिश्चंद्र यादव, माधव प्रसाद पाण्डेय, नेहा गुप्ता, कोमल गुप्ता, कल्पना पाण्डेय आदि प्रबुद्ध जनों की उपस्थिति रही।

## मतदान हमारा राष्ट्रीय दायित्व : अनिल कुमार

अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** सदर विकास क्षेत्र के चंगेरवा यादव का पुरवा स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय के नौनिहालों ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रैली निकालकर लोगों को शत प्रतिशत मतदान को प्रेरित किया। मतदान को प्रेरित करने वाले नारों से नौनिहाल हर किसी का ध्यान अपनी ओर खीच रहे थे। प्रभारी प्रधानाध्यापक अनिल कुमार ने कहा मतदान हमारा राष्ट्रीय दायित्व है। बाबा साहब डा. अम्बेडकर द्वारा बनाया गया भारत का संविधान हमे यह अधिकार देता है कि हम अपने मताधिकार से देश की सरकार चुनें और जिस सरकार के कामकाज अच्छे न हों उन्हे अपने मताधिकार से उखाड़ फेकें। सहायक अध्यापक सुखराम यादव ने कहा 25 मई को सबसे पहले मतदान करना होगा, उसके बाद ही दूसरा कोई काम करें। रैली को ग्राम प्रधान विनोद कुमार पाल, एआरपी उमाशंकर ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

## दूर दूर तक मोदी लहर नहीं, सरकार बनायेगा इंडिया गठबंधनः बसंत

**बस्ती।** लोकसभा चुनाव 2024 में दूर दूर तक कोई मोदी लहर नही है। वह दिन जा रहे हैं जब किसी एक नेता के चेहरे पर चुनाव लड़कर दोयम दर्जे के लोग भी सांसद, विधायक बन जाते थे। अब जनता राजनीतिक दलों के घोषणा पत्र, नेता के चाल चरित्र और चेहरे पर पैनी नजर रख रही है। यह बातें बस्ती लोकसभा के पुर्व प्रत्याशी वरिष्ठ कांग्रेस नेता बसंत चौधरी ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कही। बसंत चौधरी ने कहा चुनाव 80 फीसदी डिजिटल हो चुका है। सत्ता में बैठा राजनीतिक दल अपनी खामियों को लाख छिपाने की कोशिश करे, फिर भी जनता के बीच डिजिटल माध्यमों से उसकी सारी हकीकत बड़ी तेजी से पहुंच रही है। कांग्रेस नेता ने कहा अब जनता को विकास चाहिये और मुद्दों पर बात करने वाला नेता। ध्यान भटकाकर, इधर उधर की बातों में उलझाकर जनता पर महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, भारी भरकम टैक्स लादने वाली सरकारें देश में शासन नही कर पायेंगी।

# मतदाताओं को मताधिकार करने के लिए किया जा रहा प्रेरित : डीआईओएस

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** प्रत्येक व्यक्ति अपने मताधिकार का प्रयोग करें, इसके लिए दो दिवसीय विशेष अभियान के पहले दिन जिले के दो सौ माध्यमिक विद्यालयों के 75 हजार स्कूली बच्चे घर-घर पहुंचकर दस्तक दी। प्रत्येक घरों की कुंडी खटाखटा कर वोट देने के लिए प्रेरित किया।मतदान देश के सभी नागरिकों का अधिकार है। लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए हर व्यक्ति जो 18 वर्ष की आयु पूरी कर लेता है, वह मतदाता बनाकर मतदान करता है। लोकसभा चुनाव में हर व्यक्ति अपने मत का अपने हिसाब से प्रयोग करे और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अहम योगदान दे, इसके लिए माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत 1.93 लाख बच्चों में से लगभग 75 हजार बच्चे गांवों में जाकर लोगों को 25 मई को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। जिले में माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित 201 सहायता प्राप्त राजकीय वित्तविहीन विद्यालय के 1.93 लाख बच्चे शनिवार को भी अपने आसपास घर में पहुंचकर मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। लोकतंत्र क्या है और उसे कैसे मजबूत किया जा सकता है। इसके बारे में जानकारी देंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान ने बताया कि जिले के सभी माध्यमिक विद्यालयों में अध्यनरत बच्चे दो दिवसीय विशेष अभियान के तहत पहले दिन 17 मई को घर-घर पहुंचकर कुंडी खटखटाया। मतदाताओं को मताधिकार करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की सफलता के लिए पहले से ही सभी प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया जा चुका है। अभियान शनिवार को भी चलेगा। शिथिलता मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**जिले के दो सौ मा. वि. के 75 हजार बच्चों ने घरों की कुंडी खटाखटा कर वोट देने के लिए किया प्रेरित**

## दो दिवसीय गुस्ल मुबारक़ में हुए विविध कार्यक्रम



**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** गुस्ल मुबारक के विविध कार्यक्रमों में मेराज अशरफ एडवोकेट, बदीउद्दीन अशरफ, सै. खलीक अशरफ, शेखू मियां, फहद अशरफ समेत अन्य लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे। पूरी रात डटी रही पुलिस फोर्स –दो दिवसीय गुस्ल मुबारक के मद्देनजर एसपी डॉ. कौस्तूभ के निर्देश पर बसखारी थाना प्रभारी संत कुमार सिंह कई थाने के एसएचओ, दर्जनों उपनिरीक्षक, पुलिस कांस्टेबल, महिला पुलिसकर्मी के साथ भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कड़ी मशक्कत करते हुए नजर आए। गुरुवार रात से लेकर शुक्रवार सुबह तक बसखारी थाना प्रभारी निरीक्षक श्री सिंह मय पुलिस फोर्स को लेकर दरगाह के आस्ताने पर मुस्तैद दिखे। उधर, इंतेजामिया कमेटी अध्यक्ष सै. अजीज अशरफ ने गुस्ल मुबारक पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराने पर पुलिस अधीक्षक का तहे दिल से शुक्रिया अदा किया है।

## मंत्री रजनी तिवारी ने भाजपा कार्यकर्ताओं को बूथ विजय का दिया मंत्र



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश सरकार में उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने लोकसभा डुमरियागंज के विधानसभा क्षेत्र कपिलवस्तु के मण्डल लोटन, नौगढ़ देहात व उसका बाजार में भाजपा शक्ति केन्द्र प्रभारी, संयोजकों व बूथ पदाधिकारियों के साथ बैठक कर उनको अपने अपने बूथ विजय का मंत्र दिया। रजनी तिवारी ने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करवाने हेतु संरचना तैयार की। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी केशभान राय, संयोजक हेमंत जायसवाल, जिला मंत्री अजय उपाध्याय, मण्डल अध्यक्ष दृग नारायण सिंह, सोनू गुप्ता, राकेश आर्य, सम्पूर्णानन्द पांडेय एवं अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## मतदान के लिए मतदाताओं को किया गया प्रेरित



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** विभागीय दिशा निर्देश के क्रम में आगामी 25 मई 2024 को लोक सभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान हेतु जन जागरूकता के उद्देश्य से ग्राम पंचायत बर्डपुर नंबर 10 के टोला देवरा चौधरी, शिवकोट एवं सेमरी में पूर्व माध्यमिक विद्यालय देवरा चौधरी के शिक्षक कर्मचारी एवं छात्र छात्राएं ने जन संपर्क कर लोगों को मतदान हेतु प्रेरित किया। पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला महामंत्री कलीमुल्लाह ने जन संपर्क के दौरान बताया कि मतदान यह एक ऐसा दान है जो देश की उन्नति समृद्धि, और विकास में सहायक होता है। इसलिए जिनका नाम मतदाता सूची में है वे 25 मई को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान कर सकते हैं, मतदाताओं के सहायता के लिए बूथ लेबल ऑफिसर और सभी मतदान कर्मी वहां तैनात रहेंगे। सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रहेगी। इसलिए आप सब निर्भीक होकर शत प्रतिशत मतदान करें, लोकतंत्र की मजबूती के लिए इससे बड़ा कोई दान नहीं होता है। जन जागरूकता में पूर्व माध्यमिक विद्यालय देवरा चौधरी के प्रधानाध्यापक कलीमुल्लाह, एवं नीलम देवी, मोहम्मद काशिफ, राम बचन, सरस्वती, निर्मला, व विद्यालय की छात्र छात्राएं मुख्य रूप से शामिल रहें।

# मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन

## घर-घर जाकर लोगों को मतदान के लिए किया गया जागरूक



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अंतर्गत आगामी 25 मई को मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन शुक्रवार को किया गया। जिसमें शिक्षकों बच्चों ने टोली बनाकर घर-घर जाकर लोगों को जागरूक किया। कुछ विद्यालयों के बच्चों ने जागरूकता रैली भी निकाली।

इस बीच बच्चों ने नारे लगाकर लोगों से मतदान की अपील की। बेसिक शिक्षा अधिकारी सिद्धार्थनगर के आदेशानुसार 17 और 18 मई को घर-घर जाकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाना है। जिनके क्रम में शुक्रवार को वृहद रूप से परिषदीय विद्यालयों में अभियान चलाया गया। अभियान में प्रार्थना सभा के बाद शिक्षण कार्य रोक कर टोली बनाकर शिक्षक बच्चों के साथ घर पर जाकर लोगों को 25 तारीख को मतदान के लिए जागरूक किया। डुमरियागंज विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय बेवा मुस्तफा, बंजरहवा, लोहरौली, सुहेलवा, भवानीगंज, वासा दरगाह, कंपोजिट विद्यालय बेवाहुसैन, हल्लौर, तेनुहार नवीन, अरनी, अगया, बयारा, भवानीगंज, भारत भारी, फत्तेहपुर, जलालपुर आदि विद्यालयों में जागरूकता रैली निकालते हुए गांव में जाकर लोगों को जागरूक किया गया। इस बारे में खंड शिक्षा अधिकारी डुमरियागंज संजय कुमार ने बताया कि जागरूकता अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से प्रत्येक विद्यालय से एक शिक्षक अपने साथ निश्चित बच्चों की टोली बना कर लोगों से संपर्क किया गया। कक्षा 1,2,3 के छोटे बच्चों को इस कार्य में नही शामिल किया गया। सिर्फ कक्षा 4, 5, 6 ,7, 8 के बच्चों के साथ टोली बनाकर यह कार्य किया गया। मतदाता जागरूकता अभियान 18 मई दिन शनिवार को भी आयोजित होगा। जिसमें शेष बचे घरों पर भी संपर्क कर उन्हें जागरूक किया जाएगा।

# पूर्वांचल में डालमिया सीमेंट की हिस्सेदारी को मजबूत करेंगे

## डालमिया सीमेंट परिवार की ओर से हल्ला बोल कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया

अवधनामा संवाददाता



**बस्ती।** गुरुवार की डालमिया सीमेंट परिवार की ओर से हल्ला बोल कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मनीष जायसवाल व संचालन सेल्स आफिसर रंजीत द्विवेदी ने किया। हल्ला बोल कार्यक्रम का शुभारंभ के .जी एंटरप्राइजेज मड़वानगर से शुरू कर पांडेय बाजार में समाप्त हुआ।

मुख्य अतिथि डालमिया सीमेंट के सीएफ सोनू टिंबरेवाल ने कहा कि हल्ला बोल कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राहकों को डालमिया सीमेंट की गुणवत्ता बताना है। हमारा उद्देश्य है कि हम कम समय में पूर्वांचल की सीमेंट मार्केट पर कंपनी की हिस्सेदारी मजबूत करे। हम कंपनी के अधिकारियों, एजेंसी मालिकों, राजगीर मित्रों को साथ लेकर घर घर जायेंगे और डालमिया सीमेंट के गुड़वत्ता की जानकारी देंगे। हम अपने व्यापारियों व ग्राहकों की किसी भी शिकायत को त्वरित संज्ञान लेंगे। यात्रा के दौरान डिपो इंचार्ज बस्ती मंडल मनीष जायसवाल, स्टेट हेड सेल्स राहुल शर्मा, तकनीकी सहायक स्टेट हेड सौरभ शर्मा, डिस्ट्रिक्ट इंचार्ज भरत शुक्ला, फील्ड ऑफिसर रंजीत द्विवेदी, तकनीकी सहायक अधिकारी तालिब सहित अन्य अधिकारियों ने सीमेंट की गुणवत्ता व उसकी खूबियों के बारे में बताया। इस दौरान कंपनी की ओर से डीलर को उपहार दिए गए और उन्हें सम्मानित किया गया। इस दौरान शुभम, सुरेंद्र चौधरी, मोहसिन, कृष्ण चन्द्र चौधरी, संजय द्विवेदी, इंद्रमणि पांडेय, दयाराम यादव, मदन किशोर यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## अवैध चाकू के साथ युवक गिरफ्तार



**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक अम्बेडकरनगर डॉ0 कौस्तुभ द्वारा अपराध तथा अपराधियो पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के लिये चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस के मुताबिक अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी तथा क्षेत्राधिकारी जलालपुर के कुशल पर्वेक्षण में, शिवांगी त्रिपाठी थानाध्यक्ष मालीपुर के नेतृत्व में दिनांक 16.05.2024 को समय 4.05 बजे दौराने क्षेत्र भ्रमण मुखबिर खास की सूचना पर उ0नि0 शिव कुमार मय हमराही कर्म0गण द्वारा नगरी पुल के पास से एक व्यक्ति जिसका नाम अयूब शेख पुत्र जोखन शेख नि0ग्राम धवरुआ थाना मालीपुर जनपद अम्बेडकरनगर उम्र करीब 48 वर्ष है, को एक नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त अयूब शेख उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 119/2024 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर मा0 न्यायालय भेजा गया।

# गठबंधन उम्मीदवार को जिताने में जी जान लगा देगा युवा : अमरेंद्र



अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज।** इंडिया गठबंधन के लोकसभा उम्मीदवार वीरेंद्र चौधरी ने परतावल और पनियरा में जनसंपर्क कर लोगों से आशीर्वाद और समर्थन की अपील की। इसके पहले पनियरा और परतावल में क्षेत्रीय संपर्क कार्यालय का उद्घाटन हुआ। सपा के युवा नेता अमरेंद्र निषाद ने परतावल कार्यालय का उद्घाटन करते हुए कहा कि परतावल और पनियरा से ही इंडिया एलायंस उम्मीदवार के जीत की इबारत लिखी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस संसदीय क्षेत्र का नौजवान इंडिया एलायंस उम्मीदवार वीरेंद्र चौधरी को जिताने के लिए जी जान लगा देगा। बता दें कि अमरेंद्र निषाद पूर्वांचल के कद्दावर सपा नेता स्व.यमुना निषाद के पुत्र हैं। उनकी मृत्यु के बाद स्व.निषाद की पत्नी विधायक चुनीं गई। फिलहाल पिता की राजनीतिक विरासत अब अमरेंद्र के हाथ में है। इस परिवार का पिपराइच से लगायत महराजगंज के पूरब और दक्षिण के इलाकों तक अच्छा प्रभाव है। जनसंपर्क के दौरान लोकसभा प्रत्याशी वीरेंद्र चौधरी के साथ सपा जिलाध्यक्ष विद्या सागर यादव,आम आदमी पार्टी अध्यक्ष राम कुमार पटेल,कांग्रेस के जिलाध्यक्ष शरद सिंह,सपा की वरिष्ठ नेता सुमन ओझा सहित तमाम लोग उपस्थित थे।

# तीसरी बार हैट्रिक लगाने को तैयार मोदी सरकारः पटेल

अवधनामा संवाददाता



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** वीरेंद्र सिंह ग्रामीण स्टेडियम में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा की चुनाव में एक वोट मूल्यवान होता है और यह भीड़ अपने अधिकार व कर्तव्य के पालन के लिए लालयित दिख रही है। जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ रहा हैं, बढ़ती गर्मी के साथ एनडीए गठबंधन के समर्थन में भी जबरदस्त बढ़ोतरी होती दिखाई दे रही है।

प्रधानमंत्री मोदी का सपना है कि हवाई चप्पल पहनकर चलने वाला अब हवाई यात्रा का आनंद ले सके, इसके एनडीए सरकार संकल्प व समर्पण के साथ बदलता हुआ भारत देखना चाहती है। देश के मतदाता अपना वोट देश के उज्जवल भविष्य के लिए नहीं बल्कि अपने उज्जवल भविष्य के लिए जरूर करें। अनुप्रिया पटेल कहा कि प्रदेश व देश के कोने-कोने से लोकसभा चुनाव में तीसरी बार एनडीए की सरकार मोदी के नेतृत्व में बनने की ओर अग्रसर है। अनुप्रिया पटेल ने कहा कि 2014 से 2024 तक जो देश में विकास कार्य हुए हैं, उसे जनता ने एनडीए के पक्ष में मन बना लिया है। उन्होंने 2014 से पहले के भारत की तुलना करते हुए कहा कि जहां पूर्व में दुनिया की पांच कमजोर अर्थव्यवस्थाओं में भारत देश की गिनती हुआ करती थी आज उसी भारत की अर्थव्यवस्था टॉप फाइव में एनडीए सरकार के नेतृत्व में दिखाई दे रही है। विकास की बात करते हुए उन्होंने कहा कि आज हाईवे, मेडिकल कॉलेज, विश्वविद्यालय, मेट्रो रेल आदि क्षेत्र में तेजी से विकास का कार्य हुआ है। उन्होंने यूपीए की यूपीए सरकार और एनडीए की कार्यशैली के बारे में कहा कि एनडीए ने जो वादा किया वह पूरा करने का प्रयास किया है। यूपीए की सरकार 2014 से पहले जहां 96 हजार किलोमीटर सड़क पर सिमटी हुई थी वहीं पर डेढ़ लाख किलोमीटर राजमार्ग का निर्माण कराया। एयरपोर्ट की सुविधा बढ़ी।

आम जनता को हर जिले में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले इसके लिए मेडिकल कॉलेज की स्थापना की गई है। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का सपना है कि देश के आम जनमानस को आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त हो, अभी तक मोदी सरकार का यह ट्रेलर का दौर रहा है 2024 में तीसरी बार हैट्रिक लगाते हुए एनडीए की सरकार बनेगी तो विकास की दृष्टि का करिश्मा देश में कुछ अलग होगा। चुनावी परिणाम आने के बाद 100 दिन के कार्य योजना को एनडीए ने तैयार कर लिया है। एनडीए सरकार खोखले दावे नहीं करती बल्कि समर्पण और संकल्प के साथ कार्य करने की बात करती है। सभा को लोकसभा डुमरियागंज बीजेपी प्रत्याशी जगदंबिका पाल, विधानसभा क्षेत्र शोहरतगढ़ अपना दल (एस) विधायक विनय वर्मा,चिनकू यादव, योगेंद्र प्रताप सिंह आदि ने सम्बोधित किया।

इस दौरान राघवेंद्र प्रताप सिंह, गोविंद माधव, चेयरमैन उमा अग्रवाल, रवि अग्रवाल, अजय सिंह, डॉ पवन मिश्रा, रामदास मौर्य, रामकुमार कुँवर, शिवशक्ति शर्मा, साधना चौधरी, पंकज चौबे, सुनील अग्रहरि, मोनी पाण्डेय, अमित यादव, हरीश वर्मा, योगेंद, धर्नुधर प्रताप सिंह, सौरभ गुप्ता, सूर्य प्रकाश पाण्डेय, रामपाल सिंह, अनिल चौधरी आदि लोग मौजूद रहें।

## निष्पक्ष व पारदर्शी मतदान कराने के दिये निर्देश



**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिनांक 16 मार्च 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की घोषणा के उपरांत निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने हेतु स्कूली वाहन, प्राइवेट बसों की शत प्रतिशत उपलब्धता के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में वाहन की उपलब्धता के संबंध में बैठक आयोजित किया गया। वाहन उपलब्धता संबंधी अब तक की तैयारियो के बारे में एआरटीओ द्वारा बिदुवार अवगत कराया गया कि अधिग्रहीत किए गए सभी वाहनों की तामीला वाहन स्वामियों को शत प्रतिशत करा दी गई है। वाहन अधिग्रहण आदेश में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि गाड़ी न उपलब्ध कराने, अच्छी हालत या समय से न उपलब्ध कराने तथा आदेश का उल्लंघन दंडनीय अपराध है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 167 (क) के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।साथ ही यह भी निर्देश दिए गए हैं कि जिन वाहनों के फिटनेस न हुए हो अथवा आगामी कुछ दिनों में समाप्त हो रहे हो वे सभी लोग अपने वाहनों का फिटनेस व अन्य कमियों को समय से दूर कर लें, जिससे सामान्य निर्वाचन 2024 के तहत 25 मई 2024 के मतदान में अपना वाहन दिए गए समय में उपलब्ध करा सकें। बैठक के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडे, एआरटीओ तथा अन्य लोग मौके पर उपस्थित रहे।

## पहाड़ के जंगलों में आग

उत्तराखन्ड के जंगलों में आग का दायरा बढ़ता ही जा रहा है। आदमी जगंली जानवर जंगल महकमें के कर्मचारी सभी आग की गर्मी से झुलस रहे है। जगली जानवर बस्तियों का रूख कर रहे है। सरकारी कर्मचारी गांव वालों की मदद से आग को नियन्त्रित करने के लिये लग रहे है पर आग की विकरालता कम नहीं हो रही है। आग की गर्मी से ग्लेसियर पिघल रहे है, पानी के श्रोत सूख रहे है। पर्यावरणविदों का मानना है ऐसे ही आग लगती और फैलती रही तो ग्लोशियर का नामो निशान मिट सकता है। आग से बहुत तरह की परेशानियां पैदा होगी, स्वास्थ का संकट सबसे विकट हो सकता है। आग पैदा होने की वजह चीड़ के जंगल माने जाते है। चीड़ के पेड़ों से लीसा नाम का एक पदार्थ निकलता है और उसके पत्तों के रूप में गिरा पिरूल बहुत जल्दी आग पकड लेते है। गर्मियों में पत्थलों में आपसी टकराहट की वजह से चिनगारियों निकलती है। चिनगरियां जंगलों में आग लगा देती है। उत्तराखण्ड में सामान्य से कम बारिश मार्च और अप्रैल में हुई है। बारिश कम होने से जंगलों में पर्याप्त नमी नही बन पाई है इससे आग लगने का खतरा बढ़ जाता है। आग और सूखे की मार यहां के व्यवसायी झेल रहे है। पर्यटन पहाड़ों के लिये मुख्या धन्धा होता है। चार धाम यात्रा की बुकिंग लोग कैन्सिल करवाने लगे है। लोग टैक्सी गाड़ियों की बुकिंग करवाने से हिचक रहे है। ड्राइवरों और स्टाफ से फोन के जरिये वहां के हालात की जानकारी ले रहे है। स्थानी निवासी भी पर्यटन कम होने की मार से परेशान है। कुमाऊं का पर्यटन व्यसाय दुशवरियों झेल रहा है। होटलो की बुकिंग बुरी तरह गिरती जा रही है।

आग लगने की घटनायें बढ़ती जा रही है। इस साल की मई तक आग लगने की 804 घटनायें दर्ज की गई है। कई जिलों में बाज के जंगल भी आग लगने का सबब बने हुये है। आसपास के पेयजल सोत्र सूखते चले जा रहे है। कुमाऊ क्षेत्र में लगी जंगलों की आग गढ़वाल क्षेत्र में फैल गई है। पश्चिमी पिन्डर रेन्ज नारायण बगड़ के जंगलों में दावानल धंधक रहा है। इस वजह से गहरा धुंन्ध छाता जा रहा है। धुन्ध की वजह से निवासियों में सरदर्द, आंख में जंलन होने की बीमारी बढ़ती जा रही है।

जंगल की आंग पुराने घरोहरों की भी नुकसान पहुचा रहे है। मिसाल के तौर पर बागेश्वर तहसीले साथी गांव में बंजैण नाम का पुराना मन्दिर है। गांव वालों की गहरी आस्था है। लोग मन्दिर देखने भी आते है। जंगल की आग से मन्दिर राख में तब्दील हो गया है। मन्दिर रक्खा बर्तन और सोना को आग ने लील लिया है। ग्रामीण कर रहे है न जाने कौन सी आपदा आने वाली है। आग का बुरा असर हर तरफ फैलता जा रहा है। उत्तराखन्ड के पर्वतीय जनपदों में आग लगने की घटनाओं से जुड़ा मामला 2016 में हाईकोर्ट के सामने आया था। हाईकोर्ट ने इसे बहुत गम्भीरता से लिया। कोर्ट ने इस मामले के मद्देनजर शासन को निर्देश दिया था कि एसडीआरएफ और एनडीआरएफ तैनात किये जाये। 24 घन्टों में आग न बुझाये जाने पर डीएफओ 48 घन्टे में वन संरक्षक को 72 घन्टे में और प्रमुख वन संरक्षक को निलम्बित करने का आदेश दिया था। हालाकि बाद में सुप्रीमकोर्ट ने इसे रोक दिया था। प्रशासन चुस्त करना इस मामले में निहायत जरूरी है जिसमें आग जल्दी बुझा कर विनाश और नुकसान के दायरे को कम किया जा सके। समुद्र उबलेगे पहाड़ पिघलेगें और आग फैलेगी तो मानव और पृथ्वी का हश्र क्या होगा। आग यूपी के सीमा तक पहुच गई है।

## भीड़-तंत्र का न्याय एक बड़ी सामाजिक विफलता

संजीव ठाकुर

सामूहिक भीड़ का कोई मस्तिष्क नहीं होता। उसके द्वारा उन्माद में लिए गए सड़क पर त्वरित फैसले सामाजिक संरचना के लिए एक बड़ी चुनौती बनकर उभरते हैं और राजकीय संपत्ति के लिए कई बार भारी नुकसान दायक भी होते हैं। भीड तंत्र द्वारा किया गया न्याय राज्य की विफलता है। जो कार्य राज्य की कार्यपालिका तथा न्यायपालिका द्वारा गुण दोष के आधार पर किया जाना चाहिए, आज उसे भीड़ तंत्र द्वारा किया जा रहा है, यह सार्वभौमिक अवधारणा है कि भीड़ को राजनीति और सत्ता मिलकर पैदा करते हैं, और यही सामूहिक लोगों की भीड़ राज्य के नियंत्रण से मुक्त होकर राज्य के अस्तित्व को चुनौती देने लगती है। और फिर सामने आती है माब लीचिंग।

वर्तमान समाज उपभोक्तावादी हो गया है,आजकल सहयोग तथा सहिष्णुता की भावना तथा समझ लगातार कम होते जा रही है। हम की संयुक्त भावनाओं के बजाए मैं की प्रवृत्ति सामने आने लगी है। और समाज व्यक्ति केंद्रित विकास की ओर अग्रसर हो कर समाज का एक बड़ा तबका विकास के पथ से बहुत पीछे छूट गया है। वस्तुतः एक तरफा वैश्वीकरण तथा साधनों के केंद्रीकरण के कारण गरीबी तथा बेरोजगारी खुलकर सामने आने लगी है। भारत के 10त्न लोगों के पास देश की 58 फीसदी संपत्ति का स्वामित्व है। एवं देश की पूंजी का 70 फीसदी भाग 1 प्रतिशत लोगों के अधिकार क्षेत्र में है ।यही कारण है कि भारत में भी फ्रांस एवं रूस की क्रांति जैसी स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। इस मामले में भारत में हर राज्य की भूमिका अलग-अलग तथा भिन्न भिन्न है। भारत की शिक्षा व्यवस्था भी भीड़ तंत्र को काफी प्रोत्साहित कर रही। बैचलर डिग्री तथा मास्टर डिग्री लेने के बाद डिग्री धारी लोग बेरोजगारी या अल्प रोजगार के कारण कुंठित हो रहे हैं। और यही कुंठा बेरोजगारी एवं गरीबी किसी भी घटना को भीड़ तंत्र की ओर खींचती है, फल स्वरूप मॉब लिंचिंग की अनेक घटनाएं सामने आने लगी हैं। दूसरी तरफ कानून का यह मानना है कि न्याय में विलंब न्याय को नकारना है। भारत की न्याय व्यवस्था अपने लंबित मुकदमों तथा प्रकरण के कारण एक तरह से अन्याय को ही जन्म देती है। किसी हत्यारे या बलात्कारी को सजा देने का समय तब आता है, जब आरोपी बहुत बुजुर्ग अथवा मर चुका होता है। भीड़ तंत्र अस्थाई रूप से समान मूल्यों तथा भावनाओं की पहचान के साथ जुड़े अलग-अलग समूहों के लोगों का शामिल एक बड़ा समूह है। भीड़ की कोई अपनी आंख शक्ल नहीं होती एवं भीड़ की कोई पहचान भी नहीं होती है। इसके उद्देश्य तत्कालिक होते हैं, यह भी हो सकता है कि भीड़ में जो एक क्षण पहले नायक हुआ करता था, वह अगले ही पल उस समूह का पीड़ित व्यक्ति भी हो सकता है। इतिहास में इसके कई उदाहरण है जहां भीड़ ने अपने नेता को पद से हटाकर उसकी विनाश लीला ही रचा दी थी। फ्रांस का शासक रोबेस्पीयर इसका एक बहुत बड़ा उदाहरण है। और सिगमंड फ्रायड के अनुसार भीड़ में व्यक्ति अपने सारे मूल्य खोकर आदिम काल में पहुंच जाता है, और भीड़ में कोई धर्म नहीं रह जाता है। कार्यपालिका तथा न्यायपालिका की लेटलतीफी के कारण भीड़ को कानून का भय लगभग समाप्त हो गया है। धर्म की स्वतंत्रता के अधिकार का स्पष्ट उल्लंघन कर किसी विशेष धर्म के लोगों को खानपान तथा व्यंजन के आधार पर कथित लोगों द्वारा किसी को भी निशाना बना कर उसकी हत्या कर दी जाती है, यह देश के लिए अत्यंत दुर्भाग्य जनक है। रही सही कसर सोशल मीडिया पूरा कर रहा है, फर्जी समाचार तथा राजनीतिक नियंत्रण के कारण सोशल मीडिया कई बार किसी विशेष वर्ग के द्वारा राजनीतिक संरक्षण में संचालित किया जा रहा है। लोकतंत्र का बहुत महत्वपूर्ण हिस्सा चौथा स्तंभ मीडिया भी जन जागरूकता के प्रचार प्रसार के बजाय घटनाओं को धर्म तथा वर्ग के आधार पर विशेष वर्ग के हितों को प्रचारित प्रसारित करता है, जो इस आदिम कॉल की व्यवस्था को पुष्पित पल्लवित करता है। भावनात्मक बुद्धिमत्ता का प्रयोग सामाजिक विकास न्याय के स्थान पर अन्याय प्रकृति की तरफ बढ़ता नजर आ रहा है। मॉब लिंचिंग के कारण समाज में आम हिंसा की घटनाएं बढ़ने लगी है, इससे समाज की संस्कृति को दीर्घकालिक क्षति होगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटने के बाद हुए पहले मतदान में प्रतिशत का अधिक रहना सुखद ही है। जो घाटी के लोगों के लोकतांत्रिक प्रक्रिया में विश्वास बढ़ने को दर्शाता है। कालांतर ये इस केंद्रशासित प्रदेश को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलवाने और यथाशीघ्र विधानसभा चुनाव करवाने का मार्ग भी प्रशस्त करेगा। बहरहाल, पूरे देश में चुनाव प्रतिशत में कमी के रुझान पर चुनाव आयोग को भी गंभीर मंथन करना चाहिए कि मतदान बढ़ाने के लिये देशव्यापी अभियान चलाने के बावजूद वोटिंग अपेक्षाओं के अनुरूप क्यों नहीं हो पायी।

# कश्मीरी जनादेश में वोटरों की बढ़ती भागीदारी



रोहित माहेश्वरी

संसद के जरिए 5 अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 निरस्त किया गया। उसके बाद का यह पहला लोकसभा चुनाव है। जम्मू-कश्मीर की श्रीनगर सीट पर आम चुनाव के चौथे चरण में करीब 38 फीसदी मतदान हुआ। यह 1996 के बाद सर्वाधिक मतदान है। तब 40.9 फीसदी वोट डाले गए थे। राष्ट्रीय संदर्भ में यह बहुत कम मतदान लग सकता है, लेकिन कश्मीर के नाजुक हालात के मद्देनजर यह ऐतिहासिक और उत्साही मतदान है। 1998 के 30 फीसदी मतदान का भी रिकॉर्ड टूट गया है। पिछले आम चुनाव 2019 में, अनुच्छेद 370 को निरस्त करने से पहले, श्रीनगर सीट पर मात्र 14 फीसदी मतदान हुआ था। चुनावी लोकतंत्र और कश्मीरी जनादेश को मतदाताओं की ऐसी भागीदारी से ताकत मिलेगी। हालांकि अमन-चैन और संपूर्ण सामान्य हालात बनना फिलहाल एक लंबी प्रक्रिया है, लेकिन कश्मीर बदला है और बदल रहा है। कश्मीरी घाटी में मतदान के ऐसे रुझानों को पढना और समझना बेहद मुश्किल और पेचीदा है। मतदान पर दमन और दबाव के आरोप लगते रहे हैं। मतदान से पहले सुरक्षा-व्यवस्था सबसे अहम सरोकार था, क्योंकि 4 मई को भारतीय वायुसेना के काफिले पर आतंकी हमला किया गया था। पुंछ इलाके के उस हमले में हमारा एक जांबाज सैनिक 'शहीद' हुआ और 4 सैनिक घायल हुए थे। कश्मीर में ऐसा टुकड़े-टुकड़े आतंकवाद आज भी मौजूद है। कश्मीर का राजधानी-शहर श्रीनगर आज चहल-पहल में डूबा है। लोग पार्क में बैठे पार्टी कर रहे हैं और पत्रकारों को भी चाय-नाश्ते की पेशकश कर रहे हैं। श्रीनगर में चुनाव के वक्त इसकी कल्पना भी नहीं की जाती थी। लोग प्रधानमंत्री मोदी और उनके बदलावों की भी चर्चा कर रहे थे। घाटी में तो भाजपा का अस्तित्व ही नहीं रहा है। भाजपा ने अपना उम्मीदवार भी श्रीनगर से खड़ा नहीं किया था। वह किसी 'अपनी पार्टी' और 'पीपुल्स कॉन्फ्रेंस' को चुनावी समर्थन दे रही थी, यह भी गप्पबाजी के अलावा कुछ नहीं है। श्रीनगर सीट पर फारूक अब्दुल्ला की 'नेशनल कॉन्फ्रेंस' और महबूबा मुफ्ती की 'पीडीपी' ने एक-दूसरे के खिलाफ प्रत्याशी उतारे थे, हालांकि दोनों ही 'इंडिया' गठबंधन के घटक हैं। वे इतने मतदान को अनुच्छेद 370 निरस्त करने के खिलाफ कश्मीरियों का गुस्सा करार देते हैं। अभी जम्मू-कश्मीर की शेष सीटों पर मतदान होना है, लेकिन भाजपा का मानना है कि अनुच्छेद 370 कोई मुद्दा ही नहीं रहा। भाजपा के लिए यह ऐतिहासिक इसलिए है, क्योंकि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने 'एक विधान, एक निशान, एक प्रधान' के लिए लंबा संघर्ष किया था। उनकी शहादत आज भी एक रहस्य है।

अनुच्छेद 370 'जनसंघ' के दौर से एक वैचारिक और सैद्धांतिक एजेंडा रहा है। मोदी सरकार ने अगस्त, 2019 में संसद के जरिए इसे निरस्त किया और उसके बाद आम कश्मीरी आंदोलित भी नहीं हुआ। कश्मीर में 'तिरंगा'



फहराया जा रहा है। भारत का संविधान और तमाम कानून कश्मीर में भी प्रभावी हो गए हैं। आरक्षण की व्यवस्था भी लागू कर दी गई है। गैर-कश्मीरी भी जमीन खरीद कर अपना कारोबार कर रहे हैं। कश्मीरी महिलाओं के पारिवारिक और वैवाहिक हक शेष भारत की तरह लागू कर दिए गए हैं। कश्मीर बदल गया है, इसका पुख्ता सबूत यह है कि आम चुनाव के जरिए जनादेश भी शांति और सद्भाव से दर्ज करा दिया गया है। यकीनन यह बदले और नए कश्मीर का पहला जनादेश है। टीवी चैनलों पर असंख्य कश्मीरियों को यह कहते सुना और देखा गया-बेशक बहुत कुछ बदल गया है। अब हम रात-दिन सक्रिय और सुरक्षित हैं।''

बहरहाल, जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटने के बाद हुए पहले मतदान में प्रतिशत का अधिक रहना सुखद ही है। जो घाटी के लोगों के लोकतांत्रिक प्रक्रिया में विश्वास बढ़ने को दर्शाता है। कालांतर ये इस केंद्रशासित प्रदेश को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलवाने और यथाशीघ्र विधानसभा चुनाव करवाने का मार्ग भी प्रशस्त करेगा। बहरहाल, पूरे देश में चुनाव प्रतिशत में कमी के रुझान पर चुनाव आयोग को भी गंभीर मंथन करना चाहिए कि मतदान बढ़ाने के लिये देशव्यापी अभियान चलाने के बावजूद वोटिंग अपेक्षाओं के अनुरूप क्यों नहीं हो पायी। वहीं राजनीतिक दलों को भी आत्ममंथन करना चाहिए कि मतदाता के मोहभंग की वास्तविक वजह क्या है। उन्हें अपनी रीतियों-नीतियों तथा घोषणापत्रों की हकीकत को महसूस करना होगा। यह भी कि जनता में यह धारणा क्यों बन रही है कि वादे सिर्फ वायदे बनकर ही रह जाते हैं।

कुल मिलाकर देश में राजनीतिक धारा को लेकर जनता में जो अविश्वास गहरा हो रहा है, उसे यदि समय रहते दूर करने का प्रयास न किया गया तो आने वाले समय में उसके नकारात्मक परिणाम सामने आ सकते हैं। राजनीतिक दलों को एक -दूसरे पर आक्षेप करने का अधिकार है, लेकिन गरिमा बनी रहे। नेताओं को फेक न्यूज का सहारा लेने से बचना चाहिए। आरोपों के स्तर में लगातार आ रही गिरावट भी गंभीर चिंता का विषय है। इससे धीरे-धीरे जनप्रतिनिधियों व जनता के बीच दूरी बढ़ती जा रही है। जो विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की प्रतिष्ठा के अनुरूप कदापि नहीं कहा जा सकता। इसके साथ ही यह भी चिंतन करना होगा कि आजादी के साढ़े सात दशक बाद भी क्यों हम आम मतदाता को इतना जागरूक नहीं कर पाये कि वो वोट डालने को अपना नैतिक दायित्व मान सके। आंध्र प्रदेश की वे घटनाएं विचलित करती हैं जिसमें कुछ मतदाताओं ने मतदान की पूर्व संध्या पर हंगामा किया कि उन्हें वोट के बदले मिलने वाले रुपये कम मिले या नहीं मिले। इसी तरह आंध्र प्रदेश में ही एक रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने वोट के बदले कॉलोनी के लिये जनरेटर आदि की मांग की। निस्संदेह, बेशकीमती वोट की ऐसी सौदेबाजी भी हमारी गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए।

अनुच्छेद 370 हटाए जाने से पहले जम्मू-कश्मीर में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के तहत ही चुनाव होते थे. तब लोकसभा में तो यहां के वाल्मीकि समाज, गोरखा समाज और पश्चिमी पाकिस्तान से आए रिफ्यूजी वोट डाल सकते थे, मगर विधानसभा के चुनाव में नहीं। 370 हटाए जाने के बाद अब वो विधानसभा के चुनावों में भी वोट डाल सकते हैं क्योंकि उन्हें भी जम्मू-कश्मीर का स्टेट सब्जेक्ट या नागरिक मान लिया गया है। जम्मू-कश्मीर चुनाव विभाग के अधिकारियों का कहना है कि मतदाता सूची में इन लोगों के नाम लोकसभा के लिए तो हैं मगर विधानसभा में नहीं। अब इनको भी सूची में शामिल कर लिया गया है। इससे भी स्थिति में सुधार हुआ है, स्थानीय नागरिकों में लोकतंत्र और संविधान के प्रति विष्वास पहले से ज्यादा दृढ़ हुआ है। आम चुनाव के ऐसे मतदान ने उम्मीदें भी जगा दी हैं कि जम्मू-कश्मीर का राज्यत्व भी बहाल होगा और विधानसभा चुनाव भी ऐसे ही सुकून के साथ होंगे। बीते दिसंबर माह में सर्वोच्च अदालत ने चुनाव आयोग को निर्देश दिए थे कि जम्मू-कश्मीर में 30 सितंबर, 2024 तक विधानसभा चुनाव कराए जाएं। अदालत ने यथाशीघ्र राज्यत्व भी बहाल करने के निर्देश दिए थे। चूंकि जम्मू-कश्मीर में परिसीमन का काम पूरा हो चुका है और मत सूचियां भी अपडेट की जा चुकी हैं, लिहाजा अब चुनावों के लिए किसी भी बहाने की गुंजाइश नहीं है।

# स्वस्थ भारत की राह में रोड़ा है कुपोषण

जागरूकता के अभाव के कारण युवा पीढ़ी भी शिक्षा की महत्ता से अनजान है। गरीबी और जागरूकता की कमी के कारण गांव में कुपोषण ने भी अपने पांव पसार रखे हैं। इस संबंध में गांव की 28 वर्षीय जमुना बावरिया बताती हैं कि गांव के लगभग सभी बच्चे शारीरिक रूप से बेहद कमज़ोर हैं। गरीबी के कारण उन्हें खाने में कभी भी पौष्टिक आहार प्राप्त नहीं हो पाता है। घर में दूध केवल चाय बनाने के लिए आता है। वह बताती हैं कि उनके पति घर में ही कागज़ का पैकेट तैयार करने का काम करते हैं।



प्रिया कुमारी

देश में जब विकसित भारत की संकल्पना को मूर्त रूप दिया जा रहा था, उस समय यह महसूस किया गया होगा कि स्वस्थ भारत के बिना विकसित भारत का आकार बेमानी है। यही कारण है कि आज विकसित भारत के नारा से पहले स्वस्थ भारत का नारा दिया जाता है। दरअसल यह स्वस्थ भारत का नारा देश के नौनिहालों को केंद्र में रख कर गढ़ा जाता है क्योंकि जब बच्चे स्वस्थ होंगे तो हम समृद्ध देश की संकल्पना को साकार कर पाने में सक्षम होंगे। लेकिन प्रश्न उठता है कि क्या वास्तव में भारत के बच्चे विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे कुपोषण मुक्त और स्वस्थ हैं? हालांकि सरकारों की ओर जारी आंकड़ों में कुपोषण के विरुद्ध जबरदस्त जंग दर्शाया जाता है, लेकिन आंकड़े बताते हैं कि अभी भी हमारे देश के ग्रामीण क्षेत्रों में गर्भवती महिलाएं और 5 पांच तक की उम्र के अधिकतर बच्चे कुपोषण मुक्त नहीं हुए हैं।

वर्ष 2022 में राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के पांचवें दौर के दूसरे चरण की जारी रिपोर्ट के अनुसार पहले चरण की तुलना में मामूली सुधार हुआ है लेकिन अभी भी इस विषय पर गंभीरता से काम करने की आवश्यकता है। भारत में अभी भी प्रतिवर्ष केवल कुपोषण से ही लाखों बच्चों की मौत हो जाती है। सर्वेक्षण के अनुसार करीब 32 प्रतिशत से अधिक बच्चे कुपोषण के कारण अल्प वज़न के शिकार हैं। जबकि 35I5 प्रतिशत बच्चे कुपोषण की वजह से अपनी आयु से छोटे कद के प्रतीत होते हैं। वहीं करीब तीन प्रतिशत बच्चे अति कम वज़न के शिकार हैं। दरअसल बच्चों में कुपोषण की यह स्थिति मां के गर्भ से ही शुरू हो जाती है। ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकतर महिलाएं एनीमिया की शिकार पाई गई है। जिसका असर उनके होने वाले बच्चे की सेहत पर नज़र आता है। रिपोर्ट के अनुसार 15 से 49 साल की आयु वर्ग की महिलाओं में कुपोषण का स्तर 18I7 प्रतिशत मापा गया है।

देश के जिन ग्रामीण क्षेत्रों में कुपोषण की स्थिति चिंताजनक देखी गई है उसमें राजस्थान भी आता है। इन ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक रूप से बेहद कमज़ोर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदायों में यह स्थिति और भी अधिक गंभीर है। राज्य के अजमेर जिला स्थित नाचनबाड़ी गांव इसका एक उदाहरण है। जिला के घूघरा पंचायत स्थित इस गांव में अनुसूचित जनजाति कालबेलिया समुदाय की बहुलता हैं। पंचायत में दर्ज आंकड़ों के अनुसार गांव में लगभग 500 घर हैं। गांव के अधिकतर पुरुष और महिलाएं स्थानीय चूना भट्टा पर दैनिक मज़दूर के रूप में काम करते हैं। जहां दिन भर जी तोड़ मेहनत के बाद भी उन्हें इतनी ही मज़दूरी मिलती है जिससे वह अपने परिवार का गुज़ारा कर सके। यही कारण है कि गांव के कई बुज़ुर्ग पुरुष और महिलाएं आसपास के गांवों से भिक्षा मांगकर अपना गुज़ारा करते है। समुदाय में किसी के पास भी खेती के लिए अपनी ज़मीन नहीं है। खानाबदोश जीवन गुज़ारने के कारण इस समुदाय का पहले कोई स्थाई ठिकाना नहीं हुआ करता था। हालांकि समय



बदलने के साथ अब यह समुदाय कुछ जगहों पर पीढ़ी दर पीढ़ी स्थाई रूप से निवास करने लगा है। लेकिन इनमें से किसी के पास ज़मीन का अपना पट्टा नहीं है।

वहीं शिक्षा की बात करें तो इस गांव में इसका प्रतिशत बेहद कम दर्ज किया गया है। यह इस बात से पता चलता है कि गांव में कोई भी पांचवीं से अधिक पढ़ा नहीं है। जागरूकता के अभाव के कारण युवा पीढ़ी भी शिक्षा की महत्ता से अनजान है। गरीबी और जागरूकता की कमी के कारण गांव में कुपोषण ने भी अपने पांव पसार रखे हैं। इस संबंध में गांव की 28 वर्षीय जमुना बावरिया बताती हैं कि गांव के लगभग सभी बच्चे शारीरिक रूप से बेहद कमज़ोर हैं। गरीबी के कारण उन्हें खाने में कभी भी पौष्टिक आहार प्राप्त नहीं हो पाता है। घर में दूध केवल चाय बनाने के लिए आता है। वह बताती हैं कि उनके पति घर में ही कागज़ का पैकेट तैयार करने का काम करते हैं। जिससे बहुत कम आमदनी हो पाती है। ऐसे में वह बच्चों के लिए पौष्टिक आहार का इंतज़ाम कहां से कर सकती हैं? वह बताती हैं कि गांव के अधिकतर बच्चे जन्म से ही कुपोषण का शिकार होते हैं क्योंकि घर की आमदनी कम होने के कारण महिलाओं को गर्भावस्था में संपूर्ण पोषण उपलब्ध नहीं हो पाता है। जिसका असर जन्म के बाद बच्चों में भी नज़र आता है। वह स्वयं एनीमिया की शिकार हैं।

वहीं 35 वर्षीय अनिल गमेती बताते हैं कि वह गांव के बाहर चूना भट्टा पर दैनिक मज़दूर के रूप में काम करते हैं। जहां उनके साथ उनकी पत्नी भी काम करती है। लेकिन गर्भावस्था के कारण अब वह काम पर नहीं जाती है क्योंकि उसे हर समय चक्कर आते हैं। डॉक्टर ने शरीर में पोषण और खून की कमी बताया है। अनिल कहते हैं कि पहले मैं और मेरी पत्नी मिलकर काम करते थे तो घर की आमदनी अच्छी चलती थी। लेकिन गर्भ और शारीरिक कमज़ोरी के कारण अब वह काम पर नहीं जा पा रही है। ऐसे में घर की आमदनी भी कम हो गई है। अब उन्हें चिंता है कि वह पत्नी को कैसे पौष्टिक भोजन खिला सकते हैं? अनिल कहते हैं कि डॉक्टर ने दवाईयों के साथ साथ विटामिन और आयरन की टैबलेट भी लिख दी थी जो अस्पताल में मुफ्त उपलब्ध भी हो गई, लेकिन साथ ही डॉक्टर ने पत्नी को प्रतिदिन पौष्टिक भोजन भी खिलाने को कहा है जो उन जैसे गरीबों के लिए उपलब्ध करना बहुत मुश्किल है। वह कहते हैं कि इसके अच्छे खाने की व्यवस्था करने के लिए मुझे साहूकारों से क़र्ज़ लेना पड़ सकता है। जिसे चुकाने के लिए पीढ़ियां गुज़र जाती हैं।

गांव की 38 वर्षीय कंचन देवी के पति राजमिस्त्री का काम करते हैं। वह बताती हैं कि उनके तीन बच्चे हैं। दो लड़कियां हैं जो प्राथमिक विद्यालय में पढ़ती हैं जबकि बेटा गांव के आंगनबाड़ी में जाता है। देखने में उनका बेटा काफी कमज़ोर लग रहा था। वह बताती हैं कि पति की आमदनी बहुत कम है। ऐसे में बच्चों के लिए पौष्टिक खाने की व्यवस्था करना मुमकिन नहीं है। वह आंगनबाड़ी जाता है जहां खाने के अच्छे और पौष्टिक आहार उपलब्ध होते हैं जिसके कारण उसके अंदर इतनी ताकत भी है। कंचन कहती हैं कि गांव में गरीबी के कारण लगभग सभी बच्चे ऐसे ही कमज़ोर नज़र आते हैं। घर की आमदनी अच्छी नहीं होने के कारण परिवार न तो बच्चों का और न ही गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक भोजन उपलब्ध करा पाता है। एक अन्य महिला संगीता देवी कहती हैं कि आंगनबाड़ी केंद्र के कारण गांव के बच्चों और गर्भवती महिलाओं को कुछ हद तक पौष्टिक भोजन उपलब्ध हो जाता है। सरकार ने आंगनबाड़ी केंद्र संचालित कर गांव के बच्चों को कमज़ोर होने से बचा लिया है। वास्तव में देश के ग्रामीण क्षेत्रों में कुपोषण की यह स्थिति भयावह है। जिसे दूर करने के लिए एक ऐसी योजना चलाने की ज़रूरत है जिससे गर्भवती महिलाएं और बच्चों को सीधा लाभ पहुंचे। इस कड़ी में आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकर्त्ता और सहायिका सराहनीय भूमिका अवश्य निभा रही हैं। लेकिन इस बात पर भी गंभीरता से सोचने की आवश्यकता है कि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को भूख और कुपोषण से मुक्त बनाने के लिए 1975 में शुरू किया गया आंगनबाड़ी अपनी स्थापना के लगभग पांच दशक बाद भी अब तक शत प्रतिशत अपने लक्ष्य को प्राप्त क्यों नहीं कर सका है? (चरखा फीचर)

# और अब नामांकन भी गया उत्सव...

पुराना संसद भवन भी अभी पूरी तरह मज़बूत अवस्था में है। मगर यह सब एक फ़क़ीर प्रधानमंत्री के फ़ैसले थे। मोदी जी को जहां मंहगे व बेशक़ीमती परिधान पहनने व दिन में कई बार लिबास बदलने का शौक़ है वहीं इनकी घड़ियाँ व पेन आदि भी लाखों रूपये क़ीमत के और विदेशी होते हैं। याद कीजिये राष्ट्रपति ओबामा के भारत दौरे पर मुलाक़ात के समय नरेंद्र मोदी ने जो कोट सूट पहना था उसके फ़ैब्रिक में ही नरेंद्र दामोदरदास मोदी बुना हुआ था।



निर्मल रानी

चाहे वह प्रधानमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह हो, चुनाव प्रचार में रैली या रोड शो करना हो,जी एस टी जैसी नीति लागू करनी हो यहां तक कि कोविड जैसी विश्व की अब तक की सबसे बड़ी आपदा ही क्यों न हो, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन जैसे सभी अवसरों में उत्सव तलाशने में विशेष महारत रखते हैं। हालांकि समय समय पर ज़रुरत के अनुसार वे यह भी बताने से भी नहीं चूकते कि उनकी परवरिश बेहद ग़रीबी में हुई। वह सार्वजनिक तौर पर भी कई बार अपनी ग़रीबी का ज़िक्र करते हुये अपने बचपन की कई दास्तानें सुना चुके हैं। वे स्वयं अपने व अपनी मां के पीड़ादायक दिनों का जिक्र करते हुये बता चुके हैं-कि बेचारी मेरी मां बर्तन साफ़ किया करती थीं। मैंने अपनी मां को दूसरों के घरों में बर्तन मांजते देखा है। साथ ही वह हमारा पालन पोषण भी बखूबी करती थीं। उन्होंने यह भी बताया था कि- हम बिनौले छीलते थे, सुबह बेचने जाते थे, जिससे हमें जीने के लिए कुछ मज़दूरी मिलती थी। मोदी ने कहा कि मजबूरियों से घिरी मां के बोझ को कम करने के लिए मैंने ख़ुद चाय बेची थी। प्रायः वे अपनी परवरिश के लिए दिये गये अपनी मां के बलिदान को याद करते रहते हैं। उनकी इस बाल कथा को सुनकर निश्चित रूप से सुनने वालों का मन यह सोचकर द्रवित हो उठता है कि इतनी ग़रीबी में पलने वाला व्यक्ति किस तरह भारतीय संविधान व लोकतंत्र की महिमा से देश के सर्वोच्च पद तक पहुँच सका। और जब वही मोदी यह कहते हैं कि मैं प्रधानमंत्री नहीं बल्कि प्रधानसेवक हूँ। वे स्वयं को फ़क़ीर भी बताते हैं। यहाँ तक कि जब उनसे यह पूछा जाने लगता है कि उनमें यह फ़क़ीरी आई कहाँ से? और वे ख़ुद ही यह भी कहते हैं कि -विरोधी मेरा क्या कर लेंगे? हम तो फ़क़ीर आदमी हैं, झोला लेकर चल पड़ेंगे।यह फ़क़ीरी है, जिसने मुझे गरीबों के लिए लड़ने की ताक़त दी है। संघ से जुड़े अपने शुरूआती दिनों पर रौशनी डालते हुये वे यह भी बता चुके हैं कि काफ़ी दिनों तक वे अहमदाबाद के मणिनगर में डॉ. हेडगेवार भवन में रुके थे, वहां वे सफ़ाई करते थे। वहां उनका यही काम था, सुबह 5 बजे उठना, झाड़ू-पोछा लगाना. सबके लिए चाय बनाना और 5.20 बजे सबको उठाकर चाय देना। मोदी यह भी कह चुके हैं कि- कोई भरोसा नहीं करेगा, लेकिन मैं 35 साल तक भिक्षा मांग कर खाया हूं। बेशक ये बात किसी के गले नहीं उतरेगी। हालांकि, मैं कहीं बता कर नहीं जाता था। वहां जाने पर जो भी मिल जाता, मैं खा लेता। अगर नहीं मिलता तो नहीं खाता। मेरा जीवन ऐसे ही गुज़रा है। कभी पार्टी के काम से देर से आया तो खिचड़ी बना कर खा लेता था। और प्रधानमंत्री बनने के बाद जब वे कभी कभी संतों की वेशभूषा में कहीं कहीं शाष्टांग दंडवत करते दिखाई देते हैं तो भी यही गुमान भी होने लगता है कि वास्तव में देश को ग़रीबी में परवरिश पाने वाला कोई संत



फ़क़ीर रुपी प्रधानमंत्री मिला है। ज़ाहिर है ऐसे घोर ग़रीबी में पलने वाले ऐसे व्यक्ति से तो यही उम्मीद की जा सकती है कि उसका सारा जीवन सादगी से भरा हुआ होगा उसके रहन सहन व क्रिया कलापों में भी सादगी की झलक नज़र आएगी। और उसका सारा जीवन ग़रीबों के कल्याण में व उनका जीवन स्तर ऊपर लेजाने में गुज़रेगा।

परन्तु इन्हीं नरेंद्र मोदी का एक ऐसा रूप भी है जो उनकी बालकथा से बिल्कुल विपरीत है। उनका खान पान परिधान आदि तो शाही हैं ही साथ ही उनके राजनैतिक व सरकारी क्रिया कलाप व आयोजन भी इतने ख़र्चीले हैं जितने कि पूर्व के किसी भी प्रधानमंत्री के नहीं रहे। मोदी ने प्रधानमंत्री बनते ही अपनी यात्रा के लिए लगभग 8,458 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक दो बोईंग 777-300ईआर विमान ख़रीदे। यह विमान अमेरिकी राष्ट्रपति के एयरफ़ोर्स वन की तरह के हैं। बल्कि कई मामलों में उससे भी आधुनिक हैं। एक ग़रीब प्रधानमंत्री के इस क़दम की बहुत आलोचना हुई थी क्यूंकि इसमें देश की ग़रीब जनता का पैसा लगा था। इसी के साथ मोदी ने सेंट्रल विस्टा नामक परियोजना के तहत नया संसद भवन बनवा डाला। इस परियोजना की लागत अनुमानतः? 13,450 करोड़ थी। यह भी जनता के टैक्स के पैसों से बनाया गया ऐसा प्रोजेक्ट था जिसकी देश को कोई आपातकालीन ज़रुरत नहीं थी। पुराना संसद भवन भी अभी पूरी तरह मज़बूत अवस्था में है। मगर यह सब एक फ़क़ीर प्रधानमंत्री के फ़ैसले थे। मोदी जी को जहां मंहगे व बेशक़ीमती परिधान पहनने व दिन में कई बार लिबास बदलने का शौक़ है वहीं इनकी घड़ियाँ व पेन आदि भी लाखों रूपये क़ीमत के और विदेशी होते हैं। याद कीजिये राष्ट्रपति ओबामा के भारत दौरे पर मुलाक़ात के समय नरेंद्र मोदी ने जो कोट सूट पहना था उसके फ़ैब्रिक में ही नरेंद्र दामोदरदास मोदी बुना हुआ था। जब इस आलीशान शहंशाही परिधान की ख़ूब आलोचना हुई तो इसे नीलाम कर दिया गया। उसी के बाद विपक्षी मोदी सरकार को सूट बूट वाली सरकार कहते हैं। मेकअप कराना फ़ोटो शूट कराना,पोज़ देना ,कैमरे में अपने सिवा अन्यों को फ़्रेम से बाहर रखना जैसी फ़क़ीरी भरी बातों से तो सभी वाक़िफ़ हैं। इतना ही नहीं बल्कि सरकारी ख़र्च पर बड़े बड़े आयोजन करना चुनावी सभाओं व रैलियों को करोड़ों ख़र्च कर उत्सव का रूप देना ,अपनी छवि चमकाने के लिया एजेंसियां अनुबंधित करने व विज्ञापन आदि पर जनता का पैसा ख़र्च करना भी इनके शग़ल में शामिल है। गुजरात में चुनाव प्रचार के दौरान सी प्लेन मोदी ने सी प्लेन उद्घाटित किया और वोट बटोरने की कोशिश की परन्तु बाद में वह सेवा ही बंद हो गयी। जी एस टी जैसा कथित तौर पर व्यावसायिक विरोधी कहा जाने वाला क़ानून जिस रात लागू हुआ उस रात तो ऐसा जश्न मनाया गया गोया देश को नई आज़ादी मिली हो। चुनावों में होने वाले इनके रोड शो बेहद ख़र्चीले होते हैं। इनके रोड शो में ट्रकों में भरकर फूल मंगाए जाते हैं। एक स्थान पर सैकड़ों कार्यकर्त्ता उनकी पंखुड़ियां अलग करते हैं। फिर पूरे रस्ते में पार्टी कार्यकर्त्ता निर्धारित दूरी व स्थान पर थैलों में उन पंखुड़ियों को लेकर सड़कों व छतों पर खड़े होते हैं। और शहंशाह रुपी फ़क़ीर के वहां से गुज़रने पर उनपर पुष्प वर्षा करते हैं। जबकि देश को टी वी पर देखने में यही लगता है कि जनता फूल बरसा कर उनका स्वागत कर रही है। पिछले दिनों वाराणसी में उनके नामांकन के दौरान भी इसी तरह का दृश्य देखने को मिला। पहले उन्होंने 13 मई को वाराणसी में 6 किमी लंबा बेहद ख़र्चीला रोड शो किया। उसके बाद क्रूज़ पर बैठ वाराणसी के घाटों का भ्रमण किया। उसी क्रूज़ पर एक गोदी मीडिया के सदस्य टी वी चैनल को एक सुगम साक्षात्कार दिया। उसमें अपनी भावुकता जमकर दर्शायी। उसके बाद 14 मई को नामांकन में तो काशी में भाजपा के दिग्गजों का जमावड़ा लग गया। इनमें गृह मंत्री अमित शाह और बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा,केंद्रीय मंत्रिमंडल के कई मंत्री,उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री व अनेक मंत्रियों के अलावा कई राज्य के मुख्यमंत्री भी वहां मौजूद रहे।

# हम सभी मिलकर प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प को पूरा करने का काम करेगें : भूपेंद्र सिंह चौधरी

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री भूपेन्द्र सिंह चौधरी के समक्ष शुक्रवार को प्रदेश भाजपा मुख्यालय में महान दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री केशव देव मौर्य ने बिना शर्त अपनी पार्टी का समर्थन एनडीए को देने की घोषणा की। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने महान दल के नेता श्री केशव देव मौर्य सहित उनके पदाधिकारियों का एनडीए परिवार में स्वागत करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के आगामी चरणों में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में चल रही विकास यात्रा को समर्थन देने के निर्णय के लिए महान दल का स्वागत व अभिनंदन है। हम सभी मिलकर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के संकल्प को पूरा करने का काम करेगें। उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में गरीब, किसान, युवा व महिलाओं के सामाजिक व आर्थिक उत्थान के लिए समर्पित भाजपा सरकार देश को आर्थिक महाशक्ति बनाकर जन-जन की आत्मनिर्भरता के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हम सभी मिलकर एनडीए परिवार को मजबूत करेगें तथा एनडीए प्रत्याशियों की विजय में सहयोग के साथ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण करने में सहभागी बनेंगे। महान दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री केशव देव मौर्य ने कहा कि महान दल समाजवादी पार्टी से समर्थन वापस लेकर भारतीय जनता पार्टी व एनडीए को समर्थन की घोषणा करता है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन में लगातार हो रही उपेक्षा के पश्चात् महान दल ने भाजपा को समर्थन का निर्णय लिया और आज भाजपा को समर्थन देने के लिए मैं यहां उपस्थित हूं। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव ने कभी हमें अपने बगल मे बैठाकर प्रेस वार्ता नहीं की। लेकिन आज भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष जी के साथ बैठकर मैं प्रेस वार्ता कर रहा हूं। महान दल को सम्मान देने के लिए भाजपा परिवार का आभारी हूं और धन्यवाद प्रकट करता हूं। उन्होंने प्रेसवार्ता के माध्यम से अपनी पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं तथा समर्थकों से एनडीए प्रत्याशियों को विजयी बनाने की अपील की।

# कूलर कारोबारी के ठिकाने पर जीएसटी की एसआईबी टीम ने मारा छापा

अवधनामा संवाददाता



**मुजफ्फरनगर।** कूलर कारोबारी के यहां स्टेट जीएसटी की एसआईबी टीम द्वारा किए गए सर्वे में टैक्स चोरी पकड़ी गई है। बिक्री की इनवायस जारी किए बगैर ही कारोबारी द्वारा माल बेचा जा रहा था। लगभग सवा करोड़ रुपए का माल लेखा-पुस्तकों के सापेक्ष कम मिला। कारोबारी ने 25 लाख रुपए जीएसटी टैक्स और जुर्माना के रूप में जमा करा दिए हैं।

गुरुवार की शाम स्टेट जीएसटी की एसआईबी टीम द्वारा डाटा एनालिसिस और प्राप्त इनपुट के आधार पर रेकी करने के बाद महालक्ष्मी प्रोडक्ट और सिस्टर कंसर्न वीनस इंडस्ट्रीज़ के यहां पहुंचकर सर्वे किया था। कोर्ट रोड स्थित फर्म के अलावा रुड़की रोड स्थित फैक्ट्री पर भी सर्वे चला।

जांच में पाया गया कि भारी मात्रा में लेखापुस्तकों के बाहर कूलरों की बिक्री की जा रही है। जानकारी मिली

**■ ब्रिकी की नहीं जारी की जा रही थी इनवायस**

थी कि कारोबारी द्वारा बिक्री की इनवायस जारी नहीं की जा रही है, सिर्फ गारंटी/वारंटी कार्ड के माध्यम से माल बेचा जा रहा है। जांच में इसकी पुष्टि भी हुई। क्योंकि लेखा पुस्तकों के सापेक्ष एक करोड़ 21 लाख रुपए का माल कम पाया गया। इससे स्पष्ट हुआ कि लेखा पुस्तकों के बाहर कर अपवंचन (टैक्स चोरी) करते हुए माल बेचा गया था।

जीएसटी एसआईबी के ज्वाइंट कमिश्नर जेएस शुक्ल ने बताया कि कारोबारी ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए मौके पर ही डीआरसी03 के माध्यम से 25 लाख रुपये टैक्स एवं जुर्माना के रूप में जमा करा दिया है।

# क्विज प्रतियोगिता, पपेट शो का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** अन्तर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के उपलक्ष्य में लोक कला संग्रहालय, लखनऊ द्वारा विभिन्न विद्यालयों में क्विज प्रतियोगिता, पपेट शो (दिनांक 16 व 17 मई) को आयोजान किया गया। प्रतियोगिता की श्रृंखला में आज दिनांक 17 मई को सहाय सिंह स्कूल, नरही, लखनऊ, राजकीय बालिका स्कूल, जिआमऊ, भारतीय बालिका गर्ल्स इन्टर कॉलेज, शाहनजफ रोड, भारतीय विद्या भवन, गोमती नगर, विद्या मन्दिर, नरही, लखनऊ आदि विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। उक्त कार्यक्रम में डॉ विनय कुमार सिंह, मुद्राशास्त्र अधिकारी, राज्य संग्रहालय, लखनऊ ने विद्यार्थियों को अपने व्याख्यान में संग्रहालय के बारे में विस्तार से सचित्र परिचय कराया। उन्होंने बताया कि संग्रहालय प्राचीन धरोहरों को सुरक्षित, संरक्षित एवं प्रदर्शित किये जाने का स्थान है एवं राष्ट्र की विभिन्न अमूल्य धरोहरों, राष्ट्रीय पुरावेशों व संस्कृतियों से रूबरू कराया जाता है, साथ ही लोक कला संग्रहालय, लखनऊ के संग्रहालयाध्यक्ष डा कृष्ण ओम सिंह व वीथिका सहायक सुश्री छाया यादव के द्वारा संग्रहालय के महत्त्व एवं लोक कलाओं के प्रति जागरूक कर ज्ञानार्जन हेतु संग्रहालय भ्रमण के प्रति प्रेरित किया गया और 1090 चौराहा के पास संग्रहालय के महत्त्व से सम्बन्धित पपेट शो का आयोजन भी कराया जा रहा है। कार्यक्रम में लोक कला संग्रहालय, लखनऊ के सौरवेन्द्र प्रताप सिंह, मदन लाल, जितेन्द्र कुमार, सुरेश चन्द्र आदि उपस्थित रहे।

# हर रोज़ 2 से 3 लाख लोग प्रभु श्रीराम के कर रहे हैं दर्शनः स्वतंत्र देव सिंह

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रदेश के जलशक्ति मंत्री श्री स्वतंत्र देव सिंह ने शुक्रवार को इंडी गठबंधन पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि जब आपलोग बूथ के अंदर वोट देने जाएँगे तो याद रखियेगा कैसे सपा-कांग्रेस के नेताओं ने श्री राम के अस्तित्व को काल्पनिक बताया और रामलला सालों तक टेंट में रहे।

उन्होंने कहा कि जब से अयोध्या में श्री राम मंदिर बना है, पूरे क्षेत्र का कायापलट हो गया है। रोज़ 2 से 3 लाख लोग प्रभु के दर्शन भी कर रहे हैं और दूसरी तरफ़ अर्थव्यवस्था को भी गतिशील कर रहे हैं। जलशक्ति मंत्री ने शुक्रवार को दो जन सभाएँ और एक युवा मोर्चा सम्मेलन को सम्बोधित किया। कैसरगंज से लोकसभा प्रत्याशी श्री करणभूषण सिंह के पक्ष में जनसभा की तथा अंबेडकर नगर में लोकसभा प्रत्याशी श्री रितेश पांडे के लिए युवा मोर्चा सम्मेलन और जनसभा संबोधित की। श्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि जो श्री राम का नहीं, वह किसी काम का नहीं। इंडी गठबंधन के नेताओं ने ना सिर्फ़ राम मंदिर की राह में रोड़े अटकाए बल्कि मंदिर निर्माण के बाद प्रभु श्रीराम के दर्शन करने भी नहीं गये। अब कांग्रेस सपा के नेता कह रहे हैं कि सत्ता पाते ही रामलला को फिर से टेंट में भेज देंगे। ऐसे लोगों को सबक सिखाने का वक्त आ गया है। श्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि मोदी जी राम को लाये हैं। उनको तीसरी बार प्रधानमंत्री पद का दायित्व देना है। उन्होंने कहा कि आपको याद होगा कैसे विपक्ष की सरकारों में गुंडागर्दी, महिलाओं से छेड़खानी, छिनौती आम बात थी। पुलिस अपराधियों के ख़िलाफ़ रिपोर्ट लिखने के बजाय आज़म ख़ान की भैंस ढूँढती थी। जलशक्ति मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार में लोगों के जीवन स्तर में सुधार आया है। अपराध कम हुए हैं। हमारा भारत विकास के रास्ते पर सरपट दौड़ रहा है। उन्होंने कहा कि बस कुछ ही दिन और मेहनत करनी है। युवा कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए उन्होंने कहा की बस आप ज़्यादा से ज़्यादा संख्या में वोटरों को बूथ तक पहुँचाए। जनता के आशीर्वाद से मज़बूत होकर प्रधानमंत्री मोदी जी हैट्रिक करने जा रहे हैं।

# मतदाता जागरूकता संगोष्ठी कर मतदान करने की अपील



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** डालीगंज स्टेशन के सामने प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन लखनऊ इकाई एवं कलेक्टरगंज वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित मतदाता जागरूकता संगोष्ठी में पूर्व मंत्री एवं बहराइच सदर से विधायक अनुपमा जयसवाल, राधा सखी मंडल अध्यक्ष बिंदु बोरा, लखनऊ महानगर उपाध्यक्ष घनश्याम दास अग्रवाल, व्यापारी नेता भारत भूषण गुप्ता उपस्थित रहे।

मतदाता जागरूकता संगोष्ठी में पूर्व राज्य कैबिनेट मंत्री अनुपमा जायसवाल ने क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी योगी की सरकार में जो विकास की गंगा बह रही है उसे कोई रोक नहीं सकता, देश जहां हर रोज एक नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है वहीं राज्य विकास कार्यों की गाथा लिख रहा है । प्रदेश में भय मुक्त वातावरण से व्यापारी बड़ी सहजता से अपने व्यापार कर रहे हैं नए उद्योग स्थापित किया जा रहे हैं। लखनऊ में विकास कार्यों से आप भली भांति जानते हैं कि राजनाथ सिंह ने रक्षामंत्री एवं लखनऊ के सांसद होते हुए लखनऊ को एक नई पहचान दी है। 20 मई को मतदान वाले दिन अपने घरों से निकलकर बड़ी संख्या में मतदान अवश्य करे।

# आरडीएसएस स्कीम की सीबीआई से जांच करने की उपभोक्ता परिषद चलाएगा मुहिम

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** मध्यांचल विद्युत वितरण निगम में चीनी कंपोनेंट का मुद्दा अभी शांत भी नहीं हुआ था इसी बीच प्रधान महालेखाकार कार्यालय (सीएजी) द्वारा आरडीएसएस स्कीम की परफॉर्मेंस ऑडिट शुरू कर दी गई और मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक से क्लस्टर 1 और क्लस्टर 7 की डीपीआर टेंडर फाइल एग्रीमेंट फाइल कॉन्टैक्टर पेमेंट प्रोग्रेस रिपोर्ट बिल और पेमेंट वाउचर सहित स्मार्ट प्रीपेड मीटर वर्क की डीपीआर टेंडर फाइल एग्रीमेंट फाइल कॉरेस्पोंडेंस फाइल कॉन्टैक्टर पेमेंट व प्रोग्रेस रिपोर्ट मांगी गई है निश्चित ही जब टेंडर पत्रावली का गंभीरता से परीक्षण किया जाएगा तो बहुत ही चौंकाने वाले मामले सामने आएंगे पत्राचार को गंभीरता से देखा जाएगा तो पता चल जाएगा कि किस प्रकार

**■ आरडीएसएस स्कीम व स्मार्ट प्रीपेड मीटर योजना की सीबीआई व सीएजी से जांच कराने की उठा रहा था मांग**

से समय-समय पर चाहे गारंटीड टेक्निकल पर्टिकुलर को अनुमोदित करने का मामला हो वह अन्य मामले हो उसमें बडे पैमाने पर उदासीनता बरती गई है जिसे कहीं ना कहीं देश के बडे निजीकरणों का लाभ होना तय हैं।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा उत्तर प्रदेश में 3 करोड 30 लाख विद्युत उपभोक्ताओं के घरों में चलते हुए मीटर को उतार कर स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने की 25000 करोड से ज्यादा की लागत वाली स्मार्ट प्रीपेड मीटर योजना व 15000 से 17000 करोड की लागत वाली रिवैंप डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) स्कीम के तहत पूरे प्रदेश में होने वाले समस्त कार्यों व स्मार्ट प्रीपेड मीटर योजना की जहां लंबे समय से उपभोक्ता परिषद सी0ए0जी ऑडिट व सीबीआई जांच की मांग करता चला रहा है उपभोक्ता परिषद का मानना है कि चाहे वह टेंडर को पहले अधिक वैल्यू के क्लस्टर में निकलने का मामला हो फिर विरोध के बाद उसे कम किया गया परफॉर्मेंस बैंक गारंटी कम की गई भारत सरकार द्वारा तय बेस रेट से 25 से 40प्रतिसत अधिक दर पर टेंडर दिया गया एक ही सेंट्रल परचेज कमेटी में एक ही स्मार्ट प्रीपेड मीटर की अलग-अलग दरें तय की गई स्मार्ट मीटर के अंदर लगने वाल कंपोनेंट में चीनी कंपोनेंट अनुमोदित किया गया विरोध के बाद फिर उसे बदल गया अनेको ऐसे मुद्दे हैं जिसकी सीबीआई से जांच कराने के बाद बडा खुलासा होगा।

# टीएमयू फिजियोथैरेपी में बताई स्ट्रोक के उपचार की टेक्निक

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान-एम्स, दिल्ली के वरिष्ठ कंसल्टेंट न्यूरोफिजियोथेरेपिस्ट डॉ. प्रभात रंजन ने कहा, वर्तमान में स्ट्रोक के मरीज बढ़ रहे हैं। सही खान-पान न होना, अनियमित जीवनशैली, शारीरिक श्रम एवम् योग न करना आदि इसके कारण हो सकते हैं। स्ट्रोक से मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी के आसपास के भाग को क्षति होती है। इससे मांसपेशियों में अकड़न बढ़ जाती है। शरीर के अंग कार्य करना बंद कर देते हैं। इससे व्यक्ति में एक प्रकार की सिनर्जी और स्पास्टिसिटी पैदा हो जाती है। डॉ. रंजन तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फिजियोथैरेपी विभाग की ओर से रीसेंट एडवांसेज़ एंड रिहैबिलिटेशन इन स्ट्रोक पर आयोजित दो दिनी वर्कशॉप में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इससे पहले डॉ. प्रभात रंजन ने बतौर मुख्य अतिथि, फिजियोथैरपी की एचओडी प्रो. शिवानी



एम. कौल ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके वर्कशॉप का शुभारम्भ किया। वर्कशॉप में मुख्यअतिथि को पौधा भेंट करके स्वागत किया गया। अंत में स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। डॉ. रजंन ने स्ट्रोक के उपचार की टेक्निक न्यूरो डवलपमेंट ट्रीटमेंट- एनडीटी/ बोबाथ एप्रोच को विस्तार से समझाया। उन्होंने शरीर के अंगों- स्कंधास्थि, बांह, कलाई, अंगुली, कूल्हा, जांघ, पैर, पंजा आदि में होने वाली अकड़न के कारण चलने-फिरने या उठने-बैठने में होन वाली समस्या के निवारण के लिए एनडीटी टेक्निक का स्टुडेंट्स को प्रयोग करके दिखाया।

# सीएमएस शिक्षकों व कार्यकर्ताओं ने जनमानस में जगाया मताधिकार का अलख

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के तीन हजार से अधिक शिक्षकों व कार्यकर्ताओं ने सी.एम.एस. गोमती नगर द्वितीय कैम्पस ऑडिटोरियम में आयोजित एक विशेष समारोह में लोकसभा चुनावों में अपने मताधिकार का उपयोग करने का संकल्प लिया और बड़े ही जोरदार तरीके से जनमानस के बीच मताधिकार का अलख जगाया। इस समारोह के माध्यम से सी.एम.एस. शिक्षकों व कार्यकर्ताओं ने विद्यालय के 62,000 से अधिक छात्रों के अभिभावकों व अन्य जनमानस को लोकतन्त्र के महापर्व में अधिकाधिक भागीदारी हेतु प्रेरित किया। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि आगामी 20 मई को लखनऊ में लोकसभा के चुनाव होने है, ऐसे में सी.एम.एस. अधिक से अधिक जनमानस को इस लोकतान्त्रिक प्रक्रिया में सहभागिता हेतु प्रेरित करने के साथ ही छात्रों व युवा पीढ़ी को मतदान के महत्व से अवगत करा रहा है। इसी कड़ी में सी.एम.एस. के 62,000 छात्रों के अभिभावकों को व्हाट्सएप, फेसबुक व अन्य सोशल मीडिया माध्यमों से मतदान के महत्व से अवगत कराकर अधिक से अधिक मतदान हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने लखनऊ के प्रबुद्ध जनमानस से अपील की है कि स्वस्थ व शान्तिपूर्ण लोकतन्त्र हेतु बढ़चढ़कर मतदान प्रक्रिया में भाग लें एवं अपने मताधिकार का प्रयोग करें। 18 वर्ष की आयु के प्रत्येक नागरिक को मतदान का अधिकार है।

डा. गाँधी ने कहा कि सामाजिक उत्थान व सामाजिक जागरूकता के कार्यक्रमों में सी.एम.एस. छात्र व शिक्षक सदैव ही अपनी भागीदारी आगे बढ़कर निभाते रहे हैं। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने भी इस लोकतान्त्रिक उत्सव में जनमानस की अधिकाधिक भागीदारी की अपील की है।

## झूलेलाल घाट पर 23 को मनेगी बुद्ध पूर्णिमा

**लखनऊ।** सनातन महासभा द्वारा प्रत्येक पूर्णिमा पर आयोजित इस बार 125वी सनातन समागम व आदि गंगा माँ गोमती महाआरती का आयोजन हरिद्वार की तर्ज पर झूलेलाल वाटिका, गोमती तट पर 23 मई, गुरुवार को शाम 6:30 बजे होगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ0 प्रवीण व महासचिव देवेंद्र शुक्ल ने संयुक्त रूप से बताया कि बैशाख पूर्णिमा व भगवान बुद्ध जयंती पर 125वे सनातन समागम में सांस्कृतिक संध्या के साथ हाइस्कूल, इंटर के मेधावी छात्र, छात्राओं का सम्मान होगा और नशा व अपराध मुक्त उ0प्र0 विषयक स्लोगन, पेंटिंग व निबंध प्रतियोगिता होगी साथ ही दीपदान संकल्प लिया जाएगा और सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत भगवान बुद्ध की झांकी और अन्य कथक नृत्य प्रस्तुत किये जायेंगे और 05 विभूतियों को सनातन शिरोमणि सम्मान भी दिए जाएंगे। इस बार पूर्व न्यायमूर्ति एसएस उपाध्याय, न्यायाधीश मीनाक्षी,आई आर सी टी सी रेलवे के एमडी प्रशांत सिन्हा विशिष्ट अतिथि होंगे।

# ग्रामीण मतदाताओं को जागरूक करने की मुहिम जारी

अवधनामा संवाददाता

**कौशाम्बी।** मतदान की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है लोगों में भी मतदान का उत्साह दिखाई पड़ने लगा है। इसी क्रम में आज स्वीप के अंतर्गत नेवादा ब्लाक के रेही गांव में संगोष्ठी, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, शपथ कार्यक्रम व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीण मतदाताओं से न सिर्फ वोट डालने की अपील की गयी, बल्कि उन्हें चुनाव प्रक्रिया और उनके अधिकार से भी अवगत कराया गया।

कार्यक्रम आयोजन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम प्रभारी राम मूरत ने बताया कि जागरूक मतदाता मजबूत लोकतंत्र की निशानी है। उन्होंने कहा कि हम सब बहुत ही भाग्यशाली है कि हमें सरकार चुनने का अधिकार मिला है। इस अवसर पर उपस्थित मतदाताओं को शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम के दौरान



विभाग के पंजीकृत दल नौटंकी कला मंच प्रयागराज द्वारा मतदाता जागरूकता पर संदेशमूलक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसे ग्रामीणों ने खूब सराहा। इस अवसर पर आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के सतेन्द्र कुमार, चन्द्र प्रकाश, जगमोहन, राकेश कुमार, पप्पू आदि को ब्यूरो के क्षेत्रीय प्रचार सहायक बालमुकुन्द सिंह व अन्य अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान संतोष कुमार, बृजेन्द्र कुमार एडवोकेट, ओम प्रकाश एडवोकेट, बृजलाल फौजी, राम अभिलाष सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम प्रभारी राम मूरत ने बताया कि कल 10 बजे से विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल एण्ड कालेज, काजीपुर कौशाम्बी में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

## इटावा लायन सफारी में चार शावकों की मौत

**इटावा।** इटावा लायन सफारी पार्क में गुरुवार रात शेरनी चार शावकों को जन्म दिया। इनमें से सभी की मौत हो गई। हालांकि सफारी प्रशासन का दावा है कि 20 दिन पहले ही प्रसव हो जाने की वजह से चारों शावक मृत ही पैदा हुए थे। सभी को पोस्टमार्टम के लिए आईवीआरआई बरेली भेजा गया है।

सफारी की दो शेरनी गर्भवती थी। दोनों के प्रसव जून में होने थे। गुरुवार रात को अचानक शेरनी रूपा प्रसव अवस्था में आ गई। जानकारी पर चिकित्सीय टीम के साथ ही सफारी प्रशासन के अधिकारी भी पहुंच गए। कुछ देर बाद शेरनी ने चार शावकों को जन्म दिया। उनकी मौत हो गई। हालांकि, सफारी प्रशासन का दावा है कि चारों मृत ही पैदा हुए थे। सफारी के निदेशक डॉ. अनिल पटेल ने बताया कि रूपा का प्रसव जून में होना था। उसके हिसाब से निगरानी के लिए विशेषज्ञ डॉक्टर भी बुला लिए गए थे, लेकिन गुरुवार रात अचानक उसने चार मृत शावकों को जन्म दे दिया।

# छोटी बहन को ढूंढने निकली दो बहनें ट्रेन के आगे कूदीं

**आगरा।** बरहन इलाके में ट्रेन के सामने आत्महत्या करने वाली बहनों के मामले में शुक्रवार सुबह नया मोड़ आया है। दोनों बहनें किरन और सरिता अपनी 17 वर्षीय छोटी बहन को ढूंढ़ने निकली थीं। उसका पता नहीं चलने पर दोनों बहनों ने भाई राहुल को फोन किया था।

बहन के नहीं मिलने पर भाई से कहा था कि वह आत्महत्या करने जा रही हैं। इस पर भाई ने उन्हें समझाने का भी प्रयास किया था। छोटी बहन का शुक्रवार सुबह तक भी पता नहीं चल सका है। पुलिस और परिजन उसकी तलाश में जुटे हैं। गांव गोहिला की रहने वाले सगी बहनों किरन और सरिता के शव बरहन में रेलवे लाइन पर मिले थे। भाई राहुल ने बताया कि 17 वर्षीय छोटी बहन शिवानी गुरुवार सुबह 10 बजे दांतों में दर्द होने की बात कहकर दंत चिकित्सक को दिखाने निकली थी। दोपहर तक नहीं लौटी तो बड़ी बहनों ने उसे फोन किया, शिवानी ने बताया



कि वह बरहन में दंत चिकित्सक के पास है। बहनों ने वीडियो कॉल करके उसे दिखाने को कहा। शिवानी ने वीडियो कॉल रिसीव नहीं की।अपना मोबाइल स्विच ऑफ कर लिया। इस पर किरन और सरिता उसे ढूंढ़ने निकल पड़ीं। शिवानी का पता नहीं चलने पर उन्होंने शाम करीब साढ़े छह बजे भाई राहुल को फोन किया। राहुल आगरा में काम से आया हुआ था।

राहुल ने बताया कि किरन और सविता ने कहा कि भाई बहन नहीं मिल रही है। वह दोनों आत्महत्या करने जा रही हैं। राहुल ने उन्हें फोन पर समझाने का प्रयास किया। बहनों ने बताया कि वह बरहन कस्बे में हैं। वह बहनों के पास बरहन कस्बे के लिए रवाना हो गया। करीब सात बजे फोन किया तो आरपीएफ के जवान ने उठाया। दोनों बहनों के शव रेलवे ट्रैक पर मिलने की जानकारी दी। एसीपी सुकन्या शर्मा ने बताया कि शिवानी की तलाश जारी है।

# नेशनल हाईवे के दोनों तरफ ब्लैक स्पॉट अवश्य लगाया जाए: डीएम

वहाज अली निहाल

■ जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

इटावा। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को आहुति की गई। बैठक में उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि नेशनल हाईवे के दोनों तरफ ब्लैक स्पॉट अवश्य लगाया जाए एवं जहां से वाहन चढ़ते हैं वहां पर चेतावनी बोर्ड लगाये जाए जिससे वाहन धीमी गति से चल सकें। उन्होंने एनएचडब्ल्यू एवं संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि रोड सेफ्टी का ग्रुप बनाकर उसकी सूचना तत्काल ग्रुप पर डाली जाए जिससे संबंधित अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंच सके एवं घायल व्यक्ति की मदद हो सके तथा ग्रुप पर जगह की लोकेशन भी डाल दी जाए जिससे संबंधित को पहुंचने में आसानी हो। उन्होंने बैठक में निर्देश दिए की सड़क दुर्घटना में जो भी व्यक्ति एंबुलेंस आदि की व्यवस्था करके व्यक्ति को बचाता है ऐसे व्यक्ति को जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित करते हुए कहा कि शहर के सभी चौराहों पर कैमरे अवश्य लगाये जाए जिससे क्राइम की संख्या कम से कम हो। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि सेंट मैरी के सामने, डीएम आवास के पीछे वाली गली में क्राइम की संभावना अधिक होती है वहां पर कैमरे लगाना अति आवश्यक है । उन्होंने कहा कि जनपद की सीमा में जो भी कैमरे लगे हैं व लगाए जा रहे हैं वहां की लॉन्ग लाइट की संख्या एनएचडब्ल्यू के माध्यम से उपलब्ध करा दी जाए। उन्होंने एनएचडब्ल्यू को निर्देश दिए की कटफोड़ी से अनंतराम तक जितने कैमरे लगे हुए हैं उनकी संख्या दे दी जाए तथा कैमरे की संख्या बढ़ा दी जाए जिससे दुर्घटनाओं में कमी हो सके। उन्होंने निर्देश दिए कि शहर में जितने भी अवैध कट हैं इनका अभियान चलाकर इन पर रोक लगाई जाए। उन्होंने अपर मुख्य चिकित्साधिकारी को सड़क दुर्घटना पर होने वाली घटनाओं पर तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद में घटित हो रही दुर्घटनाओं के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने कर्तव्यों का गम्भीरता पूर्वक निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया करें जिससे कि होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके, उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि अनाधिकृत वाहन संचालन के विरूद्ध पूरे जनपद में संयुक्त चैकिंग अभियान चलाया जाये। उन्होंने एन0एच0ए0आई0 को निर्देश दिये कि जनपद में चिन्हित किये गये नवीन दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों/ब्लैकस्पॉट्स के दोनों तरफ नियमानुसार निर्धारित दूरी से पहले ब्लैकस्पॉट चेतावनी बोर्ड लगाये जायें एवं समस्त सुरक्षात्मक कार्य भी किये जायें। उन्होंने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को अवैध स्कूली वाहनों के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने पुलिस विभाग को यातायात नियमों का पालन कराने एवं यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, एसपी सिटी अभय नाथ त्रिपाठी, जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी बृजेश कुमार, ट्रैफिक इंस्पेक्टर सूबेदार सिंह, एनएचडब्ल्यू सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# पारस घी सहित दूध, पनीर व मिर्च का नमूना फेल

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा लिए गए खाद्य पदार्थों के नमूने फेल पाए गए हैं। इनमें पारस घी का भी नमूना फेल हुआ है। विभाग की प्रयोगशाला ने इसकी पड़ताल की तो पोल खोल कर रख दी। विभाग द्वारा एसीजेएम व एडीएम कोर्ट में इनके खिलाफ मुकदमे दायर कराने की कार्रवाई शुरू कर दी है। गौरी शंकर ने बताया कि विभाग द्वारा पूर्व में संग्रहीत किए गए नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई है। इसमें सचिन खंडेलवाल, अड़ींग के यहां से भरे मावा, धर्मपाल सिंह राधे राधे स्वीट सेंटर, ट्रांसपोर्ट नगर के यहां से लिए खींस, राकेश अग्रवाल निवासी सौंख के यहां से लिए सॉस, नितिन खंडेलवाल मंडी, मथुरा के यहां से लिए पारस घी, सिंगल उद्योग प्राइवेट लिमिटेड, आगरा खाद्य पदार्थ के मिर्च का नमूना फेल पाया गया है। इन सभी के खिलाफ अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रथम में मिलावटी खाद्य पदार्थ विक्रय करने के कारण मुकदमे दायर किया जा रहे हैं। यह सभी खाद्य पदार्थों में मानव जीवन के लिए खतरनाक रसायन पाए गए हैं। वहीं, विष्णु खंडेलवाल निवासी पेलखू के यहां से लिए मावा, खेमचंद निवासी सेही के यहां से लिए दूध, रामचंद्र निवासी मीना नगर कोसीकलां के यहां से लिए दूध, जितेंद्र निवासी पैगाम, छाता के यहां से लिए दूध, सोहेब निवासी नूंह, हरियाणा के यहां से लिए घी का नमूना अधोमानक पाया गया है।

## अवैध हथियार तस्कर, चोरी की मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार

मथुरा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा मथुरा जनपद मैं अपराधियो और अपराध पर अंकुश लगाने हेतु विभाग को स्पष्ट आदेश जारी किए गए थे, जिसमे मथुरा जनपद पुलिस टीम मुस्तैदी के साथ अपने कार्य को अंजाम दे रही है।थाना हाईवे पुलिस और सर्विलांस ने सयुंक्त कार्यवाही करते हुए दर्जनों अवेध असलाह सहित एक तस्कर को चोरी की मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। जानकारी के अनुसार थाना हाइवे के प्रभारी उमेश चंद्र त्रिपाठी और सर्विलांस टीम के प्रभारी विकास कुमार ने अपनी टीम द्वारा मुखवीर की सूचना पर पुलिस टीम के साथ मथुरा भरतपुर मार्ग पर बीती रात घेराबंदी करके ब्रिज मार्बल्स की दुकान से आगे बजरंग धाम आवासीय कॉलोनी की तरफ से आते हुए एक बाइक सवार को घेराबंदी कर पकड़ लिया पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम अजीम उर्फ गतुआ पुत्र शहाबुद्दीन निवासी पत्थर वाली गली केला नगर थाना क्वार्सी जिला अलीगढ़ के कब्जे से 15 नाजायज तमंचा कारतूस और चोरी की हीरो होंडा स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की है।

# एसएमजीआई में आयोजित हुआ विश्व हाइपरटेंशन दिवस



अवधनामा ब्यूरो

इटावा। एसएमजीआई में शुक्रवार को वर्ल्ड हापरटेन्शन डे (विश्व हाइपरटेंशन दिवस)आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्थान के डायरेक्टर डा.उमा शंकर शर्मा ने किया जिन्होंने छात्र छात्राओं को अपने संबोधन में वर्ल्ड हापरटेन्शन डे को मनाने के बारे में विशेष जानकारी देते हुए इस समस्या पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि, आज कल की जीवनशैली में किसी को भी हापरटेन्शन की समस्या होना आम बात ही है लेकिन हमे अपनी दैनिक दिनचर्या को बदलकर ठीक से समय प्रबंधन करके इस समस्या से दूर रहने का प्रयास करना चाहिए। नर्सिंग कॉलेज की प्रिंसिपल सुनयना अग्रवाल ने भी छात्रों को हाइपरटेन्शन की समस्या और इसके समाधान के बारे में जागरुक किया। कार्यक्रम में विभिन्न छात्र-छात्राओं द्वारा भाषण एवम पोस्टर प्रतियोगिताओं के माध्यम से जागरूकता की गई। जिसमें बीफार्मा तथा डी फार्मा के छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया। भाषण प्रतियोगिता में छात्रों ने हाइपरटेन्शन की समस्या और समाधान की जानकारी साझा की तथा सभी को इससे बचाव के सुझाव भी दिये। चूंकि हाइपरटेन्शन आज के समय की एक बेहद आम समस्या भी है उक्त बात को पोस्टर प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने बेहद ही सुन्दर तरीके से दर्शाया जिसमें उन्होंने सभी को हाइपरटेन्शन से बचने के लिये सुंदर संदेश दिया। पोस्टर प्रतियोगिता में बीफार्मा प्रथम वर्ष की देवांगी यादव ने प्रथम स्थान, बीफार्मा तृतीय वर्ष की ज्योति ने द्वितीय तथा डीफार्मा प्रथम वर्ष के अंकित शाक्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में भाषण प्रतियोगिता में बीफार्मा द्वितीय वर्ष की कीर्ति यादव ने प्रथम स्थान, डीफार्मा द्वितीय वर्ष के छात्र राघवेन्द्र ने द्वितीय तथा बीफार्मा चतुर्थ वर्ष के छात्र अभिनय तिवारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एसएमजीआई इटावा के चेयरमैन डा.विवेक यादव ने संस्थान के सभी छात्र छात्राओं को उक्त महत्वपूर्ण आयोजन के लिए बधाई दी। इस अवसर पर समस्त शैक्षणिक स्टॉफ एवम अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# मेरा गोपाल गिरधारी जग से निराला है...

■ प्रकृति को जो वश में रखे वह ईश्वर है: श्रीकृष्ण चन्द्र

■ केएमयू: काव्य-सरिता में गोते लगाकर श्रोता हुए लोट-पोट

■ केएमयू में श्रीमद्भागवत पुराण कथा का हुआ विश्राम, 18 मई शनिवार होगा विशाल भंडारा

अवधनामा संवाददाता



मथुरा। व्यासपीठ विराजमान श्रीकृष्ण चन्द्र शास्त्री ठाकुरजी महाराज ने कहा कि लक्ष्य प्राप्त करना है तो इधर-उधर ध्यान न दें। भक्ति के पति श्रीकृष्ण भगवान है, जो प्रकृति के वश में रहे, वह जीव होता है और जो प्रकृति को अपने वश में रखता है, वह ईश्वर है। केएम विश्वविद्यालय के प्रांगण में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के विश्राम दिवस पर श्रीकृष्ण चन्द्र शास्त्री ठाकुरजी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के सखा सुदामा जी महाराज की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि सुदामा जी गरीब थे, परन्तु दरिद्र नहीं थे, असंतोषी दरिद्र होता है। सुदामाजी के पास भगवतनाम का महाधन था, जब सुदामा जी द्वारका नगरी पहुंचे तब भगवान द्वारिकाधीश ने दौड़कर उन्हें अपने गले से लगा लिया, दो मुट्ठी चावल खाकर तीनों लोकों की सम्पदा, बगैर मांगे ही प्रदान कर दी। आगे शास्त्री जी ने जरासंध वध और यदुवंश संहार की कथा का वर्णन किया। उन्होंने कहा भगवान के पुत्र थे साम्ब वो बड़े सुंदर थे भगवान के पुत्रों ने साम्ब को लेकर संतों के पास जाकर संतों की परीक्षा ली तो संत क्रोधित होकर श्राप दे दिया। संतों के श्राप से सभी यदुवंशी आपस में लड़कर समाप्त हुए, श्रीकृष्ण भी परमधाम को चले गये। शास्त्री जी ने कलियुग का वर्णन तथा शुकदेव पूजन कर राजा परीक्षित के मोक्ष की कथा कहते हुए कथा का विश्राम किया गया। (आज) शनिवार को भंडारा प्रसाद का आयोजन किया जाएगा। आरती में श्री मलूकपीठाधीश्वर स्वामी राजेन्द्र दास देवाचार्य महाराज, श्री दण्डी स्वामी महाराज, रामदेवानंद सरस्वती जी महाराज, वृंदावन के श्री हरिदासजी महाराज, मुरैना के महंत दीनबंधुदास जी महाराज, विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी, उनकी पत्नी श्रीमती संजू चौधरी, पुत्र पार्थ चौधरी व प्रथम चौधरी एवं दाऊजी मंदिर के रिसीवर आरके पांडेय शामिल रहे। इस अवसर पर कुलाधिपति के पिता मोहन सिंह, उनकी मां ननगी देवी, भाई देवी सिंह, हितेश चौधरी, रवि चौधरी सहित परिवार के सभी सदस्य के अलावा गोवर्धन के विधायक ठाकुर मेघश्याम, अखिल भारतीय गौ सेवा संयोजक अजित महापात्रजी, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ मथुरा विभाग के विभाग प्रचारक अरुणजी, आरएसएस के शिवकुमारजी, कृष्ण कुमार शर्मा (मुन्ना भाईया), रालोद नेता कुंवर नरेन्द्र सिंह आदि सहित राजनैतिक पार्टियों के गणमान्य तथा विवि के वाइस चालंसर डॉ डीडी गुप्ता, प्रो वाइस चांसलर डॉ शरद अग्रवाल, रजिस्ट्रार पूरन सिंह, सीओई डॉ मनोज ओझा, मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे, डीन डॉ धर्मराज सिंह, विवि के प्रोफेसर, शिक्षक शिक्षिकाएं तथा विवि और हॉस्पीटल का स्टाफ तथा हजारों की संख्या में महिला-पुरुष और बच्चे मौजूद रहे। इसके अलावा रात्रि में कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ, इसका शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष एवं कुलाधिपति किशन चौधरी ने किया। जिसमें काव्य की सरिता पूरी रात बहती रही। कवि सम्मेलन में हास्य रस में गोते लगाकर लोग लोट-पोट हुए। कवियों ने देर रात तक समां बांधे रखा। कवि सम्मेलन में मंच साझा करने वाले प्रमुख कवियों में सुदीप भोला, मनु वैशाली, स्वयं श्रीवास्तव, डॉ हरिओम पवार, मनवीर मधुर, विष्णु सक्सेना, विनोदपाल ने हास्य, व्यंग, श्रृंगार कविताएं सुनाकर श्रोताओं को हंसी से लोटपोट कर दिया।

# सपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बनने पर डॉ. आशीष दीक्षित का हुआ स्वागत

अवधनामा ब्यूरो



इटावा। समाजवादी पार्टी ने डॉ.आशीष दीक्षित को तीसरी बार लगातार पार्टी की चिकित्सा प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। इटावा इकाई के जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य ने आज पार्टी के सिविल लाइन स्थित कार्यालय पर डॉ.आशीष दीक्षित को मनोनयन पत्र प्रदान किया। पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य ने डॉ.आशीष दीक्षित से अपेक्षा की है कि वे पार्टी की नीतियों एवं कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंच कर पार्टी के जनाधार को बढ़ाने के साथ ही पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे। इस अवसर पर पार्टी के महामंत्री वीरभान सिंह भदोरिया उपाध्यक्ष आशीष राजपूत आदि नेता मौजूद रहे। डॉ आशीष दीक्षित के मनोनयन पर डॉ.संजीव यादव, डॉ.हिमांशु यादव, डॉ. देवेंद्र यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष उदयभान सिंह यादव और गोरखनाथ वर्मा ने बधाई दी है। इस मौके पर गंगाराम कुशवाहा विवेक यादव, शिवा ठाकुर, विकास यादव मंगल ठाकुर, नितेश ठाकुर, नितिन यादव , सौरभ राजपूत के द्वारा जोरदार एवं भव्य स्वागत किया गया।

# गौ तस्करों ने फिर फन फैलाना शुरू कर दिया

अवधनामा संवाददाता

■ चौकी बाग बहादुर क्षेत्र में गौ तस्करों को मिल रहा संरक्षण

मथुरा। धर्म नगरी में श्री कृष्ण के साथ ही गऊ माता को भी भगवान के समान दर्जा दिया जाता रहा है, वैसे गौ माता भारत वर्ष के हर सनातनी हिंदू के लिए आस्था का प्रश्न रहा है फिर भी जनपद में गौ माता को कुछ विशेष ही दर्जा दिया गाया है। जनपद राजस्थान और हरियाणा की सीमाओं से सटा हुआ होने के कारण गौ तस्करों की निगाह मै सॉफ्ट टारगेट बना रहता है। इस लिए यहां गौ तस्कर डेरा डाले पढ़े रहते हैं। जिनका साथ कुछ लालची हिंदू मोटी रकम के लालच में करते रहे है। शासन प्रशासन से सैकड़ो बार हिंदू संगठनों ने फरियाद की, प्रशासन ने अपने स्तर पर सहयोग भी किया। फिर भी घटनाओं में कोई कमी नहीं आई इस पर हिंदूवादी संगठनों ने खुद प्रशासन के साथ मिल गौ माता की रक्षा करने का बीड़ा उठाया। जनपद मैं विश्व हिंदू परिषद के सेवाभावी युवाओं ने गौ माता की रक्षा करने हेतु टीम तैयार की। टीम के सदस्य रात के अंधेरों में सर्दी, गर्मी, बरसात के हर मौसम मैं गौ माता की रक्षा करने निकलने लगे जिससे गौ तस्करी के मामले में कुछ हद तक कमी आने लगी। गौ तस्कर भी समय के हिसाब से अपने कार्य प्रणाली में बदलाव करने लगे और कुछ लालची लोगों को मोटी रकम का लालच देकर अपने साथ कर लिया और छोटी छोटी गढ़ियों में गौ तस्करी करने लगे। विश्व हिंदू परिषद के पुनीत चतुर्वेदी सहित तमाम गौ रक्षक रात्रि में सड़को पर गौ रखवाली करने को टीम गठित कर पहरा देने लगे ये वात गौ तस्करों को खटकने लगी , पुनीत चतुर्वेदी ने बताया कि 15 तारीख की रात को बह अपनी टीम के साथ चौकी बाग बहादुर क्षेत्र के शिवताल कुंड अखाड़ा पीपल बाला के समीप से गुजर रहे थे तभी दूर से कुछ संदिग्ध गौ माता के पास दिखाई दिए, गौ रक्षक टीम द्वारा दूर से देखा तो पास मै एक गाडी भी खड़ी दिखाई दी और उसमे एक गाय लदी हुई थी बाकी गाड़ी के पास बैठी दो तीन गाय के पैर बांधने की कोशिश कर उनको भी तस्कर अपनी गाड़ी में डालने का प्रयास करने लगे गौ रक्षक दल ने रोकने के लिए आवाज लगाई तभी गौ तस्करों ने गौ रक्षक टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर ठोक दिए। एक तस्कर की गोली गौ रक्षक टीम के सदस्य पुनीत चतुर्वेदी के कान के समीप से निकली जिससे पुनीत की जान जाते जाते बची, गौ रक्षक टीम द्वारा जान की परवाह किए बगैर आगे बड़ने की कोशिश की तभी गौ तस्कर भाग लिए जो अपने साथ गाड़ी मैं लदी एक गाय को कटान के लिए ले गए। गौ रक्षक भी गाय से लदी गाड़ी का पीछा करने लगे तभी गौ तस्करों का एक तथाकथित हिंदू साथी जिसे गौ रक्षक दल द्वारा कई बार अपने काम मै बाधा डालते देखा है, वह बाहर निकल कर गौ रक्षक दल को रोकने के लिए पथराव करने लगा और अपनी अवैध पिस्टल तान कर गौ रक्षक दल के लोगों को धमकाने लगा, गौ रक्षक दल द्वारा बताया गया कि उस तथाकथित गौ तस्करों केहिंदू साथी द्वारा जान से मारने की धमकी तक दे डाली। सूत्रों से पता चला है कि तथाकथित गौ तस्करों केहिंदू साथी की थाने और चौकियों मै भी पहचान होने के कारण उस तथाकथित गौ तस्करों केहिंदू साथी ने 100 नंबर पर फोन कर पुलिस को बुलाया और गौ रक्षक दल के लोगों पर उल्टा कार्यवाही कराने का प्रयास किया।

## 20 व 21 मई को नामांकन पत्रों की होगी बिक्री

इटावा। शुक्रवार को डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन इटावा की एल्डर्स कमेटी की बैठक डी.बी.ए.ऑफिस में योगेन्द्र किशोर तिवारी एडवोकेट की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें अन्य सदस्यगण शान्ती स्वरूप पाठक, प्रेमशंकर शर्मा, रविन्द्र सिंह दुबे, रमाशंकर चौधरी एडवोकेट ने भाग लिया तथा सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित किया कि दिनांक-20 एवं 21 मई 2024 को नामांकन पत्रों की बिक्री होगी। दिनांक 22 एवं 23 मई 2024 को नामांकन पत्र दाखिल होंगे।दिनांक-24 एवं 25 को नामांकन पत्रों की जांच एवं वापसी व प्रत्याशियों की घोषणा होगी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत 13 जुलाई को

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। अपर जिला जज सचिव जिला/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्वेता श्रीवास्तव ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, इटावा के आदेशानुसार दिनांक 13.07.2024 को प्रातः10ः00 बजे से जनपद न्यायालय प्रांगण इटावा में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा।आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में वादों, दाम्पत्य विवादों का प्री-लिटिगेशन स्तर पर, आर्बिट्रेशन, तुच्छ आपराधिक प्रकृति के वाद, पारिवारिक वाद, आपराधिक वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, राजस्व चकबन्दी, बैंक मामले, धारा 138 एन0आई0एक्ट, सर्विस के मामले, श्रमिक वाद, भरण पोषण वाद आदि प्रकार के मामले निस्तारित किये जायेगे।लोक अदालत में धन व समय की बचत करने हेतु एवं विभिन्न न्यायालयों में लंबित मुकदमों को व प्री-लिटिगेशन स्तर के दाम्पत्य वादों के शीघ्र निस्तारण हेतु अपने मामले को राष्ट्रीय लोक अदालत में लगवाये जिससे एक ही बार में मुकदमों से मुक्ति पाये।अतःसर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 13.07.2024 को आयोजित होने वालीराष्ट्रीय लोक अदालत में वादों के निस्तारण के उद्देश्य से सामान्यजन से अपील की जाती है कि अपनेलम्बित मामले सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित कराये जाने हेतु उक्त लोक अदालत में भाग लेना सुनिश्चित करें तथा अधिक से अधिक लोग राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठाये।

# गौ प्रतिष्ठा संकल्प यात्रा का हुआ मथुरा आगमन

अवधनामा संवाददाता

■ देश में गौहत्या पूर्णतया हो बंद गौ माता हो राष्ट्रमाता घोषित

मथुरा। ज्योतिष पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज द्वारा विगत समय से संपूर्ण भारतवर्ष में चलायी जारही गौ प्रतिष्ठा संकल्प यात्रा का मथुरापुरी प्रवास अंतर्गत महाअभिनंदन,धर्म सभा कार्यक्रम परिणय गार्डन मसानी लिंक रोड पर हुआ जिसमे ब्रजमंडल के हिंदूवादी सामाजिक संगठनों तथा शिष्यों भक्तों द्वारा जगतगुरु शंकराचार्य का मथुरा पधारने पर पादुका पूजन एवम अभिनंदन किया जिसमे शंकराचार्य ने कहा जिस समय देश आजाद हुआ था सन 1947 में उस समय भारत देश की जनसंख्या 30 करोड़ तथा गौ माता की संख्या 70 करोड़ थी और अभी हाल ही में हुए दिल्ली की धर्म संसद में सरकार का आंकड़ा पता चला 75 साल बाद देश की जनसंख्या लगभग एकसौ पचास करोड़ तथा गौ माता की जनसंख्या सत्रह करोड़ बची हैं प्रतिदिन देश में एक लाख गौ माता की हत्या हो रही हैं इस आंकड़े के हिसाब से आने वाले कुछ सालों में गौ माता केवल तस्वीरों में नजर आएगी देश की धरती पर नही इसलिए हम सभी हिन्दुओं की सरकार से ये आग्रह हैं कि गौ माता को राष्ट्र माता घोषित किया जाए तथा देश में गौ हत्या पूर्णता बंद हो तभी गौ माता की रक्षा हो पाएगी सभी भक्तो के साथ संकल्प लिया अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासंघ के भगवताचार्य लालजीभाई शास्त्री एवम पंडित यज्ञदत्त शास्त्री ने कहा कि देश के सभी गौपालक गौ संवर्धन करने वाली संस्था संत महंतों से करबद्ध प्रार्थना हैं सभी एक होकर यदि सत्य निष्ठा से पूज्य शंकराचार्य के सानिध्य में गौ माता की रक्षा के लिए संकल्प ले तो निश्चित ही गौ माता राष्ट्र माता बनेंगी तथा उसकी रक्षा हो पाएगी ,श्री मदभागवत आयोजन समिति से के संस्थापक पंडित अमित भारद्वाज, शिवोम गौड़ शास्त्री, गुरुरामकृपा रामलीला संस्थान के अध्यक्ष नीरज चतुर्वेदी विश्व धर्मरक्षक दल से विजय चतुर्वेदी नंदलाल चतुर्वेदी ने पटका उड़ाकर अभिनंदन किया तथा कार्यक्रम आयोजक सर्वेश शर्मा एडवोकेट मयंक शर्मा एडवोकेट कृष्ण कुमार शर्मा मुन्ना भैया ,मालाराम शास्त्री , कन्हैयालाल अग्रवाल आदि मौजूद थे।

# बीएसए को निरीक्षण में अनुपस्थित मिले कई शिक्षक

अवधनामा संवाददाता

■ स्कूल में चारपाई बिछाकर सोती मिली शिक्षिका

■ प्राथमिक विद्यालय बाजना (प्रथम) 7.35 बजे मिला बंद

मथुरा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मथुरा सुनील दत्त द्वारा एक एक दिन में दो दर्जन से अधिक स्कूलों में औचक निरीक्षण किया जा रहा है जिससे स्कूल से गायब शिक्षकों में हड़कंप मचा मच गया है। विकास खंड नौहझील में किए औचक निरीक्षण में उच्च प्राथमिक विद्यालय सकतपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के समय विद्यालय में कार्यरत कुल 07 शैक्षिक स्टाफ के सापेक्ष उपस्थिति पंजिका का अवलोकन करने पर पाया गया कि श्रीमती बबीता शर्मा (स0अ0) द्वारा विद्यालय खुलने के समय उपरान्त प्रातः 7ः58 पर आकस्मिक अवकाश हेतु मानव सम्पदा पोर्टल पर आवेदन किया गया है। प्राथमिक विद्यालय इनायतपुर नौहझील में राजीव चौधरी (शि0मि0) अनुपस्थित पाये गये।प्राथमिक विद्यालय अहमदपुर में श्रीकृष्ण शर्मा (शि0मि0) लगातार बिना सूचना के अनुपस्थित मिले।प्राथमिक विद्यालय भरतियाका का आकस्मिक निरीक्षण किया गया,निरीक्षण के समय ऐजाज अहमद खान (स0अ0), अनिल कुमार (स0अ0) एवं कृष्णवीर (शि0मि0) अनुपस्थित पाये गये।निरीक्षण के समय विद्यालय में छात्र/छात्राओं के नामांकन मात्र 07 के सापेक्ष केवल 02 छात्र-छात्रा उपस्थित पाये गये। प्राथमिक विद्यालय नवीपुर का निरीक्षण किया गया। मुमताज खां (स0अ0) अनुपस्थित पाये गये।निरीक्षण के समय विद्यालय में छात्र/छात्राओं के नामांकन 78 के सापेक्ष केवल 20 छात्र-छात्रा उपस्थित पाए गए।प्राथमिक विद्यालय प्रहलाद गढ़ी निरीक्षण के समय विद्यालय में रश्मि (शि0मि0) अनुपस्थित पायी गयी एवं उपस्थिति पंजिका में कई जगह फ्लूड/सफेद रंग लगाकर / रगड़?कर उपस्थिति बनायी गयी थी। रिचा नेहरा (प्र0अ0) निरीक्षण के दौरान चारपाई पर सोती हुयी पायी गयी।प्राथमिक विद्यालय बाजना (प्रथम) 7.35 बजे बंद मिला। पूर्व माध्यमिक विद्यालय नवीपुर में भूपेंद्र कुमार स. अ.अनुपस्थित मिले।प्राथमिक विद्यालय सुल्तान प?ट्टी के निरीक्षण के समय विद्यालय में कार्यरत कुल 05 शैक्षिक स्टाफ के सापेक्ष उपस्थिति पंजिका का अवलोकन करने पर पाया गया कि वन्दना तौमर (इं0प्र0अ0), वीरेन्द्र सिंह (स0अ0) एवं कु0 ममता अनुपस्थित मिले। इसके साथ ही प्राथमिक विद्यालय एदलगढ़ी, प्राथमिक विद्यालय घसियागढ़ी, प्राथमिक विद्यालय शंकरगढ़ी, उच्च प्राथमिक विद्यालय उदियागढ़ी, प्राथमिक विद्यालय मिठ्ठोली, उच्च प्राथमिक विद्यालय कौलाहर,उच्च प्राथमिक विद्यालय अहमदपुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय बिरजू गढ़ी, प्राथमिक विद्यालय चौकड़ा, प्राथमिक विद्यालय डालगड़ी आदि का भी निरीक्षण किया गया।

## फ्री कोचिंग के लिए 15 जून तक आवेदन: नागेंद्रपाल सिंह

मथुरा। जिला समाज कल्याण अधिकारी नगेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत कोचिंग का संचालन बी एस ए कॉलेज में हो रहा है। वर्तमान में शैक्षिक सत्र 2024- 25 हेतु यूपीएससी, यूपीपीसीएस, एनडीए, सीडीएस नीट-यूजी तथा आईआईटी-जेई की कक्षाएं संचालित हैं। योजना के तहत अभ्यर्थियों के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया जनपद में शुरू कर दी गई है। अभ्यर्थी राजीव भवन में 15 जून तक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक अपने पासपोर्ट साइज फोटो व शैक्षणिक प्रमाणपत्रों 10वीं व 12वीं तथा ग्रेजुएशन की मार्कशीट की छायाप्रति लाकर आवेदन कर सकते हैं। योजना के तहत अभ्यर्थियों को निःशुल्क शिक्षण के साथ-साथ पुस्तकालय की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाती है। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत पंजीकरण करते समय किसी भी तकनीकी समस्या के निस्तारण के लिए कोर्स को-ऑर्डिनेटर डॉ .पीयूष पाण्डेय (मो. 9807524558) व कार्यालय (7417667589, 9761669948) से सम्पर्क किया जा सकता है।

# दो दिवसीय इंटरनेशनल कांफ्रेंस का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



लखनऊ। दो दिवसीय इंटरनेशनल कांफ्रेस का आयोजन आज़ाद ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस बिजनौर लखनऊ में बायोवर्स टेक्नोलॉजीज के सहयोग से किया गया। उदघाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि डा. आर के दीक्षित (प्राध्यापक केजीएमयू) ने कहा कि अकेले पिलर की तरह काम करने से आपका कुछ नहीं होगा पूरा टैलेंट व्यर्थ हो जायेगा। हमे आपको मिल के काम करना होगा कुछ हम आप से सीखेंगे और कुछ आप हमसे तभी कुछ बड़ा कर पाएंगे। उन्होंने साइंस एंड टेक्नोलॉजी को फार्मा और मैनेजमेंट के साथ मिल के काम करने श्रद्द ज़ोर दिया। निदेशक डा. शफीक अहमद ने कहा कि सभी विभाग जब मिल के काम करेंगे तभी कुछ प्रोडक्टिव होगा उन्होंने इस मल्टी डिसिप्लिनरी इंटरनेशनल कांफ्रेस में आए सभी वक्ताओं का स्वागत किया और आभार व्यक्त किया। डा. आकाश सिंह ने बताया कि आज पर्सनलाइज्ड मेडिसिन पे स्नह्. रोहित कृष्णा ने उसके बनाने की विधी और इसके भविष्य के लाभ बताए। और बताया कि भविष्य में ये कैसे लोगो की दिनचर्या बदल सकती है। आजाद ग्रुप ऑफ एजुकेशन के उपाध्यक्ष जमाल अहमद ने बताया कि कल चर्चा के विषय रहेंगेः यूज श्रद्ध आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इन रेगुलर लाइफ ऑर्गेनिक खेती को कैसे बढ़ावा दिया जा सकता है। मैनेजमेंट का प्रद्योगिकी में उपयोग इस इंटरनेशनल कांफ्रेंस के सह संयोजक रेहान सुलतान खान ने सभी अतिथियों का धन्यवाद एवम आभार व्यक्त किया।

# आरती सिंह मंदिर में रचाएंगी शादी

**बिग बॉस 13 फेम आरती सिंह इसी महीने अपने बॉयफ्रेंड दीपक चौहान संग सात फेरे लेंगी। लेकिन उनके फैंस को इस बात की उत्सुकता है कि आखिर किसी दिन और कहां शादी करने वाली हैं आरती। बिग बॉस 13 फेम और टीवी अभिनेत्री आरती सिंह इन दिनों बेहद खुश हैं। उनकी खुशी की वजह है कि वह अपने प्यार यानी की अपने बॉयफ्रेंड दिपक चौहान के साथ सात फेरे लेने जा रही हैं।**



वह हमेशा-हमेशा के लिए अपने जीवन के प्यार को अपना हमसफर बनाने जा रही हैं। आरती के फैंस बेसब्री से उनकी इस खुशी में किसी ना किसी तरह शामिल होना चाहते हैं। फिर चाहे वह जरिया सोशल मीडिया ही क्यों ना हो। अभिनेत्री आरती सिंह जल्द ही दीपक चौहान से शादी रचाएंगी। वह जोरो-शोरो से अपनी शादी की तैयारी में लगी हुई हैं। हाल ही में आरती ने उन्होंने शादी का वैन्यू बताया था और उन्होंने फैंस को इंतजार ना कराते हुए शादी की तारीख से भी पर्दा उठा दिया है। आरती इस 25 अप्रैल को मुंबई के इस्कॉन मंदिर में शादी रचाने वाली हैं।

एक इंटरव्यू के दौरान आरती सिंह ने कहा, उन्हें सागदी पसंद है। वह उन सभी चीजों के साथ बहुत खुश हैं जो इन दिनों उनके साथ हो रही हैं। आगे जब उनसे पूछा गया कि उन्होंने शादी के लिए इस्कॉन मंदिर ही क्यों चुना। इस पर अभिनेत्री ने कहा, मेरा मन वैसे ही था करने का और मैं खुश हूं कि हर चीज वैसे ही हो रही है जैसे कि होनी चाहिए। अपनी जिंदगी के सबसे बड़े दिन को लेकर आरती बेहद उत्साहित हैं। उन्होंने अपने बिग डे का प्लान बताते हुए कहा, यह ऐसा बिल्कुल भी नहीं है कि मैं शादी के दिन भारी ज्वैलरी ना पहनूं या फिर कोई और फंग्शन नहीं होंगे। सबकुछ होगा। फिलहाल मैं शादी के दिन पहनने के लिए काफी भारी जोड़ा देख रही हूं साथ ही हैफी ज्वैली भी। पर यह सबकुछ शादी के दिन के लिए होगा। पर अभी मुझे यह सब पसंद आ रहा है जैसा की हो रहा है। एक इंटरव्यू के दौरान आरती सिंह ने कहा, उन्हें सागदी पसंद है। वह उन सभी चीजों के साथ बहुत खुश हैं जो इन दिनों उनके साथ हो रही हैं। आगे जब उनसे पूछा गया कि उन्होंने शादी के लिए इस्कॉन मंदिर ही क्यों चुना। इस पर अभिनेत्री ने कहा, मेरा मन वैसे ही था करने का और मैं खुश हूं कि हर चीज वैसे ही हो रही है जैसे कि होनी चाहिए। अपनी जिंदगी के सबसे बड़े दिन को लेकर आरती बेहद उत्साहित हैं। आरती सिंह टीवी और बॉलीवुड अभिनेता कृष्णा अभिषेक की बहन हैं और इस नाते कश्मीरा शाह उनकी भाभी लगी। शादी में सभी दोस्त, रिश्तेदार, टीवी और बॉलीवुड जगत से कई लोग आरती की शादी में आएंगे। आरती ने कहा, मेरे कई दोस्त ऐसे भी हैं, जिन्हें मैं शादी में ना भी बुलाऊ तब भी वह सभी शादी में पहुंच ही जाएंगे। पहले आरती काशी विश्वनाथ मंदिर में शादी करना चाहती थी, लेकिन अब उन्होंने मन बना लिया है कि वह मुंबई के इस्कॉन मंदिर में ही शादी करेंगी। एक इंटरव्यू के दौरान आरती सिंह ने कहा, उन्हें सागदी पसंद है। वह उन सभी चीजों के साथ बहुत खुश हैं जो इन दिनों उनके साथ हो रही हैं।

# मतदान करने पहुंचे विजय सेतुपति ने बुजुर्ग महिला के छुए पैर, फैंस ने बांधे तारीफों के पुल



लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए आज मतदान हो रहा है। पहले दौर के चुनाव में 21 राज्यों की कुल 102 सीटों पर वोटिंग हो रही है। जैसे ही शुक्रवार को लोकसभा चुनाव 2024 शुरू हुआ और तमिलनाडु में मतदान हुआ तो दक्षिण के कई दिग्गज सितारे वोट डालकर अपनी जिम्मेदारी निभाते नजर आए। दक्षिण भारतीय फिल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता विजय सेतुपति ,चेन्नई के एक पोलिंग बूथ पर मतदान करने पहुंचे थे। अब सोशल मीडिया पर विजय सेतुपति का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसे दर्शकों की खूब सराहना मिल रही है। दक्षिण भारतीय फिल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता विजय सेतुपति ,चेन्नई के एक पोलिंग बूथ पर मतदान करने पहुंचे थे। अभिनेता ने वोट करने के बाद प्रशंसकों के साथ खूब सारी तस्वीरें भी खिंचवाई। ऐसे में अभिनेता का एक वीडियो भी तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह एक बुजुर्ग महिला के पैर छूते नजर आ रहे हैं। फैंस को अभिनेता का यह व्यवहार काफी पसंद आ रहा है। विजय सेतुपति से जुड़ी एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रही है। इस वीडियो में वह एक बुजुर्ग महिला फैन से हाथ मिलाते, उनके पैर छूते, आशीर्वाद लेते और उनके साथ सेल्फी खिंचवाते हुए दिखते हैं । लोगों को विजय का बुजुर्ग महिला के साथ इतने गर्मजोशी से मिलना काफी पसंद आ रहा है। विजय के इस व्यवहार के लिए सोशल मीडिया पर उनकी काफी तारीफ की जा रही है। एक फैन ने लिखा, ÷इस वजह से उन्हें मक्कल सेलवन कहा जाता है, बहुत प्यारा व्यवहार। विजय इन दिनों अपनी कई आगामी फिल्मों में व्यस्त हैं। वह इस साल महाराजा, ट्रेन, विदुथलाई पार्ट 2 और गांधी टॉक्स समेत कई अन्य फिल्मों में नजर आने वाले हैं। पिछले दिनों अभिनेता फर्जी और शाहरुख खान के साथ जवान में नजर आए थे।


# राजकुमार राव के साथ आमिर लॉन्च करेंगे गाना पापा कहते हैं 2.0



बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान की फिल्म कयामत से कयामत तक का गाना पापा कहते हैं काफी पसंदीदा गाना रहा है। दर्शकों को आज भी यह गाना काफी पसंद है। ऐसे में आमिर ने इस गाने को पसंद करने वाले को एक बड़ा तोहफा दिया है। दरअसल, आमिर खान अपने पापा कहते हैं% गाने को फिर से लॉन्च करने के लिए तैयार हैं। इस खबर से आमिर के फैंस बेहद उत्साहित हो गए हैं। इस गाने को फिर से लॉन्च करने के लिए इसे %पापा कहते हैं 2.0% नाम दिया गया है।

राजकुमार राव और अलाया एफ की आगामी बायोपिक फिल्म %श्रीकांत% में इसे गाने को दिखाया जाएगा। दर्शकों को इस गाने का बेसब्री से इंतजार है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुंबई में एक शानदार इवेंट में आमिर खान इस गाने को लॉन्च करेंगे। इसके साथ ही दृष्टिबाधित पेशेवर बैंड के सदस्यों द्वारा इसका लाइव प्रदर्शन भी किया जाएगा। इस शानदार कार्यक्रम के में आमिर खान के साथ फिल्म %श्रीकांत% की पूरी टीम भी मौजूद रहेगी, जिसमें राजकुमार राव और अलाया एफ भी शामिल होंगे। इसके साथ ही निर्देशक तुषार हीरानंदानी के साथ-साथ वास्तविक जीवन की प्रेरणा श्रीकांत बोला और निर्माता भूषण कुमार और निधि परमार भी इस इवेंट में शामिल होंगे। जानकारी के मुताबिक, भूषण कुमार ने आमिर खान को %पापा कहते हैं% को दोबारा लॉन्च करने के लिए कहा था। वहीं, आमिर इस बात से बेहद खुश हैं कि श्रीकांत बोला की यात्रा का जश्न मनाने के लिए उनके गाने को दोबारा देखा जा रहा है। %पापा कहते हैं 2.0% के लॉन्च इवेंट में शामिल होने के लिए आमिर खान बेहद उत्सुक हैं। पापा कहते हैं 2.0% के दोबारा लॉन्च होने से आमिर खान को अपने शुरुआती दिनों की याद आ गई। इस एवरग्रीन गाने ने उनके शानदार करियर को शुरू करने में काफी मदद की थी। राजकुमार राव की बायोपिक फिल्म %श्रीकांत% का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। ये फिल्म 10 मई, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# दो और दो प्यार के निर्माताओं का दर्शकों को बड़ा तोहफा, निकाला एक मुफ्त का ऑफर




रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म दो और दो प्यार आखिरकार आज सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। शुरुआती तौर पर फिल्म को दर्शकों और समीक्षकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। वहीं अब फिल्म के निर्माता फिल्म की रिलीज के पहले दिन ही दर्शकों के लिए बड़ा तोहफा लेकर आए हैं, जो फिल्म की टिकट से जुड़ा हुआ है। अब दर्शक एक टिकट कीमत पर दो टिकट खरीद सकते हैं। दरअसल, निर्माताओं ने नया ऑफर जारी किया है। निर्माता एक टिकट खरीदने पर एक मुफ्त टिकट का ऑफर लेकर आए हैं। अब दर्शकों को दो और दो प्यार की एक टिकट खरीदने पर एक टिकट मुफ्त मिल रहा है। फिल्म के निर्माताओं ने इसकी जानकारी साझा करते हुए लिखा, %यह सौदा इतना रोमांचक है कि यह दोगुना मनोरंजन का वादा करता है। जल्दी करें और इस ऑफर का लाभ उठाने के लिए अपना टिकट बुक करें।

फिल्म की अभिनेत्री विद्या बालन ने भी यह जानकारी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा की है। दरअसल, दो और दो प्यार की एक टिकट पर दूसरी मुफ्त पाने के लिए बुकमाईशो पर 'DADP' कोड का इस्तेमाल करना होगा। खास बात यह है कि रिलीज के पहले दिन ही एक टिकट खरीदने पर एक टिकट मुफ्त देने का ऑफर जारी करने वाली इस साल की यह पहली फिल्म है। वहीं फिल्म की बात करें तो शीर्षा गुहा ठाकुरता के जरिए निर्देशित दो और दो प्यार शादीशुदा जोड़ों पर केंद्रित एक रोमांटिक कॉमेडी है। यह फिल्म विद्या बालन और प्रतीक गांधी द्वारा निभाए गए एक विवाहित जोड़े के बारे में है। वहीं, सेंथिल और इलियाना द्वारा निभाए गए पात्रों के साथ उनका विवाहेतर संबंध है। फिल्म में विद्या बालन और प्रतीक गांधी के अलावा इलियाना डिक्रूज और सेंथिल राममूर्ति भी हैं। यह फिल्म समीर नायर, दीपक सहगल, तनुज गर्ग, अतुल कस्बेकर और स्वाति अय्यर चावला द्वारा निर्मित है।

## सलमान फायरिंग मामले में शामिल हो सकता है यह आदमी

अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर हुई फायरिंग के मामले में मुंबई क्राइम ब्रांच को बड़ी सफलता हाथ लगी है। क्राइम ब्रांच ने आरोपी विक्की गुप्ता के भाई सोनू गुप्ता को हिरासत में ले लिया है। फिलहाल उससे पूछताछ जारी है। मुंबई पुलिस का इस मामले पर कहना है कि क्राइम ब्रांच को इस बात का शक है कि सोनू गुप्ता भी फायरिंग की साजिश में शामिल है। मुंबई पुलिस ने इस मामले में एक और अहम जानकारी साझा की है। पुलिस के अनुसार, आरोपी सागर पाल गैंगस्टरों के जीवन जीने के ढंग से प्रभावित था। पुलिस का कहना है कि सागर अपने इसी सपने को पूरा करने के लिए गैंग से जुड़ा था। गैंग से हाथ मिलाने के बाद उसे अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर गोलीबारी करने का काम मिला था।

मुंबई पुलिस ने बताया कि आरोपियों से कहा गया था कि यह एक बड़ा काम है, जिसे करने के लिए उन्हें अच्छा पैसा मिलेगा। शुक्रवार को फायरिंग की घटना के बाद सलमान खान को पहली बार देखा गया। वे मुंबई हवाई अड्डे पर दिखाई दिए। भाईजान का बॉडीगार्ड शेरा भी उनके साथ-साथ चल रहा था। मालूम हो कि सलमान खान को राज्य सरकार ने Y+ सुरक्षा दे रखी है।

# सीरीज का अगला भाग नहीं लाना चाहते हथौड़ा त्यागी



अमेजन प्राइम वीडियो की सुपरहिट वेब सीरीज 'पाताल लोक' के दूसरे सीजन की कहानी पर काम करीब करीब पूरा हो चुका है। सीरीज के लीड कलाकार जयदीप अहलावत अपने लोकप्रिय किरदार हाथीराम चौधरी के साथ फिर से वापसी की तैयारी शुरू कर चुके हैं। हालांकि, बता दें कि पाताल लोक 2 के बारे में सुनते ही सीरीज में हथौड़ा त्यागी उर्फ अभिषेक बनर्जी दुखी हो जाते हैं। आइए जानते हैं कि ऐसा क्यों है। हाल ही में, एक इंटरव्यू में हथौड़ा त्यागी की भूमिका निभाने वाले अभिषेक बनर्जी ने खुलासा किया है कि जब भी पाताल लोक 2 सीरीज के बारे में बात होती है तो उनका मन काफी दुखी हो जाता है। अभिनेता के इस बयान से फैंस काफी हैरान हो गए हैं। हालांकि, अभिषेक ने इसके पीछे की वजह का भी खुलासा किया है।

अभिषेक बनर्जी ने कहा, मुझे इस बार पाताल लोक में न होने का बड़ा दुख है। मेरा किरदार तो पहले सीजन में ही मार दिया गया था। इस बारे में मैं निर्माता-निर्देशक कर्णेश शर्मा और सुदीप शर्मा को बोलता भी हूं कि आप मुझे पाताल लोक 2 के बारे में कुछ न बताएं, क्योंकि आप लोग मुझे जितना बताएंगे, मुझे उतना और अधिक दुख होता है कि मेरा किस्सा तो पहले सीजन में ही खत्म कर दिया था। मैं उसमें नहीं हूं। मुझे हथौड़ा त्यागी की भूमिका से बहुत प्यार मिला है और उसके लिए मैं हमेशा दर्शकों का आभारी रहूंगा। वहीं, बात करें सीरीज की तो मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो इस साल के अंत में दर्शकों के सामने इस सीरीज की स्ट्रीमिंग होगी। अमेजन प्राइम वीडियो ने अपनी आगामी सीरीज और फिल्म की एक लिस्ट जारी की थी, उसमें पाताल लोक का सीजन 2 भी शामिल था। पाताल लोक 2 साल 2020 में अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई पाताल लोक का अगला सीजन है। इसमें जयदीप के अलावा नीरज काबी, गुल पनाग, स्वास्तिका मुखर्जी, ईश्वक सिंह और अभिषेक बनर्जी मुख्य भूमिकाओं में हैं।

## एक बार फिर खिसकी मेट्रो इन दिनों की रिलीज की तारीख

भूषण कुमार और निर्देशक अनुराग बसु की अगली फिल्म %मेट्रो इन दिनों% का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, लेकिन फिल्म की रिलीज के लिए उन्हें काफी इंतजार करना पड़ रहा है। कुछ समय पहले ही निर्माताओं ने फिल्म की नई रिलीज की तारीख का खुलासा किया था, लेकिन एक बार फिर इसकी रिलीज आगे खिसक चुकी है। अब निर्माताओं ने फिल्म की नई रिलीज की तारीख से पर्दा उठाया है। अब यह फिल्म इस साल नवंबर में दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार है। अनुराग बसु दिल को छू लेने वाली कहानियां पर्दे पर लाने के लिए जाने जाते हैं। एक बार फिर वे ऐसी ही कहानियां आगामी एंथोलॉजी फिल्म %मेट्रो...इन दिनों% के जरिए दर्शकों के सामने लाने के लिए तैयार हैं। निर्माताओं ने आज शुक्रवार को फिल्म की नई रिलीज की तारीख की घोषणा की। अनुराग बसु द्वारा निर्देशित यह फिल्म अब 29 नवंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। निर्माताओं ने एक छोटे से नोट के साथ कलाकारों की एक तस्वीर साझा की, जिसमें लिखा था, %शहर में प्यार केंद्र स्तर पर है, क्योंकि मेट्रो इन दिनों आधुनिक जोड़ों की दिल छू लेने वाली कहानियों को उजागर करता है। प्यार के जादू को देखने के लिए अपने कैलेंडर में 29 नवंबर को चिह्नित करें। आदित्य रॉय कपूर, सारा अली खान, अनुपम खेर, नीना गुप्ता, पंकज त्रिपाठी, कोंकणा सेन शर्मा, अली फजल और फातिमा सना शेख सहित अविश्वसनीय कलाकार, शहरी रोमांस के माध्यम से एक यात्रा के लिए तैयार हो जाइए



## ब्लू कलर की बॉडीकान ड्रेस में दिखी मानुषी छिल्लर

## पालतू कुत्ते के साथ महिला की बेरहमी पर भड़कीं आलिया भट्ट

सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है, जिसमें एक महिला नौकरानी पालतू कुत्ते को बेरहमी से पीटती हुई नजर आ रही है। इस वीडियो को सबसे पहले गायिका सोफी चौधरी से अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया था। इस वीडियो के साथ गायिका ने लिखा था, आश्चर्य है कि ये महिला अभी भी काम कर रही है अब सोफी की इस पोस्ट को आलिया भट्ट ने भी शेयर किया है और इस व्यवहार को क्रूर बताया है। सिंगर सोफी ने इस पालतू कुत्ते के बारे में फैंस को अपडेट देते हुए बताया कि जिस खूबसूरत बीगल बीरा की नौकरानी ने बेरहमी से पिटाई की थी, उस के बारे में अपडेट है कि मैंने इस कुत्ते के मालिक पार्थ और श्वेता से बात की है। दोनों को काफी आघात पहुंचा, उन्होंने यह वीडियो नहीं देखी थी।

आलिया ने इसे शेयर करते हुए लिखा, अगली बार अगर किसी पालतू जानवर के साथ ऐसा करते हुए देखें तो एक वीडियो बनाकर सीधे अधिकारियों के पास ले जाएं ताकि उचित कार्रवाई हो सके।

# नीरू के माता-पिता को काफी संघर्ष बिताना पड़ा था

### पिता करते थे गैस स्टेशन पर काम, प्रेग्रेंसी में मां करती थीं साफ सफाई का काम, कड़वी सच्चाई..



नीरू बाजवा एक पंजाबी अभिनेत्री, निर्देशक और निर्माता हैं। उनकी फिल्म शायर आज सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। नीरू बाजवा अपनी फिल्म %शायर% को लेकर जमकर सुर्खियां बटोर रही हैं। नीरू बाजवा ने कई पंजाबी फिल्मों में बेहतरीन काम किया है, जिनमें शामिल %नॉटी जट्टस%, %सरदार जी%, %जट्ट एंड जूलियट% इस फिल्म ने पंजाबी सिनेमा के पहले दिन के कलेक्शन के सभी पिछले रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। आज नीरू पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री की टॉप अभिनेत्री और निर्माता हैं। नीरू ने पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री में एक लंबा सफर तय किया है। उन्होंने हाल ही में दिए एक इंटरव्यू के दौरान अपने दिल की बात खोलकर रख दी। नीरू ने अपने बचपन को याद करते हुए बताया कि उनके माता-पिता घर का खर्चा चलाने के लिए कड़ी मेहनत किया करते थे। जब उनके पिता पंजाब से कनाडा आए थे तो उनके पास कुछ भी नहीं था। नीरू बाजवा का जन्म 26 अगस्त 1980 को कनाडा में हुआ। जिन्होंने भारतीय सिनेमा में मुख्य रूप से पंजाबी और हिंदी फिल्मों में काम किया है। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत 1998 में देव आनंद की बॉलीवुड फिल्म मैं %सोलह बरस की% से की और फिर इसके बाद उन्होंने पंजाबी भाषा की फिल्मों में काम करना शुरू कर दिया। आज नीरू पंजाबी फिल्मों की बेहतरीन अभिनेत्रियों में से एक हैं। एक समय ऐसा भी था जब नीरू के माता-पिता को काफी संघर्ष भरा जीवन बिताना पड़ा था। यह उस समय की बात है जब नीरू काफी छोटी थीं। एक इंटरव्यू के दौरान नीरू ने बताया, %%मेरे पापा के पास डॉक्टर की डिग्री थी, लेकिन कनाडा में इस डिग्री की कोई पहचान नहीं थी, जबकि भारत में वह एक डॉक्टर थे। परिवार की बाते करते वक्त नीरू काफी इमोशनल हो गईं। उन्होंने यह भी बताया कि जब उनकी मां प्रेगनेंट थीं तब उनकी मां होटल में साफ सफाई का काम किया करती थीं। नीरू की आंखों से आंसू झलक रहे थे और उन्होंने कहा, %%मैं अक्सर उन्हें उसी होटल में ले जाया करती हूं, जब भी हमें एक साथ वक्त बिताना होता है और उन्हें प्यार दिखाना होता है। मां की बात करने के बाद नीरू ने अपने पिता के बारे में बातचीत की। नीरू ने कहा, %%वह एक खेत में काम किया करते थे, वह वहां पर जामुन तोड़ा करते थे। इसके अलावा वह गैस स्टेशन पर भी काम किया करते थे। इसके बाद उन्होंने कैब ड्राइवर की नौकरी की। कुछ पैसे जोड़ने के बाद उन्होंने कैब खरीद ली और फिर इसके बाद एक और कैब खरीदी। जब वह सिर्फ 9 साल की थीं तब मैं अपने कजिन के साथ अखबार बांटने जाया करती थी। इसके बाद मैंने एक फोटोग्राफर के तौर पर काम किया। इसके बाद मैंने एक मॉल में सेल्सपर्सन का काम किया। इसके बाद एक ग्रोसरी स्टोर में मैंने एक कैशियर का काम किया था, यह मेरी आखरी जॉब थी। वर्कफ्रंट की बात करे तो नीरू की फिल्म %शायर% आज सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म में उनके साथ सिंगर-एक्टर सतिंदर सरताज भी नजर आएंगे। अब वह अपनी आने वाली फिल्म %जट्ट एंड जूलियट 3% के लिए काफी उत्सुक हैं। इस फिल्म में उनके साथ चमकीला स्टार दिलजीत दोसांझ भी नजर आएंगे।

# विक्रम वेधा के वक्त से है पुराना नाता, खुद को बताते हैं बड़ा फैन

**ऋतिक रोशन फिल्म वॉर 2 की वजह से चर्चा में बने हुए हैं। यह फिल्म यशराज स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा है। फिल्म के पहले भाग को दर्शकों से खूब प्यार मिला था। फिल्म के गाने भी काफी हिट हुए थे। इस फिल्म के दूसरे भाग की शूटिंग शुरू हो चुकी है। हाल ही में, फिल्म के सेट से ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की तस्वीरें भी लीक हुई है।**



इसी बीच फिर एक बार सेट से एक तस्वीर सामने आई है। इस बार जो तस्वीर सामने आई है, वह बेहद खास है। दरअसल, फ्रांस के महावाणिज्यदूत जीन-मार्क सेरे-चार्लेट हाल ही में फिल्म 'वॉर 2 के सेट पर पहुंचे थे, जहां उन्होंने ऋतिक रोशन से मुलाकात की। इस मौके की तस्वीर को जीन ने अपने एक्स हैंडल पर साझा किया है। उन्होंने खुद को ऋतिक रोशन का बड़ा फैन बताया। यह पहला मौका नहीं है, जब जीन-मार्क ने ऋतिक रोशन से मुलाकात की। इससे पहले भी वे फिल्म %विक्रम वेधा% के सेट पर मिल चुके हैं। इसका खुलासा खुद जीन ने अपनी एक्स पोस्ट में किया है। उन्होंने ऋतिक रोशन को नई फिल्म के लिए शुभकामनाएं भी दी। ऋतिक रोशन की एक्शन फिल्में बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कारोबार कर रही है। इस साल की शुरुआत में ही %फाइटर% ने रिकॉर्डतोड़ कमाई की थी। %वॉर% के पहले भाग को भी दर्शकों से काफी तारीफें मिली थी। ऐसे में लोगों को उम्मीद है कि इसके दूसरे भाग में भी जोरदार एक्शन देखने को मिलेगा। वहीं, सुपरस्टार जूनियर एनटीआर के फिल्म से जुड़ने के बाद से तो दर्शकों का उत्साह सातवें आसमान पर पंहुच गया है।

# जयपुर-आगरा हाईवे पर यूपी रोडवेज की बस और ट्रक में टक्कर, पांच महिलाओं की मौत



**भरतपुर (हि.स.)।** जयपुर-आगरा हाईवे पर भरतपुर के हलैना के पास शुक्रवार को दोपहर में जयपुर जा रही यूपी रोडवेज की बस आगे चल रहे ट्रक में घुस गई। इस भीषण सड़क हादसे में पांच महिलाओं की मौत हो गई। 12 यात्री घायल हो गए हैं।

पुलिस के अनुसार उत्तर प्रदेश परिवहन के अलीगढ़ डिपो की बस अलीगढ़ से जयपुर जा रही थी। हाईवे पर जयपुर की तरफ जा रहा लकड़ियों से भरा ट्रक आगे चल रहा था। ट्रक की स्पीड कम थी। बस की स्पीड तेज थी। बस ड्राइवर ने ओवरटेक करने की कोशिश की। इस दौरान सामने से दूसरा ट्रक आया तो बस ड्राइवर ने ब्रेक लगाने की जगह साइड में चल रहे ट्रक में बस घुसा दी। हादसे में बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। बस के ड्राइवर और कंडक्टर घायल हैं। इसी बीच ट्रक ड्राइवर फरार हो गया।

इस हादसे में निक्की जाट (28), रामू (35), संतोष (45), सूर्यप्रताप (21), राजू (27), मोहित (32), पप्पू (45), जीतेंद्र (25), अवनीश (35), तेजवीर (32), सुमित (26), एक बच्ची (3), एक बच्चा (1) घायल हुए हैं। पांच महिलाओं की मौत मौके पर हो गई, जिनके शव हलैना सीएचसी की मॉर्च्युरी में रखवाए गए हैं। मृत महिलाओं की पहचान की जा रही है। दुर्घटना में 13 में से 8 घायलों को भरतपुर के आरबीएम हॉस्पिटल रेफर किया गया है। पांच घायलों का इलाज हलैना हॉस्पिटल में चल रहा है। भरतपुर में इलाज के दौरान एक महिला की मौत हो गई।

भरतपुर कलेक्टर अमित यादव, पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा और सीएमएचओ गौरव कपूर आरबीएम अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायलों का हाल-चाल जाना। परिवार के साथ मेहंदीपुर बालाजी जा रहे एक यात्री ने बताया कि बस जयपुर जा रही थी। हम मथुरा से मेहंदीपुर बालाजी दर्शन के लिए जा रहे थे। बस ड्राइवर ने ओवरटेक किया था। ब्रेक नहीं लगे तो उसने चलते ट्रक में बस घुसा दी। इसके बाद ट्रक काफी दूर बस को घसीटते ले गया। भरतपुर के आरबीएम हॉस्पिटल में भर्ती घायल बस यात्री सूर्यप्रताप सिंह ने बताया कि बस ड्राइवर की गलती है। घायलों को एंबुलेंस से आरबीएम हॉस्पिटल लाने का सिलसिला जारी है। अधिकतर यात्रियों के सिर में चोट लगी है। मेडिकल स्टाफ ट्रॉमा वार्ड में घायलों के इलाज में जुटा है।

## घाटकोपर होर्डिंग हादसे के आरोपित को राजस्थान में गिरफ्तार कर पुलिस मुंबई लाई

**मुंबई (हि.स.)।** मुंबई पुलिस की टीम घाटकोपर होर्डिंग हादसे के आरोपित भावेश भिंडे को राजस्थान के उदयपुर से गिरफ्तार करके शुक्रवार को सुबह मुंबई लाई है। पुलिस भावेश भिंडे को कोर्ट में पेश करने की तैयारी कर रही है। घाटकोपर में इस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर पेट्रोल पंप के पास भावेश भिंडे ने अवैध तरीके से बहुत बड़ी होर्डिंग लगाई थी। यह होर्डिंग सोमवार को तूफानी बारिश की वजह से गिर गई थी। इस हादसे में 16 लोगों की मौत हो गई और 75 लोग घायल हो गए। पंतनगर पुलिस स्टेशन में होर्डिंग गिरने का मामला दर्ज किया गया, तब से आरोपित भावेश भिंडे फरार था। मुंबई पुलिस भावेश भिंडे की तलाश तीन राज्यों में कर रही थी।

भावेश भिंडे गिरफ्तारी के डर से विभिन्न शहरों में पहचान छिपाते हुए अपना स्थान बदलता रहा। सोमवार को जब यह हादसा हुआ तो उसका लोकेशन पुणे स्थित लोनावाला में पाया गया था।

# वाराणसी लोकसभा सीट से नरेन्द्र मोदी समेत सात उम्मीदवार मैदान में

**मतदान**

**जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के मुताबिक वाराणसी सीट पर लोकसभा चुनाव के सातवें एवं अंतिम चरण में 01 जून को मतदान होगा।**



**वाराणसी (हि.स.)।** वाराणसी लोकसभा क्षेत्र से नामांकन दाखिल करने वाले राष्ट्रीय समाजवादी जनक्रांति पार्टी के उम्मीदवार पारसनाथ केसरी ने शुक्रवार को अपना नामांकन वापस ले लिया। अब इस सीट पर भाजपा उम्मीदवार एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और विपक्षी दलों के गठबंधन आईएनडीआईए से अजय राय समेत सात उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के मुताबिक वाराणसी सीट पर लोकसभा चुनाव के सातवें एवं अंतिम चरण में 01 जून को मतदान होगा। इस चरण के चुनाव के लिए शुक्रवार को नामांकन वापसी का अंतिम दिन था। वाराणसी सीट से कुल 41 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया था। नामांकन पत्रों की जांच के बाद 33 उम्मीदवारों के नामांकन खारिज हो गए थे। बाकी आठ उम्मीदवारों में से एक ने अपना नाम वापस ले लिया।

अब देश की हाई प्रोफाइल वाराणसी सीट पर सात प्रत्याशियों के बीच मुकाबला होगा। इसमें भाजपा से नरेन्द्र मोदी, आईएनडीआईए से अजय राय, बसपा से अतहर जमाल लारी, युग तुलसी पार्टी से कोलीशेट्टी शिवकुमार, अपना दल कमेरावादी से गगन प्रकाश, निर्दल दिनेश कुमार यादव और संजय कुमार तिवारी शामिल हैं।

## जिस हद तक गिर सकता है गिर जा, एक दिन सच्चाई सामने आएगीः स्वाति मालीवाल

**नई दिल्ली (हि.स.)।** स्वाति मालीवाल के साथ दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास में हुई मारपीट के मामले में एक वीडियो सामने आया है। इसमें वह सौफे पर बैठी हैं और पुलिस बुलाने की बात कर रही हैं। वीडियो पर सवाल खड़े करते हुए स्वाति मालीवाल ने इसे 'राजनीतिक हिटमैन' की खुद को बचाने की कोशिश बताया है। उन्होंने कहा, जिस हद तक गिर सकता है गिर जा, भगवान सब देख रहा है। एक ना एक दिन सब की सच्चाई दुनिया के सामने आएगी।÷ हालांकि स्वाति के सोशल मीडिया पोस्ट से यह स्पष्ट नहीं है कि वे किसे 'राजनीतिक हिटमैन' कह रही हैं। वीडियो मुख्यमंत्री आवास में उस दिन का है। इसमें सुरक्षा कर्मी स्वाति मालीवाल को बाहर जाने को कह रहे हैं। दूसरी ओर वह कह रही हैं कि उन्होंने 112 नंबर कॉल की है। वह पुलिस को बुला रही हैं। वीडियो कमरे के दरवाजे पर खड़े किसी व्यक्ति ने बनाया है।

वीडियो के सामने आने के बाद स्वाति ने ट्वीट कर कहा कि हर बार की तरह इस बार भी इस राजनीतिक हिटमैन ने ख़ुद को बचाने की कोशिशें शुरू कर दी हैं। अपने लोगों से ट्वीट्स करवाके, आधी बिना संदर्भ की वीडियो चलाके इसे लगता है ये इस अपराध को अंजाम देके ख़ुद को बचा लेगा। कोई किसी को पीटते हुए वीडियो बनाता है भला? घर के अंदर की और कमरे की सीसीटीवी फ़ुटेज की जांच होते ही सत्य सबके सामने होगा।

## केजरीवाल के निजी सचिव बिभव को राष्ट्रीय महिला आयोग ने फिर जारी किया नोटिस

**नई दिल्ली (हि.स.)।** राष्ट्रीय महिला आयोग ने आम आदमी पार्टी की नेता और राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ हुई मारपीट के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव बिभव को एक बार फिर नोटिस जारी कर शनिवार को पेश होने को कहा है। अगर वे कल भी पेश नहीं होते तो आयोग के सदस्य उसके घर जाकर उनसे सवाल जवाब करेंगे। शुक्रवार को उन्हें राष्ट्रीय महिला आयोग के दफ्तर पेश होना था लेकिन वे पेश नहीं हुए।

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता में कहा, जब हमने सोशल मीडिया पर यह देखा तो हमने स्वतः संज्ञान लिया। मैंने स्वाति मालीवाल से शिकायत दर्ज करने का अनुरोध किया। मुझे लगता है वह सदमे में थी क्योंकि कोई भी उम्मीद नहीं कर सकता था कि उन्हें अपने नेता के आवास पर इस तरह से पीटा जाएगा। वह एक सांसद हैं जो हमेशा महिलाओं के मुद्दों को उठाती रही हैं। मैंने उनसे कहा कि मैं उनके साथ हूं, और आप बाहर आएं और शिकायत करें काफी देर तक सोचने के बाद उसने शिकायत दर्ज कराई।

## केदारनाथ धाम मार्ग पर बिना रजिस्ट्रेशन वाले यात्री वाहनों की एंट्री बंद

**केदारनाथ/देहरादून (हि.स.)।** चारधाम यात्रा के तहत केदारनाथ धाम तक बिना पंजीयन के आने वाले वाहनों की एंट्री पर रोक लगा दी गई है। सीतापुर और सोनप्रयाग स्थित पार्किंगों में सीमित स्थान होने के कारण स्थानीय प्रशासन केवल निर्धारित तिथि का पंजीकरण होने पर ही वाहनों को प्रवेश दे रही है।

रुद्रप्रयाग के पुलिस अधीक्षक डॉ. विशाखा अशोक भदाणे ने शुक्रवार को चौकी जवाड़ी पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और संबंधित प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केदारनाथ धाम सहित यात्रा पड़ावों पर रुकने वालों की एक निश्चित क्षमता है। रुद्रप्रयाग जनपद स्थित पार्किंगों की भी एक निश्चित क्षमता है। सबसे बड़ी बात यह है कि सीतापुर और सोनप्रयाग स्थित पार्किंगों में किसी वाहन की एंट्री हो जाने के उपरांत वाहन तीन दिन तक पार्किंग में ही रहता है। उन्होंने कहा कि पार्किंग में निकासी काफी कम होने व बाहर से अत्यधिक वाहनों के आने से यात्रा मार्ग पर अत्यधिक दबाव बढ़ रहा है। वाहनों के दबाव कम करने के लिए रुद्रप्रयाग जनपद के चौकी जवाड़ी बाईपास पर बाहर से आने वाले वाहनों की चेकिंग की जा रही है। बद्रीनाथ धाम की तरफ जा रहे वाहनों को मुख्य बाजार रुद्रप्रयाग होते हुए जाने दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि केदारनाथ धाम की ओर जाने के लिए केवल निर्धारित तिथि का पंजीकरण होने पर ही जाने दिया जा रहा है। केदारनाथ धाम जाने वाले मार्ग पर पुलिस यातायात को नियंत्रित करने के लिए वाहनों को सीतापुर व सोनप्रयाग की ओर भेजा जा रहा है। तिलवाड़ा, काकड़ागाड़, नारायणकोटि, दगड़्या बैरियर (फाटा) शेरसी में अस्थायी बैरियरों से सीतापुर व सोनप्रयाग पार्किंग से हो रही निकासी के क्रम में इन स्थानों से वाहन आगे की ओर भेजे जा रहे हैं।

# अभिजीत गांगुली को चुनाव आयोग ने दिया नोटिस, ममता के खिलाफ टिप्पणी पर जवाब मांगा

**कोलकाता (हि.स.)।** कलकत्ता हाई कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश और भाजपा उम्मीदवार अभिजीत गांगुली को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए चुनाव आयोग ने नोटिस भेजा है। आयोग ने अभिजीत को कारण बताओ नोटिस जारी किया, जिसमें कहा गया कि पूर्व न्यायाधीश की टिप्पणियां बिल्कुल बेतुका, गलत निर्णय वाली, शालीनता की सीमा का उल्लंघन करने वाली और बदसूरत हैं। अभिजीत ने बुधवार को हल्दिया के चैतन्यपुर में एक सभा से मुख्यमंत्री पर टिप्पणी करते हुए कहा था, ममता बनर्जी आप कितने में बिक गईं?%% हल्दिया की सभा का एक वीडियो भी सामने आया है। अभिजीत को वहां यह कहते हुए सुना जा सकता है, ÷तृणमूल का कहना है, रेखा पात्रा को दो हजार रुपये में खरीदा गया था। ममता बनर्जी आप कितने पैसे में बिकती हैं? अगर कोई




आपको आठ लाख रुपये देता है तो उसको नौकरी मिल जाती है, अगर कोई आपको दस लाख रुपये देता है तो राशन खत्म हो जाता है! आपकी कीमत 10 लाख रुपये क्यों है? आप केया सेठ से चेहरे पर मेकअप लगवाती हैं? रेखा पात्रा एक गरीब महिला हैं, लोगों के घरों में काम करती हैं, हमारी उम्मीदवार हैं। इसके लिए उसे दो हजार रुपये में खरीदा जा सकता है? एक महिला होने के नाते वह एक महिला के बारे में ऐसा कैसे कह सकती हैं? मुझे संदेह है कि क्या वह वास्तव में एक महिला हैं! अभिजीत की इन टिप्पणियों का जिक्र करते हुए राज्य की सत्ताधारी पार्टी ने उनकी कड़ी निंदा की। तृणमूल ने अभिजीत के खिलाफ उनकी टिप्पणियों के अंग्रेजी अनुवाद के साथ आयोग में शिकायत भी दर्ज कराई। शुक्रवार को आयोग की ओर से उस शिकायत का जवाब आया। आयोग ने कहा कि तमलुक से बीजेपी उम्मीदवार अभिजीत ने न केवल भद्दी टिप्पणी की, बल्कि चुनाव के दौरान आचार संहिता का भी उल्लंघन किया। इस संबंध में आयोग ने अभिजीत को सोमवार 20 मई को शाम पांच बजे तक अपने बयान पर स्पष्टीकरण देने का आदेश दिया है। आयोग ने पूछा है कि उस टिप्पणी के लिए अभिजीत के खिलाफ सख्त कार्रवाई क्यों न की जाए? आयोग ने यह भी कहा है कि अगर अभिजीत ने समय पर नोटिस का जवाब नहीं दिया तो आयोग यह मान लेगा कि उन्हें इस मामले में कुछ नहीं कहना है और अभिजीत के खिलाफ आचार संहिता का उल्लंघन करने के आरोप में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## श्रीलंका में 10 पाकिस्तानी तस्करों को दस-दस साल की जेल

**कोलंबो (हि.स.)।** 10 पाकिस्तानी नागरिकों को श्रीलंका की एक अदालत ने बड़ी मात्रा में मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप में 10-10 साल की जेल की सजा सुनाई है। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि जब यह मामला छह मई, 2024 को कोलंबो उच्च न्यायालय के समक्ष उठाया गया तो आरोपितों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया और बाद में उन्हें 10 साल जेल की सजा सुनाई गई। उसने बताया कि एक जनवरी, 2020 को पुलिस नारकोटिक्स ब्यूरो और श्रीलंकाई नौसेना द्वारा की गई एक संयुक्त छापेमारी में दस पाकिस्तानी नागरिकों के पास से 581 किलोग्राम और 34 ग्राम संदिग्ध मादक पदार्थ और 614 किलोग्राम आइस (मेथमफेटामाइन) बरामद किया गया था।

# भारत-मंगोलिया की बैठक में द्विपक्षीय रक्षा संबंध मजबूत करने पर हुई चर्चा

**पड़ोसी**

**एक-दूसरे को आध्यात्मिक पड़ोसी मानते हैं भारत और मंगोलिया**

**नई दिल्ली (हि.स.)।** भारत और मंगोलिया के रक्षा मंत्रालयों के बीच 12वीं संयुक्त कार्य समूह (जेडब्ल्यूजी) बैठक 16-17 मई को उलानबटार में हुई। बैठक की सह-अध्यक्षता भारत के रक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव अमिताभ प्रसाद और मंगोलिया के रक्षा मंत्रालय के राज्य सचिव ब्रिगेडियर जनरल गंखुयाग दावगदोरज ने की। बैठक में मंगोलिया में भारत के राजदूत अतुल मल्हारी गोत्सुर्वे भी शामिल हुए।

जेडब्ल्यूजी की बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने दोनों देशों के बीच चल रहे रक्षा सहयोग पर संतोष व्यक्त किया। विभिन्न द्विपक्षीय रक्षा सहयोग




पहलों पर प्रगति की समीक्षा करते हुए इन क्षेत्रों में सहयोग को और बढ़ाने पर चर्चा की गई। दोनों पक्षों ने वर्तमान भू-राजनीतिक स्थिति पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। संयुक्त सचिव ने भारतीय रक्षा उद्योग की क्षमता और योग्यता पर प्रकाश डाला और मंगोलिया के सशस्त्र बलों के साथ एक उपयोगी साझेदारी की आशा व्यक्त की।

मंगोलियाई पक्ष ने भारतीय उद्योग की क्षमता और योग्यता पर विश्वास व्यक्त किया। दोनों पक्षों ने दोनों देशों के बीच बढ़ते संबंधों को भी स्वीकार किया। संयुक्त सचिव और भारतीय राजदूत ने मंगोलिया के उप रक्षा मंत्री बी बयारमग्नई से भी मुलाकात की।

प्रतिनिधिमंडल ने उलानबटार में एक प्रशिक्षण प्रतिष्ठान का दौरा किया और चल रहे जुड़ाव की समीक्षा की। भारत के मंगोलिया के साथ सदियों पुराने ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सभ्यतागत संबंध हैं। दोनों देश एक-दूसरे को आध्यात्मिक पड़ोसी मानते हैं।

# नेपाल की संसद में सत्तापक्ष और प्रतिपक्ष के सांसदों के बीच मारपीट

**गठन**

**विपक्षी दल बिना संसदीय समिति के गठन के गृह मंत्री को सदन में किसी भी हालत में बोलने देने के लिए तैयार नहीं हुए।**



**नेपाल (हि.स.)।** नेपाल में सत्तापक्ष और विपक्ष के सांसदों के बीच गुरुवार को सदन में मारपीट एवं धक्कामुक्की हुई। सत्तापक्ष के नेता तथा पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के साथ भी विपक्षी सांसदों ने धुक्कामुक्की की।

सहकारी घोटाले में संसदीय जांच समिति की मांग पर अड़े विपक्षी नेताओं के साथ सरकार की हर बातचीत बेनतीजा होने के बाद जब सदन की कार्रवाई शुरू हुई तो रोज की तरह विपक्षी सांसद वेल में आकर जमकर नारेबाजी करने लगे। इसी बीच स्पीकर देवराज घिमिरे ने गृह मंत्री रवि लामिछाने को सदन में बोलने देने की इजाजत दी। इजाजत मिलते ही गृहमंत्री लामिछाने अपनी सीट खड़े होकर जब पोडियम की तरफ जाने लगे तो नेपाली कांग्रेस के सांसदों ने उनका रास्ता रोका और गृह मंत्री के खिलाफ ही नाराबाजी करने लगे।

विपक्षी दल बिना संसदीय समिति के गठन के गृह मंत्री को सदन में किसी भी हालत में बोलने देने के लिए तैयार नहीं हुए।

विपक्षी सांसदों की तरफ से गृह मंत्री लामिछाने को पोडियम तक जाने से रोकने पर सत्तापक्ष के प्रमुख नेता केपी शर्मा ओली ने विपक्षी सांसदों को समझाने की कोशिश की। संसद से जारी लाइव फुटेज में दिख रहा है कि ओली नेपाली कांग्रेस के सांसद तथा पार्टी के उपाध्यक्ष धनराज गुरूंग तथा महामंत्री गगन थापा को ऐसा नहीं करने के लिए बोल रहे हैं जिस पर विपक्षी सांसदों ने नाराबाजी और तेज कर दी है। इसपर ओली ने चिल्लाकर विपक्षी सांसदों को वहां से हटने को कहा इस पर विपक्षी सांसद भी ओली के खिलाफ नाराबाजी करने लगे। इतने में ही ओली की पार्टी के सांसदों ने विपक्षी सांसदों के साथ पहले धक्का-मुक्की और फिर हाथापाई पर उतर आए। इसके जवाब में विपक्षी सांसदों ने भी सत्तापक्ष के सांसदों की पिटाई कर दी।

संसद में बिगड़ते माहौल को देखते हुए स्पीकर घिमिरे ने सदन की कार्रवाई को शुक्रवार तक के लिए स्थगित कर दिया। सदन स्थगन के बावजूद करीब आधे घंटे सत्तापक्ष और विपक्ष के सांसदों के बीच धक्का-मुक्की चलती रही।

# नेपाल में संसद भवन के सामने विपक्षी दलों का प्रदर्शन, गृहमंत्री का इस्तीफा मांगा




**काठमांडू (हि.स.)।** सहकारी घोटाला कांड में फंसे नेपाल के उपप्रधानमंत्री तथा गृहमंत्री रवि लामिछाने के इस्तीफे की मांग करते हुए विपक्षी दलों से जुड़े छात्र संगठनों ने शुक्रवार को संसद भवन के आगे विरोध प्रदर्शन किया।

नेपाली कांग्रेस से जुड़े छात्र तथा युवा संगठनों के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने संसद भवन के सामने गृहमंत्री रवि लामिछाने के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। लामिछाने के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शनकारी जबरन संसद भवन के भीतर प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे। इस क्रम में पुलिस के साथ झड़प होने की भी खबर है।

नेपाली कांग्रेस की तरफ से प्रदर्शन में शामिल तरूण दल के नेता सरीन घिमिरे ने बताया कि उनके शांतिपूर्ण प्रदर्शन में पुलिस ने बल प्रयोग किया है। घिमिरे के मुताबिक पुलिस ने एक दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओं को नियंत्रण में लिया है। पुलिस लाठीचार्ज से दर्जनों प्रदर्शनकारियों को चोटें भी आई हैं। नेपाल विद्यार्थी संघ के नेता विवेक ठाकुर ने कहा कि गृहमंत्री के खिलाफ उन लोगों का प्रदर्शन तब तक जारी रहेगा, जब तक गृहमंत्री अपने पद से इस्तीफा नहीं दे देते।

## पीओके में झड़पों के बाद प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने स्थानीय मुद्दों के हल के लिए समिति गठित की

**इस्लामाबाद (हि. स.)।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में हाल के दिनों में हुई झड़प के बाद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने गुरुवार को लोगों की समस्याओं का स्थायी समाधान खोजने के लिए एक समिति के गठन का आदेश दिया।



पीओके में आटे की बहुत अधिक कीमतों और बढ़े हुए बिजली बिलों और करों के खिलाफ हाल में प्रदर्शन कर रहे लोगों और सुरक्षा बलों के बीच झड़प के दौरान एक पुलिसकर्मी और तीन नागरिकों की मौत हो गई थी और कई अन्य लोग घायल हो गये थे।

मुजफ्फराबाद एक दिन के दौरे पर आए शहबाज ने कहा कि लोगों ने अपनी वास्तविक मांगों के लिए आवाज उठाई थी, लेकिन इसके बीच कुछ उपद्रवियों ने दंगा करने की कोशिश की। सरकारी 'रेडियो पाकिस्तान' की खबर के अनुसार, क्षेत्रीय सरकार की कैबिनेट की एक विशेष बैठक को संबोधित करते हुए शहबाज ने स्थानीय मुद्दों पर चर्चा के लिए एक समिति के गठन का आदेश दिया।

# कमला हैरिस ने कहा, अमेरिकी चुनाव प्रक्रिया में भारतवंशियों के अधिक प्रतिनिधित्व की जरूरत

**वाशगिंटन (हि.स.)।** अमेरिका में निर्वाचित पदों पर भारतवंशियों को अधिक प्रतिनिधत्व मिलना चाहिए। यह मांग करते हुए अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने कहा कि भारतीय मूल के अमेरिकियों की संख्या उनकी बढ़ती आबादी को नहीं दर्शाती है। उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा भारतवंशियों को राजनीति में सक्रिय होना चाहिए। कमला हैरिस ने डेमोक्रेटिक पार्टी के थिंक टैंक इंडियन अमेरिकन इंपैक्ट के वार्षिक सम्मेलन में यह बात कही। यह संगठन देश भर में निर्वाचित पदों के लिए चुनाव में उतरने वाले भारतीय अमेरिकियों को समर्थन और धन मुहैया कराता है। उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने भारतवंशियों से खचाखच भरे कक्ष में कहा कि पिछले कुछ वर्षों के दौरान बड़ी संख्या में भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक चुनाव प्रक्रिया में शामिल हुए। लेकिन फिर भी यह संख्या उनकी बढ़ती जनसंख्या के सही अनुपात को नहीं



दर्शाती।वर्तमान में अमेरिकी संसद में भारतीय मूल के पांच निर्वाचित सदस्य हैं, जिसमें डा. अमी बेरा, राजा कृष्णमूर्ति, रो खन्ना, प्रमिला जयपाल और श्री थानेदार शामिल हैं।

अमेरिकन इंपैक्ट का मानना था कि 2024 में अमेरिकी संसद में भारतीय मूल के अमेरिकियों की संख्या बढ़कर 10 हो जाएगी।

राष्ट्रपति पद के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा के संबंध में इंडियन अमेरिकन इंपैक्ट का कहना है कि अमेरिका में भारतवंशी चुनाव परिणाम को भी प्रभावित कर सकते हैं। यह दूसरा सबसे बड़ा अप्रवासी समुदाय है और देश के कई राज्यों में इनकी जनसंख्या लगातार बढ़ रही है।

अवधनामा

लखनऊ, शनिवार, 18 मई, 2024



# दावा: अटाला मस्जिद को अटाला माता मन्दिर बताकर किया गया पेश

- पुरातत्व विभाग के निदेशक की रिपोर्ट एवं विभिन्न पुस्तकों का दिया गया हवाला




अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** सिविल जज सीनियर डिवीजन कोर्ट में अटाला मजिस्द को अटाला माता मंदिर बताते हुए आगरा के अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह ने उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड, प्रबंधन कमेटी अटाला मस्जिद के खिलाफ दावा पेश कर दिया। सिंह ने बताया कि वाद सम्पत्ति अटाला मस्जिद मूल रूप से अटाला माता मंदिर है। ऐतिहासिक स्रोतों के अनुसार अटाला माता मंदिर का निर्माण कन्नौज के राजा जयचंद्र राठौर ने करवाया था। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के प्रथम निदेशक ने अपनी रिपोर्ट लिखा है कि अटाला माता मंदिर को तोड़ने का आदेश फिरोज शाह ने दिया था लेकिन हिंदुओं के संघर्ष के कारण मंदिर को तोड़ नहीं पाया जिस पर बाद में इब्राहिम शाह अतिक्रमण कर मंदिर का उपयोग मस्जिद के रूप में करने लगा। कलकत्ता स्कूल ऑफ आर्ट के प्रिंसिपल ईबी हेवेल ने अपनी पुस्तक में अटाला मस्जिद की प्रकृति व चरित्र को हिन्दू बताया है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के अनेक रिपोर्ट्स में अटाला मस्जिद के चित्र दिए गए हैं जिनमें त्रिशूल, फूल, गुड़हल के फूल, त्रिशूल आदि मिले हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 1865 के एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल के जनरल में अटाला मजिस्द के भवन पर कलश की आकृतियों का होना बताया गया है। अटाला मस्जिद ही अटाला माता मंदिर का मूल भवन है जो कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के अधीन एक संरक्षित स्मारक है और एक राष्ट्रीय महत्व का स्मारक है। सुनवाई के दौरान अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह, उपेंद्र विक्रम सिंह, हिमांशु श्रीवास्तव, इशांत प्रताप सिंह, विमल सिंह, सूर्या सिंह, अभिनव सिंह, रवि प्रकाश पाल, धनंजय तिवारी, राकेश पाल, नीलेश, अजय सोनकर, रेनू, दीपक पाल, तेज बहादुर यादव, विपिन पाल, दिनेश पाल, मान सिंह यादव, संतोष सिंह, अवनीश दुबे, प्रमोद यादव, आर्य संस्कृति संरक्षण ट्रस्ट के प्रदेश अध्यक्ष सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## स्कूली बच्चों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली



**प्रयागराज।** आज भृगु पब्लिक स्कूल के बच्चों ने लाल पुरवा निकट दयाल फैक्ट्री के आस पास के एरिया में मतदाता रैली निकाल कर मतदान करने के लिए लोगो को जागरूक किया।

इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक के. के. दूबे एंव विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रुतु मिश्रा के नेतृत्व में बच्चों ने मतदान जागरूकता से जुड़ी स्लोगन लिखी बैनर और तख्तियों को पकड़कर, शहर के क्षेत्रो में जाकर लोगो को मतदान की आवश्यकता व महत्त्व के बारे में जागरूक किया। रैली में बच्चों ने लोकतंत्र में भागीदारी, हम सबकी जिम्मेदारी, वोट फॉर वॉइस, आप का मतदान लोकतंत्र की जान तरह तरह के नारे लगाकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

# डबल इंजन की सरकार ने बनाया महिलाओं को आत्मनिर्भर

अवधनामा संवाददाता

- भाजपा पदाधिकारियों का दावा महिला स्वयं सहायता समूह परिवार के 11 लाख वोटर हो सकते हैं निर्णायक
- सरकार से मिली 210 करोड़ की मदद

**प्रयागराज।** प्रयागराज जनपद में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ीं तीन लाख से अधिक महिलाओ को डबल इंजन की सरकार ने आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर किया है। भारतीय जनता पार्टी इन महिला लाभार्थियों को लक्षित कर रही है और उसे भरोसा है कि लोकसभा चुनाव में इन महिलाओं का उसे समर्थन मिलेगा। स्वयं सहायता समूह की लाभार्थियों के परिवार के 11 लाख वोटर यहां निर्णायक साबित हो सकते हैं। पीएम नरेन्द्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ विकास के मुद्दे लोकसभा चुनाव में भाजपा को बढ़त की तरफ ले जा रहे हैं। सरकार द्वारा राष्ट्रीय आजीविका मिशन (ग्रामीण) और राष्ट्रीय आजीविका मिशन (शहरी) के अंतर्गत उन ग्रामीण व शहरी महिलाओं को सशक्त और आत्म निर्भर बनाना शुरू किया जिनकी आर्थिक स्थिति कमजोर थी। महिलाएं घरों से बाहर आई, स्वयं सहायता समूहों से जुड़ीं। घर की लक्ष्मी अब हर पल अपने परिवार की समृद्धि की राह बुन रही है। प्रयागराज भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्षा शिखा रस्तोगी बताती हैं कि प्रयागराज के फूलपुर व इलाहाबाद संसदीय क्षेत्रों में आने वाले गांवों में 25 हजार 800 महिला स्वयं सहायता समूह हैं। इन महिला स्वयं सहायता समूहों से लगभग दो लाख 88 हजार महिलाएं जुड़ी हैं। इसी तरह शहरी क्षेत्र में 3 हजार 400 के लगभग स्वयं सहायता समूह हैं जिनसे लगभग 32 हजार महिलाएं जुड़ी हैं। शिखा रस्तोगी का दावा है कि इस लोकसभा चुनाव में समूहों से जुड़ीं 3.11 लाख महिलाओं भाजपा का लक्षित वोटर्स हैं जिसका उन्हें पूरा समर्थन मिलने की उम्मीद है। जानकार मानते हैं कि केंद्र की मोदी सरकार और उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने इन महिला स्वयं सहायता समूह को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई अभिनव योजनाएं चलाई गई हैं। जिसमे स्वरोजगार के लिए आर्थिक मदद देने से लेकर लखपति दीदी जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं शामिल हैं। इन महिला स्वयं सहायता समूह से 11 लाख परिवार जुड़े हैं जिनकी जिंदगी किसी न किसी रूप में इन योजनाओं ने बदली है। मुसहर जाति से ताल्लुक रखने वाली हंडिया ब्लॉक के मुंगराव गांव की प्रमिला उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूह से जुड़ी। उसने बनवासी महिला आजीविका स्वयं सहायता समूह बनाया। प्रमिला बताती हैं कि उनके समूह का गठन 23 सितंबर 2018 को हुआ। इसके बाद 15 हजार रुपये रिवाल्विंग फंड मिला। छह माह बाद एक लाख 10 हजार रुपये सीआइएफ मिला। 10 समूहों की देखरेख के लिए 12 सौ रुपये प्रतिमाह मिलने लगा। अपने साथ ही उसने इलाके की दूसरी महिलाओं को प्रेरित किया।

## आभा मधुर बनी के पी ट्रस्ट की जनसंपर्क अधिकारी

**प्रयागराज।** प्रख्यात उद्घोषिका आभा श्रीवास्तव ,मधुर को कायस्थ पाठशाला ट्रस्ट का जनसंपर्क अधिकारी नियुक्त किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ सुशील सिन्हा जी ने बताया कि कायस्थ पाठशाला ट्रस्ट की गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाने हेतु इनकी नियुक्त की गई है मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि यह अपने पद पर रहते हुए ट्रस्ट की गरिमा को ऊंचाई प्रदान करेगी नियुक्ति के पश्चात उन्होंने बधाई देते हुए कहा कि रचनात्मक व्यक्तित्व के चयन से निः संदेह काश पास साल ट्रस्ट ऊंचाई पर पहुंचेगा। डॉक्टर आभा मधुर के चयन पर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष अरुण चकिया, सिद्धार्थ सिन्हा, अमित श्रीवास्तव गुरुजी, अमित श्रीवास्तव जौनपुरी, मुकेश श्रीवास्तव, साहित्यकार शैलेंद्र मधुर , अनिल शुक्ला जी, सहित शहर के गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।



## संक्षिप्त समाचार

### उभरते कलाकारों ने लोगों के दिलों में बनायी जगह



**जौनपुर। (केराकत)** स्थानीय क्षेत्र के ग्रामसभा टुसौरी के निवासी दुर्गेश मणि अध्यापन कार्य के साथ अपने गायन के क्षेत्र में लोगों के दिल में अपनी जगह बना लिये हैं। साथ में ग्रामसभा जरहिला कला निवासी कॉमेडियन मनीष रावत अध्यापन के साथ गीत–संगीत सहित तमाम नेताओं के आवाज एवं हास्य के लिए जाने जाते हैं। यह दोनों क्षेत्रीय कलाकार क्षेत्र में अपनी कला से लोगों के दिलों में जगह बना लिये हैं। ग्रामसभा छतरीपुर में संचालित गुरु कृपा संगीतालय से सीखे ये दोनों कलाकार पूरे जनपद में अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे हैं। संगीतालय के संचालक विक्रमजीत यादव तबला वादक एवं राय साहब मौर्य द्वारा क्षेत्र के बच्चों को प्रेरित करके गीत–संगीत की शिक्षा दी जाती है। संगीतालय के संरक्षक एवं निवर्तमान डिप्टी डायरेक्टर ओपी राम ने दोनों कलाकारों सराहना किया।

### पत्रकार हत्याकाण्ड का मुख्य आरोपी पुलिस हिरासत से फरार, दरोगा–सिपाही निलम्बित

**जौनपुर। (शाहगंज)** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के इमरानगंज बाजार में बीते 13 मई को पत्रकार आशुतोष श्रीवास्तव की हत्या का आरोपित गो-तस्कर जमीरूद्दीन मुम्बई से जौनपुर लाए जाते समय पुलिस को चकमा देकर मध्य प्रदेश के खंडवा रेलवे स्टेशन से फरार हो गया। बता दें कि पत्रकार की हत्या के मुख्य आरोपी जमीरुद्दीन को पुलिस कस्टडी से फरार होने की खबर मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक जौनपुर डा. अजय पाल शर्मा ने कार्रवाई करते हुए उपनिरीक्षक मंशा राम गुप्ता एवं कांस्टेबल बृजेश मिश्रा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। साथ ही बताया कि मुम्बई सहित आस–पास के पुलिस से सम्पर्क करके आरोपी की तलाश की जा रही है। जल्द ही उसे फिर से गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### जौनपुर में घण्टों खड़ी रही सियालदह ट्रेन

**जौनपुर।** जौनपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन पर 13152 जम्मूतवी से चलकर सियालदह जाने वाली गाड़ी अपने निर्धारित समय रात के 11:55 से 11 घंटा लेट होकर शुक्रवार की सुबह 11 बजे जौनपुर जंक्शन प्लेटफार्म नंबर 1 पर आकर खड़ी हो गयी। घण्टे भर गाड़ी के खड़ी होने के कारण यात्री हलकान व परेशान रहे। स्टेशन अधीक्षक से दूरभाष पर बात करने पर जानकारी मिली कि जफराबाद में ब्लॉक के कारण गाड़ी यहां खड़ी रही। तत्पश्चात ब्लॉक को निरस्त कर गाड़ी को जौनपुर जंक्शन से 12:01 बजे चलायी गयी लेकिन तब तक यात्री काफी परेशान देखे गये।

### प्रेसवार्ता में रोने लगे लोकसभा सदर के प्रत्याशी



**जौनपुर।** समाज विकास क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और लोकसभा सदर से प्रत्याशी अशोक सिंह ने कहा कि भाजपा और कृपा शंकर सिंह की गुंडई का जवाब जनता देगी। हमे चुनाव लड़ने से रोका और परेशान किया जा रहा है। मीडिया से बात करते हुए भावुक होते हुए अशोक सिंह रोने लगे। उन्होंने कहा कि मैं क्षत्रिय हूं भगवान राम का वंशज हूं कभी नहीं झुकूंगा। मैं मर जाऊंगा लेकिन झुकूंगा नहीं। श्री सिंह ने कहा कि हमें पुलिस के द्वारा परेशान किया जा रहा है। भाजपा प्रत्याशी नहीं चाहते कि मैं चुनाव लड़ू। वार्ता के दौरान वो लगातार कृपा शंकर सिंह पर हमलवार रहे। उन्होंने चुनाव आयोग पर भी गंभीर आरोप लगाया है।

## ट्रेन की चपेट में आकर चालीस वर्षीय महिला की घटना स्थल पर मृत्यु

**आजमगढ़।** फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के शाहगंज आजमगढ़ रेल ट्रैक पर जगदीशपुर पांडेय का पूरा गांव के पास शुक्रवार को सुबह छह बजे शाहगंज बलिया पैसेंजर के की चपेट में आने से 40 वर्षीया महिला की मौत हो गई। महिला की ट्रेन के इंजन से सर में काफी चोट लगने से महिला ट्रैक की किनारे आ गई और मौके पर ही मौत हो गई की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जा में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार रेलवे ट्रैक से सटे पांडेय का पूरा गांव निवासिनी प्रमिला यादव (40) पत्नी उमेश यादव शुक्रवार को सुबह गांव के पास से गुजर रहे रेल ट्रैक के पार कर रही थी।

# दबंग सिपाही से परेशान पीड़ित ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ।** जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के सुखमदत्तपुर गांव में गुरुवार को सुबह खेत में गए पीड़ित सुरेश को उसके पट्टीदारों ने मारपीट कर घायल कर दिया। शोर मचने पर बचाने आई उसकी पत्नी तेतरी को भी मारा पीटा। पीड़ित ने जब इसकी शिकायत जीयनपुर कोतवाली पर की तो हमलावर पट्टीदारों में बजरंगी वाराणसी में सिपाही पद पर तैनात होने के चलते स्थानीय पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं की और डांट कर भगा दिया। पीड़ित दंपति ने शुक्रवार को एसपी ऑफिस पहुंचकर एसपी से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित के अनुसार उसके पट्टीदार बजरंगी पुत्र दुखंती सिपाही पद पर तैनात है। बजरंगी, अभिषेक पुत्र दुखंती, आदित्य पुत्र जितेंद्र व अमृता पुत्री जितेंद्र ने पहले खेत में मारपीट की। फिर घर में घुसकर मारपीट की। पहले भी कई बार मारपीट कर चुके हैं। लेकिन स्थानीय पुलिस से कोई न्याय नहीं मिल रहा है।

# अस्पतालों में भी बांटा कांग्रेस पार्टी का मेनिफेस्टो



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** कांग्रेस नेता पार्टी का प्रचार अब अस्पतालों में भी कर रहे हैं। आज कांग्रेसियों ने की अस्पतालों में प्रचार सामग्री बांटी। आज कांग्रेस पार्टी के नेता इरशाद उल्ला मोतीलाल नेहरू जिला चिकित्सालय में पहुंचकर कर तीमारदारों से मरीजो का हाल-चाल पूछा और कांग्रेस का मेनिफेस्टो उनको दिया। इंडिया गठबंधन को सपोर्ट करने के लिए कहा मेनिफेस्टो में 5 गारंटी के बारे में भी बताया। इरशाद उल्ला ने कहा बटन ऐसा दबाव आने वाली पीढ़ी 5 किलो राशन के लिए लाइन में लगने के बजाए नौकरियों के इंटरव्यू में लाइन लगाए। इस अवसर पर उनके साथ फरीद, मोहम्मद जकी, इमरान, समीम आदि मौजूद रहे।

## अज्ञात कारणों से दो रिहायशी मंडई में लगी आग तीन गायों की मौत एक की मौत



**आजमगढ।** स्थानीय थाना क्षेत्र के जखावा गांव में आज को दोपहर 2:00 बजे के लगभग आग लग गई। पन्नालाल पुत्र बांगूर दो मंडई थी। एक पशु के लिए उससे सटी हुई दूसरी मंडई रिहायशी थी। बांगूर दोपहर में मंडई में सो रहे थे। अज्ञात कारणों से आग लग गई बांगूर आनन फानन में बाहर निकाल भाग गए। मंडई में बांधी गई कर गए चार गाये आग की चपेट में आ गई। जिसमें तीन गाय की मौत हो गई चौथी गाय बुरी तरह झुलस गई उसमें रखा हुआ 5 कुंतल गेहूं 3 कुंतल चावल चार तक था दो चारपाई गद्दा रजाई बिस्तर मंडई रखा दो हजार रुपए सब कुछ जलकर राख हो गया। ग्रामीणों की मदद से आपको बुझाई गई।

# तेज धूप के आगे लोग बेबस, पारा 44 के पार, लू की चेतावनी

अवधनामा संवाददाता

- चार दिनों तक लू चलने की संभावना, हीट वेव के मरीजों के लिए बेड आरक्षित

**प्रयागराज।** गर्मी ने एक बार फिर से अपना प्रचंद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। इसकी वजह से शुक्रवार को अधिकतम तापमान 44.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया जबकि न्यूनतम तापमान 26.5 डिग्री सेल्सियस रहा। ऐसे में सूर्य की तपिश से पूरे दिन लोगों को जूझना पड़ा।

आलम यह रहा कि सुबह दस बजे के बाद तेज धूप की वजह से लोगों का एक भी कदम चलना दुश्वार रहा। यहाँ दिन चढ़ने के साथ ताप की तीव्रता बढ़ती ही गयी। वहीं दूसरी ओर मौसम वैज्ञानिकों ने चार दिनों तक हीट वेव की चेतावनी दी है। मुख्य चिकिलाधिकारी डॉ. आशु पांडेय ने जिले के सभी अस्पतालों व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में हीट वेव के मरीजों के लिए व्यवस्थाएं चुस्त दुरुस्त रखने का निर्देश दिया है। हालांकि हीट वेव के मरीजों के लिए स्वरुप रानी नेहरु अस्पताल (एसआरएन), तेज बहादुर सप्रू अस्पताल, मोती लाल नेहरू मंडलीय चिकित्सलप में हीट वेव के मरीजों के लिए बेड आरक्षित करा दिए गए हैं। डॉक्टरों की टीम को हीट वेव के मरीजों को त्वरित रूम से स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से लोगों को हीट वेव से बचाने के दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।


## फार्मेट सी-1

**(अभ्यर्थी के द्वारा समाचार पत्रों, दूरदर्शन में प्रकाशित करने हेतु)**
**आपराधिक प्रकरणों के संबंध में घोषणा-**

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार)

**अभ्यर्थी का नाम एवं पता:** अवधेश प्रसाद म.नं. 59 पूरे लच्छन तिवारी, ग्राम व पोस्ट-सुरवारी, तहसील-सोहावल जिला-अयोध्या

**राजनैतिक दल का नाम:** समाजवादी पार्टी

**(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां 'निर्दलीय' लिखें):**

**निर्वाचन का नाम:** लोकसभा

**निर्वाचन क्षेत्र का नाम:** 54-फैजाबाद (सामान्य)

मैं **अवधेश प्रसाद** (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूं:-

**(ए) लंबित आपराधिक प्रकरण**

| क्रम सं. | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ओं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अपर मुख्य-न्यायाधीश द्वितीय-फैजाबाद (अयोध्या) | 534/12 लंबित | लंबित | 188 आईपीसी, आचार संहिता का उल्लंघन |

**(बी)दण्डनीय अपराधों के लिए सजा के प्रकरणों का विवरण**

| क्रम. सं. | न्यायालय का नाम एवं आदेश (आदेशों) की तिथि (तिथियां) | कार्यालय (यों)और लगायी गयी सजा का विवरण | लगाया गया अधिकतम दंड |
|---|---|---|---|
| | शून्य | शून्य | शून्य |

राज्य सभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

## फार्मेट सी-2

**(राजनीतिक दल द्वारा वेबसाइट, समाचार-पत्रों/ टी.बी. में प्रकाशन हेतु)**
**पार्टी द्वारा खड़े किए गए अभ्यर्थियों के अपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में घोषणा-**

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार)

**नाम और राजनैतिक दल का नाम:** अवधेश प्रसाद, समाजवादी पार्टी

**निर्वाचन का नाम:** लोकसभा का निर्वाचन-2024

**राज्य/संघ शासित क्षेत्र का नाम:** उत्तर प्रदेश

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्रम सं. | निर्वाचन क्षेत्र का नाम | अभ्यर्थी का नाम | (ए) लंबित आपराधिक प्रकरण | | (बी)दण्डनीय अपराध का दोषसिद्धि प्रकरण के संबंध में विवरण | | |
| | | | न्यायालय का नाम, प्रकरण संख्या एवं प्रकरण (नों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों के अनुभाग और अपराध (ओं) का संक्षित विवरण | न्यायालय का नाम एवं आदेशों की तिथि (यां) | अपराध(धों) का विवरण और लगाया गया दण्ड | अधिकतम लगाया गया दण्ड |
| 1 | 273-मिल्कीपुर (अ.जा.) | अवधेश प्रसाद | अपर मुख्य न्यायाधीश द्वितीय फैजाबाद (अयो.) 534/12 लंबित | 188 आईपी.सी. आचार संहिता का उल्लंघन | शून्य | शून्य | शून्य |

राज्य सभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।


## चिलचिलाती धूप और गर्मी से परेशान लोगों को प्रयास ने दी राहत

**आजमगढ़।** चिलचिलाती धूप और गर्मी से परेशान हो रहे आमजन की पीड़ा को देखकर प्रयास सामाजिक संगठन द्वारा इससे थोड़ा राहत दिलाने के उद्देश्य से शीतल रूह अफ्जा शरबत की व्यवस्था बनाई गई। -जिसे आज रोडवेज पर चलाया गया, सैकड़ो यात्रियों सहित रोडवेज के ड्राइवर कंडक्टरों ने इसका आनंद उठाया तथा संगठन के कार्यो की सराहना की। संगठन के साथी इसे निरंतर ऐसे पब्लिक प्लेसों पर लगाने का प्रयास करेंगे जहां ज्यादा से ज्यादा लोग इसका लाभ उठा सकें। -संगठन के पदाधिकारी राजीव कुमार शर्मा जी ने बताया कि प्रयास द्वारा गर्मी को देखते हुए संस्था द्वारा एक छोटा सा प्रयास किया जा रहा है आगे हम नगर के तमाम चट्टी चौराहों पर शरबत लगवाने का प्रयास करेंगे जिससे गर्मी से थोड़ा निजात मिल सके।

# वाक फार वोट में पैदल चलकर युवाओं ने मतदान के लिये किया प्रोत्साहित

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** जिलाधिकारी रविन्द्र मॉदड़ के निर्देशन में चल रही स्वीप गतिविधियों के तहत शुक्रवार को माध्यमिक शिक्षा विभाग के नेतृत्व में ''वाक फार वोट'' कार्यक्रम का आयोजन हुआ जहां विभिन्न इन्टर कालेज के छात्र-छात्राओं, खिलाड़ियों व अधिकारियों एवं आम लोगों ने पैदल चल कर मतदान करने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया। लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए आयोजित ''वाक फार वोट'' को नगर पालिका परिषद प्रांगण से एडीआईओएस राजीव रंजन, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल व जिला क्रीड़ा अधिकारी डा0 अतुल सिन्हा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जो कोतवाली चौराहा, चहारसू, शाही पुल, ओलन्दगंज, जोगियापुर होते हुए कलेक्ट्रेट परिसर तक गई जहां उपस्थित लोगों को मतदान की शपथ दिलाते हुए अन्य लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने हेतु संकल्प दिलाया गया। वाक फार वोट में युवा, मतदाता जागरूकता बैनर, तख्ती, पोस्टर लिए, नारा लगाते पैदल चलकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित कर रहे थे। स्वीप अभियान के तहत आयोजित वाक फार वोट लोगों के आकर्षण का केंद्र बना रहा। इस दौरान एडीआईओएस राजीव रंजन, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल, क्रीड़ा अधिकारी डा अतुल सिन्हा सहित तमाम वक्ताओं ने 25 मई को मतदान करने की अपील किया। कार्यक्रम का संचालन जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा ने किया। इस अवसर पर उप क्रीड़ा अधिकारी चंदन सिंह, प्रधानाचार्य, शिक्षक, शिक्षिकाएं आदि उपस्थित रहे।

# शेयर बाजार में दूसरे दिन तेजी का रुख

## सेंसेक्स और निफ्टी ने निचले स्तर से की रिकवरी

**नई दिल्ली (हि.स.)।** घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत मामूली तेजी के साथ हुई थी लेकिन शुरुआती कारोबार में ही बिकवाली के दबाव के कारण शेयर बाजार ने लाल निशान में गोता लगा दिया। हालांकि, पहले 1 घंटे के कारोबार के बाद खरीदारों ने बाजार में लिवाली शुरू कर दी, जिसके कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक रिकवरी करके हरे निशान में पहुंचने में सफल रहे। दिन भर की खरीद बिक्री के बाद सेंसेक्स 0.34 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ, जबकि निफ्टी ने 0.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज के कारोबार के दौरान ऑटोमोबाइल और मेटल सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक खरीदारी होती रही। इसके अलावा बैंकिंग, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्युरेबल्स, एफएमसीजी, हेल्थ केयर, ऑयल एंड गैस और



पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहे। दूसरी ओर, आईटी और टेक इंडेक्स में गिरावट दर्ज की गई। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 1.18 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.39 प्रतिशत की तेजी के साथ आज की कारोबार का अंत किया। आज बाजार में आई तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में पौने तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 410.23 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 407.35 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 2.88 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 3,939 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,403 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,409 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 127 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,284 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,493 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 791 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 16 शेयर बढ़त के साथ और 14 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल शेयरों में से 25 शेयर हरे निशान में और 25 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 47.59 अंक की तेजी के साथ 73,711.31 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण ये सूचकांक 203.92 अंक टूट कर 73,459.80 अंक तक गिर गया। हालांकि, पहले 1 घंटे का कारोबार खत्म होने के बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिसकी वजह से इस सूचकांक ने थोड़ी ही देर में रिकवरी कर हरे निशान में अपनी जगह बना ली। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक 407.12 अंक उछल कर 74,070.84 अंक के स्तर तक पहुंच गया। पूरे दिन हुई खरीद बिक्री के बाद सेंसेक्स ऊपरी स्तर से करीब डेढ़ सौ अंक फिसल कर 253.31 अंक की मजबूती के साथ 73,917.03 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

# गरवारे हाईटेक फिल्म्स के एप्लीकेशन स्टूडियो का इंदिरा नगर में हुआ शुभारंभ

**लखनऊ।** भारत के सबसे बड़े ऑटोमोबाइल पेंट प्रोटेक्शन फिल्म तथा विंडो फिल्म के निर्माता गरवारे हाईटेक फिल्म्स के फिल्म एप्लिकेशन स्टूडियो का शुभारंभ इंदिरा नगर स्थित सिग्मा ऑटोमोबाइल किया गया । इस गरवारे फिल्म एप्लीकेशन स्टूडियो का संचालन सिग्मा ऑटोमोबाइल के द्वारा किया जाएगा। गरवारे हाईटेक फिल्म्स भारत सहित विश्व के 90 से अधिक देशों में अपनी बनाई हुई फिल्म्स निर्यात करते हैं । गरवारे हाईटेक फिल्म्स के इंदिरा नगर स्थित फिल्म एप्लीकेशन स्टूडियो के शुभारंभ के अवसर पर गरवारे हाईटेक फिल्म्स के वाइस प्रेसिडेंट धर्मेंद्र कपूर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए तथा इनके साथ ही जोनल सेल्स मैनेजर अर्जुन सूरी , रीजनल सेल्स मैनेजर प्रशांत श्रीवास्तव , एरिया सेल्स मैनेजर मोहम्मद फैजान के साथ ही सिग्मा ऑटोमोबाइल के अरुण गुप्ता उपस्थित रहे । इस अवसर पर गरवारे हाईटेक फिल्म्स के वाइस प्रेसिडेंट धर्मेंद्र कपूर ने कहा कि हमारी बनाई हुई फिल्म्स अंतरराष्ट्रीय स्तर की होती



हैं तथा भारत सहित विश्व के 90 देशों में हम अपनी फिल्म्स का निर्यात करते हैं ।

धर्मेंद्र कपूर ने कहा कि हमारे इस इंदिरा नगर स्थित फिल्म एप्लिकेशन स्टूडियो के साथ हमारे लखनऊ में 4 एप्लीकेशन स्टूडियो हो गए हैं तथा ईस्ट यूपी में हमारे 10 स्टूडियो सफलतापूर्वक अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

इस अवसर पर गरवारे हाईटेक फिल्म्स के इंदिरा नगर स्थित फिल्म एप्लीकेशन स्टूडियो की संचालक कंपनी सिग्मा ऑटोमोबाइल्स के अरुण गुप्ता ने कहा कि गरवारे हाईटेक फिल्म्स के साथ जुड़कर हम लखनऊ में ऑटोमोबाइल पेंट प्रोटेक्शन फिल्म तथा विंडो फिल्म की विश्व स्तरीय गुणवत्ता प्रदान करेंगे ।

# मोटोरोला ने प्रीमियम एज फ्रेंचाइजी के नवीनतम संस्करण एज 50 फ्यूज़न लॉन्च किया



**नई दिल्ली।** भारत के सबसे तेजी से बढ़ते एंड्रॉइड ब्रांड मोटोरोला ने, आज अपनी प्रीमियम एज फ्रेंचाइजी के नवीनतम संस्करण मोटोरोला एज 50 फ्यूजन को लॉन्च कर दिया है। मोटोरोला एज 50 फ्यूज़न ने अपने सेगमेंट की कई सर्वश्रेष्ठ सुविधाओं के साथ 25 हजार से कम कीमत वाले स्मार्टफोन सेगमेंट में हलचल मचा दी है। यह अपने प्राइमरी कैमरे में इस सेगमेंट का सबसे उन्नत सोनी-एलवायटीआईए 700सी सेंसर, स्मार्ट वॉटर टच तकनीक के साथ सेगमेंट का एकमात्र आईपी68 अंडरवाटर प्रोटेक्शन और कॉर्निंगो गोरिल्ला ग्लास 5 प्रोटेक्शन के साथ सेगमेंट का सबसे चमकीला 144हर्ट्ज़ 10-बिट पोलेड 3डी कर्व्ड डिस्प्ले पेश करता है। इसके अतिरिक्त, मोटोरोला एज 50 फ्यूज़न में स्नैपड्रैगन 7एस जेन 2 प्रोसेसर, 12जीबी तक इन-बिल्ट रैम और 256जीबी स्टोरेज, इसकी विशाल 5000एमएएच बैटरी के लिए 68वॉट का तेज़तर्रार चार्जर और 4 साल के सुरक्षा अपडेट के साथ 3 ओएस अपग्रेड का आश्वासन दिया गया है। इसके साथ-साथ, टिकाऊ पैकेजिंग और उत्पाद डिजाइन की गुणवत्ता को आगे बढ़ाते हुए, यह स्मार्टफोन एक पर्यावरण-हितैषी पैकेजिंग में आता है, जो प्लास्टिक से मुक्त है तथा इसमें रिसाइकल की गई व रिसाइकल करने योग्य सामग्री का उपयोग किया जाता है। मोटोरोला एज 50 फ्यूज़न, 50एमपी 2.0यूएम अल्ट्रा पिक्सेल वाले मेन ओआईएस कैमरा से लैस है, जिसमें अंधेरे माहौल में अल्ट्राफास्ट प्रदर्शन करने के लिए इस सेगमेंट का सबसे उन्नत सोनी एलवायटीआईए एलवायटी-700सी सेंसर लगा हुआ है। अपनी 2.0 म्यूएम अल्ट्रा पिक्सेल तकनीक की बदौलत 50एमपी कैमरा रात के समय बेहतरीन तस्वीरें निकालता है जो ज्यादा रोशनी कैप्चर करता है, और 1.5 गुना बड़े पिक्सेल के कारण 4गुना बेहतर प्रकाश संवेदनशीलता देता है। प्राइमरी कैमरा ओआईएस (ऑप्टिकल इमेज स्टेबिलाइज़ेशन) से लैस है, जो अनचाहे कैमरा मूवमेंट के कारण पैदा हुई धुंधली तस्वीरों और वीडियोज को अपनेआप ठीक कर लेता है और एकदम स्पष्ट तस्वीरें निर्मित करता है। सेकेंडरी कैमरा 13एमपी का अल्ट्रा वाइड-एंगल कैमरा होता है, जिसमें व्यापक अल्ट्रावाइड शॉट्स के लिए 120ए पीओवी मौजूद है तथा यह फ्रेम में 4 गुना बड़े दृश्य को फिट कर लेता है। सेकेंडरी कैमरे में मैक्रो विज़न की सुविधा भी मौजूद है, जिसे किसी आम लेंस की तुलना में उपयोगकर्ता को सब्जेक्ट के 4गुना करीब लाने के लिए एकीकृत किया गया है। पीछे के दोनों कैमरे 4ज्ञ वीडियो रिकॉर्डिंग को भी सपोर्ट करते हैं। इसके अतिरिक्त, एज 50 फ्यूज़न में क्वाड पिक्सेल तकनीक वाला 32एमपी का एक सेल्फी कैमरा लगाया गया है, जो 4के वीडियो रिकॉर्डिंग को सपोर्ट करता है, और ऐसा करने वाला यह सेगमेंट का एकमात्र सेल्फी कैमरा है। क्वाड पिक्सेल तकनीक 4गुना बेहतर कम-रोशनी संवेदनशीलता और शानदार नतीजे देने के लिए हर चार पिक्सेल को सिर्फ एक गिनती है, चाहे कैसी भी रोशनी हो।

मोटोरोला एज 50 फ्यूज़न, पूरी तरह से एकीकृत कैमरा हाउसिंग के साथ एक अंतहीन प्रीमियम एज डिजाइन तथा डिस्प्ले के निर्बाध संचालन के लिए स्मार्ट वॉटर टच तकनीक के साथ सेगमेंट का एकमात्र आईपी68 अंडरवाटर प्रोटेक्शन पेश करता है। इसका एक-सा घुमावदार भराव इसे उपयोगकर्ता के हाथों की प्राकृतिक बनावट के साथ पूरी तरह से संरेखित करके पकड़ने में आरामदायक बनाता है। इस सेगमेंट का एक सबसे हल्का स्मार्टफोन होने के नाते, बेहद पतले मोटोरोला एज 50 फ्यूजन का वजन मात्र 175 ग्राम है और यह सिर्फ 7.9 मिमी मोटा है।

# सैमको म्यूचुअल फंड ने सैमको स्पेशल अपॉर्चुनिटी फंड (विशेष अवसर निधि) पेश किया

## पोटेंशियल ग्रोथ का लाभ उठाने का प्रभावी तरीका

**लखनऊ।** सैमको एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड, एक प्रतिष्ठित निवेश प्रबंधन फर्म, स्पेशल अपॉर्चुनिटीज फंड यानी विशेष अवसर निधि (एसओएफ) के लॉन्च की घोषणा करते हुए रोमांचित है। इस अनूठे फंड को बाजार के अवसरों की पहचान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिसका लक्ष्य कम मूल्य वाले या उपेक्षित अवसरों के माध्यम से दीर्घकालिक पूंजी वृद्धि दर्ज करना है। इस फंड के खुलने की तारीख 17 मई, 2024 है और 31 मई, 2024 को क्लोज होगा।

सैमको म्यूचुअल फंड का स्पेशल अपॉर्चुनिटीज फंड एक डिस्रप्शन स्ट्रेटेजी पर तैयार किया गया है जिसमें डिजिटलीकरण, इनसाइडर मिरर ट्रेडिंग, स्पिन ऑफ और कॉर्पोरेट एक्शंस, सुधार-नियामक, सरकार, अंडरवैल्यूड होल्डिंग कंपनियां, प्रीमियमाइजेशन, ट्रेंड्स सस्टेनेबल, इनोवेशन और टेक्नोलॉजिकल डिस्रप्शन, संगठित बदलाव, नए और उभरते क्षेत्र सहित 10 अलग-अलग उप-रणनीतियां शामिल हैं।

इस मॉडल में 10 उप-रणनीतियां निवेशकों के लिए संभावित विकास और मूल्य की तलाश करने के लिए जोखिम और विशेष परिस्थितियों का लाभ उठाते हुए, विविध प्रकार के निवेश विचारों को सामने लाते हुए व्यवस्थित दृष्टिकोण को सक्षम बनाती हैं। डायनेमिक फ्लेक्सिबिलिटी फंड की एक प्रमुख विशेषता है, जो इसे सभी क्षेत्रों और विषयों में निर्बाध रूप से घूमने की अनुमति देती है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि यह उभरते रुझानों को पकड़ने और बाजार की बदलती गतिशीलता को भुनाने के लिए तैयार है।

सैमको म्यूचुअल फंड के सीईओ विराज गांधी ने कहा, सैमको म्यूचुअल फंड में, हमारा मिशन निवेशकों को अत्याधुनिक और विश्वसनीय वित्तीय समाधानों के साथ सशक्त बनाना है। गतिशीलता और अनुकूलनशीलता सैमको स्पेशल अपॉर्चुनिटीज फंड के मूल में हैं। हमारा फंड डायनेमिक फ्लेक्सिबिलिटी का उदाहरण है, जो निवेश जगत में क्षेत्रों और विषयों के लगातार बदलते परिदृश्य को समझने के लिए महत्वपूर्ण है। SAMCO SOF को यूनिवर्सल निर्देशित होता है, जिसका अर्थ यह है कि यह अपने निवेश के दायरे को एक विशिष्ट बाजार पूंजीकरण वाली कंपनियों तक सीमित नहीं करता है। यह रणनीति फंड को लार्ज-कैप से लेकर माइक्रो-कैप कंपनियों तक, पूरे मार्केट स्पेक्ट्रम में विशेष स्थितियों को जांचने और उससे लाभ उठाने की अनुमति देती है। खुद को एक विशेष सेगमेंट तक सीमित न रखते हुए, फंड निवेश के सभी संभावित अवसरों की एक विस्तृत श्रृंखला का पीछा करने में सक्षम बनाता है, साथ ही बाजार के विविध और कभी-कभी कम खोजे गए क्षेत्रों का दोहन करके पूंजीगत प्रशंसा की अपनी क्षमता को बढ़ाता है। सैमको म्यूचुअल फंड के सीआईओ उमेशकुमार मेहता कहते हैं, कर दक्षता सैमको स्पेशल अपॉर्चुनिटीज फंड की एक और आधारशिला है। आंतरिक रूप से थेमेटिक इन्वेस्टमेंट्स का प्रबंधन करके, हमारा लक्ष्य निवेशकों द्वारा विभिन्न थेमेटिक फंडों की लगातार खरीद और बिक्री से जुड़े कर निहितार्थों को रोकना है।

# पश्चिममध्य रेलवे में कोयला 90 प्रतिशत एवं क्लिंकर में 40 प्रतिशत से अधिक हुआ माल

**जबलपुर (हि.स.)।** पमरे ने चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल माह में गुड्स ट्रैफिक में 04.51 मिलियन टन फ्रेट लोडिंग की और राजस्व 454 करोड़ 18 लाख रूपये अर्जित किया है। अप्रैल माह में मण्डल वाइस फ्रेट लोडिंग और रेल राजस्व अर्जित किया जो इस प्रकार है। जबलपुर मण्डल ने माल लदान में 3.30 मिलियन टन फ्रेट लोडिंग की और रेल राजस्व 294 करोड़ 10 लाख रूपये अर्जित किया है। भोपाल मण्डल ने माल लदान में 0.56 मिलियन टन फ्रेट लोडिंग की और रेल राजस्व 67 करोड़ 91 लाख रूपये अर्जित किया है। कोटा मण्डल ने माल लदान में 0.65 मिलियन टन फ्रेट लोडिंग की और रेल राजस्व 92 करोड़ 17 लाख रूपये अर्जित किया है। उल्लेखनीय है कि पश्चिम मध्य रेल पर गुड्स लोडिंग में कमोडिटी वाइज लोडिंग मुख्यतः 10 सामग्रियों का लदान किया जाता है, जिसमें 28 प्रतिशत सीमेंट, 19 प्रतिशत कोयला, 13 प्रतिशत क्लिंकर, 13 प्रतिशत खाद्यान्न, 10 प्रतिशत खाद, 05 प्रतिशत आयरन ओर तथा 02 प्रतिशत कन्टेनर है, जो कि माल यातायात का कुल 90 प्रतिशत होता है। पमरे पर माल लदान के लिए 120 से भी अधिक गुड्स शेड एवं साइडिंग्स हैं। पश्चिम मध्य रेल ने अप्रैल माह से कुछ कमोडिटी लोडिंग में बेहतर प्रदर्शन किया, जो इस प्रकार है। कोल लोडिंग में 1.01 मिलियन टन का माल लदान और पिछले वर्ष 0.52 मिलियन टन माल लदान की तुलना में 92 प्रतिशत अधिक लोडिंग हुई। क्लिंकर लोडिंग में 0.72 मिलियन टन का माल लदान और पिछले वर्ष 0.50 मिलियन टन माल लदान की तुलना में 44 प्रतिशत अधिक लोडिंग हुई। पीओएल ट्रैफिक (पेट्रोलियम, ऑइल एंड लुब्रीकेंट) में 0.08 मिलियन टन का माल लदान कर पिछले वर्ष 0.06 मिलियन टन माल लादान की तुलना में 33 प्रतिशत अधिक लोडिंग हुई है। पश्चिम मध्य रेल द्वारा माल यातायात में फ्रेट लोडिंग और रेल राजस्व की उत्तरोत्तर वृद्धि के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है ओर आगे भी जारी रखेगा।

# अमेज़न मिनीटीवी ने जमनापार का दिल को लुभाने वाला ट्रेलर रिलीज़ किया है

**■ दर्शक 24 मई से सिर्फ अमेज़न मिनीटीवी पर बिना किसी शुल्क के जमनापार की स्ट्रीमिंग का आनंद ले सकेंगे**

**मुंबई।** अमेज़न की निःशुल्क वीडियो स्ट्रीमिंग सेवा, अमेज़न मिनीटीवी अपनी आने वाली एस्पिरेशनल ड्रामा सीरीज़, जमनापार की बड़ी मनमोहक कहानी के साथ दर्शकों के दिलों में जगह बनाने के लिए तैयार है। अमेज़न की स्ट्रीमिंग सेवा ने आज इस सीरीज़ का ऑफिशल ट्रेलर रिलीज़ किया, जो शांतनु बंसल उर्फ़ शैंकी की दुनिया की झलक दिखाता है। पूर्वी दिल्ली के छोटे-छोटे घरों से लेकर दक्षिणी दिल्ली की आलीशान गगनचुंबी इमारतों तक, यह कहानी शैंकी की ज़िंदगी के इर्द-गिर्द घूमती है जो अपने वजूद की तलाश करने के सफ़र पर निकलता है और अपनी जड़ों पर गर्व करता है। जमनापार 24 मई से सिर्फ अमेज़न मिनीटीवी पर मुफ्त में स्ट्रीमिंग



के लिए उपलब्ध होगा, जिसमें ऋत्विक सहोरे, वरुण बडोला, रघु राम, सृष्टि गांगुली रिंदानी और अंकिता सहगल सहित कई होनहार कलाकारों ने अहम किरदार निभाए हैं। पूर्वी दिल्ली में रहने वाला शैंकी अपनी परवरिश को लेकर काफी चिंतित है और उसे लगता है कि अगर दक्षिणी दिल्ली की चकाचौंध भरी दुनिया में नौकरी मिल जाए तो उसकी ज़िंदगी भी कामयाब और खुशहाल हो जाएगी। लेकिन जैसे ही वह ऐसा कदम उठाता है, उसे अपने परिवार को भूलकर सिर्फ अपने बारे में सोचने और नैतिकता की बलि चढ़ाने की कीमत पर तरक्की करने की उलझनों का सामना करना पड़ता है! शैंकी की यह कहानी परिवार, दोस्ती और खुद को पहचानने की अहमियत पर जोर देती है, जो सीखता है कि सच्ची खुशी केवल अपनी जड़ों से जुड़ने और हमें एक साथ बांधने वाले नातों को संजोकर रखने से ही मिल सकती है। इस मौके पर अमेज़न मिनीटीवी के कंटेंट हेड, अमोघ दुसाद ने कहा, जमनापार इस बात को दर्शाता है कि हम दिल को छू लेने वाले और सोचने पर मजबूर कर देने वाले कंटेंट्स की पेशकश करने के अपने इरादे पर अटल हैं, जिनसे जीवन के सभी क्षेत्रों के दर्शक जुड़ाव महसूस करते हैं। इस सीरीज की थीम आज के जमाने के लिहाज से बिल्कुल सही है, जो तरक्की और विकास के साथ इंसान की जड़ों, उसकी पहचान और रिश्ते-नातों के बीच परस्पर जुड़ाव तथा उत्पन्न होने वाले टकरावों को सामने लाती है। ऋत्विक सहोरे ने इस सीरीज़ का हिस्सा बनने के बारे में बात करते हुए कहा, एक एक्टर के तौर पर जमनापार में शैंकी का किरदार निभाना मेरे लिए बड़े पैमाने पर बदलाव लाने वाला अनुभव रहा है। अपनी जड़ों और अपने अरमानों के बीच तालमेल बिठाने के लिए शैंकी का संघर्ष मेरे दिल की गहराइयों में बस गया है और उसकी कहानी को दर्शकों के सामने पेश करने का मौका मिलना मेरे लिए बड़े सम्मान की बात है। मुझे खुशी है कि यह सीरीज़ अमेज़न मिनीटीवी पर उपलब्ध होगी और देश भर के दर्शकों तक पहुंचेगी, और इस दिलचस्प कहानी से उन सभी का भरपूर मनोरंजन होगा। मैंने शैंकी के किरदार के ज़रिये अपनी पहचान को अपनाने के साथ-साथ परिवार और दोस्ती के बंधन को संजोने की अहमियत सीखी है। मुझे उम्मीद है कि उसके सफ़र से हमारे दर्शकों को भी प्रेरणा मिलेगी और वे अपनी जड़ों की ताकत को पहचानेंगे। इस सीरीज़ में सारा का किरदार निभाने वाली सृष्टि गांगुली रिंदानी ने कहा, ÷सच कहूँ तो जमनापार का हिस्सा बनना मेरे लिए बड़ा रोमांचक अनुभव रहा है। यह सीरीज़ मनमोहक होने के साथ-साथ बेहद संजीदा भी है, जो इंसान की अपनी पहचान, परिवार और सपनों को पूरा करने के अरमान की पेचीदगियों को बखूबी उजागर करती है। इस प्रोजेक्ट पर काम करने से मुझे एक अभिनेता और एक इंसान के रूप में ज़िंदगी की गहरी सच्चाइयों को जानने का मौका मिला।

# भारत को विनिर्माण क्षेत्र में तेजी लाने की जरूरतः निर्मला सीतारमण

**नई दिल्ली (हि.स.)।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतामरण ने शुक्रवार को कहा कि भारत को वैश्विक विनिर्माण में हिस्सेदारी बढ़ानी चाहिए। उन्होंने कहा कि देश को वैश्विक मूल्य श्रृंखला में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने और आत्मनिर्भर बनने के लिए अपने विनिर्माण क्षेत्र में तेजी लाने की जरूरत है।

वित्त मंत्री ने यहां भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक बिजनेस समिट 2024 को संबोधित करते हुए यह बात कही। सीतारमण ने सीआईआई व्यापार शिखर सम्मेलन में भारतीय उद्योग जगत के प्रमुखों को संबोधित करते हुए उत्पाद निर्माण और नीति समर्थन में अधिक परिष्करण हासिल करने की जरूरत को भी रेखांकित किया।

उन्होंने अपने संबोधन में जोर देकर कहा कि मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देकर भारत न केवल घरेलू मांग को अधिक प्रभावी ढंग से पूरा कर सकता



है बल्कि आयात पर निर्भरता भी कम कर सकता है। इस तरह आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि सीआईआई द्वारा दिए गए सुझावों को जुलाई के बजट में एकीकृत किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि भारतीय उद्योग परिसंघ हमेशा अपने और देश के सामने सरकार के साथ मिलकर काम करने का दृष्टिकोण रखा है। इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित किया है कि वैश्विक स्तर पर उद्योग साझेदारी एक स्पष्ट मार्ग अपनाए, ताकि वैश्विक चुनौतियों का सामना किया जा सके।

# आईकू ने उत्तर प्रदेश में लॉन्च किया आईकू जेड 9 एक्स

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए, हाई-परफॉर्मेंस स्मार्टफोन ब्रांड आईकू ने आज लखनऊ में अपना बिल्कुल नया फुल डे, फुली लोडेड स्मार्टफोन




- iQOO Z9× पेश किया। ब्रांड की राज्य में उल्लेखनीय वृद्धि हुयी है, पिछले एक वर्ष में 12% की वृद्धि और पहली तिमाही 2024 में लगातार आईकू की कुल बिक्री में 10% का योगदान हुआ है, जो अलग अलग प्राइस रेंज में इनोवेशन के प्रति हमारी अथक प्रतिबद्धता को दर्शाता करता है। आईकू Z सीरीज़ ने लगातार उत्तर प्रदेश में प्यार और सराहना हासिल की है और पिछले 18 महीनों से यूपी में सबसे अधिक बिकने वाली सीरीज़ में से एक है, जो भारत के शीर्ष तीन राज्यों में शुमार है। अपनी उपस्थिति को और बढ़ाते हुए, आईकू ई-स्टोर की बिक्री में यूपी से 14.5% का शानदार योगदान मिला है। Z सीरीज की सफलता को देखते हुए, आईकू ने लॉन्च किया है फुल डे, फुली लोडेड स्मार्टफोन iQOO Z9× जो इस सेगमेंट में सबसे बेहतरीन फीचर्स के साथ आता है और परफॉर्मेंस को पसंद करने वाले यूज़र्स की सभी जरूरतों को पूरा करेगा। इसकी कीमत 4GB + 128GB के लिए 12,999 रुपये (इफेक्टिव प्राइस - 11,999 रुपये), 6GB + 128GB के लिए 14,499 रुपये (इफेक्टिव प्राइस - 12,999 रुपये) और 8GB + 128GB के लिए 15,999 रुपये (इफेक्टिव प्राइस - 14,499 रुपये) रखी गई है। 6000mAh की बैटरी वाला यह सबसे स्लिमेस्ट स्मार्टफोन (7.99mm) आपके रोजमर्रा के एंटरटेनमेंट और एडवेंचर के लिए काफी अच्छा साथी है, जो एक बार चार्ज करने पर पूरे दो दिन चलता है। इस पावरहाउस में स्नैपड्रैगन® 6 जेन 1 मोबाइल प्लेटफॉर्म है जो नवीनतम 4nm प्रोसेस टेक्नोलॉजी के साथ आता है और 560K+ से अधिक के AnTuTu बेंचमार्क स्कोर के साथ बेजोड़ प्रदर्शन प्रदान करता है। आईकू जेड 9 एक्स में 8GB रैम के साथ अतिरिक्त 8GB एक्सटेंडेड रैम को मिलाकर 16GB तक की एक्सटेंडेड रैम की सुविधा है और साथ ही 1TB तक एक्सपेंडेबल स्टोरेज को सपोर्ट करता है।

## लगातार दूसरे हफ्ते देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 644.151 अरब डॉलर पर

**मुंबई (हि.स.)।** देश का विदेश मुद्रा भंडार 10 मई को समाप्त हफ्ते में 2.561 अरब डॉलर बढ़कर 644.151 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। इससे पिछले हफ्ते विदेशी मुद्रा भंडार 3.67 अरब डॉलर बढ़कर 641.59 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि 10 मई को समाप्त हफ्ते में मुद्रा भंडार का अहम घटक माने जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.49 अरब डॉलर बढ़कर 565.65 अरब डॉलर हो गई। इस दौरान स्वर्ण भंडार का आरक्षित मूल्य 1.07 अरब डॉलर बढ़कर 55.95 अरब पर पहुंच गया।

आरबीआई के मुताबिक विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 50 लाख डॉलर बढ़कर 18.06 अरब डॉलर हो गया। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत की आरक्षित जमा 40 लाख डॉलर घटकर 4.495 अरब डॉलर रह गई है।

# सारा खान सवाल एवं जवाब-अहसास

सवाल 1. आपका शो 'अहसास' जिंदगी के माध्यम से भारतीय दर्शकों के लिये अब उपलब्ध होने जा रहा है, इसे लेकर आप कितनी उत्साहित हैं कोई संदेश, जो आप भारतीय दर्शकों को देना चाहेंगी

मैं बहुत खुश हूं कि भारतीय दर्शक अब मेरा शो 'अहसास' देख पायेंगे। मैं पाकिस्तानी कंटेंट को अपने टीवी पर दिखाने के लिये 'जिंदगी' की दिल से आभारी हूं। 'अहसास' एक खूबसूरत लेकिन पेचीदा प्रेम कहानी है, जिसमें कई मोड़ होंगे, जो शो को मजेदार एवं प्रासंगिक बनाते हैं। मुझे उम्मीद है कि इमोशन्स, कहानियां और मेरे किरदार हिना का सफर दर्शकों के साथ गहराई से जुड़ाव बनायेगा।

सवाल 2. ''अब्दुल्लापुर का देवदास'' हाल ही में रिलीज हुआ था। उसे दर्शकों से मिले प्यार और असीम सफलता को आप निजी तौर पर कैसे देखती हैं

'अब्दुल्लापुर का देवदास' की मेरे दिल में एक खास जगह है। मैं दुनियाभर में मौजूद अपने प्रशंसकों की आभारी हूँ, जिन्होंने गुलबानो को इतना प्यार दिया है। इस साल का वह बड़ा ही अपेक्षित शो बन गया। लोगों पर उसके असर को देखना सचमुच दिल को सुकून देता है।




मुझे अपनी सबसे अच्छी कोशिश करने और ऐसी कहानियों में काम करते रहने का प्रोत्साहन मिला है। उन सभी का शुक्रिया, जिन्होंने इसे पसंद किया।

सवाल 3.शो में अपनी भूमिका के लिये आपने क्या-क्या तैयारियाँ की थीं 'अहसास' में अपने साथी कलाकारों से मिले अनुभव के बारे में बताइये उनमें से आपको कौन पसंद है

अहसास के सेट पर बहुत मजा आया और सीखने को भी मिला। मैं हिना की भूमिका निभा रही थी, जिसने एक बूढ़े विधुर (नौमान इजाज़) से शादी की। मैं ऐसे बच्चों की माँ बनी थी, जिनकी उम्र मेरे जितनी थी। इस शो में नौमान इजाज़ जी के अलावा वहाज अली, घाना अली और निदा मुमताज जी भी थे। नौमान इजाज़ जी के साथ यह मेरा पहला प्रोजेक्ट था और निजी तौर पर मैं उनके काम को बहुत पसंद करती हूँ। वह बेहतरीन अभिनेता हैं। इतना ही नहीं, हर किसी का अपना जोश और प्रतिभा सामने आई और सेट पर मिल-जुलकर काम करने का एक सहज माहौल बन गया। उनमें से किसी एक को पसंद करना पाना सचमुच एक चुनौती होगी, क्योंकि हर किसी के पास अनोखापन और सिखाने का अनुभव था। मेरी खुशकिस्मत है कि मुझे ऐसे प्रतिभावान लोगों के साथ काम करने का मौका मिला, जिन्होंने मेरे पेशेवर सफर में चार चांद लगाये और पर्दे के पीछे मेरे बेहद खास दोस्त भी बन गये।

सवाल 4. क्या आप शो में अपनी भूमिका के बारे में हमें कुछ बता सकती हैं

मैं 'अहसास' में हिना का किरदार निभा रही हूं। वह एक यंग लोअर-मिडल क्लास वूमन है और परिवार में एकमात्र कमाने वाली है। उसके कंधों पर अपने प्रियजनों की जरूरतों को पूरा करने की जिम्मेदारी है।

उसकी शादी आदिल नाम के एक उम्रदराज पुरूष से हुई है, जिसे नौमान इजाज़ ने निभाया है। आदिल की पत्नी की अभी-अभी मौत हुई है। आदिल (नौमान जी) के साथ हिना की यात्रा उम्र या परिस्थिति से नहीं बल्कि उनके रिश्ते की गहराई से परिभाषित होती है। गलतफहमियों, सामाजिक आलोचना, पारिवारिक अस्वीकृति और रास्ते में आने वाली चुनौतियों के बावजूद, हिना विपरीत परिस्थितियों में लचीलापन दिखाती हैं। अपनी यात्रा के दौरान, हिना दृढ़ता, करुणा और अडिग ईमानदारी का प्रतीक बनकर अपने आसपास के लोगों पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ती हैं।

# निष्पक्ष व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराए लोकसभा चुनाव : डीआईजी



**चुनाव के मद्देनजर डीआईजी गोरखपुर ने कुशीनगर में की गोष्ठी**

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** पुलिस उप महानिरीक्षक गोरखपुर परिक्षेत्र गोरखपुर सुरेश राव ए. कुलकर्णी द्वारा सामान्य लोकसभा चुनाव-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत व अपराध की समीक्षा व कानून व्यवस्था के संबंध में पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल की उपस्थिति में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी/थाना प्रभारियों के साथ गोष्ठी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

शुक्रवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक गोरखपुर परिक्षेत्र गोरखपुर सुरेश राव ए. कुलकर्णी द्वारा पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल की उपस्थिति में पुलिस लाइन्स सभागार में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारियों के साथ सामान्य लोकसभा चुनाव-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत व कानून व्यवस्था एवं अपराध की समीक्षा गोष्ठी की गई।

गोष्ठी में समस्त क्षेत्राधिकारियों/थाना प्रभारियों को चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण तथा निष्पक्ष ढंग से कराने हेतु निर्देश दिए गए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने वाले अधिकारी/ कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की बात कही गई और साथ ही उपस्थित सभी को निर्देश दिए गए कि चुनाव प्रक्रिया में किसी भी प्रकार से बाधा उत्पन्न करने वाले के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही करें। इसके अतिरिक्त उनके थाना क्षेत्र की स्थिति, अपराध की प्रवृत्ति, क्षेत्र में आने वाली चुनौतियों आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। जनपद की सीमा बिहार बॉर्डर से सटे होने के कारण उत्पन्न होने वाली समस्याओं जैसे अवैध शराब और मादक पदार्थों की तस्करी आदि की रोकथाम हेतु संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए। समस्त थाना प्रभारियों को क्षेत्र में कानून व्यवस्था को बनाए रखने हेतु एवं पुलिस का व्यवहार जनता के प्रति अच्छा रखने के निर्देश दिए गए। जुआ, मिलावटी शराब और अन्य विषयों पर सख्त कार्रवाई करने के साथ ही पेंडिंग पड़े कार्यों/ विवेचनाओं को जल्द निस्तारित करने के निर्देश दिए। क्षेत्र में होने वाली गतिविधियों पर नजर रखने तथा निर्वाचन आयोग के निर्देशो का पूरी तरह पालन करने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी तथा रितेश कुमार सिंह सहित जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

# निर्दलीय प्रत्याशी मौर्य के बेटे ने नाम वापस लिया



अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** संसदीय क्षेत्र कुशीनगर 65 से नाम वापसी के दिन शुक्रवार को निर्दलीय प्रत्याशी व स्वामी प्रसाद मौर्य के बेटे उत्कृष्ट मौर्य ने नाम वापस ले लिया। अब कुशीनगर क्षेत्र से चुनावी मैदान में नौ प्रत्याशी अपना भाग्य आजमाएंगे। बता दें कि लोकसभा चुनाव में आखरी चरण में होने वाले मतदान को लेकर 7 मई से 14 मई तक कुल 18 उम्मीदवारों में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था। 15 मई को नामांकन पत्रों की जांच में 10 उम्मीदवारों का नामांकन पत्र सही मिला जबकि 8 का अवैध पाया गया। आज शुक्रवार को 10 उम्मीदवारों में से एक निर्दलीय ने अपना नाम वापस ले लिया। इस तरह से जिले में कुल 9 प्रत्याशी चुनावी मैदान में अपना भाग्य आजमाएंगे।

## उम्मीदवारों में आवंटित किया गया चुनाव चिन्ह

**कुशीनगर।** लोकसभा क्षेत्र 65-कुशीनगर संसदीय निर्वाचन के लिए निर्वाचन प्रतीक चिन्ह आवंटन के अंतर्गत समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अजय प्रताप सिंह को साइकिल, भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विजय कुमार दुबे को कमल, बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी शुभ नारायण चौहान को हाथी, भारतीय समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी वेद प्रकाश मिश्रा को अलमारी, भारतीय लोकनायक पार्टी के प्रत्याशी सुनील कुमार शुक्ला को रोड रोलर, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के प्रत्याशी स्वामी प्रसाद मौर्य को गन्ना किसान, आजाद अधिकार सेना के प्रत्याशी हरिकेश को ऑटो रिक्शा, निर्दलीय प्रत्याशी अमीय उपाध्याय को बल्ला, निर्दलीय प्रत्याशी रामचंद्र सिंह को चिमनी का प्रतीक चिन्ह आवंटन किया गया है। नाम वापसी के अंतर्गत प्रारूप 5 भरकर निर्दलीय प्रत्याशी उत्कृष्ट मौर्य ने अपना नाम वापस लिया है। इस प्रकार अब 65 कुशीनगर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा चुनाव के लिए कुल 9 विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि एवं निर्दलीय प्रत्याशी रहेंगे।

## प्रमुख दलों से चार दिग्गजों नेताओं का फैसला चार जून को

**कुशीनगर।** प्रमुख दलों से चार महत्वपूर्ण प्रत्याशी कुशीनगर लोकसभा से



चुनाव मैदान में हैं। जिनका फैंसला आगामी चार जून को जनता करेगी। इन सभी प्रत्याशियों का आज चुनाव चिन्ह मिलने के बाद अपनी पूरी ताकत से जन सम्पर्क कर रहे है। भाजपा से विजय कुमार दुबे को कमल का फूल निशान, सपा+गठबंधन प्रत्याशी अजय प्रताप सिंह उर्फ पिंटू सैंथवार को साइकिल निशान, बसपा प्रत्याशी शुभ नारायण चौहान को हाथी निशान मिला है। नई पार्टी राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के प्रत्याशी पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य को नया चुनाव चिन्ह गन्ना किसान आवंटित हुआ है। अब इस पार्टी का चुनाव चिन्ह गन्ना किसान ही रहेगा। चारों प्रत्याशियों का कुशीनगर लोकसभा क्षेत्र भ्रमण व जन सम्पर्क तेजी से जारी है। चुनाव काफी रोचक एवं दिलचस्प होने वाला है।

# पीओके के लोग भारत में चाहतें हैं विलय अब देश महाशक्ति बनने की तरफ: राजनाथ सिंह




अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** भारत तेजी से विश्व की महाशक्ति बनने की दिशा में अग्रसर है। 2027 तक भारत विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगी। कांग्रेस के 52 वर्ष के शासनकाल में भारत की छवि गरीब की थी। उक्त बातें भारत सरकार के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहीं। वे शुक्रवार को देवरिया जनपद के गौरी बाजार स्थित चंद्रशेखर आजाद इंटर कालेज देवगांव के खेल मैदान में देवरिया लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि तीसरी बार सरकार बनने पर 70 वर्ष से ऊपर के प्रत्येक वर्ग के लोगों को 5 लाख रुपये तक की मुफ्त चिकित्सा की सुविधा दी जाएगी। केजरीवाल जनता को भ्रमित कर उनके आंख में धूल झोंक रहें हैं। बड़े विश्वास के साथ उन्होंने कहा कि मोदी ही देश के पीएम होगें। सीएम योगी के कराए जा रहे कामों को पूरा देश व विश्व समुदाय भी समझ रहा है। सरकार बनते ही पूरे देश में समान नागरिक संहिता लागू होगा। पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार ने ऐसा कार्य किया कि आज पीओके के लोग स्वयं ही भारत में विलय की मांग कर रहे हैं। भाजपा सरकार बनाने के लिए नहीं देश बनाने के लिए वोट मांग रही है। कांग्रेस देश से विलुप्त होती जा रही है। आने वाले 10 वर्ष बाद लोग कांग्रेस को भूल गए होंगे। हम जनता की आंखों में आंखें डालकर बात करने वाले लोग हैं। विपक्ष के लोग जनता की आंख में धूल झोंकने का काम कर रहें हैं।

# महायोगी गोरखनाथ विवि में 19 से शुरू होगी प्रवेश परीक्षा



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए परीक्षा की शुरूआत 19 मई (रविवार) से होने जा रही है। 19 मई को बीएससी नर्सिंग, पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग की प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। प्रथम दिन 3500 परीक्षार्थी प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होंगे। इसके अलावा विविध अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए परीक्षा 21 और 26 मई को आयोजित की जाएगी। प्रवेश परीक्षाओं को सकुशल संपन्न कराने के लिए शुक्रवार को विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल वाजपेयी और कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव ने प्रवेश परीक्षा समिति के साथ समीक्षा बैठक की और जरूरी निर्देश दिए। कुलपति ने कहा कि प्रवेश परीक्षा का आयोजन वृहद स्तर पर हो रहा है, इसे लेकर प्रवेश समिति सतर्क रहे। बाहर से आने वाले परीक्षार्थियों को कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए परीक्षार्थियों और अभिभावकों के लिए प्याऊ की व्यवस्था की जा रही है। साथ ही प्रतीक्षा करने वाले अभिभावकों के लिए विश्राम स्थल पर पानी की व्यस्था सुनिश्चित रहेगी। बैठक में प्रवेश समिति के समन्वयक प्रो. सुनील कुमार सिंह ने बताया कि 19 को होने वाली प्रवेश परीक्षा के साथ ही 21 और 26 मई की परीक्षा की भी तैयारी पूरी है। 21 मई को जीएनएम, बीएससी ऑनर्स, बायोटेक्नोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री, माइक्रोबायोलॉजी, मेडिकल बायो केमिस्ट्री, मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी, बीएससी हानर्स एग्रीकल्चर, डी. फार्मा, बी. फार्मा एलोपैथी की प्रवेश परीक्षा होनी है। जबकि 26 मई को एएनएम, डिप्लोमा लैब टेक्नीशियन, इमरजेंसी एंड ट्रामा केयर टेक्नीशियन, ऑप्टोमेट्री, ऑर्थोपेडिक एंड प्लास्टर टेक्नीशियन, डायलीसिस टेक्नीशियन, एनेस्थीसिया एंड क्रिटिकल केयर टेक्नीशियन, और बीबीए ऑनर्स लॉजिस्टिक्स की परीक्षा विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित होगी।

## राहुल और अखिलेश ने नंद महर धाम में टेका माथा



**गौरीगंज (अमेठी)।** कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा के समर्थन में विशाल जनसभा को संबोधित करने शुक्रवार को नंदमहर धाम पहुंचे राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने प्रसिद्ध धार्मिक स्थल नंद महर में माथा टेका और विधि विधान से पूजा अर्चना की। उल्लेखनीय है कि नंद महर धाम जिले का प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है मान्यता है कि यहां द्वापर युग में नंद बाबा आकर रुके थे। इस स्थल पर कार्तिक पूर्णिमा को विशाल मेले का आयोजन होता है जिसे यादवो के महाकुंभ के नाम से भी जाना जाता है। विभिन्न समुदाय के लोग यहां दर्शन करने जाते हैं और लोगों की मन्नतें पूरी होती हैं। यह धार्मिक स्थल क्षेत्र के आस्था का केंद्र बिंदु है। दोनों नेताओं ने अमेठी में लोकसभा चुनाव के दौरान यहां हुंकार भरी है।

## स्वच्छता पखवाड़ा पर रैली निकाल किया जागरूक



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** गीडा सेक्टर -23 स्थित पावरग्रिड कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा शुक्रवार को स्वछता पखवाड़ा के अंतर्गत एक रैली निकाल कर लोगो को स्वछता के प्रति जागरूक किया गया। कर्मचारियों ने पावरग्रिड के आस पास उगे झाड झंखाड़ एवं कचरे को साफ किया किया गया। इस मौके पर पावरग्रिड के महाप्रबंधक धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि यदि हम सभी अपने घरो के आस पास साफ सफाई रखें तो बहुत सारी संक्रामक एवं गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता। इस अवसर पर पावरग्रिड के उप महाप्रबंधक गौतम श्रीवास्तव, मुख्य प्रबंधक उमेश राय, मनोज पाण्डेय, दयाराम यादव, स्नेहा श्रीवास्तव, एके श्रीवास्तव, राजू सिंह, दीपांकर निषाद सहित कई अधिकारी, कर्मचारी उपस्थिति रहें।

## विवाहिता के परिजन ने दहेज हत्या का लगाया आरोप

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा थाना क्षेत्र के बिसरी में गर्भवती विवाहिता की संदिग्ध परिस्थित में मौत के बाद मायके के लोगो ने ससुराल के लोगो पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत दि कराई है। पुलिस आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करें की तैयारी कर रही है। मिली जानकारी से रविंद्र तिवारी पुत्र स्व केशव तिवारी निवासी किशुनगौरी थाना कोठीभार जिला महराजगंज ने अपनी पुत्री सोनाली मिश्रा की शादी 28 नवंबर 2021 में सहजनवा थाना क्षेत्र के बिसरी निवासी आशुतोष कुमार मिश्र के साथ किया था। ससुराल के लोग दहेज के लिए हमेशा मारा पीटा करते थे। विवाहिता 7 माह की गर्भवती थी।बुधवार को दिन 3.30 बजे पति सहित ससुराल के लोगो ने मिलकर विवाहिता की हत्या कर लाश को पंखे की कुंडी में फंदे के सहारे लटका कर खुदकुशी दिखाने की कोशिश की गई थी। पीड़ित ने पति, ससुर, सास, देवर के खिलाफ दहेज हत्या का शिकायत दर्ज कराया है। इस संदर्भ में सीओ गीडा अनुराग सिंह ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज किया जायेगा।

# प्रेक्षक ने की प्रत्याशियों/प्रतिनिधियों संग बैठक



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, पारदर्शी, भयमुक्त एवं सकुशल संपन्न करने के लिए 66 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक टी अब्राहम की अध्यक्षता एवं पुलिस प्रेक्षक सारंग डी अवाड, व्यय प्रेक्षक एम रतन कुमार, जिला निर्वाचन अधिकारी अखंड प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा की उपस्थिति में चुनाव में प्रतिभाग कर रहे समस्त प्रत्याशियों/प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक में समस्त प्रत्याशियों को लोकसभा निर्वाचन से जुड़ी बारीकियों से अवगत कराया गया।

सामान्य प्रेक्षक टी अब्राहम ने कहा कि समस्त प्रत्याशी आदर्श आचार संहिता का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें और यदि किसी भी प्रकार की विसंगति या एमसीसी उल्लंघन का प्रकरण किसी प्रत्याशी के संज्ञान में आती है तो उसे तत्काल इलेक्शन कंट्रोल रूम अथवा उन्हें अवगत कराए। व्यय प्रेक्षक एम रतन कुमार ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए प्रति प्रत्याशी व्यय की अधिकतम सीमा 95 लाख रुपये निर्धारित है। सभी प्रत्याशी निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रारूप पर व्यय लेखा का अंकन करें और उसका मिलान व्यय अनुवीक्षण टीम के साथ करायें। उन्होंने कहा कि प्रत्याशी निर्वाचन के लिए खोले गए विशेष खाते से ही चुनाव से संबंधित खर्च करें। पुलिस प्रेक्षक सारंग डी अवाड ने कहा कि चुनाव के दृष्टिगत क्रिटिकल एवं वल्नरेबल बूथों पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने कहा कि चुनाव को निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए सभी प्रत्याशियों का सहयोग आवश्यक है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव श्रीवास्तव ने बताया कि बैठक में मौजूद सभी राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों/ प्रतिनिधियों को आदर्श आचार संहिता के प्रति, मतदेय स्थलों की सूची, वीवीपीएटी रेंडमाइजेशन की प्रति एवं वीवीपीएटी के रोस्टर के प्रति उपलब्ध कराई गई है। इसके अतिरिक्त मतदाताओं की सूची भी उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं तथा दिव्यांग मतदाताओं को घर बैठे पोस्टल बैलेट से वोटिंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। देवरिया में ऐसे 139 मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट का विकल्प चुना है। पोलिंग टीम घर जाकर वोट कराएगी। प्रत्याशी बीएलए की नियुक्ति कर सकते हैं, जो पोलिंग टीम के साथ जाकर मतदान की प्रक्रिया को देख सकता है। मास्टर ट्रेनर निशेष गुप्ता ने सभी प्रत्याशियों को ईवीएम के विषय में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आगामी एक जून को प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक मतदान होगा। इससे पूर्व एक जून की सुबह साढ़े पांच बजे विभिन्न राजनीतिक दलों के नामित पोलिंग एजेंट की मौजूदगी में मॉक पोल कराया जाता है। बैठक में कांग्रेस से राकेश सिंह, भाजपा से निशि रंजन तिवारी, बसपा से अतुल कुमार, प्रत्याशी रफीक अंसारी, सत्येंद्र कुमार मल्ल, मुक्तिनाथ, अगम स्वरूप, सीआरओ जल राजन चौधरी सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

## एंटीबायोटिक्स के क्षेत्र में नवाचार का साधन है माइक्रोबियल इंजीनियरिंग



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय में माइक्रोबियल इंजीनियरिंग ऑफ एंटी बायोटिक बायोसाइंथेसिस पाथवे विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता सिद्धार्थ विश्वविद्यालय सिद्धार्थनगर के सहायक आचार्य डॉ. कपिल गुप्ता ने कहा कि माइक्रोबियल इंजीनियरिंग जीवाणुओं का उपयोग करके विभिन्न उत्पादों की उत्पत्ति और उनके सुधार करने का काम करता है। इसका एक प्रमुख क्षेत्र एंटीबायोटिक उत्पादन है। डॉ. गुप्ता ने कहा कि माइक्रोबियल इंजीनियरिंग से एंटीबायोटिक्स के क्षेत्र में नवाचार के साथ ही इसके उत्पादन के औद्योगिक स्तर में वृद्धि की जा सकती है। उन्होंने बताया कि माइक्रोबियल इंजीनियरिंग द्वारा एंटीबायोटिक उत्पादन की क्षमता को संशोधित करने के लिए सूक्ष्म जीवों की आनुवंशिक संरचना में बदलाव करने और प्रमुख एंजाइम की क्लोनिंग का काम भी किया जा सकता है। व्याख्यान में प्रमुख रूप से बॉयोटेक्नोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. अमित कुमार दूबे, बायोकेमिस्ट्री विभाग की अध्यक्ष डॉ. अनुपमा ओझा, डॉ. अवेद्यनाथ, डॉ. पवन कुमार कन्नौजिया, डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव, धनंजय पांडेय, डॉ. संदीप श्रीवास्तव, डॉ. केके यादव, डॉ. प्रेरणा, डॉ. अंकिता मिश्रा, अनिल मिश्रा सहित सभी छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

# संस्कार से ही ज्ञान और चेतना का विकास होता : श्रीराम



अवधनामा संवाददाता

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** नगर स्थित जेपी इंटरमीडिएट कॉलेज का 31वां स्थापना दिवस बहुत ही हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर इस वर्ष बोर्ड परीक्षा में 85 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट संवर्ग के कुल 60 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कुशीनगर जनपद में सातवां स्थान प्राप्त करने वाले 12वीं के विद्यार्थी आशिक अली को 25000 धनराशि का चेक देकर पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक विनय प्रकाश गोंड़ के साथ अश्वनी पांडेय, शैलेंद्र दत्त शुक्ला, सतीश श्रीवास्तव, इज़हारुल खान, जेपी मिश्रा, विश्वामित्र भट्ट, ज्ञानवर्धन गोविंद राव, धनंजय गोविंद राव, मुश्ताक अहमद, जयराज सिंह सहित अनेक लोगों ने उद्बोधन व्यक्त करते हुए मेधावी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना किया। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती की वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत कुलगीत संस्कार गीत सहित अनेक मनोहरी कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न आकर्षक रंगोली के माध्यम से स्थापना दिवस समारोह को भव्यता प्रदान कर दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीराम प्रसाद ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी शिक्षण संस्थान का प्रथम कार्य विद्यार्थियों के अंदर संस्कार युक्त शिक्षा का विस्तार करना है। संस्कार से ही ज्ञान और चेतना का विकास होता है जो विद्यार्थियों को सफलता के मार्ग की ओर प्रेरित करता है। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य विशंभर प्रसाद, सगीर अहमद, रणजीत सिंह, चंदन कुमार गोंड, मुकेश कुमार, अनूप सिंह, क्रांति देव सिंह, राम दरस शर्मा, प्रेम नारायण पांडे, रितेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य उपस्थित रहे। पुरस्कार प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में फैजान अली अंसारी, आशिक अली, संस्कार गोंड़, आकर्षिका सिंह, शिवानी सिंह, ज्ञानेश्वर शर्मा सहित कुल 60 विद्यार्थी शामिल रहे।

## अखिलेश प्रताप सिंह ने भ्रमण जनसंपर्क एवं जनसंवाद किया

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** इण्डिया महागठबंधन से लोकसभा देवरिया से



प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह आज फाजिलनगर विधानसभा क्षेत्र के रजवारिया, बगही, पगरा पकड़ी, राजापाकड़, सीताराम चौराहा, मठिया भौकरिया, पृथ्वीपुर, बिशुनपुर बरियापत्ती, दुदही ब्लाक चौराहा, बड़हरा वृत, बैकुंठपुर कोठी, नरहवा, कीरत पट्टी, महावीर चौक, नौगावा, जंगल लूअठ्हा, जंगल सिसवा गोड रिया चौराहा, गोड रिया बाजार, दुबौली चाफ,शाहपुर उचकी पट्टी,शंकरपुर घोरठ, मछरिया, खिरिया सहित दर्जनों गांवों में भ्रमण, जनसंपर्क एवं जनसंवाद किया। इस दौरान अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा कि सत्तासीन जनप्रतिनिधियो ने फाजिलनगर विधानसभा क्षेत्र के साथ हमेशा सौतेला व्यवहार किया है जिसके कारण यह क्षेत्र विकास से अछूता है इस क्षेत्र में ना कोई उद्योग धंधा है ना कृषि के संसाधन ना अच्छी सड़के है इस क्षेत्र के छात्रों के समुचित उच्च शिक्षा की व्यस्था नही है, महिलाओं के स्वरोजगार की कोई व्यवस्था नहीं है जिसके कारण समाज का हर वर्ग परेशान,हताश और निराश है। अगर आपका आशीर्वाद मिला तो ये सभी कार्य मेरी प्राथमिकता में होगी और यहां का विकास अपने आप में एक उदाहरण होगा। इस दौरान पूर्व सांसद बालेश्वर यादव ने कहा कि अखिलेश प्रताप सिंह ने रुद्रपुर के विधायक रहते हुए विकास का इतिहास रचा है अगर इनको मौका मिलता है तो देवरिया लोकसभा में इतिहास रचा जाएगा। इस दौरान नागेन्द्र सिंह, सपा जिलाध्यक्ष इलियास अंसारी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष ऋषिकेश मिश्र, विपिन सिंह, रविन्द्र प्रसाद वर्मा, विजय यादव, तारकेश्वर सिंह, अशोक सिंह, महेन्द्र गुप्ता, शिवशंकर सिंह सैंथवार, रविन्द्र मल्ल आदि लोग उपस्थित रहे।

# मतगणना स्थल व बनाए जाने वाले स्ट्रांग रूम का प्रेक्षक ने डीएम के साथ किया निरीक्षण



अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराने हेतु निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त किए सामान्य प्रेक्षक दीपांकर चौधरी सहित जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्रा ने शुक्रवार को उदित नारायण इंटर कॉलेज एवं डिग्री कॉलेज पडरौना में लोकसभा बनाए जाने वाले स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल, ईवीएम वीवीपीएटी, सी यू , बी यू मशीनों के संग्रहण स्थल, वाहन पार्किंग, विद्युत, प्रकाश, शौचालय आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। प्रेक्षक द्वारा उदित नारायण इंटर कॉलेज पडरौना में मतदान/ मतगणना तथा स्ट्रांग रूम के सम्बंध में चल रही तैयारियों व सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। उन्होंने ने सभी उपस्थित एआरओ, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड एवं प्रांतीय खंड तथा अन्य उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सारी व्यवस्था शांतिपूर्ण सुचारू और निष्पक्ष तरीके से संपन्न होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ईवीएम, वीवीपीएटी आदि मशीनों के संग्रहण हेतु क्रमवार टेबल विधानसभा वार चिन्हित पर्याप्त स्थल के अनुकूल लग जाने चाहिए तथा मतगणना टेबल एवं पोस्टल बैलेट काउंटिंग टेबल भी चिन्हित स्थल पर लगाने हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने निर्देशित करते हुए सभी एआरओ को कहा कि विधानसभा वार काउंटिंग टेबल तथा रिसीविंग काउंटर्स की पूर्व तैयारी कर ले एवं जांच लें कि किसी भी प्रकार की कोई कमी अवशेष ना रहे। एआरओ टेबल विधानसभा वार उचित स्थान पर लगे तथा वाहन पार्किंग के साथ-साथ प्रवेश द्वार, विद्युत प्रकाश, शौचालय, सीसीटीवी कैमरा तथा अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

# कैसरगंज विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का डीएम ने किया निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 अन्तर्गत 57-(आंशिक) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र कैसरगंज में 20 मई 2024 को होने वाले मतदान को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र कैसरगंज के क्रिटिकल मतदान केन्द बुबकापुर व प्रा.वि. फखरपुर स्थित मतदान केन्द्र माधवपुर का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं का जायज़ा लेते हुए मौजूद लोगों इस बात की जानकारी प्राप्त की कि उन्हें मतदान करने में किसी प्रकार की कहीं कोई दिक्कत तो नहीं है। दोनों पोलिंग स्टेशनों पर मौजूद महिला, पुरूष एवं युवाओं की ओर से बताया गया कि कहीं पर किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। डीएम ने मौजूद लोगों से मतदाता पर्ची वितरण कार्य का फीड बैक प्राप्त करते हुए अपील की कि 20 मई सभी मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करें। मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ डीएम ने वेबकास्टिंग के लिए नेटवर्क की उपलब्धता, विद्युत कनेक्शन इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए एसडीएम व बीडीओ को निर्देश दिया मतदान केन्द्रों की भली प्रकार से साफ-सफाई करा दें। डीएम ने बीडीओ को यह भी निर्देश दिया कि शाम के समय मतदाता लागरूकता वाहनों को गांव में भेजकर लोगों से मतदान की अपील की जाय। डीएम ने ग्राम प्रधानों को निर्देश दिया कि मतदाता पर्ची का शत प्रतिशत वितरण सुनिश्चित कराते हुये ग्रामवासियों को मतदान के लिए प्रेरित भी करें। ग्राम प्रधानों से यह भी कहा गया कि मतदान के उपरांत मतदान केन्द्र के बनाये गये सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी शूट कर लोगों को शेयर करें ताकि दूसरे लोग भी मतदान करने के लिए प्रेरित हों। इस अवसर पर बीडीओ फखरपुर अजय प्रताप सिंह, थानाध्यक्ष फखरपुर करुणाकर पाण्डेय व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# 50 प्रतिशत बूथों की वेब कास्टिंग के लिए तैयारियां पूर्ण



अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की मतदान प्रक्रिया को स्वतन्त्र निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से 57-कैसरगंज (आंशिक) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत पंचम चरण में 20 मई 2024 को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद में समाहित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र पयागपुर एवं कैसरगंज के 50 प्रतिशत बूथों अर्थात विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र पयागपुर में 210 तथा कैसरगंज में 197 बूथों की वेबकास्टिंग होनी है।

वेबकास्टिंग कार्य के अनुश्रवण के लिए जिलाधिकारी के न्यायालय कक्ष में स्थापित किये गये कमाण्ड सेन्टर का डीएम मोनिका रानी ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उल्लेखनीय है कि वेबकास्टिंग कार्य के अनुश्रवण के लिए कलेक्ट्रेट स्थित डीएम के न्यायालय कक्ष में प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 06-06 कुल 12 अदद मॉनीटरिंग स्क्रीन की स्थापना की गई है।

## मतदान की समाप्ति तक सील रहेगी भारत नेपाल सीमा

**बहराइच।** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के पंचम चरण अन्तर्गत 57-कैसरगंज (आंशिक) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु 20 मई 2024 को होने वाले मतदान के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों तथा 01 अप्रैल 2024 को सम्पन्न भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा समन्वय बैठक में हुई सहमति के क्रम में जनपद बहराइच की नेपाल राष्ट्र से लगने वाली अन्तर्राष्ट्रीय सीमा 17 मई 2024 को सांय 05:00 बजे से 20 मई 2024 को मतदान समाप्ति की अवधि तक के लिए सील किये जाने के आदेश पारित किये गये हैं। डीएम मोनिका रानी ने बताया कि उपरोक्त अवधि में मेडिकल इमरजेंसी में पास जारी किये जाने हेतु एसएसबी कमाण्डेंट 42वीं वाहिनी व 59वीं वाहिनी बहराइच एवं 70वीं वाहिनी लखीमपुरी खीरी अथवा उनके द्वारा नामित सहायक सेनानायक स्तर के प्रतिनिधि को उप जिला मजिस्ट्रेट नानपारा व मिहींपुरवा (मोतीपुर) / पुलिस क्षेत्राधिकारी, नानपारा व मोतीपुर को अधिकृत किया जाता है।

# क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**टूंडला।** खेल से शारीरिक विकास तो होता ही है साथ ही बौद्धिक विकास भी होता है। छात्रों के लिए पढ़ाई के साथ-साथ समय-समय पर खेल खेलना भी जरूरी है। यह छात्र जीवन का अभिन्न हिस्सा है। जीत से खिलाड़ियों को अति उत्साहित तथा हार से निराश नहीं होना चाहिए। यह बात ग्राम पंचायत कुतुकपुर साहब के मजरा रामगढ़ में निषाद क्रिकेट टूर्नामेंट का फीता काटकर शुभारंभ करते हुए समाजसेवी महेंद्र सिंह मझवार ने कही। उन्होंने कहा कि सभी टीमों को भाईचारा एवं कर्तव्य निष्ठा से खेलना चाहिए। हार जीत तो होती रहती है। इससे पूर्व आयोजन समिति के लोगों ने अतिथियों का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। टूर्नामेंट के 12-12 ओवर के पहले मैच में रसूलाबाद व बजहेरा के मध्य खेला गया। मैच में बजहेरा टीम के कप्तान कृष्णा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। रसूलाबाद ने पहले खेलते हुए नौ विकेट पर 131 रन बनाए। रसूलाबाद के कप्तान पवन ने सर्वाधिक 47 रन बनाए। बजहेरा के गेंदबाज अर्जुन ने छह विकेट गिराए। लक्ष्य को भेदने उतरी बजहेरा की पूरी टीम मात्र 87 रन पर सिमट गई। इस तरह रसूलाबाद की टीम ने 44 रनों से मैच जीत लिया। मैन ऑफद मैच पवन को चुना गया। इस दौरान शिवचरन डीलर, रामगोपाल, ओमप्रकाश, साहब सिंह आदि उपस्थित रहे।

## अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने आयोजित की शोकसभा



**ललितपुर।** शुक्रवार को अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष सुमित अग्रवाल की अध्यक्षता एवं महामंत्री दीपक जैन आस्था के संचालन में बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान संगठन के सहयोगी सदस्य व वरिष्ठ पत्रकार अमित लखेरा की पूज्यनीय माताजी के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया व दिवंगत आत्मा की शांति के लिये दो मिनिट का मौन रखा गया। बैठक में निहाल सेन पटना, मोहित जैन, आरिफ खान, ब्रजेश ताम्रकार, करीम पप्पू राईन, दीपक सिंघई, शक्ति पाठक, विश्वनाथ यादव, संतोष राठौर आदि मौजूद रहे।

# जानवरों को प्यास बुझाने के लिए नगर भर में होगे जलभराव युक्त सीमेंटेड हौज

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** बेजुबान जानवरों की प्यास बुझाने के लिए जनपद का मात्र इकलौता राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ है जो अब पशु पक्षी व जानवरों की प्यास को बुझाने के लिए जिले में नया इतिहास रचा है। गर्मी की तेज तपन सहकर सड़कों पर घूम रहे बेजुबान पानी पीने के लिए नहीं तड़पेंगे, ऐसी सुविधा मुहैया कराने के लिए यह संगठन पिछले वर्षो से कार्यरत था जो आज सफल हुआ । नगर के गली, चौक चौराहे नुक्कड़ गलियों को चिन्हित कर लगभग 60 हौज स्थापित किए जाएंगे, जहां पर ये बेजुबान अपनी प्यास बुझा सके। गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ के प्रदेश प्रभारी रहे सर्वेश कुमार सिंह,व जिला महामंत्री जयशंकर दूबे की अगवाई मे कार्यकर्ताओं के सहयोग से 60 सीमेंटेड हौज एकत्र किया गया। यह सीमेंटेड हौज नगर के नुक्कड़ चौराहों पर सम्भ्रांत व्यक्तियों की मौजूदगी स्थापित किए जाएंगे। प्रदेश प्रभारी ने बताया कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पिछले 6 महीने से लगातार कार्य किया जा रहा है, जो जिम्मेदार कार्यकर्ता व पदाधिकारी के श्रमदान व सहयोग से सीमेंटेड हौज एकत्र किया गया, तत्पश्चात वॉल पेंटिंग कराकर चिन्हित स्थानों पर स्थापित किया जाएगा। जिला महामंत्री जयशंकर दुबे ने अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रसन्नता जाहिर की, उन्होंने कहा कि हिंदू संस्कृति का सनातन धर्म ही है, जिसे जागने का अथक प्रयास सफल रहा है। (गोवंश) बेजुबान जानवरों पशु-पक्षियों की सेवा करना ही सनातन धर्म है अब एक भी बेजुबान जानवर प्यासे नहीं रहेंगे, यह कार्य मात्र संगठन के सहयोग से किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि ज्यादा से ज्यादा लोग जुड़कर इस मुहिम को सफल बनाने में सहयोग करें तथा जिन-जिन लोगों के घर के सामने यह सीमेंटेड हौज रखे जाएंगे वै सभी प्रतिदिन हौजों में जल भराव करेंगे। संगठन इसकी निगरानी करता रहेगा। कार्य को सफल बनाने में प्रवक्ता रवि दुबे, विवेक कुमार सिंह,मनीष गुप्ता, शिव शंकर पांडे, संतोष चौरसिया, सुनील सिंह, अमित सोनी, आशीष कुमार द्विवेदी विकास यादव, सौरभ सिंह, प्रेम श्रीवास्तव, पंकज अग्रहरि, सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मय अवैध असलाह के एक हिस्ट्रीशीटर पुलिस गिरफ्त में

**फिरोजाबाद।** थाना रजावली पुलिस टीम द्वारा हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त को अवैध असलहा सहित गिरफ्तार किया गया। शातिर हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त पर एक दर्जन से अधिक अभियोग विभिन्न थानों पर हैं पंजीकृत हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी के अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी टूण्डला के नेतृत्व में थाना रजावली पुलिस टीम द्वारा नगला सिकन्दर मैरिज होम के पास से हिस्ट्रीशीटर न0 52ए मानवेन्द्र उर्फमोनू जाट पुत्र रघुराज सिंह निवासी जरौली कला थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद उम्र करीब 26 वर्ष को 01 अदद नाजायज तमंचा 315 बोर व 02 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर सहित गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 102/2024 धारा 3/25 ए एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# चोरी की बाइक सहित एक पुलिस ने दबोचा

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा एक शातिर बाइक चोर को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल व अवैध असलहा बरामद हुआ है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय फिरोजाबाद के निर्देशन में चलाये जा तलाश वांछित अपराधी चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन अभियान के दौरान थाना दक्षिण पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त आशीष पण्डित उर्फ विष्णु पुत्र सुरेश अवस्थी निवासी लोहिया नगर जलेसर रोड बनवारी का किराये का मकान थाना उत्तर जिला फिरोजाबाद उम्र करीब 21 वर्ष सम्बन्धित अ0सं0 317/24 धारा 380/411 भादवि में मय चोरी की मो0सा0 न0 यूपी 83AH 3809 इंजन नं0 HA10EYFHL38737 तथा चेसिस नं0 MBLHA10 CAFHL08430 व एक अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के मालगोदाम के पास से गिरफ्तार किया गया। वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये गये अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में थाना दक्षिण फिरोजाबाद पुलिस द्वारा चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन, तलाश वांछित अपराधी में मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त आशीष पण्डित उर्फ विष्णु पुत्र सुरेश अवस्थी निवासी लोहिया नगर जलेसर रोड बनवारी का किराये का मकान थाना उत्तर जिला फिरोजाबाद उम्र करीब 21 को मालगोदाम के पास से मय मय चोरी की मो0सा0 हीरो स्पलेन्डर प्रो न0 यूपी 83AH 3809 इंजन नं0 HA10EYFHL38737 तथा चेसिस नं0 MBLHA10CAFHL08430 सम्बन्धित मु0अ0सं0- 317/24 धारा 380/411 भा0द0वि0 में गिरफ्तार किया गया है जिसके कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है, विधिक कार्यवाही करते हुए मु0अ0सं0- 319/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तारी एवं बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में प्र0नि0 योगेन्द्र पाल सिंह, उ0नि0 योगेश गौतम, उ0नि0 प्रशि0 अरुण कुमार थाना दक्षिण शामिल रहे।

# जालसाज ने डीएम के स्टेनो मुजाहिद को बनाया शिकार

**पूर्व एडीएम हर्ष देव पांडे बनकर जलसाज ने मांगी थी 60 हजार की मदद**



अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** जिले से स्थानांतरित हो चुके पूर्व एडीएम हर्ष देव पांडे की फोटो लगाकर साइबर क्रिमनल ने स्टोनो मुजाहिद को फोन करके 60000 सामान के ट्रांसफर करने के लिए मादा मांगी थी। विश्वास में आकर जब स्टोनों मुजाहिद ने पूर्व ए डी एम के वास्तविक नंबर पर फोन मिलाया तो वह व्यस्त बता रहा था। तभी दूसरे जालसाज ने लगातार पैसे की मांग कर एमाउंट जल्दी ट्रांसफर करने का दबाव बनाने लगा। विश्वास में आकर स्टेनो मुजाहिद ने अगले के खाते में 60000 एनईएफटी कर दिया। बाद में जब मामला खुला तो स्टोनो हक्के बक्के हो गए। उन्होंने पूरे मामले से पूर्व एडीएम को भी अवगत कराया तो एडीएम ने बताया कि वह पहले भी उक्त जालसाज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चुके हैं। फिलहाल साइबर सेल प्रभारी प्रवीण यादव ने तत्परता दिखाते हुए पूरे मामले की जांच की और ट्रांसफर हुए 60000 को रिफंड कराया। साइबर ऑफिस पहुंचकर स्टेनो मुजाहिद ने बाकायदा फोटो भी खिंचवाई और संदेश दिया कि पैसा ट्रांसफर करने से पहले पूरे मामले की पड़ताल करने पर ही उचित फैसला करें। व्हाट्सएप ,फेसबुक पर पैसे की मांग मैसेज पर ध्यान ना दें। इधर डीएम और एसपी ने भी तत्काल खुलासे के आदेश दिए थे।

# संस्कार विहीन व्यक्ति दानव बन जाता है: प्राचार्य

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** सरस्वती विद्या मन्दिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ज्ञान कुंज विवेकानंद नगर में मातृभारती का सम्मेलन संपन्न हुआ। अखिल भारतीय विद्या परिषद द्वारा संचालित सरस्वती विद्या मन्दिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ज्ञान कुंज विवेकानंद नगर सुल्तानपुर में नवगठित मातृ-भारती की कार्यकारिणी का सम्मेलन आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि विद्या भारती काशी प्रान्त के प्रदेश निरीक्षक श्रीमान् शेषधर द्विवेदी एवं विशिष्ट अतिथि विद्यालय के प्रबन्धक आदरणीय डॉ पवन सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वन्दना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। विद्यालय के यशस्वी प्रधानाचार्य श्रीमान् राकेश मणि त्रिपाठी जी द्वारा सम्मेलन में बतौर अतिथि पधारे हुए मंचासीन अतिथियों का परिचय प्रस्तुत किया गया। मातृ-भारती के पदाधिकारियों का परिचय कार्यक्रम की संयोजिका श्रीमती ज्योति त्रिपाठी जी द्वारा कराया गया। तथा वरिष्ठ आचार्या श्रीमती रंजना पाण्डेय ने सम्मेलन की कार्ययोजना एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मानव जीवन का कर्त्तव्य है कि हम पारस्परिक सहयोग एवं सद्भाव के साथ जीवन व्यतीत करें।जब हम जीवन के इस पक्ष की अवहेलना करते हैं तो हमारे सामाजिक मानदंड धरे के धरे रह जाते हैं , और तभी समाज पतन की ओर अग्रसर होता है। मातृशक्ति में अपने बच्चे का भविष्य गढ़ने की अभूतपूर्व क्षमता है।मां ही बच्चे की प्रथम शिक्षिका है और परिवार ही बच्चे की प्रथम पाठशाला है।

विद्यालय के प्रबन्धक आदरणीय डा0 पवन सिंह जी ने सम्मेलन में उपस्थित माताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि मातृ शक्ति के सहयोग से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास सम्भव है।अत एव विद्यालय परिवार समय समय पर छात्रों के नैतिक एवं शैक्षिक मूल्यों के उन्नयन एवं संवर्धन के लिए आपसे निरन्तर मार्गदर्शन की अपेक्षा रखता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान् राकेश मणि त्रिपाठी जी ने उपस्थित मातृशक्ति को सम्बोधित किया और कहा कि हम संस्कार युक्त शिक्षा पर बल देते हैं। संस्कार युक्त व्यक्ति मानव एवं संस्कार विहीन व्यक्ति दानव बन जाता है। हमारी माताएं संस्कार की प्रथम पाठशाला हैं, माताओं के दिए गए संस्कार का ही प्रतिफल है कि इस वर्ष हमारे विद्यालय का शत प्रतिशत परीक्षाफल है। सम्मेलन में उपस्थित मातृ-भारती की अध्यक्षा आदरणीया निशा शुक्ला,उपाध्यक्षा सन्ध्या चतुर्वेदी, प्रतिभा साहूजी, मंशा मिश्रा जी, वनिता यादव जी मधु सिंह जी मन्त्री उधा यादव ,सिम्पल सिंह, सन्ध्या अग्रहरि, शालिनी अग्रवाल, रूपवती सिंह एवं कोषाध्यक्षा बिन्दू सिंह सहित सभी पदाधिकारियों का स्वागत विद्यालय की वरिष्ठ आचार्या सरिता त्रिपाठी के नेतृत्व में आचार्या बहनें शशी द्विवेदी, श्रद्धा सिंह, सुधा सिंह, आदि के द्वारा बैच लगाकर माल्यार्पण के साथ किया गया।

## पांचवे चरण चुनाव हेतु एसएसपी ने पुलिस बल को ब्रीफकर किया रवाना



**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के पाँचवे चरण का चुनाव कराने हेतु पुलिस बल को ब्रीफ करते हुए रवाना किया गया। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के पाँचवे चरण के मतदान के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित द्वारा पुलिस लाइन ग्राउण्ड में जनपदीय पुलिस बल को पूर्ण निष्ठा एवं मनोयोग से अपने कर्तव्यों एवं उत्तरदायित्वों का निर्वहन करने एवं भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गये दिशा निर्देशों से अवगत कराते हुए अनुशासन में रहकर अपनी-अपनी ड्यूटी को पूरी निष्ठा के साथ करने की हिदायत दी गयी, जिससे आगामी मतदान निष्पक्ष, निर्विघ्न एवं सकुशल संपन्न हो सके। द्वारा पुलिस बल को ब्रीफकरने के पश्चात सभी को बसों द्वारा रवाना किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर/ग्रामीण, क्षेत्राधिकारी लाइन, प्रतिसार निरीक्षक एवं अन्य अधिकारीगण/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## रेल प्रशासन रेलयात्रियों के लिए करा रहे टूंडला स्टेशन पर विकास कार्य

**टूंडला।** नगर के रेलवे स्टेशन टूंडला पर सौंदर्यीकरण कार्य तेजी से चल रहा है। जिससे रेलयात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिल सके। इसके लिए मजदूर अपने कार्य करने में जुटे हुए है। वहीं रेल अधिकारी भी समय-समय पर आकर निरीक्षण कर रहे है। रेलयात्रियों को बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने के लिए रेल प्रशासन ने नगर के टूंडला रेलवे स्टेशन पर सौंदर्यीकरण करा रहा है। जिससे रेलयात्रियों को आवागमन में कोई परेशानी न हो सके और उनकी यात्रा आराम दायक हो सके।

# मतदाता जागरूकता थर्ड जेंडर किन्नर सम्मेलन आयोजित

अवधनामा संवाददाता




**ललितपुर।** शुक्रवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज ललितपुर में थर्ड जेंडर किन्नर सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें सर्वप्रथम मां सरस्वती को दीप प्रचलित करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम में एसडीएम सानिया सैयद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही मतदाता जागरूकता की आइकॉन किन्नर मुस्कान अपनी सयुक्त टीम के साथ उपस्थित रही कार्यक्रम में मतदाता से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम नाटक नृत्य भाषण आयोजित किया गया साथ ही साथ पेरेंट्स टीचर मीटिंग भी सप्पन्न हुई जिसमें अभिभावकों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया और वोट डालने के लिए आसपास के लोगों तथा अपने परिवार के लोगों को वोट डालने के लिये कहे तथा छात्राओ और अभिभावको को मतदान करने की शपथ दिलाई गई 20 मई को होने वाले मतदान में सभी लोग सहभागिता से मतदान करें इसके लिए मुस्कान किन्नर ने कहा कि हमारा वोट बहुत ही महत्वपूर्ण है तथा हमारे एक वोट से सरकार बनती और गिरती है इसलिए हम सभी को वोट करने की आवश्यकता है और सभी लोग सर्वाधिक मतदान करें इस मौके पर एसडीम सानिया सैयद ने अभिभावकों को कहा कि वोट डालने अति महत्वपूर्ण है तथा सभी को वोट का अधिकारी दिया गया है थर्ड जेंडर भी अपनी भागीदारी दिखा रहे है और मतदान के प्रति जागरूक कर रहे है विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती पूनम मलिक ने सभी को शपथ दिलाई व सभी आये हुए अतिथि का आभार व्यक्त किया तथा सभी से मतदान करने की अपील की। इस मौके विद्यालय की प्रधानाचार्या पूनम मलिक, संचालन कर रही अनीता कुमारी, नूपुर श्रीवास्तव, गायत्री रैकवार, प्रियंका गौरव, मयंका, मनीषा, पारुल, शिखा कौशल, सावित्री पटेल, शशि दुबे, आरती खरे, सुनैना, लल्लूराम गुप्ता, साहिबा, संजय गौतम, धरनीधर दुबे, रानू बरैया, खुशबू, बंटी, आशीष तिवारी कादम्बनी तिवारी, रमा गोस्वामी, मुस्कान किन्नर शिवानी किन्नर अंजू किन्नर नैना किन्नर गुड़िया किन्नर आदि उपस्थित रहे।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम राकेश कुमार यादव है मेरी तैनाती विकास खण्ड चित्तौरा के ग्रामपंचायत जानीजोत के प्राथमिक विद्यालय धोबिया में शिक्षक के पद पर है। बीआरसी डीहा पर प्रमाण पत्रों की स्कैनिंग के समय मेरा टेट प्रमाण पत्र जिसका रोल नंबर 4210100786 और क्रमांक नंबर 134969 है जो कही खो गया है। जिसको भी मिले इस मोबाइल नंबर 8887910475 पर सूचना देने का कष्ट करें।

राजेश कुमार यादव
शिक्षक- प्राथमिक विद्यालय-धोबिया-जानीजोत वि.ख.-चित्तौरा -बहराइच।
निवासी-ग्राम सभा-देवरिया
जनपद-वाराणसी

# बुंदेलखंड मीडिया पत्रकार क्लब रजि. ने दी श्रद्धांजलि

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** बुंदेलखंड मीडिया पत्रकार क्लब रजि. की एक शोकसभा दिवाकर हाऊस पर सम्पन्न हुयी जिसमें 14 मई को बीमारी के चलते देवलोक गमन कर गये समाजसेवी मुन्नीबाई लखेरा को पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी। वे पत्रकार अमित लखेरा, हरिओम लखेरा और महेंद्र लखेरा की माँ स्व. रामस्वरूप लखेरा की धर्मपत्नी थीं।

बुंदेलखंड मीडिया पत्रकार क्लब के संरक्षक रवीन्द्र दिवाकर ने बताया कि वे सहज सरल और मृदुभाषी थीं और प्रेम वात्सल्य की मूर्ति थीं। अपने परिवार को सहेजने में उन्होंने अहम भूमिका निभाई है। संरक्षक जाकिर राज चौहान ने कहा कि जनपद में पत्रकारिता का पर्याय बने अमित लखेरा की माँ लम्बे समय से संघर्षमय जीवन व्यतीत कर रहीं थीं। वे एक सच्ची व कर्मठ तथा संघर्षशील समाजसेवी थीं। उनके सानिध्य में कई बातें सीखने का मौका मिलता था।

सोनू ताम्रकार ने उन्हें सहृदय और सहयोगी बुजुर्ग बताया। फहीम बख्श ने उनके अनुशासन और समयबद्ध जीवन की जानकारी दी। सभी ने दिवंगत समाजसेवी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके कृतित्व को याद किया। इस दौरान क्लब के संरक्षक रवीन्द्र दिवाकर, जाकिर राज चौहान, फहीम बख्श, राजाराम यादव, सच्चानंद गोलवानी, अध्यक्ष अभिषेक बाजपेई, महामंत्री सोनू ताम्रकार, मीडिया प्रभारी शमीम खान, अनुज सिंह, नाजिर बेग, उपाध्यक्ष सजल दिवाकर, शिव प्रताप सिंह, एडवोकेट आसिफ खान, शिशुपाल अहिरवार पनारी, नीटू इशराक खान, वकील खान, बलराम पचौरी, जयसिंह पाल, महेन्द्र यादव, अमित अहिरवार, पवन प्रजापति, बल्देव सिंह दाँगी, बासिद खान, अनिल यादव झाँसी आदि मौजूद रहे।

## तपती गर्मी को देखते हुए महिला परिषद ने खोली निशुल्क प्याऊ

**महरौनी।** मई ओर जून के महीने में सूर्य भगवान अपने रौद्र रूप में दिखाई देते हैं उनकी तपन से हर कोई बेहाल नजर आता है। जहां एक ओर मौसम विबगाग की चेतावनी के साथ वचाव एवम राहत की ओर सचेत किया जा रहा है तो वहीं इस भीषण गर्मी के प्रकोप से प्राणी और पशु-पक्षी सब बेहाल दिखाई पड़ रहे है। इसी भीषण गर्मी से से आमजन राहगीरों को राहत देने के उद्देश्य से प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी अखिल भारतीय महिला परिषद इकाई महरौनी द्वारा टीकमगढ़ रोड स्थित जैन बड़ा मन्दिर के बाहर मुख्य रोड पर निशुल्क प्याऊ का शुभारंभ किया गया।

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
ई–ऑक्शन सूचना
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य/उ0रे0 |
|---|---|
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-LKO-BSB-OH-491-24-1 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 15.05.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.05.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 31.05.2024 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-LKO-BSB-OH-490-24-2 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 15.05.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.05.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 31.05.2024 समय 10:40 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-LKO-PYGS-OH-495-24-1 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.05.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 01.06.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 01.06.2024 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-LKO-PYGS-OH-496-24-1 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.05.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 01.06.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 01.06.2024 समय 10:40 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-LKO-PYGS-OH-494-24-1 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.05.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि(समस्त लॉट) | 01.06.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 01.06.2024 समय 10:50 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-LKO-PYGS-OSN-492-24-3 (Advertising-on Station Premise Non Digital) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.05.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 01.06.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 01.06.2024 समय 11:00 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-Int-221981-497-24-1 (Advertising-Train Interior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.05.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 03.06.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 03.06.2024 समय 10:30 बजे |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

1509/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# 26 वर्षों से नहीं बना कोई भी पिछड़ी जाती का सांसद

हिफजुर्रहमान

- 1952 से 2019 तक तीन बार ही जीत सका है पिछड़ी जाती का प्रत्याशी
- संसदीय क्षेत्र में सब से अधिक हैं बैकवर्ड मतदाता फिरभी सब से कम बार मिली है जीत
- ब्रह्मण व क्षत्रीय समाज के उम्मीदवारों का ही रहा है दबदबा




**हमीरपुर।** हमीरपुर - महोबा - तिन्दवारी लोक सभा सीट जहाँ पांच विधानसभाएं हैं। हमीरपुर सदर, राठ, चरखारी, महोबा तथा तिन्दवारी इन में से राठ और चरखारी विधान सभाऐं ऐसी हैं जो लोधी बाहुल्य हैं और समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अजेंद्र सिंह राजपूत भी इसी बिरादरी से आते हैं। यदि हम विधान सभावार मतदाताओं की संख्या की बात करें तो वह इस प्रकार है। हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र में 408078 मतदाता हैं, राठ में 424672, महोबा में 324472, चरखारी में 354675 और तिंदवारी विधानसभा क्षेत्र में 322577 मतदाता हैं। 1952 से 2019 तक केवल तीन बार ऐसा हुआ है जब किसी बैकवर्ड प्रत्याशी नें जीत हासिल की है वह भी राजपूत बिरादरी के गंगा चरन राजपूत नें जिन्होंने 1989 में नौवीं लोक सभा के चुनाव में जनता दल के उम्मीदवार के रूप में कांग्रेस के उम्मीदवार को हराकर कामयाबी हासिल की थी यह वह दौर था जब पूरे देश में कांग्रेस का बोलबाला था जिस तरह आज भारतीय जनता पार्टी का है लेकिन उस समय हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के राजपूतों नें अपनी आन बान और शान को बचाने के लिये कांग्रेस के विजय अभियान को न सिर्फ रोका बल्कि अपनें सजातीय उम्मीद वार को शानदार जीत दिलाने में सफल हुए थे।

आज 2024 में भी लगभग1989 जैसी स्थिति नजर आ रही है लोगों के मष्तिक में प्रशन उठ रहा है कि क्या राजपूत 1989 की तरह इसबार भारतीय जनता पार्टी के विजय अभियान को रोक पानें मे सफल होगें या नही लोगों के इस पश्न का जवाब तो 4 जून को ही मिलसकेगा। गंगा चरन राजपूत नें 1996 तथा 1998 में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के रूप में सफलता प्राप्त की थी लेकिन तब से अभी तक कोई और बैकवर्ड प्रत्याशी सासंद नही बन सका है। इस लोकसभा में सफल हुए सभी उम्मीदवारों की जाती पर नजर डालें तो 6 बार ब्राह्मण प्रत्याशी तथा 8 बार क्षत्रीय समाज के प्रत्याशिय तथा मात्र तीन बार बैकवर्ड प्रत्याशी नें सफलता प्राप्त की है इसलिए यह कहना अतिशयोक्ति नही होगी कि हमीरपुर लोकसभा सीट पर स्वर्ण जाती का ही दबदबा रहा है जबकि जातीआकणों की बात करें तो सब से अधिक मतदाता तो पिछड़ी जाती के हैं लेकिन सब से कम बार विजयी बैकवर्ड हुए हैं। अब जब 2024 का चुनाव चल रहा है जिसमें पालीटिकल पंडित नये नये समीकरणों और सम्भावनाओं की बात कर रहे है ऐसी स्थिति में 4 जून का इन्तज़ार करना ही बुद्धिमानी है। यह सच है कि हमीरपुर लोकसभा का चुनाव इतना सन्नाटे में पहले कभी नही हुआ है जितना इसबार हो रहा है मतदाताओं में वह जोश नही दिख रहा है जो पहले देखनें को मिलता था। खामोश मतदाताओं को पढना और परखना बहुत आसान कार्य नही। मतदान का समय बिलकुल करीब है मात्र दो दिन ही बचे हैं मतदान की तारीख के नजदीक आते ही समर्थकों व प्रत्याशियों के दिलों की धड़कनें भी तेज होनें लगीं हैं।

# नटीपीसी विंध्याचल में स्वच्छता शपथ कार्यक्रम का किया गया आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/विंध्यनगर।** भारत सरकार की महत्त्वकांक्षी योजना के तहत सम्पूर्ण भारत वर्ष में स्वच्छता पखवाड़ा 2024 के अंतर्गत दिनांक 16 मई 2024 से 31 मई 2024 तक स्वछता अभियान चलाया जा रहा है। इसी उपलक्ष्य में एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना मे स्वच्छता पखवाड़ा, 2024 के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें दिनांक 16.05. 2024 को परियोजना के स्टेज-1 सर्विस बिल्डिंग सभागार में स्वच्छता शपथ का आयोजन किया गया। दो सप्ताह तक चलने वाले इस स्वच्छता अभियान का मुख्य उदेश्य कर्मचारियों, हितधारकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) समीर शर्मा शामिल हुए। साथ ही सभी महाप्रबंधकगण, वरिष्ठ अधिकारीगण साथ-साथ सभी कर्मचारियों ने भारी उत्साह के साथ भाग लिया।

मुख्य महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) समीर शर्मा ने स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के अवसर पर डिपीएम मीटिंग में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई एवं स्वच्छता जागरूकता का संदेश दिया। शपथ के दौरान सभी कर्मचारियों ने अपने-अपने कार्यस्थल एवं आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। साथ ही सभी के द्वारा स्वयं न गंदगी करने तथा न किसी को गंदगी करने देने की शपथ ली गई। मुख्य महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) समीर शर्मा ने अपने सम्बोधन मे कहा की स्वच्छता की तरफ बढ़ाया गया यह कदम परियोजना परिसर को स्वच्छ बनाने में मदद करेगा। तत्पश्चात सभी विभागाध्यक्षों द्वारा आपने-अपने विभागों में भी सभी कर्मचारी एवं संविदकर्मियों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई।

## ट्रैक्टर चालक नें मासूम बच्ची को कुचला, बच्ची की मौत

**कुरारा, हमीरपुर।** थाना क्षेत्र के मिस्त्रीपुर गांव निवासी ने ट्रेक्टर चालक के खिलाफ थाने में लापरवाही से ट्रेक्टर चलाकर स्कूटी में टक्कर मारकर बच्ची को कुचल कर मार देने की तहरीर थाने में चालक के खिलाफ दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र के मिस्त्रीपुर गांव निवासी अर्जुन सिंह पुत्र स्वर्गीय गजराज सिंह ने थाने में तहरीर देकर बताया कि दोपहर ग्यारह बजे अपनी स्कूटी से पुत्री शुभी सिंह व मोहल्ले की कौ सिकी को लेकर गांव जा रहा था। रास्ते में प्यास लगने पर कुतुब पुर गांव के पहले सड़क किनारे स्कूटी खड़ी करके पानी लेने चला गया तो कुरारा से मूसा नगर मौरम लेकर जा रहे ट्रैक्टर ट्राली के चालक दशरथ पुत्र देवीदयाल ने लापरवाही से ट्रैक्टर चलाकर टक्कर मार दिया। जिससे कौसिकी सड़क पर गिर गई जिसको कुचल दिया।जिसकी मौके पर दर्दनाक मौत हो गई है। चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# एनटीपीसी विंध्याचल में क्षेत्रीय स्तरीय मेधा एवं पावर क्विज प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/विंध्यनगर।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी एनटीपीसी लिमिटेड द्वारा विभिन्न परियोजनाओं में अपने कर्मचारियों एवं उनके बच्चों अंतर्निहित प्रतिभा को उजागर करने के उदेश्य से मेधा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में दिनांक 16.05.2024 को राष्ट्र की विशालतम विद्द्युत सयंत्र एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना के उमंग भवन सभागार में क्षेत्रीय स्तरीय मेधा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न परियोजनाओं के प्रतिभागियों नें बढ़-चढ़ कर भाग लिया। यह प्रतियोगिता चार समूहों जूनियर ग्रुप कक्षा-04 से 06, मिडिल ग्रुप कक्षा 07 से 09 , सीनियर ग्रुप कक्षा 10 से 12 एवं एनटीपीसी कर्मचारी वर्ग में आयोजित की गयी। इसी क्रम मे एक नई पहल के तहत दिनांक 17.05.2024 को पावर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता सर्वप्रथम परियोजना स्तर पर आयोजित किया गया था। परियोजना स्तर पर चयनित टीमों का क्षेत्रीय स्तर पर विंध्याचल परियोजना में आयोजित किया गया, जिसमे प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। तत्पश्चात एनटीपीसी गीत गाकर कार्यक्रम को गति प्रदान की गई। इस अवसर पर लाइव टेलिकास्ट के जरिये क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक श्री एन एस राव जुड़े। इस अवसर पर उन्होने सभी प्रतिभागियों को क्षेत्रीय प्रतियोगिता मे पहुँचने हेतु बधाई दी एवं सभी को इस प्रतियोगिता को जीतने हेतु प्रेरित किया। तत्पश्चात मुख्य महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) श्री समीर शर्मा ने अपने सम्बोधन में सभी प्रतिभागियों को मेधा प्रतियोगिता एवं पावर क्विज में बढ़-चढ़कर प्रतिभागिता करने हेतु प्रेरित किया। उन्होनें यह भी कहा कि इस प्रतियोगिता से बच्चों एवं कर्मचारियों में बुद्धि एवं कौशल का विकास होगा।

इस प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में विंध्याचल के बच्चों ने अच्छा प्रदर्शन कर विजय हासिल किया एवं कर्मचारी वर्ग मे टांडा परियोजना कर्मचारियों ने जीत हासिल किया।

अंत में इस प्रतियोगिता में प्रतिभागिता करने वाले सभी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथियों द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। क्षेत्रीय स्तर पर चयनित सर्वश्रेष्ठ टीमें दिल्ली में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की मेधा प्रतियोगिता में जून 2024 में भाग लेंगी। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) समीर शर्मा, महा प्रबंधकगण के साथ-साथ सभी विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिकारीगण शामिल हुये। एवं लाइव टेलिकास्ट के जरिये क्षेत्रीय महाप्रबंधक (मानव संसाधन) अनिल कुमार डेंग जुड़े रहे। कार्यक्रम में क्विज मास्टर के रूप में ग्रेसेल, कलकत्ता से पधारे क्विज मास्टर गौरव वर्मा एवं उनकी टीम उपस्थित रही। यह प्रतियोगिता विभागाध्यक्ष (मानव संसाधन) राकेश अरोड़ा के नेतृत्व में सफल आयोजन किया गया।

## अनियंत्रित स्कार्पियो बिजली के खम्भे से टक्कराकर पलटी

अवधनामा संवाददाता

**सरीला (हमीरपुर)-** राठ विधानसभा से समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी रही चंद्रावती वर्मा शुक्रवार सुबह बरगंवा गांव के पास दुर्घटना का शिकार हो गई है हादसे में चंद्रवती सहित पांच लोग घायल हुए हैं। सभी को सीएचसी सरीला में भर्ती कराया गया है। चंद्रवती वर्मा की गाड़ी बरगंवा के पास अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकराकर पलट गई।जिससे गाड़ी में सवार सभी लोग जख्मी हो गए। जिन्हें सीएचसी सरीला लाया गया। बताया जा रहा है कि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। चंद्रावती अपने स्कॉर्पियो से सरीला से ममना की ओर जा रही थी। बरगंवा के पास उनकी गाड़ी अनियंत्रित हो गई और बिजली के खम्भे से टकरा गई।टक्कर इतनी भयानक थी कि बिजली का खम्भा टूट गया। खम्भे के साथ यदि तार टुट जाता तो एक बड़ा हादसा हो जाता। इस हादसे में सभी लोग बाल-बाल बचे।

## संक्षिप्त समाचार

### पर्चा वापसी व चुनाव चिन्ह को लेकर डटे रहे प्रत्याशी



**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** कलेक्ट्रेट परिसर में शुक्रवार को राजनीतिक दलों के प्रत्याशी पर्चा वापसी व सिंबल पहचान को लेने के लिए मौजूद रहे वहीं प्रत्याशियों में तेरा ट्रक के चर्चाएं चलती रही। बतादे की सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद के बीच राजनीतिक पार्टियों व निर्धारित प्रत्याशी लोकसभा रावटसगंज व दुद्धी उप चुनाव विधानसभा के प्रत्याशी प्रतिनिधि मौजूद रहे तरह-तरह के चर्चाएं उनके द्वारा चलती रही देर शाम तक चर्चाओं के बीच चुनाव अधिकारियों द्वारा प्रत्याशियों के नाम व पार्टी के सिंबल के अनुसार चुनाव निशान चिन्ह की घोषणा की गई।

### सामान्य प्रेक्षक चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी शिकायत सर्किट हाउस चुर्क में सुनेंगी

**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने अवगत कराया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन व दुद्धी विधानसभा उपचुनाव,2024 को सकुशल संपन्न कराने के लिए आयोग की ओर से सामान्य प्रेक्षक के रूप में आईएएस जी. जया लक्ष्मी की तैनाती की गई। कोई भी व्यक्ति उनसे चुनाव से जुड़ी समस्याएं व शिकायतें बता सकता है। इसके लिए प्रेक्षक ने अपना नंबर जारी किया है, साथ ही चुनाव सम्बन्धित शिकायतें सुनने के लिए दिनांक 22, 24, 27 व 29 मई,2024 तक की तिथि निर्धारित की हैं। इन तिथियों पर अपरान्ह 03.00 बजे से 05.00 बजे तक निर्वाचन से सम्बन्धित शिकायतें सर्किट हाउस चुर्क में मौजूद रहकर सुनेंगी। सामान्य प्रेक्षक श्रीमती जी. जया लक्ष्मी से मोबाइल नंबर 9236082780 टेलीफोन नंबर 05444-297712 पर संपर्क किया जा सकता है, इसके अलावा वह 22, 24, 27 और 29 मई को सर्किट हाउस सभागार में भी शिकायतें सुनेंगी।

### पुलिस के साथ अर्द्ध सैनिक बल ने किया मार्च



**कुरारा, हमीरपुर।** कस्बा कुरारा में मतदान की तिथि नजदीक आने से आज थाना पुलिस के साथ अर्द्ध सैनिक बल ने मार्च कर लोगो को बिना भय के मतदान करने का संदेश दिया। कस्बे के महाविद्यालय में आगामी बीस मई को मतदान संपन्न कराए जाने के लिए अर्ध सैनिक बल रुका हुआ है। तथा बीस मई को क्षेत्र के गांवों में मतदान की प्रक्रिया संपन्न कराएगा। आज थाना पुलिस के साथ अर्द्ध सैनिक बल के जवानों ने बस स्टैंड से लेकर ब्लाक मुख्यालय तक पैदल मार्च कर सुरक्षा का अहसास कराया। तथा बिना भय के मतदान करने का संदेश दिया।

### माया बाल्मीकि सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी सपा नें मांगा वोट



**हमीरपुर/कुरारा।** इंडिया गठबंधन के समाजवादी पार्टी से प्रत्याशी अजेंद्र कुमार सिंह राजपूत के समर्थन मे माया बाल्मीकि सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी समाजवादी पार्टी /पूर्व चैयरमैन माया बाल्मीकि ने पारा, पंधरी, टेढा, मुंडेरा, टोला, सिसोलर, भैसमरी, टिकरी, पढोरी, मौदहा, बाल्मीकि समाज की बस्ती मे बैठक कर इंडिया गठबंधन के समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को वोट देने की अपील की।माया बाल्मीकि ने अनुसूचित जाति के लोगो के साथ बैठक कर कहा कि भाजपा सरकार संबिधान मे दिये गये अधिकार को ख़त्म करना चाहती है। इसलिए लोकतंत्र को बचाने के लिए समाजवादी पार्टी को वोट दे। इसी मे समाज का हित है।इस मौके पर श्रीमती वर्षा नामदेव नगर अध्यक्ष कुरारा सपा, राजीव कुमार कठेरिया, मनीष कुमार बाल्मीकि, सोनू बाल्मीकि, लल्लू बाल्मीकि आदि बाल्मीकि समाज के लोग उपस्थित रहे।

# एबीपीएस रेणुसागर में मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/अनपरा।** आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल, रेणुसागर में सीबीएसई बोर्ड परीक्षा-2024 में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले सभी मेधावी छात्रों को विद्यालय में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय की प्रातःकालीन सभा में विद्यालय के प्रधानाचार्य एस के सिंह ने प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सभी मेधावी छात्रों को सम्मानित किया। प्रारंभ में छात्रों द्वारा बोर्ड-परीक्षा में अर्जित उत्कृष्ट अंकों की घोषणा की गयी। कक्षा 10वीं में कुल 41 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए जिसमें अल्लुरी श्रीपद वल्लभ (96.6 प्रतिशत) प्रथम, रुद्राक्ष सिंह (95.2 प्रतिशत) द्वितीय तथा सक्षम सिंह (94.0 प्रतिशत) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह 12वीं कक्षा में कुल 47 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए जिसमें विज्ञान वर्ग में रोशन कुमार सिंह (92.8 प्रतिशत) के साथ प्रथम, शुभ श्रीवास्तव (92.0 प्रतिशत) के साथ द्वितीय तथा एकांश सिंह (88.8 प्रतिशत) के साथ तृतीय स्थान पर रहे जबकि वाणिज्य वर्ग में कृति गौतम (90.6 प्रतिशत) प्रथम, संस्कृति सिंह (89.4 प्रतिशत) द्वितीय तथा जोया जेहरा (89.2 प्रतिशत) को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। अंत में प्रधानाचार्य ने सभी छात्रों से कठिन परिश्रम करने और आगामी परीक्षाओं में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त करने का आह्वान किया। रेणुसागर पावर डिवीज़न, रेणुसागर के यूनिट हेड व विद्यालय के अध्यक्ष आरपी सिंह ने सभी सफल छात्रों तथा उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाई दी है तथा और अधिक परिश्रम करने एवं रेणुसागर का नाम रोशन करने का आह्वान किया है। विद्यालय के प्रबंधक व रेणुसागर के एचआर हेड शैलेश विक्रम सिंह ने सभी सफल छात्रों को अपनी शुभकामना देकर उनके उवल भविष्य की कामना की है।

## हाइड्रोजन जेनरेशन प्लांट से पहली हरित हाइड्रोजन का किया उत्पादन

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना ने अपने 2 टीपीडी पीईएम इलेक्ट्रोलाइज़र आधारित हाइड्रोजन जेनरेशन प्लांट से पहली हरित हाइड्रोजन का उत्पादन किया। 2070 तक नेट ज़ीरो के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में और कोयला को हरा बनाने के लिए सीसीयूएस और ग्रीन हाइड्रोजन टेक्नोलॉजीज स्थापित करने के लिए, एनटीपीसी विंध्याचल ने दिनांक 16.05.2024 को अगला कदम उठाया जब उसने 2 टीपीडी पीईएम आधारित ग्रीन हाइड्रोजन से ग्रीन हाइड्रोजन की पहली धारा उत्पन्न की। एनटीपीसी विंध्याचल संयंत्र में हरित हाइड्रोजन प्लांट अब एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सबसे बड़ा कमीशन आधारित पीईएम आधारित इलेक्ट्रोलाइज़र है। हरित हाइड्रोजन प्लांट का संचालन मुख्य महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) समीर शर्मा, मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सालय) बी सी चतुर्वेदी, महाप्रबंधक (हरित रसायन एवं बीई) सुजय कर्माकर, महाप्रबंधकगण एवं एनटीपीसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। यह इकाई 10 टीपीडी सीओ2 से मेथनॉल (सीटीएम) सिंथेसिस प्लांट का हिस्सा है, जिसमें 20 टीपीडी चलने वाला सीओ2 कैप्चर प्लांट, हाल ही में चालू 2 टीपीडी एच2 प्लांट और 10 टीपीडी मेथनॉल सिंथेसिस प्लांट शामिल है, जो निर्माण के अग्रिम चरण में है। सीटीएम प्रोजेक्ट की कल्पना, डिजाइन, इंजीनियरिंग और आवंटन एनटीपीसी की आर एंड डी विंग, नेत्रा द्वारा किया गया है।

## लोकतंत्र की मज़बूती है अधिक मतदान

**बांदा।** 20 मई को होने वाले पांचवें चरण के मतदान से पूर्व आज बांदा के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में एक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। युवा मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, बांदा द्वारा किया गया। विभाग द्वारा एक विषयगत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सही जवाब देने वाले 10 प्रतिभागियों को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ज़िला विद्यालय निरीक्षक विजय पाल सिंह द्वारा पुरस्कृत किया गया। अपने संबोधन में ज़िला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि लोकतंत्र की मज़बूती अधिक से अधिक मतदान से है। विद्यालय के सभी छात्रों व शिक्षकों को अपने परिवार व आसपास सभी को मतदान अवश्य करने के लिए निवेदन करना चाहिए। बुजुर्ग लोगों के लिए पोलिंग बूथों पर समुचित व्यवस्था की जा रही है। जिससे उन्हें कोई तकलीफ़ न हो मतदान के समय। उन्होंने कार्यक्रम में सभी को मतदाता शपथ भी वारा दिलवाई। कार्यक्रम में अपने संबोधन में क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव त्रिपाठी ने कहा कि 20 मई को होने वाले मतदान में सभी शहरवासियों को अवश्य प्रतिभाग करना चाहिए। साथ ही बताया गया कि वोट डालते समय मोबाईल इत्यादि पोलिंग बूथों के अंदर नहीं ले जाना होता है। विद्यालय की प्रधानाचार्या सुश्री बीना गुप्ता ने सभी छात्रों से अपील की कि वे अपने आस पास रहने वाले लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करें।

# सपा वाले तुष्टीकरण के लिए किसी भी सीमा तक जा सकते हैं: मोदी

## कांग्रेस पार्टी कह रही है कि वह कश्मीर में फिर से आर्टिकल 370 वापस लाएंगे: प्रधानमंत्री






अवधनामा संवाददाता (हिफजुर्रहमान)

**राठ/हमीरपुर।** बुंदेलखंड के जनपद हमीरपुर-महोबा-तिंदवारी लोकसभा सीट में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी पुष्पेंद्र सिंह चंदेल के समर्थन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राठ में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया जनसभा में बोलते हुए मोदी ने इंडिया गठबंधन के मुख्य घटक समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला मोदी नें कहा कि यह पार्टियाँ तुष्टिकरण की राजनीति करती हैं। विपक्षी दलों पर हमला बोलने के साथ उन्होंने बुंदेलखंड में होने वाले कामों का भी जिक्र करते हुए बताया कि इस इलाके में डिफेंस कॉरिडोर बन रहा है जिससे लोगों को रोजगार मिलेगा। मोदी यहां अपने चिरपरिचित अन्दाज में नजर आल्हा उदल का जिक्र करते हुए कहा कि बुंदेलखंड वीरों की धरती है। यहां की केन-बेतवा लिंक परियोजना का भी पीएम ने जिक्र किया उन्होंने दावा किया कि 40 हजार करोड़ की इस योजन से क्षेत्र में पानी की समस्या से निजात मिलेगी। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री ने समाजवादी पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि सपा वाले तुष्टीकरण के लिए किसी भी सीमा तक जा सकते हैं कल्याण सिंह पिछड़ों के महान नेता थे जिस नें पिछड़ों सम्मान बढ़ाया, उनका जब निधन हुआ तो सपा के मुखिया उन्हें श्रध्दांजलि देने तक नहीं गए लेकिन जब उत्तर प्रदेश में एक माफिया की मौत होती है तो उसकी कब्र तक फतिया पढ़ने चले जाते हैं यह लोग। इसके अलावा उन्होंने कहा आज मैं आपको सपा और कांग्रेस से सावधान करने आया हूं सपा कांग्रेस आपका वोट तो ले लेते हैं लेकिन यह लोग सरकार में आते हैं तो सौगात उनको बांटते हैं जो उनके लिए वोट जिहाद करते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण में कहा वह कहते हैं कि पाकिस्तान के पास परमाणु बम है लेकिन यह धमकी देने वालों को पता नहीं है कि उसके पास उसके रखरखाव का भी खर्चा नहीं है वह कहते हैं कि उनके पास मिसाइल हैं हम बुंदेलखंड में जो डिफेंस कॉरिडोर बना रहे हैं वह पटाखे बनाने के लिए नहीं है मिसाइल बनाने के लिए है कांग्रेस पार्टी कह रही है कि वह कश्मीर में फिर से आर्टिकल 370 वापस लाएंगे कांग्रेस आजकल धमकी दे रही है कि पाकिस्तान से डरो उसके पास आइटम बम है मैं कांग्रेस से कहना चाहता हूं कि उन्हें बुंदेलखंड की धरती पर आकर देखना चाहिए की वीरता क्या होती है आज आल्हा ऊदल की धरती से मैं एक सवाल पूछना चाहता हूं आप मुझे बताएं राष्ट्र के सम्मान से ऊपर भी कुछ हो सकता है क्या? मोदी ने कश्मीर से 370 हटाई पाकिस्तान को मुह तोड़ जवाब दिया देश के स्वाभिमान के लिए मोदी दुनिया की बड़ी-बड़ी शक्तियों से भिड़ा लेकिन कांग्रेस इस पर पानी फेरने की बात कर रही है।

भाजपा सरकार देश में दो डिफेंस कॉरिडोर बना रही है मोदी ने तै किया है कि एक डिफेंस कॉरिडोर वीरों की धरती बुंदेलखंड में बनेगा। हमारा प्रयास है कि युवाओं को बुंदेलखंड छोड़कर ना जाना पड़े हमारा संकल्प है कि बुंदेलखंड रोजगार का केंद्र बने पिछली सरकार कहती थी बुंदेलखंड तो बीहड़ है वहां कौन आएगा? मैं बताता हूं बुंदेलखंड वीरता और विकास की धरती है यहां कौन नहीं आएगाएक जमाना था जब सूखा बुंदेलखंड की पहचान बन गया था बूंद बूंद पानी को बुंदेलखंड तरसता था सपा व कांग्रेस की सररें क्या करती थी? योजनाएं निकालती थी फिर उसका पैसा खा जाती थी। हमारा सरकार ने के-बेतवा लिंक परियोजना पर काम शुरू कर दिया है। आपके लिए पानी की समस्या दूर करने के लिए हमारी सरकार केन-बेतवा लिंक परियोजना पर 40 हजार करोड़ से ज्यादा रु खर्च कर रही है जब यह योजना पूरी होगी तो बुंदेलखंड के इतिहास में एक नया अध्याय शुरू होगा यहां के विकास को नए पंख लग जाएंगे यह योजना सिर्फ और सिर्फ भाजपा ही पूरा कर सकती है इसलिए बुंदेलखंड के तेज विकास के लिए मैं भाजपा के लिए आपका आशीर्वाद मांगने आया हूं। प्रधानमंत्री नें अपनी बात को बढाते हुए फिर विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि यह लोग संविधान बदलकर एससी एसटी ओबीसी का पूरा आरक्षण मुसलमानों को देना चाहते हैं मैंने समाजवादी पार्टी से कहा था कि आप तो पिछड़ों की राजनीति करते हो पिछले दरवाजे से पिछड़ों का आरक्षण लूटने का जो जाल बिछाया जा रहा है जरा उसका विरोध कीजिए लेकिन यह सपा वाले मुंह पर ऐसा ताला लगा कर बैठ गए बोलने को भी तैयार नहीं है। जनसभा में पहुंचने पहले नरेन्द्र मोदी नें स्वामी ब्रह्मानंद की समाधि पर पुष्प अर्पित कर श्रध्दांजलि दी।

# एनसीएल का मेगा आरोहण समर कैंप 2024 आज से शुरू

अवधनामा संवाददाता

- विभिन्न खेल व विधाओं में बच्चों व युवाओं को तराशेगी एनसीएल

**सोनभद्र/सिंगरौली।** भारत सरकार की सिंगरौली स्थित मिनिर प्रतिशत कंपनी नॉर्दर्न कोलफ़ील्डस लिमिटेड (एनसीएल) द्वारा आरोहण समर कैंप के पांचवें संस्करण का आगाज आज से हो रहा है। एनसीएल द्वारा प्रतिवर्ष स्थानीय क्षेत्र के 6-18 वर्ष के बच्चों के लिए निश्शुल्क ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर आरोहण का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष यह प्रशिक्षण शिविर 18 मई से 16 जून, 2024 तक आयोजित किया जाएगा। एक माह की अवधि तक आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर के दौरान योग्य प्रशिक्षकों के द्वारा सभी प्रशिक्षुओं को विभिन्न खेलों जैसे बैडमिंटन, एथलिटिक्स, टेबल टेनिस, कबड्डी, फुटबाल, क्रिकेट, नृत्य, संगीत (गायन एवं वादन), पेंटिंग, लॉनटेनिस, बास्केटबॉल, जूडो, कराटे स्विमिंग, बॉक्सिंग, स्केटिंग व अन्य विधाओं में पारंगत किया जाएगा। ग्रीष्मकालीन शिविर आरोहण का मुख्य उद्देश्य बच्चों में खेल कूद भावना जागृत करना एवं स्वस्थ जीवन शैली अपनाने हेतु प्रेरित करना है। साथ ही बच्चों में परस्पर भाई-चारे की भावना को बढ़ावा देते हुए उनका मानसिक, शारीरिक व आध्यात्मिक विकास करना है। इस वर्ष आरोहण समर कैंप के लिए ऑनलाइन माध्यम से 7820 आवेदन प्राप्त हुए हैं। एनसीएल की सभी परियोजनाओं व इकाईयों में यह शिविर आयोजित किया जा रहा है।

# कांग्रेस और इमरजेंसी दोनों एक दूसरे के पूरकः योगी

- मुख्यमंत्री योगी ने लखनऊ लोकसभा और लखनऊ पूर्वी विधानसभा सीट के लिए जनसभा को किया संबोधित'
- इंडी गठबंधन कर रहा षड्यंत्र, फिर भी जनता लगा रही फिर एक बार मोदी सरकार के नारेः योगी'
- राजनाथ सिंह ने ईमानदार और निष्कलंक जीवन जीते हुए देश की सुरक्षा और लखनऊ के विकास का रचा है मॉडलः योगी

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कांग्रेस और इमरजेंसी दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। कांग्रेस के डीएनए में इमरजेंसी है। उन्होंने सपा और कांग्रेस की जोड़ी को खून चुसवा बताते हुए कहा कि ये दोनों जब भी गठबंधन में होते हैं तो देश के लिए खतरे की घंट बज जाती है। केंद्र में जब कांग्रेस और प्रदेश में सपा थी तो यूपी के विभिन्न शहरों, कचहरियों और सीआरपीएफ कैंप पर आतंकी हमले हुए थे। मुख्यमंत्री योगी शुक्रवार को यहां मुंशी पुलिया में लखनऊ लोकसभा सीट के लिए चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने लखनऊ लोकसभा से पार्टी प्रत्याशी और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और लखनऊ पूर्वी विधानसभा उपचुनाव के प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव के लिए जनता से भारी बहुमत की अपील की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पांचवें चरण का चुनाव प्रचार अंतिम दौर में जा रहा है। पांचवें चरण में लखनऊवासियों को मतदान करना है। देश में आम जनमानस पहले से इस बात के लिए आश्वस्त है और हर तरफ संकल्प गूंज रहा है कि ''फिर एक बार मोदी सरकार, अबकी बार 400 पार''। अब विपक्ष सशंकित और आतंकित हो रहा है कि उसके इतने षडयंत्र के बावजूद देश की जनता क्यों कह रही है कि जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में 500 साल का इंतजार मोदी जी ने खत्म कराया है। भारत अपनी विरासत पर गौरव कर रहा है, साथ ही विकास कार्यों को आगे बढ़ा रहा है। बीते 10 साल में देश का सम्मान बढ़ा है। हमारी सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। आतंकवाद और नक्सलवाद पर नकेल कसी गई है। हर तरफ आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर देखने को मिल रहा है। जनता की हर जरूरत को देखते हुए आवश्यकता के अनुरूप नये इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण हो रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सपा और कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीतियों का दंश आजतक देश भुगत रहा है। इनके कार्यकाल में गरीब भूख से मरता था, मगर आज फ्री राशन मिल रहा है। इनके समय में राशन माफिया, शराब माफिया और भू माफिया को प्रश्रय दिया जाता था। ये लोग न तो गांव, गरीब, नौजवान, किसान और महिलाओं के लिए कुछ कर सके न देश की विरासत के सम्मान के लिए कुछ करने की नियत थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में हर तरफ विकास दिख रहा है। लखनऊ को ही देख लें तो यहां मेट्रो की सुविधा, ग्रीन कॉरिडोर, वर्ल्ड क्लास एयरपोर्ट, किसान पथ, अटल आवासीय विद्यालय, अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कॉलेज के साथ ही अटल जी के हर उस सपने को पूरा करने का कार्य हुआ है जो कभी केवल सपने थे। उन्होंने बताया कि लखनऊ में दो नये काम होने जा रहे हैं। इनमें पहला है श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अटल बिहारी वाजपेयी और पं दीन दयाल उपाध्याय जी की सबसे बड़ी प्रतिमा का निर्माण, जोकि दो माह में बनकर तैयार हो जाएगा।



केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ में जनसभा को सम्बोधित करते हुए

## वरिष्ठ पत्रकार के पिता का निधन

**लखनऊ, अधनामा ब्यूरो।** उर्दू दैनिक आग के वरिष्ठ पत्रकार हमीदुल हसन जैदी के लगभग 72 वर्षीय पिता अबुल हसन जैदी का शुक्रवार शाम निधन हो गया। स्वर्गीय अबुल हसन जैदी परिवहन विभाग से वर्ष 2012 में सेवानिवृत्त हुए थे। स्वर्गीय ब्लड प्रेशर और शुगर के मरीज थे और बीते 10 दिनों से तबियत अधिक खराब थी। शुक्रवार शाम अचानक सीने में दर्द और सांस लेने में परेशानी होने पर उन्हें लारी कोर्डियोलॉजी ले जाया गया, जहां उनका निधन हो गया। स्वर्गीय अबुल हसन जैदी की तदफीन शनिवार सुबह बालागंज के हरी नगर स्थित मिस्री की बगिया कब्रिस्तान में होगी। स्वर्गीय परिवार में पत्नी और एक पुत्र हमीदुल हसन जैदी और पोती-पोता भरा-पूरा परिवार छोड़ गये हैं।

# रेलवे मजदूर यूनियन की हुई बैठक

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** एन ई रेलवे मजदूर यूनियन के तत्वधान मे बक्शी तालाब मे मीटिंग हुई, जिसमे एन ई रेलवे मजदूर यूनियन के महामंत्री कामरेड के एल गुप्ता की अध्यक्षता मे हुई, जिसमे कामरेड के एल गुप्ता ने अपने कैडर को अगस्त मे होने वाले ट्रेड यूनियन (रेलवे के )के चुनाव मे अपने कैडर को चुनाव मे कमर कसने के प्रेरित किया। उसके बाद महामंत्री के एल गुप्ता ने पूर्वांतर रेलवे लखनऊ मंडल के ADRM साहब से मिलकर ट्रैकमैंन को इस भीषण गर्मी मे ठंडा पानी की व्यस्था के लिये 2 लीटर की वाटर बॉटल की मांग की जिसमे गर्मी के मौसम मे पानी 5,6 घंटे ठंडा रह सके। और ट्रैक मैन को साल मे दो जोड़ी सेफ्टी शूज या हर 6 माह पर सेफ्टी शूज की क़ीमत सैलरी पर देने की मांग की मीटिंग मे महामंत्री के एल गुप्ता, सहायक महा मंत्री ओमकार सिंह, केंद्रीय मिडिया प्रभारी संजय मालवीय मंडल मंत्री आर, एन गर्ग, मंडल कोषाध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव, शाखामंत्री ए के रावत, मुकेश मीणा, सुभाष मीणा, भानू प्रताप सिंह, आर सी मौर्या, चंदन यादव, भईया लाल (ट्रेन मैनेजर ए.एच सीदीकी ) मंडल मिडिया प्रभारी मोहम्मद नसीम आदि लोग उपस्थित रहे।

# पूरे देश में सर्वाधिक गर्म रहा आगरा, 46.9 पहुंचा पारा

- प्रदेश लू की चपेट में, 21 मई तक ऐसा रहेगा मौसम
- लू का प्रकोप बढ़ेगा आरेंज अलर्ट भी जारी

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मौसम की तपिश ने शुक्रवार को अपना असर दिखाया और प्रदेश में कहीं-कही लू चली, और पूरे प्रदेश में लू जैसे हालात रहे। देश में सर्वाधिक गर्म उत्तर प्रदेश का शहर आगरा रहा। यहं पर अधिकतम तापमान 46.9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड हुआ। लू और धूप की तपिश ने दिन भर लोगों को बेहाल किया। इसके अलावा मथुरा-वृंदावन, बागपत, झांसी, गोरखपुर, बहराइच लू की चपेट में रहे। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, तपिश अभी बढ़ेगी। 21 मई तक तेज गर्म व शुष्क हवाएं



बेहाल करती रह सकती हैं। इस दौरान हवा की रफ्तार 25 से 35 किमी प्रति घंटे की रफ्तार तक हो सकती हैं। हालांकि 21 मई को पूर्वी उत्तर प्रदेश में कहीं-कहीं गरच-चमक के साथ हल्की बौछारें पड़ सकती हैं, लेकिन इससे गर्मी से राहत नहीं मिलेगी।

18 और 19 मई को पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थान पर लू चलेगी। पूर्वी उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक गर्म रात होने के भी आसार हैं। इसे लेकर येलो अलर्ट जरी किया गया है। 20 और 21 मई को लू का असर और बढ़ सकता है, इसे लेकर मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। भारतीय मौसम विभाग ने कुछ राज्यों के चुनिंदा शहरों के तापमान को लेकर एक चार्ट ट्वीट किया है। इसके मुताबिक राजस्थान के बाड़मेर में पारा 46.5 डिग्री रहा। वहीं मध्य प्रदेश का ग्वालियर 44.9 डिग्री के साथ सर्वाधिक गर्म रहा। हरियाणा-चंडीगढ़ और दिल्ली में आयानगर में अधिकतम तापमान 46.2 डिग्री सेल्सियस रहा। पंजाब के पटियाला में तापमान 44..4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

# सोशल मीडिया पर लगातार बढ़ रही है राहुल की लोकप्रियता

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** कांग्रेस लीडर व वायनाड से सांसद राहुल गांधी के यूट्यूब चैनल ने पिछले एक महीने में 350 मिलियन व्यूज यानि 35 करोड़ व्यूज प्राप्त कर एक नया रिकॉर्ड बनाया है। किसी व्यक्तिगत एकाउंट के लिये ये एक बड़ी उपलब्धि है। अब ये नंबर वन यूट्यूब चैनल बन गया है। इतना ही नहीं, राहुल गांधी के यू-ट्यूब चैनल पर 5.55 मिलियन सब्सक्राइबर हैं और पिछले 72 घंटे में 1 लाख फॉलोअर्स और जुड़े हैं। वहीं अगर उनके इंस्टाग्राम अकाउंट की बात की जाए तो उनके कुल 190 मिलियन व्यूज हैं और 7.9 मिलियन सब्सक्राइबर्स हैं। इसके अलावा उनके दूसरे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की बात करें तो एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर 25.5 मिलियन फॉलोवर्स हैं। फेसबुक पर 70 लाख और व्हाट्सऐप चैनल पर 6.3 मिलियन फॉलोवर्स हैं। पिछले एक महीने में ट्विटर/फेसबुक पर जुड़ने वाले लोगों में औसतन 40 प्रतिशत की वृद्धि और यूट्यूब और इंस्टा पर जुड़ने वाले लोगों में 300 से 400 प्रतिशत की औसत वृद्धि हुई है। राहुल गांधी के नाम एक और बड़ी उपलब्धि ये है कि प्रधानमंत्री मोदी के मंगल सूत्र ,घर ,सम्पत्ति व भैंस छिनने वाले बयान के बाद कांग्रेस के चुनावी घोषणा पत्र को 88 लाख लोगों ने डाउनलोड किया है।

## लालसिंह आर्या ने नुक्कड़ सभा को किया संबोधित

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालसिंह आर्या ने आज शुक्रवार को लखनऊ लोकसभा प्रत्याशी व देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के समर्थन में अनुसूचित मोर्चा द्वारा अम्बेडकर नगर प्रथम वार्ड में आयोजित नुक्कड़ सभा में उपस्थित लोगों को संबोधित किया। इस दौरान भाजपा अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र कनौजिया भी उपस्थित रहे। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के पश्चात दलित वर्ग के उत्थान के लिए अभूतपूर्व कार्य हुए हैं कांग्रेस के राज में आवास बिजली स्वास्थ्य शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए दलित समाज वंचित रहा। उसे भाजपा सरकार आने के बाद आज घर-घर लाभ मिल रहा है कांग्रेस ने दलितों को केवल वोट बैंक समझा, जबकि मोदी सरकार ने अपना परिवार मान कर काम किया।

# अखिलेश ने शहर में किया रोड शो

- सड़कों पर उमड़े सपा और कांग्रेस के समर्थक, राजनाथ सिंह से है मुकाबला

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** अखिलेश यादव ने लखनऊ के सपा प्रत्याशी रविदास मल्होत्रा के समर्थन में रोड शो किया। इस रोड शो में भारी भीड़ जुटी। लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम से शुरू हुआ यह रोड शो शहर के विभिन्न मार्गों से होता हुआ आंबेडकर प्रतिमा के पास संपन्न हुआ। रोड शो दोनों तरफ सपा और कांग्रेस के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद थे। मालूम हो कि रविदास मल्होत्रा की टक्कर भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह से है। लखनऊ में 20 मई को वोटिंग होनी है।

अखिलेश यादव का रोड शो केडी सिंह बाबू स्टेडियम से शुरू होकर हिंदी संस्थान, हलवासिया मार्केट, मेफेयर तिराहा, क्रिस्टल लीना सिनेमा मोड़, लव लेन, गांधी आश्रम, हजरतगंज हनुमान मंदिर से होते हुए हजरतगंज स्थित अंबेडकर प्रतिमा पर समाप्त हुआ। एक किलोमीटर से भी कम दूरी तय करने में अखिलेश यादव को करीब डेढ़ घंटे का समय लग गया। इस दौरान सपा प्रत्याशा रविदास मेहरोत्रा समेत अन्य नेता मौजूद रहे।

## प्रवास कार्यक्रम

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी

**लखनऊ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी शनिवार 18 मई 2024 को बाराबंकी व अमेठी के प्रवास पर रहेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी सुबह 10 बजे जिला भाजपा कार्यालय, बाराबंकी में आयोजित संगठनात्मक बैठक को संबोधित करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 02:45 बजे अमेठी के रामलीला मैदान से देवीपाटन मंदिर तक आयोजित केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के रोड-शो में सम्मिलित रहेंगे।

### भाजपा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह

**लखनऊ।** भाजपा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह शनिवार 18 मई 2024 को जालौन, चित्रकूट व कौशाम्बी के प्रवास पर रहेंगे। भाजपा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह सुबह 11:30 बजे हरि होटल जालौन रोड, उरई, जालौन तथा दोपहर 3:30 बजे बिन्दीराम होटल चित्रकूट में आयोजित संगठनात्मक बैठकों में मार्गदर्शन करेंगे। इसके पश्चात् सायं 5:30 बजे भाजपा जिला कार्यालय कौशाम्बी में आयोजित संगठनात्मक बैठक में मार्गदर्शन करेंगे।

### उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य

**लखनऊ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शनिवार 18 मई को अयोध्या के प्रवास पर रहेंगे। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य दोपहर 02 बजे अयोध्या के जानकी आश्रम नाका चौराहा से पुलिस लाईन चौराहा तक रोड-शो करेंगे।

### उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक

**लखनऊ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक शनिवार 18 मई को अमेठी व लखनऊ के प्रवास पर रहेंगे। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक सुबह 10 बजे मटियारी भवन, ग्राम जूहीपुर गौरीगंज, अमेठी में विशिष्ठजनों के साथ बैठक करेंगे तथा सायं 4:30 बजे मड़ियांव थाने के पास लखनऊ में आयोजित रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की जनसभा में सम्मिलित रहेंगे।

### केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल

**लखनऊ।** केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल शनिवार 18 मई 2024, को कौशाम्बी और प्रतापगढ के प्रवास पर रहेंगी। केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल सुबह 11 बजे मूरतगंज मेला मैदान के बगल में सिराथू, कौशाम्बी में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगी। इसके पश्चात दोपहर 12:15 बजे फौजी का पड़ाव मैदान नगर पंचायत, प्रतापगढ़ में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगी।

### केन्द्रीय मंत्री बीएल वर्मा

**लखनऊ।** केन्द्रीय मंत्री बीएल वर्मा शनिवार 18 मई 2024, को हमीरपुर के प्रवास पर रहेगे। बीएल वर्मा सुबह 10 बजे हमीरपुर में जनसम्पर्क करेंगे।

### मंत्री स्वतंत्र देव सिंह

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री स्वतंत्र देव सिंह शनिवार 18 मई को बाराबंकी के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश सरकार में मंत्री स्वतंत्र देव सिंह सुबह 10 बजे विजय लक्ष्मी आई, हॉस्पिटल नई ब्रांच माती, बाराबंकी में आयोजित जन चौपाल को संबोधित करेंगे तथा सुबह 11:30 बजे विधानसभा चुनाव कार्यालय, निकट डीएम आवास, बाराबंकी में संगठनात्मक बैठक को संबोधित करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 12:30 बजे लखपेड़ाबाग, जैदपुर, बाराबंकी में संगठनात्मक बैठक को संबोधित करेंगे तथा दोपहर 03:30 बजे कबुलपुर त्रिवेदीगंज, बाराबंकी में जनचौपाल को संबोधित करेंगे।

### मंत्री ओमप्रकाश राजभर

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री ओमप्रकाश राजभर शुक्रवार शनिवार 18 मई को जौनपुर, वाराणसी व आजमगढ़ के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश सरकार में मंत्री ओमप्रकाश राजभर सुबह 11 बजे नौली, खुटहन ब्लॉक, जौनपुर में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे तथा दोपहर 12:20 बजे बसंतपुर, सिधौरा, पिण्ड्रा, वाराणसी में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 01:45 बजे के.वी. इंटर कॉलेज के मैदान, मार्टीनगंज, आजमगढ़ तथा दोपहर 03:05 बजे पल्हना पुलिस चौकी के पास, लालगंज, आजमगढ़ में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

### मंत्री डा. संजय निषाद

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री डा. संजय निषाद शनिवार 18 मई को कौशाम्बी, सुल्तानपुर, संतकबीरनगर व सिद्धार्थनगर के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश सरकार में मंत्री डा. संजय निषाद सुबह 11 बजे गढ़वा मंझनपुर, कौशाम्बी में आयोजित जनसभा को सबोधित करेंगे तथा दोपहर 12:25 बजे पाण्डेय बाबा मैदान, सुल्तानपुर में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 02:15 बजे रामनगर इंटर कॉलेज आलापुर, संतकबीरनगर में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे तथा दोपहर 03:35 बजे गनेरा रोड, इटवा, सिद्धार्थनगर में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।

### मंत्री असीम अरूण

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री असीम अरूण शनिवार 18 मई को संतकबीरनगर व सिद्धार्थनगर के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश सरकार में मंत्री असीम अरूण दोपहर 02:15 बजे रामनगर इंटर कॉलेज आलापुर, संतकबीरनगर में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे तथा दोपहर 03:35 बजे गनेरा रोड, इटवा, सिद्धार्थनगर में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।

### मंत्री धर्मवीर प्रजापति

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री धर्मवीर प्रजापति शनिवार 18 मई को जालौन व गोरखपुर के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश सरकार में मंत्री धर्मवीर प्रजापति सुबह 10 बजे जालौन में जनसम्पर्क करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 03 बजे आदित्य पैलेस रायपुर, पीपीगंज, गोरखपुर में आयोजित पिछड़ा मोर्चा सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

### मंत्री नरेन्द्र कश्यप

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री नरेन्द्र कश्यप शनिवार 18 मई को लखनऊ में जनसम्पर्क करेंगे।

### मंत्री कपिल देव अग्रवाल

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री कपिल देव अग्रवाल शनिवार 18 मई को जालौन में जनसम्पर्क करेंगे।

# 10 किलो अनाज के साथ दाल और तेल भी देगी कांग्रेसः दुबे

- मोदी सरकार ने जानबूझ कर जनगणना नहीं कराया
- खाद्य सुरक्षा कानून कांग्रेस लाई थी मोदी सरकार ने बदला इसका नाम

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** अखिल भारतीय कांग्रेस प्रवक्ता अभय दुबे ने कहा कि केन्द्र की सत्ता में आने पर कांग्रेस सरकार के 5 किलो की जगह 10 किलो अनाज प्रति व्यक्ति को प्रतिमाह देने के साथ ही दाल और खाने का तेल भी देगी। श्री दुबे ने कहा कि खाद्य सुरक्षा कानून कांग्रेस की यूपीए सरकार लाई थी और मोदी सरकार ने नाम बदल कर प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना रखा। श्री दुबे शुक्रवार को कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों को सम्बोधित कर रहे थे। पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए श्री दुबे ने कहा कि मोदी सरकार ने कोविड महामारी को देखते हुए 21 अप्रैल 2020 को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना शुरू की थी, जिसके तहत 5 किलो अतिरिक्त अनाज प्रत्येक व्यक्ति को दिया जाना तय था। इसके तहत 4 किलो गेहूं और 1 किलो चावल दिया जा रहा था। 1 जनवरी 2023 को मोदी सरकार ने योजना को बन्द कर दिया और 2013 के खाद्य सुरक्षा कानून का नाम बदल कर इसे प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना नाम दिया। सरकार ने कानून में यह बदलाव किया कि 2 रुपये और 3 रुपये प्रतिकिलो मिलने वाला गेहूं और चावल मुफ्त कर दिया। इस योजना से मोदी सरकार को सालाना 10 से 12 हजार करोड़ रुपये खर्च करना पड़ा। कांग्रेस ने 10 किलो अनाज प्रति व्यक्ति प्रतिमाह की घोषणा की। औसत के आधार पर मूल्यांकन करें तो लगभग 1 लाख 60 हजार करोड़ रुपये इस योजना पर अतिरिक्त व्यय होंगे। श्री दुबे ने कहा कि यही नहीं कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में देश को महंगाई की मार से बचाने के लिए दाल और खाने का तेल भी मुहैया कराने का वादा किया है। लगभग 13 करोड़ लोगों को किया योजना से वंचित श्री दुबे ने कहा कि मोदी सरकार ने जानबूझ कर जनगणना नहीं करायी, क्योंकि मोदी सरकार पर जनगणना के साथ जातीय जनगणना का दबाव भी था और मोदी सरकार नहीं चाहती थी जातीय जनगणना हो। जनगणना न कराने का परिणाम यह हुआ कि आज के अनुमान के आधार पर देश की जनसंख्या 141 करोड़ से अधिक पहुंच गयी है यानि 20 करोड़ से अधिक आबादी बढ़ी। इस तरह केन्द्र की मोदी सरकार ने लगभग 12 से 13 करोड़ लोगों को योजना से वंचित कर दिया। कानून पर जताई थी असहमति श्री दुबे ने कहा कि वर्ष 2013 में गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री रहे मोदी जी ने 7 अगस्त 2013 को खाद्य सुरक्षा कानून पर अपनी असहमति व्यक्त की थी। तत्कालीन कांग्रेस सरकार को लम्बी चिट्ठी लिखते हुए न सिर्फ योजना पर असहमति जताई थी बल्कि इसे दोषपूर्ण भी बताया था। वार्ता के दौरान प्रदेश कांग्रेस मीडिया चेयरमैन डॉ. सी.पी. राय, नेशनल मीडिया कोआर्डिनेटर गरिमा मेहरा दसौनी, चित्रा बाथम और प्रदेश प्रवक्ता शुचि विश्वास भी मौजूद थीं।

## राहुल तनुज पुनिया के समर्थन में करेंगे जनसभा



**लखनऊ।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी शनिवार को बाराबंकी में कांग्रेस के इंडिया गठबंधन उम्मीदवार तनुज पुनिया के समर्थन में जनसभा को सम्बोधित करेंगे। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सी.पी. राय ने बताया कि वहीं रविवार को राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव प्रयागराज के फूलपुर में इंडिया गठबंधन उम्मीदवार अमरनाथ मौर्य के समर्थन में संयुक्त जनसभा को सम्बोधित करेंगे। डॉ. राय ने बताया कि श्री गांधी कल दोपहर 2 बजे बाराबंकी के हैदरगढ़ में मदारपुर तिराहा कोशानेश्वर मोड़ में कांग्रेस के इंडिया गठबंधन उम्मीदवार तनुज पुनिया के समर्थन में जनसभा को सम्बोधित करेंगे। जनसभा के दौरान कांग्रेस महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय भी मौजूद रहेंगे। वहीं रविवार को श्री गांधी और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव प्रयागराज के पंडिला में दोपहर 1.15 बजे फूलपुर लोकसभा से इंडिया गठबंधन उम्मीदवार अमरनाथ मौर्या के समर्थन में संयुक्त रूप से जनसभा को सम्बोधित करेंगे। संयुक्त जनसभा के बाद दोनों नेता दोपहर 3.10 बजे प्रयागराज के करछना मुंगरी में इलाहाबाद लोकसभा से कांग्रेस के इंडिया गठबंधन उम्मीदवार उज्वल रमण सिंह के समर्थन में संयुक्त जनसभा को सम्बोधित करेंगे। दोनों संयुक्त जनसभाओं में कांग्रेस महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय भी मौजूद रहेंगे।

# परवरदिगार से गुफ्तगू करने का बेहतरीन ज़रिया नमाज़ः मौलाना सलमान

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** परवरदिगार से गुफ्तगू करने का बेहतरीन ज़रिया नमाज़ है।यह बयान मौलाना सलमान नज़फी ने मरहूम शाहजहां बेगम बिनते मरहूम लियाकत अली के देसे की मजलिस में इमामबाड़ा बहिश्ते ज़हरा कब्रिस्तान कुमेदान के बगिया में बयान कर रहे थे। मौलाना ने अपने बयान में आगे कहा की नमाज़ मोमिन की मेराज़ है। अल्लाह अपने बंदे से नमाज़ में उससे बखूबी बात करता है मौलाना ने बंदे और अल्लाह के बीच होने वाली गुफ्तगू को बेहतरीन अंदाज़ में बयान किया। मौलाना ने जनाबे मरियम और जनाबे यूसुफ का भी वाक्या बयान किया आखिर में मौलाना ने इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम के चार साला बेटी हज़रत सकीना और शाम के दरबार का दर्द नाक मसायब बयान किया जिसे सुन कर अजादार रो पड़े।